


परम पूज्य तपश्चर्या–चक्रवर्ती पट्टाधीशाचार्यश्री

# सुविधिसागर जी महाराज

के

50 वें जन्मदिवस के पावन अवसर पर

सुविधि–परिवार के द्वारा आयोजित

## जिनवाणी-महोत्सव

# सहस्रग्रन्थसंग्रह

* जन्मदिवस 19–03–1971 * मुनिदीक्षा–11–05–1989 * आचार्यपद– 20–06–2004

पट्टाधीशपद– 24–12–2010 (20–06–2004 को की गई उद्घोषणा के अनुसार)

परम पूज्य आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज के द्वारा की गई उद्घोषणाः–

हमारी समाधि के पश्चात् आपको इस संघ के संचालकपद पर नियुक्त करते हैं।

(अंकलीकर वाणी–जुलाई 2004) (अक्षयज्योति–अक्तूबर 2004)

# मंगलमन्त्र णमोकार एक अनुचिन्तन



लेखक
नेमिचन्द्र जी शास्त्री

प्रकाशक : भारतीय ज्ञानपीठ

(परम्परानायक)



परम पूज्य चारित्र–चक्रवर्ती,
आचार्यश्री आदिसागर जी महाराज
(अंकलीकर)

(द्वितीय पट्टाधीश)




परम पूज्य तीर्थभक्त–शिरोमणि,
आचार्यश्री महावीरकीर्ति जी महाराज

(तृतीय पट्टाधीश)



परम पूज्य सिद्धान्त–चक्रवर्ती,
आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज

(चतुर्थ पट्टाधीश)



परम पूज्य तपश्चर्या–चक्रवर्ती, आचार्यश्री सुविधिसागर जी महाराज

दिगम्बर साधु निरन्तर पगविहार करते रहते हैं। ग्रन्थभण्डार को साथ में रख कर विहार करना अशक्यप्राय: होता है। फलत: उनको ग्रन्थों के सन्दर्भ देखने में असुविधा होती है। उनकी सुविधा के लिये इस कोश का निर्माण किया गया है। इस कोश के निर्माण में किसी भी प्रकार का व्यापारिक हेतु नहीं है।

आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न श्रावकबन्धुओं से निवेदन है कि वे ग्रन्थ का विक्रय कर अध्ययन करने की परम्परा को कायम रखें।

मुखपृष्ठ पर हमने ग्रन्थकर्त्ता, अनुवादक, सम्पादक, प्रकाशक आदि के नाम दिये हैं। किसी संस्थान का कर्तुत्व हमने लुप्त नहीं किया है।

इस कोश के लिये आवश्यक ग्रन्थ हमें अनेक स्रोतों से प्राप्त हुये हैं। हम उन सभी का आभार मानते हैं।

सुविधि–परिवार

वीर सेवा मन्दिर
दिल्ली

★

क्रम संख्या ४०३८
काल नं० २४०.२ नेमिच
खण्ड

ज्ञान मन्दिर
न्यू सेण्ट्रल जूट मिल्स कम्पनी लिमिटेड,
बजबज, चौबीस परगना
की ओर से
श्री सिद्धचक्रविधान महोत्सव के
सानन्द सम्पन्न होने के उपलक्ष मे
सादर भेट

मूर्तिदेवी जैन ग्रन्थमाला—हिन्दी ग्रन्थाङ्क ६

# मङ्गल-मन्त्र णमोकार एक अनुचिन्तन

प्रो० नेमिचन्द्र शास्त्री
ह० दा० जैन कालेज, आरा

भारतीय ज्ञानपीठ • काशी

प्रकाशक
मंत्री, भारतीय ज्ञानपीठ
दुर्गाकुण्ड रोड, वाराणसी

द्वितीय संस्करण
१९६०
मूल्य दो रुपये

मुद्रक
बाबूलाल जैन फागुल्ल
सन्मति मुद्रणालय, वाराणसी

# विषय-सूची


| | |
|---|---|
| महामन्त्रका चमत्कार | ९ |
| मन्त्र शब्दका व्युत्पत्यर्थ | ११ |
| महामन्त्रसे मातृकाओंकी उत्पत्ति | १२ |
| सारस्वत, माया, पृथिवी आदि बीजोकी उत्पत्ति | १४ |
| ऊ–ओ मातृकाओका स्वरूप | १५ |
| औ–क्ष मातृकाओं स्वरूप | १६ |
| ञ–प मातृकाओका स्वरूप | १७ |
| फ–ष ,, ,, | १८ |
| स–ह ,, ,, | १९ |
| आभार-प्रदर्शन | १९ |
| द्वितीय संस्करणकी प्रस्तावना | २१ |
| विकार और तज्जन्य अशान्ति | २५ |
| मङ्गलवाक्योकी आवश्यकता | २८ |
| अशान्तिको दूर करनेका अमोघ साधन | २९ |
| आत्माके भेद और मङ्गलवाक्य | ३१ |
| णमोकार मन्त्रका अर्थ | ३७ |
| णमो अरिहंताणंका अर्थ | ३७ |
| मोहका शत्रुत्व—शंका-समाधान | ३८ |
| णमो सिद्धाणंकी व्याख्या | ४३ |
| णमो आइरियाणंकी व्याख्या | ४५ |
| णमो उवज्झायाणंकी व्याख्या | ४६ |
| णमो लोए सव्वसाहूणंकी व्याख्या | ४८ |
| पञ्चपरमेष्ठीका देवत्व | ५० |
| णमोकार मन्त्रके पाठान्तर | ५२ |
| णमोकार मन्त्रका पदक्रम | ५५ |
| णमोकार मन्त्रका अनादि-सादित्व विमर्श | ५८ |
| णमोकार मन्त्रका माहात्म्य | ६४ |
| णमोकार मन्त्रके जाप करनेकी विधि | ७१ |
| कमलजाप-विधि | ७२ |
| हस्ताङ्गुलिजाप-विधि | ७३ |
| मालाजाप | ७४ |
| द्वादशाङ्गरूप-णमोकार मन्त्र | ७४ |
| मनोविज्ञान और णमोकार मन्त्र | ७८ |
| मन्त्रशास्त्र और णमोकार मन्त्र | ८५ |
| बीजाक्षरोंका विश्लेषण | ८६ |
| मन्त्रोके प्रधान नौ भेद | ८८ |
| बीजोका स्वरूप | ८९ |
| मन्त्रसिद्धिके लिए आवश्यक पीठ | ९० |
| षोडश अक्षरादि मन्त्र | ९२ |
| णमोकार मन्त्रसे उत्पन्न विभिन्न मन्त्र और उनका प्रभाव | ९३–९७ |

| | |
|---|---|
| अक्षरपंक्ति विद्या | ९४ |
| अचिन्त्य फलदायक मन्त्र | ९४ |
| पापभक्षिणी विद्या | ९४ |
| रक्षा-मन्त्र | ९४ |
| रोग-निवारण मन्त्र | ९५ |
| सिर दर्द विनाशक मन्त्र | ९५ |
| ज्वरविनाशक मन्त्र | ९५ |
| अग्निस्तम्भक मन्त्र | ९५ |
| लक्ष्मीप्राप्ति मन्त्र | ९६ |
| सर्वसिद्धि मन्त्र | ९६ |
| पुत्र और सम्पदा प्राप्ति मन्त्र | ९६ |
| त्रिभुवन स्वामिनी विद्या | ९६ |
| राज्याधिकारीको वश करनेका मन्त्र | ९७ |
| महामृत्युञ्जय मन्त्र | ९७ |
| सिर-अक्षि-कर्ण-श्वास-पादरोग-विनाशक मन्त्र | ९७ |
| विवेक-प्राप्ति मन्त्र | ९८ |
| विविध रोगनाशक मन्त्र | ९८ |
| प्रतिवादीकी शक्तिको स्तम्भन करनेका मन्त्र | ९८ |
| विद्या और कवित्व-प्राप्तिके मन्त्र | ९८ |
| सर्वकार्यसाधक मन्त्र | ९८ |
| सर्वशान्तिदायक मन्त्र | ९८ |
| व्यन्तरबाधा विनाशक मन्त्र | ९८ |
| योगशास्त्र और णमोकार मन्त्र | १०० |
| योग शब्दका व्युत्पत्यर्थ | १०० |
| यम-नियम | १०३ |
| आसन | १०५ |
| प्राणायाम | १०५ |
| प्रत्याहार | १०७ |
| धारणा | १०८ |
| ध्यान और समाधि | १०८ |
| पार्थिवी धारणा | १०९ |
| आग्नेयी धारणा | १०९ |
| वायु-धारणा | ११० |
| जलधारणा | ११० |
| तत्त्वरूपवती धारणा | ११० |
| पदस्थध्यान | १११ |
| रूपस्थध्यान | १११ |
| रूपातीत ध्यान | १११ |
| शुक्लध्यान | १११ |
| ध्याताका स्वरूप | ११२ |
| ध्येयका स्वरूप | ११२ |
| ध्यान करनेका विषय | ११३ |
| जपके भेद | ११३ |
| आगमसाहित्य और णमोकार मन्त्र | ११९ |
| नयोकी अपेक्षा णमोकारमन्त्र का वर्णन | ११९ |
| निक्षेपापेक्षया णमोकारमन्त्र | १२२ |
| पदद्वार | १२२ |
| पदार्थद्वार | १२३ |

| | |
|---|---|
| प्ररूपणाद्वार | १२४ |
| वस्तुद्वार | १२६ |
| आक्षेपद्वार | १२७ |
| प्रसिद्धिद्वार | १२७ |
| क्रमद्वार | १२८ |
| प्रयोजनफलद्वार | १२९ |
| कर्मसाहित्य और महामन्त्र | १२९ |
| कर्मास्रवहेतु-अविरति प्रमादादि | १३२ |
| स्वरूपाभिव्यक्तिमें सहायक णमोकारमन्त्र | १३५ |
| कर्मसिद्धिके अनेक तत्त्वोंका उत्पत्तिस्थान णमोकारमन्त्र | १३७ |
| गुणस्थान और मार्गणाकी संख्या निकालनेके नियम | १३८ |
| द्रव्य और कायकी सख्या निकालनेके लिए करण सूत्र | १३९ |
| महामन्त्रसे एकसौ अडतालीस कर्मप्रकृतियोका आनयन | १३९ |
| महामन्त्रसे बन्ध, उदय और सत्त्वकी प्रकृतियोंका आनयन | १४० |
| महामन्त्रसे प्रमाण, नय और आस्रव हेतुओका आनयन | १४१ |
| द्रव्यानुयोग और णमोकारमन्त्र | १४२ |
| जीवद्रव्य | १४२ |
| पुद्गल | १४२ |
| धर्म और अधर्म | १४३ |
| आकाश | १४३ |
| कालद्रव्य | १४३ |
| सम्यग्दर्शनकी उत्पत्तिका प्रधान साधन और उसकी प्रक्रिया | १४५ |
| गणितशास्त्र और णमोकारमन्त्र | १४६ |
| भङ्गसख्यानयन | १४८ |
| प्रस्तारानयन | १५१ |
| गणितागत णमोकारमन्त्रके दस वर्ग | १५३ |
| दस वर्गोका विवेचन | १५४ |
| परिवर्तन और परिवर्तनाकचक्र | १६० |
| णमोकार मन्त्रका नष्ट और उद्दिष्ट | १६० |
| आचारशास्त्र और णमोकारमन्त्र | १६२ |
| मुनिका आचार और णमोकार-मन्त्र | १६५ |
| श्रावकाचार और णमोकारमंत्र | १७० |
| व्रतविधान और णमोकारमंत्र | १७५ |
| कथासाहित्य और णमोकारमंत्र | १७९ |
| णमोकारमंत्रकी आराधनासे वसुभूतिके उद्धारकी कथा | १७९ |
| ललिताङ्गदेवकी कथा | १८० |
| अनन्तमतीकी कथा | १८२ |
| प्रभावतीकी कथा | १८५ |
| जिनपालितकी कथा | १८७ |
| चन्द्रलेखाकी कथा | १८९ |

सुग्रीवके पूर्वभवकी कथा १९१
चित्राङ्गददेवकी कथा १९३
सुलोचनाकी कथा १९३
मरणासन्न संन्यासी और बकरेकी कथा १९४
हथिनीकी कथा १९४
धरणेन्द्र-पद्मावतीकी कथा १९५
दृढसूर्य चोरकी कथा १९६
अर्हद्दासके अनुजकी कथा १९६
सुभौम चक्रवर्तीकी कथा १९७
भील-भीलनीकी कथा १९८
फल प्राप्तिके आधुनिक उदाहरण १९९
इष्ट साधक और अरिष्ट निवारक णमोकार मन्त्र २०६
विश्व और णमोकार मन्त्र २१२
जैन-संस्कृति और णमोकारमन्त्र २१४
उपसंहार २१९
**परिशिष्ट नं० १**
णमोकार मन्त्र सम्बन्धी गणित सूत्र २२३
**परिशिष्ट नं० २**
अनुचिन्तन गत पारिभाषिक शब्दकोष २२७
**परिशिष्ट नं० ३**
पञ्चपरमेष्ठी नमस्कार स्तोत्र २५२

# आमुख

'ज्ञानार्णव' का प्रवचन स्व० श्रीमान् बाबू निर्मलकुमारजीके समक्ष कई महीनोसे चल रहा था। जब 'कृत्वा पापसहस्राणि हत्वा जन्तुशतान्यपि' आदि श्लोकका प्रवचन करने लगा तो उन्होने इच्छा व्यक्त की कि णमोकार मन्त्रपर कुछ विशेष अन्वेषण कर पुस्तक लिखी जाय। किन्तु खेद इस बातका है, कि उनके जीवनकालमे पुस्तक लिख जानेपर भी प्रकाशित न हो सकी। उक्त बाबू साहबको इस महामन्त्रके ऊपर अपार श्रद्धा शैशवसे ही थी। उन्होने बतलाया—"एक बार मुझे हैजेका प्रकोप हुआ। बिहटा मिल चल रहा था। वहीपर सब कुटुम्बी और हितैषी मेरे इस दुर्दमनीय रोगसे आक्रान्त होनेके कारण घबड़ाये हुए थे। हालत उत्तरोत्तर बिगड़ती जा रही थी। किन्तु मै णमोकार मन्त्रका चिन्तन करता हुआ प्रसन्न था। मैंने अपने हितैषियोंसे आग्रह किया कि समय निकट मालूम पड रहा है; अतः सल्लेखना ग्रहण करा दीजिए। मै स्वयं णमोकारमन्त्रका चिन्तन और ध्यान करता रहूँगा। सिद्ध परमेष्ठीके ध्यानसे मुझे ऐसा लग रहा था, जैसे स्वय ही मेरे कर्म गल रहे है और सिद्ध पर्यायके निकटमें पहुँच रहा हूँ। महामन्त्रके अचिन्त्य प्रभावसे रोगका प्रभाव कम हुआ और शनैः शनै मै स्वास्थ्य लाभ करने लगा। पर इस मन्त्रपर मेरी श्रद्धा और अधिक बढ गयी। तबसे लेकर आज तक यह मन्त्र मेरा सम्बल बना हुआ है।"

पिछले दिनो जब आरामे आचार्य श्री १०८ महावीरकीर्तिजी महाराज पधारे तो उन्होने इस महामन्त्रकी अमित महिमाका वर्णन कर लोगोके हृदयमें श्रद्धाको दृढ किया। फलतः धर्मपत्नी स्व० श्रीमान् बाबू निर्मलकुमारजीने इस महामन्त्रका सवालाख जाप किया। यो तो इस महामन्त्रका प्रचार सर्वत्र है, समाजका बच्चा-बच्चा इसे कण्ठस्थ किये हुए

है; किन्तु इसके प्रति दृढ विश्वास और अटूट श्रद्धा कम ही व्यक्तियोंकी है। यदि सच्ची श्रद्धाके साथ इसका प्रयोग किया जाय तो सभी प्रकारके कठिन कार्य भी सुसाध्य हो सकते हैं। एक बारकी मैं अपनी निजी घटनाका भी उल्लेख कर देना आवश्यक समझता हूँ। घटना मेरे विद्यार्थी जीवनकी है। मैं उन दिनो वाराणसीमे अध्ययन करता था। एकबार ग्रीष्मावकाशमें मुझे अपनी मौसीके गाँव जाना पडा। वहाँ एक व्यक्तिको बिच्छूने डँस लिया। बिच्छू विषैला था, अतः उस व्यक्तिको भयंकर वेदना हुई। कई मान्त्रिकोने उस व्यक्तिके बिच्छूके विषको मन्त्र द्वारा उतारा, पर्याप्त झाड-फूँक की गयी, पर वह विष उतरा नही। मेरे पास भी उस व्यक्तिको लाया गया और लोगोने कहा,—"आप काशीमे रहते है, अवश्य मन्त्र जानते होगे, कृपया इस बिच्छूके विषको उतार दीजिए।" मैने अपनी लाचारी अनेक प्रकारसे प्रकट की पर मेरे ज्योतिषी होनेके कारण लोगोको मेरी अन्यविषयक अज्ञानतापर विश्वास नही हुआ और सभी लोग बिच्छूका विष उतार देनेके लिए सिर हो गये। मेरे मौसाजीने भी अधिकारके स्वरमें आदेश दिया। अब लाचार हो णमोकारमन्त्रका स्मरण कर मुझे ओझागिरी करनी पडी। नीमकी एक टहनी मँगवाई गयी और इक्कीसबार णमोकार मन्त्र पढकर बिच्छूको झाडा। मनमें अटूट विश्वास था कि विष अवश्य उतर जायगा। आश्चर्यजनक चमत्कार यह हुआ कि इस महामन्त्रके प्रभावसे बिच्छूका विष बिलकुल उतर गया। व्यथा पीडित व्यक्ति हँसने लगा और बोला—"आपने इतनी देरी झाडनेमे क्यो की। क्या मुझसे किसी जन्मका बैर था? मान्त्रिकको मन्त्रको छिपाना नही चाहिए।" अन्य उपस्थित व्यक्ति भी प्रशसाके स्वरमे विलम्ब करनेके कारण उलाहना देने लगे। मेरी प्रशंसाकी गन्ध सारे गाँवमें फैल गयी। भगवती भागीरथीसे प्रक्षालित वाराणसीका प्रभाव भी लोग स्मरण करने लगे। तथा तरह-तरहकी मनगढन्त कथाएँ कहकर कई महानुभाव अपने ज्ञानकी गरिमा प्रकट करने लगे। मेरे दर्शनके लिए लोगोकी भीड लग गयी तथा अनेक तरहके प्रश्न मुझसे पूछने लगे। मैं भी णमोकार

मन्त्रका आशातीत फल देखकर आश्चर्यान्वित था। यो तो जीवन-देहलीपर कदम रखते ही णमोकार मन्त्र कण्ठ कर लिया था, पर यह पहला दिन था, जिस दिन इस महामन्त्रका चमत्कार प्रत्यक्ष गोचर हुआ। अतः इस सत्यसे कोई भी आस्तिक व्यक्ति इन्कार नहीं कर सकता है कि णमोकार मन्त्रमें अपूर्व प्रभाव है। इसी कारण कवि दौलतने कहा है—

"प्रातःकाल मन्त्र जपो णमोकार भाई।
अक्षर पैंतीस शुद्ध हृदयमें धराई ॥टेर॥
नर भव तेरो सुफल होत पातक टर जाई।
विघन जासों दूर होत संकटमें सहाई ॥१॥
कल्पवृक्ष कामधेनु चिन्तामणि जाई।
ऋद्धि सिद्धि पारस तेरो प्रकटाई ॥२॥
मन्त्र जन्त्र तन्त्र सब जाहीसे बनाई।
सम्पति भण्डार भरे अक्षय निधि आई ॥३॥
तीन लोक माहिं सार वेदनमें गाई।
जगमें प्रसिद्ध धन्य मंगलीक भाई ॥४॥"

मन्त्र शब्द 'मन्' धातु [ दिवादि ज्ञाने ] से ष्ट्रन् [ त्र ] प्रत्यय लगाकर बनाया जाता है, इसका व्युत्पत्तिके अनुसार अर्थ होता है—**'मन्यते ज्ञायते आत्मादेशोऽनेन इति मन्त्रः'** अर्थात् जिसके द्वारा आत्माका आदेश—निजानुभव जाना जाय, वह मन्त्र है। दूसरी तरहसे तनादिगणीय मन् धातुसे [तनादि अवबोधे to Consider] ष्ट्रन् प्रत्यय लगाकर मन्त्र शब्द बनता है, इसकी व्युत्पत्तिके अनुसार **'मन्यते विचार्यते आत्मादेशो येन स मन्त्रः'** अर्थात् जिसके द्वारा आत्मादेशपर विचार किया जाय, वह मन्त्र है। तीसरे प्रकारसे सम्मानार्थक मन धातुसे 'ष्ट्रन्' प्रत्यय करनेपर मन्त्र शब्द बनता है। इसका व्युत्पत्ति-अर्थ है—**'मन्यन्ते सत्क्रियन्ते परमपदे स्थिताः आत्मानः वा यक्षादिशासनदेवता अनेन इति मन्त्रः'** अर्थात् जिसके द्वारा

परमपदमें स्थित पञ्च उच्च आत्माओंका अथवा यक्षादि शासन देवोंका सत्कार किया जाय, वह मन्त्र है। इन तीनों व्युत्पत्तियोंके द्वारा मन्त्र शब्दका अर्थ अवगत किया जा सकता है। णमोकार मन्त्र—यह नमस्कार मन्त्र है, इसमें समस्त पाप, मल और दुष्कर्मोंको भस्म करनेकी शक्ति है। बात यह है कि णमोकार मन्त्रमें उच्चरित ध्वनियोंसे आत्मामें धन और ऋणात्मक दोनों प्रकारकी विद्युत् शक्तियाँ उत्पन्न होती हैं, जिससे कर्म-कलङ्क भस्म हो जाता है। यही कारण है कि तीर्थङ्कर भगवान् भी विरक्त होते समय सर्वप्रथम इसी महामन्त्रका उच्चारण करते हैं तथा वैराग्यभावकी वृद्धिके लिए आये हुए लौकान्तिक देव भी इसी महामन्त्रका उच्चारण करते हैं। यह अनादि मन्त्र है, प्रत्येक तीर्थङ्करके कल्पकालमें इसका अस्तित्व रहता है। कालदोषसे लुप्त हो जानेपर अन्य लोगोंको तीर्थङ्करकी दिव्यध्वनि द्वारा यह अवगत हो जाता है।

इस अनुचिन्तनमें यह सिद्ध करनेका प्रयास किया गया है कि णमोकार मन्त्र ही समस्त द्वादशाग जिनवाणीका सार है, इसमें समस्त श्रुतज्ञानकी अक्षर संख्या निहित है। जैन दर्शनके तत्त्व, पदार्थ, द्रव्य, गुण, पर्याय, नय, निक्षेप, आस्रव, बन्ध आदि इस मन्त्रमें विद्यमान हैं। समस्त मन्त्र-शास्त्रकी उत्पत्ति इसी महामन्त्रसे हुई है। समस्त मन्त्रोंकी मूलभूत मातृ-काएँ इस महामन्त्रमें निम्न प्रकार वर्तमान हैं।

मन्त्र पाठ :—

"णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आइरियाणं।
णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्व-साहूणं॥"

विश्लेषण—

ण् + अ + म् + ओ + अ + र् + इ + ह् + अं + त् + आ + ण् + अं + ण् + अ + म् + ओ + स् + इ + द् + ध् + आ + ण् + अं + ण् + अ + म् + ओ + आ + इ + र् + इ + य् + आ + ण् + अं + ण् + अ + म् + ओ + उ + व् + अ + ज् + झ् + आ + य् + आ +

ण् + अं + ण् + अ + म् + ओ + ल् + ओ + ए + स् + अ + व् + व् + अ + स् + आ + ह् + ऊ + ण् + अं।

इस विश्लेषणमें-से स्वरोंको पृथक् किया तो—

अ + ओ + अ + इ + अं + आ + अं + अ + ओ + इ + अ + अं + अ + ओ + आ + इ + इ + अ + अं + अ + ओ + उ + अ + आ + आ + अं + अ + ओ + ओ + ए + अ + अ + आ + ऊ + अं।
(ऐ, ई, औ, अः)

पुनरुक्त स्वरोंको निकाल देनेके पश्चात् रेखाङ्कित स्वरोंको ग्रहण किया तो—

अ आ इ ई उ ऊ [ ऱ् ] ऋ ॠ [ ल् ] ऌ ॡ ए ऐ ओ औ अं अः।

व्यञ्जन—

ण् + म् + र् + ह् + त् + ण् + ण् + म् + स् + द् + ध् + ण + ण् + म् + य् + ण् + ण् + म् + व् + ज् + झ् + थ् + ण् + ण् + म् + ल् + स् + + व् + व् + स् + ह् + ण्।
(घ)

पुनरुक्त व्यञ्जनोंके निकाल देनेके पश्चात्—

ण + म् + र् + ह् + ध् + स् + य् + र् + ल् + व् + ज् + घ् + ह्।

ध्वनिसिद्धान्तके आधारपर वर्गाक्षर वर्गका प्रतिनिधित्व करता है। अतः घ् = कवर्ग, झ् = चवर्ग, ण् = टवर्ग, ध् = तवर्ग, म् = पवर्ग, य र ल व, स् = श ष स, ह्।

अतः इस महामन्त्रकी समस्त मातृका ध्वनियाँ निम्न प्रकार हुईं—

अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ ऌ ॡ ए ऐ ओ औ अं अः क् ख् ग् घ् ङ् च् छ् ज् झ् ञ् ट् ठ् ड् ढ् ण् त् थ् द् ध् न् प् फ् ब् भ् म् य् र् ल् व् श् ष् स् ह्।

उपर्युक्त ध्वनियाँ ही मातृका कहलाती हैं। जयसेन प्रतिष्ठापाठमें बतलाया गया है—

"अकारादिक्षकारान्ता वर्णा प्रोक्तास्तु मातृकाः।
सृष्टिन्यास-स्थितिन्यास-संहृतिन्यासतस्त्रिधा ॥३७६॥"

अर्थात्—अकारसे लेकर क्षकार [ क् + ष् + अ ] पर्यन्त मातृकावर्ण कहलाते हैं। इनका तीन प्रकारका क्रम है—सृष्टिक्रम, स्थितिक्रम और सहारक्रम।

णमोकार मन्त्रमे मातृका ध्वनियोका तीनों प्रकारका क्रम सन्निविष्ट है। इसी कारण यह मन्त्र आत्मकल्याणके साथ लौकिक अभ्युदयोको देनेवाला है। अष्टकर्मोंके विनाश करनेकी भूमिका इसी मन्त्रके द्वारा उत्पन्न की जा सकती है। संहारक्रम कर्मविनाशको प्रकट करता है तथा सृष्टिक्रम और स्थितिक्रम आत्मानुभूतिके साथ लौकिक अभ्युदयोकी प्राप्तिमे भी सहायक है। इस मन्त्रकी एक महत्त्वपूर्ण विशेषता यह भी है कि इसमे मातृका-ध्वनियोका तीनो प्रकारका क्रम सन्निहित है, इसलिए इस मन्त्रसे मारण, मोहन और उच्चाटन तीनों प्रकारके मन्त्रोकी उत्पत्ति हुई है। बीजाक्षरोंकी निष्पत्तिके सम्बन्धमे बताया गया है—

"हलो बीजानि चोक्तानि स्वराः शक्तय ईरिताः[1]" ॥३७७॥

अर्थात्—ककारसे लेकर हकार पर्यन्त व्यञ्जन बीजसज्ञक है और अकारादि स्वर शक्तिरूप है। मन्त्रबीजोकी निष्पत्ति बीज और शक्तिके संयोगसे होती है।

सारस्वत बीज, माया बीज, शुभनेश्वरी बीज, पृथिवी बीज, अग्निबीज, प्रणवबीज, मारुतबीज, जलबीज, आकाशबीज आदिकी उत्पत्ति उक्त हल् और अचोके संयोगसे हुई है। यो तो बीजाक्षरोका अर्थ बीजकोश एव बीज व्याकरण द्वारा ही ज्ञात किया जाता है, परन्तु यहाँपर सामान्य जानकारीके लिए ध्वनियोकी शक्तिपर प्रकाश डालना आवश्यक है।

---

१ जयसेन प्रतिष्ठापाठ श्लोक० ३७७।

अ = अव्यय, व्यापक, आत्माके एकत्वका सूचक, शुद्ध-बुद्ध ज्ञानरूप, शक्तिद्योतक, प्रणव बीजका जनक।

आ = अव्यय, शक्ति और बुद्धिका परिचायक, सारस्वतबीजका जनक, मायाबीजके साथ कीर्त्ति, धन और आशाका पूरक।

इ = गत्यर्थक, लक्ष्मी प्राप्तिका साधक, कोमल कार्य साधक, कठोर कर्मोंका बाधक, वह्निबीजका जनक।

ई = अमृतबीजका मूल, कार्यसाधक, अल्पशक्तिद्योतक, ज्ञानवर्द्धक, स्तम्भक, मोहक, जृम्भक।

उ = उच्चाटन बीजोंका मूल, अद्‌भुत शक्तिशाली, श्वासनलिका द्वारा ज़ोरका धक्का देनेपर मारक।

ऊ = उच्चाटक और मोहक बीजोका मूल, विशेष शक्तिका परिचायक, कार्यध्वसके लिए शक्तिदायक।

ऋ = ऋद्धिबीज, सिद्धिदायक, शुभ कार्य सम्बन्धी बीजोका मूल, कार्यसिद्धिका सूचक।

ऌ = सत्यका संचारक, वाणीका ध्वंसक, लक्ष्मीबीजकी उत्पत्तिका कारण, आत्मसिद्धिमे कारण।

ए = निश्चल, पूर्ण, गतिसूचक, अरिष्ट निवारण बीजोंका जनक, पोषक और संवर्द्धक।

ऐ = उदात्त, उच्चस्वरका प्रयोग करनेपर वशीकरणबीजोका जनक, पोषक और संवर्द्धक। जलबीजकी उत्पत्तिका कारण, सिद्धिप्रद कार्योंका उत्पादकबीज, शासन देवताओका आह्वानन करनेमे सहायक, क्लिष्ट और कठोर कार्योंके लिए प्रयुक्त बीजोका मूल, ऋण विद्युत्‌का उत्पादक।

ओ = अनुदात्त—निम्न स्वरकी अवस्थामे माया बीजका उत्पादक, लक्ष्मी और श्रीका पोषक, उदात्त—उच्च स्वरकी अवस्थामें कठोर कार्योंका उत्पादक बीज, कार्यसाधक, निर्जराका हेतु, रमणीय पदार्थोंकी प्राप्तिके लिए प्रयुक्त होनेवाले बीजोमे अग्रणी, अनुस्वरान्त बीजोका सहयोगी।

औ = मारण और उच्चाटन सम्बन्धी बीजोंमें प्रधान, शीघ्र कार्य साधक, निरपेक्षी, अनेक बीजोका मूल।

अं = स्वतन्त्र शक्ति रहित, कर्माभावके लिए प्रयुक्त ध्यानमन्त्रोमे प्रमुख, शून्य या अभावका सूचक, आकाश बीजोका जनक, अनेक मृदुल शक्तियोका उद्घाटक, लक्ष्मी बीजोंका मूल।

अः = शान्तिबीजोमे प्रधान, निरपेक्षावस्थामें कार्य असाधक, सहयोगी-का अपेक्षक।

क = शक्तिबीज, प्रभावशाली, सुखोत्पादक, सन्तानप्राप्तिकी कामनाका पूरक, कामबीजका जनक।

ख = आकाशबीज, अभावकार्योंकी सिद्धिके लिए कल्पवृक्ष, उच्चाटन बीजोका जनक।

ग = पृथक् करनेवाले कार्योंका साधक, प्रणव और माया बीजके साथ कार्य सहायक।

घ = स्तम्भक बीज, स्तम्भन कार्योंका साधक, विघ्नविघातक, मारण और मोहक बीजोका जनक।

ङ = शत्रुका विध्वसक, स्वर मातृका बीजोके सहयोगानुसार फलोत्पा-दक, विध्वसक बीज जनक।

च = अगहीन, खण्ड शक्ति द्योतक, स्वरमातृकाबीजोके अनुसार फलोत्पादक, उच्चाटन बीजका जनक।

छ = छाया सूचक, माया बीजका सहयोगी, बन्धनकारक, आपबीजका जनक, शक्तिका विध्वसक, पर मृदु कार्योंका साधक।

ज = नूतन कार्योंका साधक, शक्तिका वर्द्धक, आधि-व्याधिका शामक, आकर्षक बीजोका जनक।

झ = रेफयुक्त होनेपर कार्यसाधक, आधि-व्याधि विनाशक, शक्तिका सचारक, श्रीबीजोका जनक।

ञ = स्तम्भक और मोहक बीजोका जनक, कार्यसाधक, साधनाका अवरोधक, माया बीजका जनक ।

ट = वह्निबीज, आग्नेय कार्योका प्रसारक और निस्तारक, अग्नितत्त्व युक्त, विध्वंसक कार्योंका साधक ।

ठ = अशुभ सूचक बीजोका जनक, क्लिष्ट और कठोर कार्योंका साधक, मृदुल कार्योंका विनाशक, रोदन-कर्ता, अशान्तिका जनक, सापेक्ष होनेपर द्विगुणित शक्तिका विकासक, वह्निबीज ।

ड = शासन देवताओकी शक्तिका प्रस्फोटक, निकृष्ट कार्योंकी सिद्धिके लिए अमोघ, सयोगसे पञ्चतत्त्वरूप बीजोंका जनक, निकृष्ट आचार-विचार द्वारा साफल्योत्पादक, अचेतन क्रिया साधक ।

ढ = निश्चल, मायाबीजका जनक, मारण बीजोमे प्रधान, शान्तिका विरोधी, शक्तिवर्धक ।

ण = शान्ति सूचक, आकाश बीजोमे प्रधान, ध्वंसक बीजोका जनक, शक्तिका स्फोटक ।

त = आकर्षकबीज, शक्तिका आविष्कारक, कार्यसाधक, सारस्वत बीजके साथ सर्वसिद्धिदायक ।

थ = मगलसाधक, लक्ष्मीबीजका सहयोगी, स्वरमातृकाओके साथ मिलनेपर मोहक ।

द = कर्मनाशके लिए प्रधान बीज, आत्मशक्तिका प्रस्फोटक, वशीकरण बीजोका जनक ।

ध = श्री और क्लीं बीजोका सहायक, सहयोगीके समान फलदाता, माया बीजोका जनक ।

न = आत्मसिद्धिका सूचक, जलतत्त्वका स्रष्टा, मृदुतर कार्योंका साधक, हितैषी, आत्मनियन्ता ।

प = परमात्माका दर्शक, जलतत्त्वके प्राधान्यसे युक्त, समस्त कार्योंकी सिद्धिके लिए ग्राह्य ।

फ = वायु और जलतत्त्व युक्त, महत्त्वपूर्ण कार्योंकी सिद्धिके लिए ग्राह्य, स्वर और रेफ युक्त होनेपर विध्वंसक, विघ्नविघातक, 'फट्' की ध्वनिसे युक्त होनेपर उच्चाटक, कठोरकार्यसाधक ।

ब = अनुस्वार युक्त होनेपर समस्त प्रकारके विघ्नोका विघातक और निरोधक, सिद्धिका सूचक ।

भ = साधक, विशेषत. मारण और उच्चाटनके लिए उपयोगी, सात्त्विक कार्योंका निरोधक, परिणत कार्योंका तत्काल साधक, साधनामें नाना प्रकारसे विघ्नोत्पादक, कल्याणसे दूर, कटु मधु वर्णोंसे मिश्रित होनेपर अनेक प्रकारके कार्योंका साधक, लक्ष्मी बीजोका विरोधी ।

म = सिद्धिदायक, लौकिक और पारलौकिक सिद्धियोका प्रदाता, सन्तानकी प्राप्तिमे सहायक ।

य = शान्तिका साधक, सात्त्विक साधनाकी सिद्धिका कारण, महत्त्वपूर्ण कार्योंकी सिद्धिके लिए उपयोगी, मित्र प्राप्ति या किसी अभीष्ट वस्तुकी प्राप्तिके लिए अत्यन्त उपयोगी, ध्यानका साधक ।

र = अग्निबीज, कार्यसाधक, समस्त प्रधान बीजोका जनक, शक्तिका प्रस्फोटक और वर्द्धक ।

ल = लक्ष्मीप्राप्तिमे सहायक, श्री बीजका निकटतम सहयोगी और सगोत्री, कल्याणसूचक ।

व = सिद्धिदायक, आकर्षक, ह्, र् और अनुस्वारके संयोगसे चमत्कारोका उत्पादक, सारस्वतबीज, भूत-पिशाच-शाकिनी-डाकिनी आदिकी बाधाका विनाशक, रोगहर्त्ता, लौकिक कामनाओकी पूर्तिके लिए अनुस्वार मातृकाका सहयोगापेक्षी, मगलसाधक, विपत्तियोका रोधक और स्तम्भक ।

श = निरर्थक, सामान्यबीजोका जनक या हेतु, उपेक्षाधर्मयुक्त, शान्तिका पोषक ।

ष = आह्वानबीजोका जनक, सिद्धिदायक, अग्निस्तम्भक, जलस्तम्भक,

सापेक्षध्वनि ग्राहक, सहयोग या संयोग द्वारा विलक्षण कार्यसाधक, आत्मोन्नतिसे शून्य, रुद्रबीजोका जनक, भयंकर और बीभत्स कार्योंके लिए प्रयुक्त होनेपर कार्य साधक।

स = सर्व समीहित साधक, सभी प्रकारके बीजोमे प्रयोग योग्य, शान्तिके लिए परम आवश्यक, पौष्टिक कार्योंके लिए परम उपयोगी, ज्ञानावरणीय-दर्शनावरणीय आदि कर्मोंका विनाशक, क्लीबीजका सहयोगी, कामबीजका उत्पादक, आत्मसूचक और दर्शक।

ह = शान्ति, पौष्टिक और माङ्गलिक कार्योंका उत्पादक, साधनाके लिए परमोपयोगी, स्वतन्त्र और सहयोगापेक्षी, लक्ष्मीकी उत्पत्तिमे साधक, सन्तान प्राप्तिके लिए अनुस्वार युक्त होनेपर जाप्यमें सहायक, आकाश तत्त्व युक्त, कर्मनाशक, सभी प्रकारके बीजोका जनक।

उपर्युक्त ध्वनियोके विश्लेषणसे स्पष्ट है कि मातृका मन्त्र ध्वनियोंके स्वर और व्यञ्जनोके संयोगसे ही समस्त बीजाक्षरोकी उत्पत्ति हुई है तथा इन मातृका ध्वनियोंकी शक्ति ही मन्त्रोमें आती है। णमोकार मन्त्रसे ही मातृका ध्वनियाँ निःसृत है। अत· समस्त मन्त्रशास्त्र इसी महामन्त्रसे प्रादुर्भूत है। इस विषयपर अनुचिन्तनमे विस्तारपूर्वक विचार किया गया है। यत. यह युग विचार और तर्कका है; मात्र भावनासे किसी भी बातकी सिद्धि नहीं मानी जा सकती है। भावनाका प्रादुर्भाव भी तर्क और विचार द्वारा श्रद्धा उत्पन्न होनेपर होता है। अत. णमोकार महामन्त्रपर श्रद्धा उत्पन्न करनेके लिए उक्त विचार आवश्यक है।

दार्शनिक दृष्टिसे इस मन्त्रकी गौरव-गरिमाका विवेचन भी अनुचिन्तनमें किया जा चुका है। चिन्तनकी अपनी दिशा है, वह कहाँतक सही है, यह तो विचारशील पाठक ही अवगत कर सकेंगे। इस अनुचिन्तनके लिखनेमें कई प्राचीन और नवीन आचार्योंकी रचनाओंका मैंने उपयोग किया है, अत. मै उन सभी आचार्यों और लेखकोका आभारी हूँ। श्री जैनसिद्धान्त-भवन आराके विशाल ग्रन्थागारका उपयोग भी बिना किसी प्रकारकी

रुकावट और बाधाके किया है, अत उस पावन संस्थाके प्रति आभार प्रकट करना भी मैं अपना कर्त्तव्य समझता हूँ। इसे प्रकाशमे लानेका श्रेय भारतीय ज्ञानपीठ काशीके मन्त्री श्री अयोध्याप्रसादजी गोयलीयको है, मै आपका भी हृदयसे कृतज्ञ हूँ। प्रूफ संशोधक श्री महादेव चतुर्वेदीजीको भी धन्यवाद है।

मार्गशीर्ष शुक्ल प्रतिपदा
वि० सं० २०१३

—नेमिचन्द्र शास्त्री

# द्वितीय संस्करणकी प्रस्तावना

णमोकार मन्त्रका अचिन्त्य और अद्भुत प्रभाव है। इस मन्त्रकी साधना द्वारा सभी प्रकारकी ऋद्धि-सिद्धियाँ प्राप्त की जा सकती हैं। यह मन्त्र आत्मिक शक्तिका विकास करता है। परन्तु इसकी साधनाके लिए श्रद्धा या दृढ विश्वासका होना परम आवश्यक है। आजकलके वैज्ञानिक भी इस बातको स्वीकार करते हैं कि बिना आस्तिक्य भावके किसी लौकिक कार्यमें भी सफलता प्राप्त करना सम्भव नही है। अमेरिकन डाक्टर होआर्ड रस्क ( Howard Rusk ) ने बताया है कि रोगी तबतक स्वास्थ्य लाभ नही कर सकता है, जबतक वह अपने आराध्यमें विश्वास नही करता हैं। आस्तिकता ही समस्त रोगोको दूर करनेवाली है। जब रोगीको चारो ओरसे निराशा घेर लेती है, उस समय आराध्यके प्रति की गयी प्रार्थना प्रकाशका कार्य करती है। प्रार्थनाका फल अचिन्त्य होता है। दृढ आत्मविश्वास एवं आराध्यके प्रति की गयी प्रार्थना सभी प्रकारके मगलोको देती है। हृदयके कोनेसे सशक्त भावोमें निकली हुई अन्तरध्वनि बडेसे बडा कार्य सिद्ध करनेमें सफल होती है।[१]

अमेरिकाके जज हेरोल्ड मेडिना ( Harold-Medina ) का अभिमत है कि आत्मशक्तिका विकास तभी होता है, जब मनुष्य यह अनुभव करता है कि मानवकी शक्तिसे परे भी कोई वस्तु है। अतः श्रद्धापूर्वक की गयी प्रार्थना बहुत चमत्कार उत्पन्न करती है। प्रार्थनामें एक विचित्र प्रकारकी शक्ति देखी जाती है। जीवन-शोधनके लिए आराध्यके प्रति की गयी विनीत प्रार्थना बहुत फलदायक होती है।

१. देखें—Reader's Digest—February 1960.

डा० एलफ्रेड टोरी भूतपूर्व मेडिकल डायरेक्टर नेशनल एसोसियेशन फॉर मेण्टल होस्पिटल ऑफ अमेरिकाका अभिमत है कि सभी बीमारियाँ शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक क्रियाओसे सम्बद्ध है; अतः जीवनमे जबतक धार्मिक प्रवृत्तिका उदय नही होगा, रोगीका स्वास्थ्य लाभ करना कठिन है। प्रार्थना उक्त प्रवृत्तिको उत्पन्न करती है। आराध्यके प्रति की गयी भक्तिमें बहुत बडा आत्मसंबल है। अदृश्य बातोकी रहस्यपूर्ण शक्तिका पता लगाना मानवको अभी नही आता है। जितने भी मानसिक रोगी देखे जाते है, अन्तरतमकी किसी अज्ञात वेदनासे पीडित है। इस वेदनाका प्रतिकार आस्तिक्य भाव ही है। उच्च या पवित्र आत्माओकी आराधना जादूका कार्य करती है।[1]

णमोकार मन्त्रकी निष्काम साधनासे लौकिक और पारलौकिक सभी प्रकारके कार्य सिद्ध हो जाते है। पर इस सम्बन्धमे एक बात आवश्यक *यह है कि जाप करनेवाला साधक, जाप करनेकी विधि, जाप करनेके* स्थानकी भिन्नतासे फलमे भिन्नता हो जाती है। यदि जाप करनेवाला सदाचारी, शुद्धात्मा, सत्यवक्ता, अहिंसक एवं ईमानदार है, तो उसको इस मन्त्रकी आराधनाका फल तत्काल मिलता है। जाप करनेकी विधिपर भी फलकी हीनाधिकता निर्भर करती है। जिस प्रकार अच्छी औषध भी उपयुक्त अनुपान विधिके अभावमे फलप्रद नही होती अथवा अल्प फल देती है, उसी प्रकार यह मन्त्र भी दृढ आस्थापूर्वक निष्काम भावसे उपयुक्त विधि सहित जाप करनेसे पूर्णफल प्रदान करता है। स्थानकी शुद्धता भी अपेक्षित है। समय और स्थान भी कार्यसिद्धिमे निमित्त है। कुसमय या अशुद्ध स्थानपर किया गया कार्य अभीष्ट फलदायक नही होता है। अतः इस मन्त्रका जाप मन, वचन और कायकी शुद्धिपूर्वक विधि सहित करना चाहिए। यो तो जिस प्रकार मिश्रीकी डली कोई भी व्यक्ति किसी

१ Reader's Digest—February 1958.

भी अवस्थामे खाये, उसका मुँह मीठा ही होगा। इसी तरह इस मन्त्रका जाप कोई भी व्यक्ति किसी भी स्थितिमे करे, उसे आत्मशुद्धिकी प्राप्ति होगी।

इस मन्त्रकी प्रमुख विशेषता यह है कि इसमे सभी मातृकाध्वनियाँ विद्यमान है। अत. समस्त बीजाक्षरोवाला यह मन्त्र, जिसमे मूल ध्वनि-रूप बीजाक्षरोका संयोजन भी शक्तिके क्रमानुसार किया गया है, सर्वाधिक शक्तिशाली है। इस मन्त्रका किसी भी अवस्थामें आस्था और लगनके साथ चिन्तन करनेसे फलकी प्राप्ति होती है।

मेरे पास जो जन्मपत्री दिखाने आता है, मै ग्रह-शान्तिके लिए उन्हे प्राय· णमोकार मन्त्रका जाप करनेको कहता हूँ। प्राप्त विवरणोके आधारपर मै यह जोरदार शब्दोमें कह सकता हूँ कि जिसने भी भक्ति भाव पूर्वक इस मन्त्रकी आराधना की है, उसे अवश्य फल प्राप्त हुआ है। कितने ही बेकार व्यक्ति इस मन्त्रके जापसे अच्छा कार्य प्राप्त कर चुके है। असाध्य रोगोको दूर करनेका उपाय यह मन्त्र ही है। प्रति दिन प्रात काल पद्मासन या वज्रासन लगाकर इस मन्त्रका जाप करनेसे अद्भुत सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं।

यद्यपि इस मन्त्रका यथार्थ लक्ष्य निर्वाण-प्राप्ति है, तो भी लौकिक दृष्टिसे यह समस्त कामनाओको पूर्ण करता है। अत. प्रत्येक व्यक्तिको प्रतिदिन णमोकार मन्त्रका जाप करना चाहिए। बताया गया है—

नतु उवसग्गे पीड़ा, कूरग्गह-दंसणं भओ संका।
जइ वि न हवंति एए, तह वि सगुज्झं भणिज्जासु ॥३२॥

—नवकार-सार-थवणं

अर्थात्—उपसर्ग, पीडा, क्रूरग्रह दर्शन, भय, शंका आदि यदि न भी हो तो भी शुभ ध्यान पूर्वक णमोकार मन्त्रका जाप या पाठ करनेसे परम शान्ति प्राप्त होती है। यह सभी प्रकारके सुखोंको देनेवाला है।

अतः संक्षेपमें इतना ही कहा जा सकता है कि यह मन्त्र आत्मकल्याण-

के साथ सभी प्रकारके अरिष्टोको दूर करता है, और सभी सिद्धियोंको प्रदान करता है। यह कल्पवृक्ष है, जो जिस प्रकारकी भावना रखकर इसकी साधना करता है, उसे उसी प्रकारका फल प्राप्त हो जाता है। पर श्रद्धा और विश्वासका रहना परम आवश्यक है।

'मंगलमन्त्र णमोकार : एक अनुचिन्तन'का द्वितीय संस्करण पाठकोके हाथमें समर्पित करते हुए हमे परम प्रसन्नता हो रही है। इस संशोधित और परिवर्द्धित संस्करणमे पूर्व संस्करणकी अपेक्षा कई नवीनताएँ दृष्टि-गोचर होगी। इस संस्करणमें तीन परिशिष्ट भी दिये जा रहे हैं। प्रथम परिशिष्टमें बीस करणसूत्र दिये गये है। इस णमोकार मन्त्रके अक्षर, स्वर, व्यजन, मात्रा, सामान्य पद और विशेष पदकी सख्या द्वारा गणित क्रिया करनेसे सभी पारिभाषिक जैन संख्याएँ निकल आती हैं। हमारा तो यह विश्वास है कि ग्यारह अग और चौदह पूर्वकी पदसंख्या तथा अक्षर संख्याका आनयन भी इस णमोकारमन्त्रके गणितके आधारपर किया जा सकता है। यदि तृतीय सस्करणका अवसर आया तो हम उक्त सख्याका आनयन भी उस सस्करणमें देनेका प्रयास करेंगे।

द्वितीय परिशिष्टमे पारिभाषिक शब्दकोष दिया गया है। इसमें धार्मिक शब्दोके अतिरिक्त मनोवैज्ञानिक शब्दोकी परिभाषाएँ अंकित की गयी है। तृतीय परिशिष्टमें पञ्चपरमेष्ठी नमस्कार स्तोत्र दिया गया है। इस स्तोत्रमे पञ्चपरमेष्ठी चक्र भी आया है। इस स्तोत्रके नित्य-प्रति पाठ करनेसे सभी प्रकारकी मनोकामनाएँ पूर्ण होती है तथा सभी प्रकारकी बाधाएँ दूर होकर शान्तिलाभ होता है। इस स्तोत्रका अचिन्त्य प्रभाव बतलाया गया है। अत. पाठकोके लाभार्थ इसे भी दिया गया है। मै ज्ञानपीठके अधिकारियोका आभारी हूँ, जिन्होने संशोधन और परिवर्द्धन करनेकी स्वीकृति प्रदान की।

ह० दा० जैन कालेज, आरा
१-६-६० —नेमिचन्द्र शास्त्री

# मङ्गलमन्त्र णमोकार : एक अनुचिन्तन

"णमो अरिहन्ताणं णमो सिद्धाणं णमो आइरियाणं ।
णमो उवज्झायाणं णमो लोए सव्वसाहूणं ॥"

ससारावस्थामें सच्चिदानन्द स्वरूप आत्मा बद्ध है, इसी कारण इसके ज्ञान और सुख पराधीन है । राग, द्वेष, मोह और कषाय ही इसकी पराधीनताके कारण हैं, इन्हे आत्माके विकार कहा गया है । विकारग्रस्त आत्मा सर्वदा अशान्त रहती है, कभी भी निराकुल नहीं हो सकती ।

**विकार और तज्जन्य अशान्ति**

इन विकारोके कारण ही व्यक्तिके सुखका केन्द्र बदलता रहता है, कभी व्यक्ति ऐन्द्रियिक विषयोके प्रति आकृष्ट होता है तो कभी विकृष्ट । कभी इसे कंचन सुखदायी प्रतीत होता है, तो कभी कामिनी ।

राग और द्वेषकी भावनाओके संश्लेषणके कारण ही मानवहृदयमें अगणित भावोकी उत्पत्ति होती है । आश्रय और आलम्बनके भेदसे ये दोनो भाव नाना प्रकारके विकारोके रूपमे परिवर्तित हो जाते है । जीवनके व्यवहारक्षेत्रमें व्यक्तिकी विशिष्टता, समानता एव हीनताके अनुसार इन दोनो भावोमे मौलिक परिवर्तन होता है । साधु या गुणवान्के प्रति राग सम्मान हो जाता है, समानके प्रति प्रेम तथा पीडितके प्रति करुणा । इस प्रकार द्वेष-भाव भी दुर्दान्तके प्रति भय, समानके प्रति क्रोध एव दीनके प्रति दर्दका रूप धारण कर लेता है ।

मनुष्य रागभावके कारण ही अपनी अभीष्ट इच्छाओकी पूर्ति न होनेपर क्रोध करता है, अपनेको उच्च और बडा समझकर दूसरोंका तिरस्कार करता है, दूसरोकी धन-सम्पदा एवं ऐश्वर्य देखकर ईर्ष्याभाव उत्पन्न करता है, सुन्दर रमणियोके अवलोकनसे उसके हृदयमें कामतृष्णा जागृत हो उठती है । नाना प्रकारके सुन्दर वस्त्राभूषण, अलंकार और पुष्पमालाओं आदिसे अपनेको सजाता है, शरीरको सुन्दर बनानेकी चेष्टा करता है, तैलमर्दन, उब-

टन, साबुन आदि विभिन्न प्रकारके पदार्थों-द्वारा अपने शरीरको स्वच्छ करता है। इस प्रकार अहर्निश राग-द्वेषकी अनात्मिक वैभाविक भावनाओंके कारण मानव अशान्तिका अनुभव करता रहता है।

जिस प्रकार रोगकी अवस्था और उसके निदानके मालूम हो जानेपर रोगी रोगसे निवृत्ति प्राप्त करनेका प्रयत्न करता है, उसी प्रकार साधक संसाररूपी रोगका निदान और उसकी अवस्थाको जानकर उससे छूटनेका प्रयत्न करता है। सासारिक दु खोका मूल कारण प्रगाढ राग-द्वेष है, जिन्हे शास्त्रीय परिभाषामे मिथ्यात्व कहा जा सकता है। आत्माके अस्तित्व और स्वरूपमें विश्वास न कर अतत्त्वरूप—राग-द्वेष रूप श्रद्धा करनेसे मनुष्यको स्वपरका विवेक नही रहता है, जड शरीरको आत्मा समझ लेता है तथा स्त्री, पुत्र, धन, धान्य, ऐश्वर्यमे रागके कारण लिप्त हो जाता है, इन्हे अपना समझकर इनके सद्भाव और अभावमे हर्ष-विषाद उत्पन्न करता है। आत्माके स्वाभाविक सुखको भूलकर ससारके पदार्थों-द्वारा सुख प्राप्त करनेकी चेष्टा करता है। शरीरसे भिन्न ज्ञानोपयोग, दर्शनोपयोगमय अखण्ड अविनाशी जरा-मरण रहित समस्त पदार्थोके ज्ञाता-द्रष्टा आत्माको विषय-कषाययुक्त शरीरमल समझने लगता है। मिथ्यात्वके कारण मनुष्यकी बुद्धि भ्रममय रहती है। अत. इन्द्रियोको प्रिय लगनेवाले पुद्गल पदार्थोंके निमित्तसे उत्पन्न सुखको जो कि परपदार्थके सयोगकाल तक—क्षणभर पर्यन्त रहनेवाला होता है, वास्तविक समझता है। मिथ्यात्वके कारण यह जीव शरीरके जन्मको अपना जन्म और शरीरके नाशको अपना मरण मानता है। राग-द्वेषादि जो स्पष्टरूपसे दु ख देनेवाले है, उनका ही सेवन करता हुआ मिथ्या-दृष्टि आनन्दका अनुभव करता है। अपने शुद्ध स्वरूपको भूलकर शुभ कर्मोंके बन्धके फलकी प्राप्तिमें हर्ष और अशुभ कर्मोंके बन्धकी फल-प्राप्तिके समय दुःख मानता है। आत्माके हितके कारण जो वैराग्य और ज्ञान है, उन्हें मिथ्यादृष्टि कष्टदायक मानता है। आत्मशक्तिको भूलकर दिन-रात विषयेच्छाकी पूर्त्तिमे सुखानुभव करना तथा इच्छाओंको बढाते जाना

मिथ्यात्वका ही फल है। इससे स्पष्ट है कि समस्त दुःखोंका कारण मिथ्या-दर्शन है।

मिथ्यादर्शनके सद्भाव—आत्मविश्वासके अभाव—मे ज्ञान भी मिथ्या ही रहता है। मिथ्यात्व-रूपी मोहनिद्रासे अभिभूत होनेके कारण ज्ञान वस्तु-तत्त्वकी यथार्थतातक पहुँच नही पाता। अत. मिथ्यादृष्टिका ज्ञान आत्मकल्याणसे सदा दूर रहता है। ज्ञानके मिथ्या रहनेसे चारित्र भी मिथ्या होता है। यतः कषाय और असंयमके कारण संसारमें परिभ्रमण करनेवाला आचरण ही व्यक्ति करता है, जो मिथ्या चारित्रकी कोटिमे परिगणित है। मोहनिद्रासे अभिभूत होनेके कारण विषय ग्रहण करनेकी इच्छा उत्पन्न होती है, इच्छाएँ अनन्त हैं। इनकी तृप्ति न होनेसे जीवको अशान्ति होती है। मोहाभिभूत होनेके कारण इच्छा-तृप्तिको ही मिथ्यादृष्टि सुख समझता है, पर वास्तवमे इच्छाएँ कभी तृप्त नही होती। एक इच्छा तृप्त होती है, दूसरी उत्पन्न हो जाती है, दूसरीके तृप्त होनेपर तीसरी उत्पन्न हो जाती है। इस प्रकार मोहके निमित्तसे पञ्चेन्द्रिय-सम्बन्धी इच्छाएँ निरन्तर उत्पन्न होती रहती हैं, जिससे मनुष्यको आकुलता सदा बनी रहती है।

चारित्र-मोहके उदयसे क्रोधादि कषाय रूप अथवा हास्यादि नोकषाय रूप जीवके भाव होते हैं, जिससे दुष्कृत्योंमें प्रवृत्ति होती है। क्रोध उत्पन्न होनेपर अपनी और परकी शान्ति भंग होती है; मान उत्पन्न होनेपर अपनेको उच्च और परको नीच समझता है, माया उत्पन्न होनेपर अपने तथा परको धोखा देता है एवं लोभके उत्पन्न होनेपर अपने तथा परको लुब्धक बनाता है। अतएव सक्षेपमे मिथ्यादर्शन, मिथ्याज्ञान और मिथ्या-चारित्र आत्माके विकार है, ये आत्माके स्वभाव नही विभाव हैं। उक्त मिथ्यात्वत्रयकी उत्पत्तिका कारण राग और द्वेष ही हैं। इन्ही विभावोके कारण आत्मा स्वभाव धर्मसे च्युत है, जिससे क्षमा, मार्दव, आर्जव, सत्य, शौच, सयम, तप, त्याग और ब्रह्मचर्य रूप अथवा सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक् चारित्र रूप आत्माकी प्रवृत्ति नहीं हो रही है। ससारका प्रत्येक

प्राणी विकारोंके अधीन होनेके कारण ही व्याकुल है, एक क्षणको भी शान्ति नहीं है। आशा, तृष्णा सतत बेचैन किये रहती हैं।

विचारक महापुरुषोंने विषय-कषायजन्य अशान्ति और बेचैनीको दूर करनेके लिए अनेक प्रकारके विधानोंका प्रतिपादन किया है। नाना प्रकारके मङ्गल-वाक्योंकी प्रतिष्ठा की है तथा जीवनमें शान्ति और सुख प्राप्त करनेके लिए ज्ञान, भक्ति, कर्म और योग आदि मार्गोंका निरूपण किया है। कुछ ऐसे सूत्र, वाक्य, गाथा और श्लोकमे भी बतलाये गये हैं, जिनके स्मरण, मनन, चिन्तन और उच्चारणसे शान्ति मिलती है। मन पवित्र होता है, आत्मस्वरूपका श्रद्धान होता है तथा विषय-कषायोंकी आसक्तिको व्यक्ति छोडनेके लिए बाध्य हो जाता है। विकारोपर विजय प्राप्त करनेमे ये मङ्गलवाक्य दृढ आलम्बन बन जाते है तथा आत्मकल्याण-की भावनाका परिस्फुरण होता है। विश्वके सभी मत-प्रवर्तकोने विकारोको जीतने एवं साधनाके मार्गमें अग्रसर होनेके लिए अपनी-अपनी मान्यतानुसार कुछ मगलवाक्योका प्रणयन किया है। अन्य मतप्रवर्तको द्वारा प्रतिपादित मङ्गलवाक्य कहाँतक जीवनमे प्रकाश प्रदान कर सकते है, यह विचार करना प्रस्तुत रचनाका ध्येय नही है। यहाँ केवल यही बतलानेका प्रयत्न किया जायगा कि जैनाम्नायमे प्रचलित मङ्गलवाक्य णमोकार मन्त्र किस प्रकार जीवनमे शान्ति प्रदान कर सकता है तथा दार्शनिक, मान्त्रिक एवं लौकिक कल्याण-प्राप्तिकी दृष्टिसे उक्त वाक्यका क्या महत्त्व है, जिससे विकारोको शमन करनेमें सहायता मिल सके। आत्मकल्याणका मूल साधन सम्यग्दर्शन भी उक्त मगलवाक्यके स्मरणसे किस प्रकार उत्पन्न हो सकता है; द्वादशाग जिनवाणीका परिज्ञान उक्त वाक्य द्वारा किस प्रकार किया जा सकता है तथा जीवनकी आशा-तृष्णाजन्य अशान्ति किस प्रकार दूर हो जाती है, आदि बातोपर विचार किया जायगा।

मङ्गल-वाक्योंकी आवश्यकता

साधकको सर्वप्रथम अपनी छान-बीनकर अपने सच्चिदानन्द स्वरूपका

निश्चय करना अत्यावश्यक है। आत्मस्वरूपके निश्चय करनेपर भी जब तक अनुकरणीय आदर्श निश्चित नही, तब तक अपने स्वरूपको प्राप्त करनेका मार्ग अन्वेषण करना असंभव है। आदर्श शुद्ध सच्चिदानन्द रूप आत्मा ही हो सकता है। कोई भी विकारग्रस्त प्राणी विकाररहित आदर्शको सामने पाकर अपने भीतर उत्साह, दृढसंकल्प और स्फूर्ति उत्पन्न कर सकता है। चिदानन्द शान्तमुद्राका चित्र अपने हृदयमे स्थापित करनेसे विकारोका शमन होता है। वीतरागी, शान्त, अलौकिक, दिव्यज्ञानधारी, अनुपम दिव्य आनन्द और अनन्त सामर्थ्यवान् आत्माओंका आदर्श सामने रखनेसे मिथ्याबुद्धि दूर हो जाती है, दृष्टिकोणमे परिवर्तन हो जाता है, राग-द्वेषकी भावनाएँ निकल जाती है और आध्यात्मिक विकास होने लगता हैं। णमोकार मन्त्र ऐसा मंगलवाक्य है, जिसमे द्वादशाग वाणीका सारभूत दिव्यात्मा पञ्चपरमेष्ठीका पावन नाम निरूपित है। इस नामके श्रवण, मनन, चिन्तन और स्मरणसे कोई भी व्यक्ति अपने राग-द्वेषरूप विकारोको सहजमे पृथक् कर सकता है। विकारोंका परिष्कार करनेके लिए पञ्चपरमेष्ठीके आदर्शसे उत्तम अन्य कोई आदर्श नही हो सकता।

**अशान्तिको दूर करनेका अमोघ साधन—णमोकार-मन्त्र**

साधारण व्यक्तिका भी इधर-उधर वासनाओंके लिए भटकनेवाला मन इस मन्त्रके उच्चारण और चिन्तन-द्वारा स्वास्थ्य लाभ कर सकता है। इस मन्त्रमे प्रतिपादित भावना प्रारम्भिक साधकसे लेकर उच्चश्रेणीके साधक तकको शान्ति और श्रेयोमार्ग प्रदान करनेवाली है। भारतीय दार्शनिकोंका ही नही, विश्वके सभी दार्शनिकोका मत है कि जब तक व्यक्तिमें आस्तिक्य भाव नही, विशेष मङ्गल-वाक्योंके प्रति श्रद्धा नही; तब तक उसका मन स्थिर नहीं हो सकता है। आस्तिक व्यक्ति अपने आराध्य महापुरुषकी आराधना कर शान्ति लाभ करता है। दृढ आस्था रखकर निर्दोष आत्माओं-का आदर्श सामने रखना तथा उन वीतरागी आत्माओंके समान अपनेको बनानेका प्रयत्न करना प्रत्येक मनुष्यका परम कर्त्तव्य है। जो शान्ति चाहता

है, राग-द्वेषसे छुटकारा प्राप्त करना चाहता है एव अपने हृदयको शुद्ध, सबल और सरस बनाना चाहता है, उसे अपने सामने कोई आदर्श अवश्य रखना होगा तथा इस आदर्शको प्रतिपादिन करनेवाले किसी मंगलवाक्यका मनन भी करना पडेगा। यहाँ आदर्श रखनेका यह अर्थ कदापि नही है कि अपनेको हीन तथा आदर्शको उच्च समझकर दास्य-दासक भाव स्थापित किया जाय अथवा अन्य किसी रागात्मक सम्बन्धकी स्थापना कर अपनेको रागी-द्वेषी बनाया जाय, बल्कि तात्पर्य यह है कि शुद्ध और उच्च आदर्शको स्थापित कर अपनेको भी उन्हीके समान बनाया जाय। राग-द्वेष, काम-क्रोध आदि दुर्बलताओपर मङ्गलवाक्यमे वर्णित शुद्ध आत्माओके समान विजय प्राप्त की जाय। आत्मोन्नतिके लिए आवश्यक है आराधना योग्य परम-शान्त, सौम्य, भव्य और वीतरागी आत्माओका चिन्तन एवं मनन करना तथा इन आत्माओके नाम और गुणोको बतलानेवाले वाक्योका स्मरण, पठन एव चिन्तन करना। संसारके विकारोसे ग्रस्त व्यक्ति आदर्श आत्माओ-के गुणोके स्तवन, चिन्तन और मनन द्वारा अपने जीवनपर विचार करता है। जिस प्रकार उन शुद्ध और निर्मल आत्माओने राग, द्वेष आदि प्रवृत्तियोपर विजय प्राप्त कर लिया है तथा नवीन कर्मोके आस्रवको अवरुद्ध कर संचित कर्मोका क्षय—विनाश कर शुद्ध स्वरूपको प्राप्त कर लिया है, उसी प्रकार आदर्श शुद्ध आत्माओके स्मरण, ध्यान और मननसे साधक भी निर्मल बन सकता है।

णमोकार-मन्त्रमे प्रतिपादित आत्माओकी शरण जानेसे तात्पर्य उन्हीके समान शुद्ध स्वरूपकी प्राप्तिसे है। साधक किसी आलम्बनको पाकर ऊँचा चढ जाना—साधनाकी उन्नत अवस्थाको प्राप्त कर लेना चाहता है। यह आलम्बन कमजोर नही है, बल्कि विश्वकी समस्त आत्माओसे उन्नत — परमात्मरूप है। इनके निकट पहुँचकर साधक उसी प्रकार शुद्ध हो जाता है, जिस प्रकार पारसमणिका संयोग पाकर लोहा स्वर्ण बन जाता है। लोहेको स्वर्ण बननेके लिए कुछ विशेष प्रयास नही करना पडता, बल्कि

पारसमणिका सान्निध्य प्राप्त कर लेने मात्रसे ही उसके लौह-परमाणु स्वर्ण-परमाणुओमें परिवर्तित हो जाते हैं। अथवा जिस प्रकार दीपकको प्रज्वलित करनेके लिए अन्य जलते हुए दीपकोके पास रख देनेके पश्चात् नहीं जलनेवाले दीपककी बत्ती जलते हुए दीपककी लौसे लगा देने मात्रसे वह नहीं जलनेवाला दीपक प्रज्वलित हो उठता है, उसी प्रकार ससारी विषय-कषाय सलग्न आत्मा उत्कृष्ट मंगलवाक्यमें निरूपित आत्माओ, जो कि सामान्य—सग्रह नयकी अपेक्षा एक परमात्मारूप है, का सान्निध्य—शरण-भाव प्राप्तकर तत्तुल्य बन जाता है। अतएव मानव जीवनके उत्थानमे मंगल-सूत्रोका महत्त्वपूर्ण स्थान है।

**आत्माके भेद और मंगल-वाक्य**

जैन आगममें भावोकी अपेक्षासे आत्माके तीन भेद बताये गये हैं—बहिरात्मा, अन्तरात्मा और परमात्मा। राग-द्वेषको अपना स्वरूप समझना, पर पर्यायमे लीन शरीरादि पर-वस्तुओको अपना मानना एव वीतराग निर्विकल्प समाधिसे उत्पन्न हुए परमानन्द सुखामृतसे वचित रहना आत्माकी बहिरात्म अवस्था है। बताया गया है—**"देह जीवको एक गिनं बहिरातम तत्त्व मुधा है।"** अर्थात् शरीर और आत्माको एक समझना; अनन्तानुबन्धी क्रोध, मान, माया, लोभसे युक्त होना और मिथ्याबुद्धिके कारण शारीरिक सम्बन्धोको आत्माके सम्बन्ध मानना बहिरात्मा है। इस बहिरात्म अवस्थामें रागभाव उत्कटरूपसे वर्तमान रहता है, अतः स्वसंवेदन ज्ञान—स्वानुभवरूप सम्यग्ज्ञान इस अवस्थामें नहीं रहता।

बहिरात्मा मंगलवाक्योके स्मरण और चिन्तनसे दूर भागता है, उसे णमोकार मन्त्र जैसे पावन मंगलवाक्योपर श्रद्धा नही होती; क्योकि राग बुद्धि उसे आस्तिक बनानेसे रोकती है। जब तक आस्तिक्य वृत्ति नही, तब तक उन्नत आदर्श सामने नही आ सकेगा। कर्मोंका क्षयोपशम होनेपर ही णमोकार मन्त्रके ऊपर श्रद्धा उत्पन्न होती है तथा इसके स्मरण, मनन, और चिन्तनसे अन्तरात्मा बननेकी ओर प्राणी अग्रसर होता है। अभिप्राय

यह है कि जब तक प्राणीकी इस परम माङ्गलिक महामन्त्रके प्रति श्रद्धा-भावना जाग्रत नही होती है, तब तक वह बहिरात्मा ही बना रहता है और विकारभावोको अपना स्वरूप समझकर अहर्निश व्याकुलताका अनुभव करता रहता है।

भेदविज्ञान और निर्विकल्प समाधिसे आत्मामे लीन, शरीरादि पर-वस्तुओसे ममत्वबुद्धि-रहित एवं चिदानन्दस्वरूप आत्माको ही अपना समझनेवाला स्वात्मज्ञ चैतन्यस्वरूप आत्मा अन्तरात्मा है। इसके तीन भेद हैं—उत्तम, मध्यम और जघन्य। समस्त परिग्रहके त्यागी, निस्पृही, शुद्धोपयोगी और आत्मध्यानी मुनीश्वर उत्तम अन्तरात्मा हैं, देशव्रती गृहस्थ और छठे गुणस्थानवर्ती निर्ग्रन्थ मुनि मध्यम अन्तरात्मा है तथा राग-द्वेषको अपनेसे भिन्न समझ स्वरूपका दृढ श्रद्धान करनेवाले व्रतरहित श्रावक जघन्य अन्तरात्मा है।

उपर्युक्त तीनों ही प्रकारके अन्तरात्मा णमोकार मन्त्र जैसे मंगलवाक्यो-की आराधना-द्वारा अपनी प्रवृत्तियोको शुद्ध करते है तथा निवृत्ति मार्गकी ओर अग्रसर होते है। णमोकार मन्त्रका उच्चारण ही शुभोपयोगका साधन है। इसके प्रति जब भीतरी आस्था जाग्रत हो जाती है और इस मन्त्रमे कथित उच्चात्माओके गुणोके स्मरण, चिन्तन और मनन द्वारा स्वपरिणतिकी ओर झुकाव आरम्भ हो जाता है, तो शुद्धोपयोगकी ओर व्यक्ति बढता है। अत· यह मंगलवाक्य उक्त तीनो प्रकारकी अन्तरात्माओको प्रगति प्रदान करता है। वास्तविकता यह है कि महामन्त्र विकारभावोको दूरकर आत्माको अपने शुद्ध स्वरूपकी ओर प्रेरित करता है। सांसारिक पदार्थोंके प्रति आसक्ति तथा आसक्तिसे होनेवाली अशान्ति आत्माको बेचैन नही करती। यद्यपि कर्मोंके उदयके कारण विकार उत्पन्न होते हैं, किन्तु उनका प्रभाव अन्तरात्मापर नही पडता। णमोकार-मन्त्र अन्तरात्माओंके साधना मार्गमे मीलके पत्थरोका कार्य करता है, जिस प्रकार पथिकको मीलका पत्थर मार्ग-का परिज्ञान कराता है, उसे मार्गके तय करनेका विश्वास दिलाता है, उसी

प्रकार यह मन्त्र अन्तरात्माको साधु, उपाध्याय, आचार्य, अरिहन्त और सिद्ध रूप गन्तव्य स्थानपर पहुँचनेके लिए मार्ग परिज्ञानका कार्य करता है अर्थात् अन्तरात्मा इस मन्त्रके सहारे पञ्चपरमेष्ठी पदको प्राप्त होता है।

परमात्माके दो भेद हैं—सकल और निकल। घातिया कर्मोंको नाश करनेवाले और सम्पूर्ण पदार्थोंके ज्ञाता, द्रष्टा अरिहन्त सकल परमात्मा है। समस्त प्रकारके कर्मोंसे रहित अशरीरी सिद्ध निकल परमात्मा कहे जाते हैं। कोई भी अन्तरात्मा णमोकार मन्त्रके भाव-स्मरणसे परमात्मा बनता है तथा सकल परमात्मा भी योग निरोध कर अघातिया कर्मोंका नाश करते समय णमोकार मन्त्रका भाव चिन्तन करते हैं। निर्वाण प्राप्त होनेके पहले तक णमोकार मन्त्रके स्मरण, चिन्तन, मनन और उच्चारणकी सभीको आवश्यकता होती है; क्योंकि इस मन्त्रके स्मरणसे आत्मामें निरन्तर विशुद्धि उत्पन्न होती है। श्रद्धा—भावना, जो कि मोक्षमहलपर चढ़नेके लिए प्रथम सीढ़ी है, इसी मन्त्रमें भाव स्मरण-द्वारा उत्पन्न होती है। सरल शब्दोंमे यो कहा जा सकता है कि इस मन्त्रमें प्रतिपादित पञ्चपरमेष्ठीके स्मरण और मननसे आत्मविश्वासकी भावना उत्पन्न होती है, जिससे राग, द्वेष प्रभृति विकारोंका नाश होता है, साथ ही अपना इष्ट भी सिद्ध होता है। अरिहन्त, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और सर्वसाधुको परमेष्ठी इसीलिए कहा जाता है कि इनके स्मरण, चिन्तन और मनन-द्वारा सुखकी प्राप्ति और दुःखके विनाशरूप इष्ट प्रयोजनकी सिद्धि होती है। विश्वके प्रत्येक प्राणीको सुख इष्ट है; क्योंकि यह आत्माका प्रमुख गुण है तथा इसके उत्पन्न होनेपर ही बेचैनी दूर होती है। ये परमेष्ठी स्वयं परमपदमें स्थित हैं तथा इनके अवलम्बनसे अन्य व्यक्ति भी परमपदमें स्थित हो सकते हैं।

स्पष्ट करनेके लिए यो समझना चाहिए कि आत्माके तीन प्रकारके परिणाम होते है—अशुभ, शुभ और शुद्ध। तीव्र कषायरूप परिणाम अशुभ, मन्द कषायरूप परिणाम शुभ और कषाय रहित परिणाम शुद्ध होते हैं। राग-द्वेषरूप संक्लेश परिणामोसे ज्ञानावरणादि घातिया कर्मोंका,

जो आत्माके वीतराग भावके घातक हैं, तीव्रबन्ध होता है और शुभ परिणामोंसे मन्दबन्ध होता है। जब विशुद्ध परिणाम प्रबल होते हैं तो पहलेके तीव्र बन्धको भी मन्द कर देते है; क्योंकि विशुद्ध परिणामोंसे बन्ध नहीं होता, केवल निर्जरा होती है। णमोकार मन्त्रमें प्रतिपादित पञ्चपरमेष्ठीके स्मरणसे जो भावनाएँ उत्पन्न होती हैं, उनसे कषायोंकी मन्दता होती है तथा वे परिणाम समस्त कषायोको मिटानेके साधन बनते हैं। ये ही परिणाम आगे शुद्ध परिणामोकी उत्पत्तिमें भी साधनका कार्य करते हैं। अतएव भावसहित णमोकार मन्त्रके स्मरणसे उत्पन्न परिणामो द्वारा जब अपने स्वभावघातक घातिया कर्म क्षीण हो जाते हैं, तब सहजमे वीतरागता प्रकट होने लगती है। जितने अंशोमे घातिया कर्म क्षीण होते हैं, उतने ही अंशोमें वीतराग-भाव उत्पन्न होते है। इन्द्रियासक्ति एव असंयमकी प्रवृत्ति णमोकार मन्त्रके मननसे दूर होती है, आत्मामे मन्द कषायजन्य भावनाएँ उत्पन्न होती हैं। असाता आदि पाप प्रवृत्तियाँ मन्द पड जाती है और पुण्यका उदय होनेसे स्वतः सुख-सामग्री उपलब्ध होने लगती है।

उपर्युक्त विवेचनसे हम इस निष्कर्षपर पहुँचते है कि आत्माको शुद्ध करनेकी तथा अपने सत्, चित् और आनन्दमय स्वरूपमें अवस्थित होनेकी प्रेरणा इस णमोकार मन्त्रसे प्राप्त होती है। विकारजन्य अशान्तिको दूर करनेका एकमात्र साधन यह णमोकार मन्त्र है। इस मन्त्रके स्मरण, चिन्तन और मनन बिना अन्य किसी भी प्रकारकी साधना सम्भव नही है। यह सभी प्रकारकी साधनाओका प्रारम्भिक स्थान है तथा समस्त साधनोंका अन्त भी इसीमें निहित है। अत· राग-द्वेष, मोह आदिकी प्रवृत्ति तभी तक जीवमे वर्तमान रहती है, जब तक जीव आत्माके वास्तविक स्वरूपको उपलब्धिसे वंचित रहता है। आत्मस्वरूप पञ्चपरमेष्ठीकी आराधनासे अपने आप अवगत हो जाता है। जिस प्रकार एक जलते दीपकसे अनेक बुझे हुए दीपकोको जलाया जा सकता है, उसी प्रकार पञ्चपरमेष्ठीकी विशुद्ध आत्माओसे अपनी ज्ञान-ज्योतिको प्रज्वलित किया जा सकता है।

जिन ससारी जीवोंकी आत्मामें कषायें वर्तमान हैं, वे भी क्षीण कषायवाले व्यक्तियोके अनुकरणसे अपनी कषाय भावनाओको दूर कर सकते है। साधारण मनुष्यकी प्रवृत्ति शुभ या अशुभ रूपमें सामनेके उदाहरणोके अनुसार ही होती है। मनोविज्ञान बतलाता है कि मनुष्य अनुकरणशील प्राणी है, यह अन्य व्यक्तियोका अनुकरण कर अपने ज्ञानके क्षेत्रको विस्तृत और समृद्ध करता रहता है। अतएव स्पष्ट है कि णमोकार मन्त्रमें प्रतिपादित अर्हन्त, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और सर्वसाधुकी आत्मा शुद्ध चिद्रूप है, इनके स्मरण और चिन्तनसे शुद्ध चिद्रूपकी प्राप्ति होती है।

दर्शनशास्त्रके वेत्ता मनीषियोने अनुभव तीन प्रकारका बतलाया है— सहज, इन्द्रियगोचर और अलौकिक। इन तीनों प्रकारके अनुभवोंसे ही मनुष्य आनन्दकी प्राप्ति करता है तथा अपने मन और अन्तःकरणका विकास करता है। सहज अनुभव उन व्यक्तियोको होता है, जो भौतिक-वादी हैं तथा जिनका आत्मा विकसित नही हैं। ये क्षुधा, तृषा, मैथुन, मलमूत्रोत्सर्जन आदि प्राकृतिक शरीर सम्बन्धी माँगोकी पूर्त्तिमें ही सुख और पूर्त्तिके अभावमें दुःखका अनुभव करते रहते है। ऐसे व्यक्तियोंमें आत्मविश्वासकी मात्रा प्राय. नही होती हे, इनकी समस्त क्रियाएँ शरीरा-धीन हुआ करती हैं। णमोकार मन्त्रकी साधना इस सहज अनुभवको आध्यात्मिक अनुभवके रूपमे परिवर्तित कर देती है तथा शरीरकी वास्तविक उपयोगिता और उसके स्वरूपका बोध करा देती है।

दूसरे प्रकारका अनुभव प्राकृतिक रमणीय दृश्योके दर्शन, स्पर्शन आदिके द्वारा इन्द्रियोको होता है, यह प्रथम प्रकारके अनुभवकी अपेक्षा सूक्ष्म है, किन्तु इस अनुभवसे उत्पन्न होनेवाला आनन्द भी ऐन्द्रियिक आनन्द है, जिससे आकुलता दूर नही हो सकती है। मानसिक बेचैनी इस प्रकारके अनुभवसे और बढ जाती है। विकारोकी उत्पत्ति इससे अधिक होने लगती है तथा ये विकार नाना प्रकारके रूप धारण कर मोहक रूपमें प्रस्तुत होते हैं, जिससे अहंकार और ममकारकी वृद्धि होती है। अतएव इस

अनुभवजन्य ज्ञानका परिमार्जन भी णमोकार मन्त्रके द्वारा ही सम्भव है। इस मन्त्रमें निरूपित आदर्श अहकार और ममकारका निरोध करनेमें सहायक होता है। अतः आत्मोत्थानके लिए यह अनुभव मङ्गलवाक्योंके रसायन-द्वारा ही उपयोगी हो सकता है। मङ्गलवाक्य ही इसका परिष्कार करते हैं। जिस प्रकार गन्दा पानी छाननेसे निर्मल हो जाता है, उसी प्रकार णमोकार मन्त्रकी साधनासे सासारिक अनुभव शुद्ध होकर आत्मिक बन जाता है।

तीसरे प्रकारका अनुभव आत्मिक या आध्यात्मिक होता है। इस अनुभवसे उत्पन्न आनन्द अलौकिक कहलाता है। इस प्रकारके अनुभवकी उत्पत्ति सत्संगति, तीर्थाटन, समीचीन ग्रन्थोके स्वाध्याय, प्रार्थना एवं मंगल-वाक्योंके स्मरण, मनन और पठनसे होती है। यही अनुभव आत्माकी अनन्त शक्तियोकी विकास-भूमि है और इसपर चलनेसे आकुलता दूर हो जाती है। णमोकार मन्त्रकी साधना मनुष्यको विवेक बुद्धिकी वृद्धि और इच्छाओंको संयमित करती है, जिससे मानवकी भावनाएँ परिमार्जित हो जाती हैं। अतएव विकारोसे उत्पन्न होनेवाली अशान्तिको रोकने तथा आत्मिक शान्तिको विकसित करनेका एकमात्र साधन णमोकार महामन्त्र ही है। यह प्रत्येक व्यक्तियोको बहिरात्मा अवस्थासे दूर कर अन्तरात्मा और परमात्मा अवस्थाकी ओर ले जाता है। आत्मबलका आविर्भाव इस मन्त्रकी साधनासे होता है। जो व्यक्ति आत्मबली है, उनके लिए ससारमें कोई कार्य असम्भव नही। आत्मबल और आत्मविश्वासकी उत्पत्ति प्रधान रूपमें आराध्यके प्रति भाव सहित उच्चारण किये गये प्रार्थनामय मङ्गल-वाक्यो द्वारा ही होती है। जिन व्यक्तियोमें उक्त दोनो गुण नही है, वे मनुष्य धर्मके उच्चतम शिखरपर चढनेके अधिकारी नही। जिस प्रकार प्रचण्ड सूर्यके समक्ष घटाटोप मेघ देखते-देखते विलीन हो जाते है, उसी प्रकार पञ्चपरमेष्ठीकी शरण जानेसे—उनके गुणोके स्मरणसे, उनकी प्रार्थनासे आत्माका स्वकीय विज्ञान घन एव निराकुलतारूप सुख अनुभवमें आने लगता है तथा शक्ति इतनी प्रबल हो जाती है कि अन्तर्मुहूर्तमें कर्म

भस्म हो जाते हैं। मोहका अभाव होते ही यह आत्मा ज्ञानाग्नि-द्वारा अनन्तदर्शन, अनन्तज्ञान, अनन्तवीर्य और अनन्तसुखको प्राप्त कर लेता है।

वैदिक धर्मानुयायियोंमें जो ख्याति और प्रचार गायत्री मन्त्रका है, बौद्धोंमें त्रिसरण—त्रिशरण मन्त्रका है, जैनोंमें वही ख्याति और प्रचार णमोकार मन्त्रका है। समस्त धार्मिक और सामाजिक कृत्योंके आरम्भमें इस महामन्त्रका उच्चारण किया जाता है। जैन-सम्प्रदायका यह दैनिक जाप-मन्त्र है। इस मन्त्रका प्रचार तीनों सम्प्रदायों—दिगम्बर, श्वेताम्बर और स्थानकवासियोंमें समान रूपसे पाया जाता है। तीनों सम्प्रदायके प्राचीनतम साहित्यमें भी इसका उल्लेख मिलता है। इस मन्त्रमें पाँच पद अट्ठावन मात्रा और पैंतीस अक्षर हैं। मन्त्र निम्न प्रकार है—

**णमोकार-मन्त्रका अर्थ**

**णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आइरियाणं।**
**णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्व-साहूणं॥**

अर्थ—अरिहन्तो या अर्हन्तोंको नमस्कार हो, सिद्धोंको नमस्कार हो, आचार्योंको नमस्कार हो, उपाध्यायोंको नमस्कार हो और लोकके सर्व-साधुओंको नमस्कार हो।

**'णमो अरिहंताणं' अरिहननादरिहन्ता नरकतिर्यक्कुमानुष्यप्रेतवासगताशेषदुःखप्राप्तिनिमित्तत्वादरिर्मोहः। तथा च शेषकर्मव्यापारो वैफल्यमुपेयादिति चेन्न, शेषकर्मणां मोहतन्त्रत्वात्। न हि मोहमन्तरेण शेषकर्माणि स्वकार्यनिष्पत्तौ व्यापृतान्युपलभ्यन्ते येन तेषां स्वातन्त्र्यं जायते। मोहे विनष्टेऽपि कियन्तमपि कालं शेषकर्मणां सत्त्वोपलम्भान्न तेषां तत्तन्त्रत्वमिति चेन्न, विनष्टेऽरौ जन्ममरणप्रबन्धलक्षणसंसारोत्पादनसामर्थ्यमन्तरेण तत्सत्त्वस्यासत्त्वसमानत्वात् केवलज्ञानाद्यशेषात्मगुणाविर्भावप्रतिबन्धनप्रत्ययसमर्थत्वाच्च। तस्यारेर्हननादरिहन्ता।**

**रजोहननाद्वा अरिहन्ता। ज्ञानदृगावरणानि रजांसीव बहिरङ्गान्तरङ्गाशेषत्रिकालगोचरानन्तार्थव्यञ्जनपरिणामात्मकवस्तुविषयबोधानुभव-**

प्रतिबन्धकत्वाद्रजांसि । मोहोऽपि रजःभस्मरजसा पूरिताननानामिव भूयो मोहावरुद्धात्मनां जिह्मभावोपलम्भात् । किमिति त्रितयस्यैव विनाश उपदिश्यत इति चेन्न, एतद्विनाशस्य शेषकर्मविनाशाविनाभावित्वात् तेषां हननादरिहन्ता ।

रहस्याभावाद्वा अरिहन्ता । रहस्यमन्तरायः तस्य शेषघातित्रितयविनाशाविनाभाविनो भ्रष्टबीजवन्निःशक्तीकृताघातिकर्मणो हननादरिहन्ता ।

अतिशयपूजार्हत्वाद्वार्हन्तः । स्वर्गावतरणजन्माभिषेकपरिनिष्क्रमणकेवलज्ञानोत्पत्तिपरिनिर्वाणेषु देवकृतानां पूजानां देवासुरमानवप्राप्तपूजाभ्योऽधिकत्वादतिशयानामर्हत्वाद्योग्यत्वादर्हन्तः[1] ।

णमो अरिहंताणं—णमो—नमस्कारः । केभ्यः ? अर्हद्भ्यः शक्रादिकृतां पूजां सिद्धिगतिं चार्हन्तस्तेभ्यः । अरीन्—रागद्वेषादीन् घ्नन्तीति अरिहन्तारः तेभ्योऽरिहन्तृभ्यः, न रोहन्ति—नोत्पद्यन्ते दग्धकर्मबीजत्वात्—पुनः संसारे न जायन्ते इत्यरुहन्तः तेभ्योऽरुहद्भ्यो नमो नमस्कारोऽस्तु[2] ।

अरिहननाद्रजोहनन [स्या] भावाच्च परिप्राप्तानन्तचतुष्टयस्वरूपः सन् इन्द्रनिर्मितामतिशयवतीं पूजामर्हतीति अर्हन् । घातिक्षयजमनन्तज्ञानादिचतुष्टयं विभूत्याद्यं यस्येति वाऽर्हन्[3] ।

अर्थात्—'णमो अरिहंताणं' इस पदमे अरिहंतोको नमस्कार किया गया है । अरि—शत्रुओके नाश करनेसे 'अरिहत' यह सज्ञा प्राप्त होती है । नरक, तिर्यच, कुमानुष और प्रेत इन पर्यायोंमें निवास करनेसे होनेवाले समस्त दु खोकी प्राप्तिका निमित्त कारण होनेसे मोहको अरि—शत्रु कहा गया है ।

---

१. धवलाटीका प्रथम पुस्तक पृ० ४२-४४ ।

२. सहस्रनामस्मरणानि पृ० २ ।

३. अमरकीर्ति विरचित नाममालाका भाष्य पृ० ५८-५९ ।

**शंका**—केवल मोहको ही अरि मान लेनेपर शेष कर्मोंका व्यापार—कार्य निष्फल हो जायगा ?

**समाधान**—यह शका ठीक नही, क्योकि अवशेष सभी कर्म मोहके अधीन है । मोहके अभावमें अवशेष कर्म अपना कार्य उत्पन्न करनेमे असमर्थ है । अत: मोहकी ही प्रधानता है ।

**शंकाकार**—मोहके नष्ट हो जानेपर भी कितने ही काल तक शेष कर्मोंकी सत्ता रहती है, इसलिए उनको मोहके आधीन मानना उचित नही ?

**समाधान**—ऐसा नही समझना चाहिए; क्योकि मोहरूप अरिके नष्ट हो जानेपर जन्म, मरणकी परम्परारूप ससारके उत्पादनकी शक्ति शेष कर्मोंमें नही रहनेसे उन कर्मोंका सत्त्व असत्त्वके समान हो जाता है । तथा केवल-ज्ञानादि समस्त आत्मगुणोंके आविर्भावके रोकनेमे समर्थ कारण होनेसे भी मोहको प्रधान शत्रु कहा जाता है । अत उसके नाश करनेसे 'अरिहन्त' संज्ञा प्राप्त होती है ।

अथवा रज—आवरण कर्मोंके नाश करनेसे 'अरिहन्त' यह संज्ञा प्राप्त होती है । ज्ञानावरण और दर्शनावरण कर्मधूलिकी तरह बाह्य और अन्तरंग समस्त त्रिकालके विषयभूत अनन्त अर्थपर्याय और व्यञ्जनपर्यायरूप वस्तुओंको विषय करनेवाले बोध और अनुभवके प्रतिबन्धक होनेसे रज कहलाते हैं । मोहको भी रज कहा जाता है, क्योकि जिस प्रकार जिनका मुख भस्मसे व्याप्त होता है, उनमे कार्यकी मन्दता देखी जाती है, उसी प्रकार मोहसे जिनकी आत्मा व्याप्त रहती है, उनकी स्वानुभूतिमे कालुष्य, मन्दता पायी जाती है ।

अथवा 'रहस्य'के अभावसे भी अरिहन्त संज्ञा प्राप्त होती है । रहस्य अन्तराय कर्मको कहते हैं । अन्तरायका नाश शेष तीन घातिया कर्मोंके नाशका अविनाभावी है और अन्तराय कर्मके नाश होनेपर अघातिया कर्म भ्रष्ट बीजके समान नि:शक्त हो जाते हैं । इस प्रकार अन्तराय कर्मके नाशसे अरिहन्त संज्ञा प्राप्त होती है ।

अथवा सातिशय पूजाके योग्य होनेसे अर्हन् संज्ञा प्राप्त होती है; क्योंकि गर्भ, जन्म, दीक्षा, केवल और निर्वाण इन पाँचों कल्याणकोंमें देवों-द्वारा की गयी पूजाएँ देव, असुर, मनुष्योंकी प्राप्त पूजाओसे अधिक है। अतः इन अतिशयोंके योग्य होनेसे अर्हन् सज्ञा प्राप्त होती है।

इन्द्रादिके द्वारा पूज्य, सिद्धगतिको प्राप्त होनेवाले अर्हन्त या राग-द्वेष रूप शत्रुओको नाश करनेवाले अरिहन्त अथवा जिस प्रकार जला हुआ बीज उत्पन्न नही होता, उसी प्रकार कर्म नष्ट हो जानेके कारण पुनर्जन्मसे रहित अर्हन्तोको नमस्कार किया है।

कर्मरूपी शत्रुओके नाश करनेसे तथा कर्मरूपी रज न होनेसे अनन्त-दर्शन, अनन्तज्ञान, अनन्तसुख और अनन्त वीर्यरूप अनन्तचतुष्टयके प्राप्त होनेपर इन्द्रादिके द्वारा निर्मित पूजाको प्राप्त होनेवाले अर्हन् अथवा घातिया—ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय, मोहनीय और अन्तराय इन चारों कर्मोंके नाश होनेसे अनन्तचतुष्टय विभूति जिनको प्राप्त हो गयी है, उन अर्हन्तोको नमस्कार किया गया है।

जो संसारसे विरक्त होकर घर छोड मुनिधर्म स्वीकार कर लेते हैं तथा अपनी आत्माका स्वभाव साधनकर चार घातिया कर्मोंके नाश द्वारा अनन्त-दर्शन, अनन्तज्ञान, अनन्तसुख और अनन्तवीर्य इस अनन्त चतुष्टयको प्राप्त कर लेते है, वे अरहन्त हैं। ये अरहन्त अपने दिव्य ज्ञान द्वारा संसारके समस्त पदार्थोंकी समस्त अवस्थाओको प्रत्यक्ष रूपसे जानते है, अपने दिव्यदर्शन-द्वारा समस्त पदार्थोंका सामान्य अवलोकन करते हैं। ये आकु-लता रहित परम आनन्दका अनुभव करते हैं। क्षुधा, तृषा, भय, राग, द्वेष, मोह, चिन्ता, बुढापा, रोग, मरण, पसीना, खेद, अभिमान, रति, आश्चर्य, जन्म, नींद और शोक इन अठारह दोषोसे रहित होनेके कारण परम शान्त होते है, अतः वे देव कहलाते है। इनका परमौदारिक शरीर उन सभी शास्त्र, वस्त्रादि अथवा अंगविकारादिसे रहित होता है, जो काम, क्रोधादि निन्द्य भावोंके चिह्न है। इनके वचनोंसे लोकमें धर्मतीर्थकी प्रवृत्ति होती

है, जिससे समस्त प्राणी इनके उपदेशका अनुसरण कर अपना कल्याण करते हैं। अरहन्त परमेष्ठीमें ४६ मूल गुण होते हैं—दस अतिशय जन्म समयके, दस अतिशय केवलज्ञानके, चौदह अतिशय देवोके द्वारा निर्मित, आठ प्रातिहार्य और चार अनन्तचतुष्टय। इनमें प्रभुताके अनेक चिह्न वर्तमान रहते है तथा ऐसे अनेक अतिशय और नाना प्रकारके वैभवोका सयोग पाया जाता है, जिनसे लौकिक जीव आश्चर्यान्वित हो जाते हैं। अर्हन्तोके मूल दो भेद है—सामान्य अर्हन्त और तीर्थंकर अर्हन्त। अतिशय और धर्मतीर्थका प्रवर्तन तीर्थंकर अर्हन्तमें ही पाया जाता है। अन्य विशेषताएँ दोनोकी समान होती है। कोई भी आत्मा तपश्चरण-द्वारा घातिया कर्मोंको नष्ट करनेपर अर्हन्तपदको प्राप्त कर सकता है।

प्रत्येक अर्हन्त भगवान्में अनन्तज्ञान, अनन्तदर्शन, अनन्तसुख, अनन्तवीर्य, क्षायिकसम्यक्त्व, क्षायिकदान, क्षायिक लाभ, क्षायिकभोग और क्षायिक उपभोग आदि गुणोके प्रकट हो जानेसे सिद्ध स्वरूपकी झलक आ जाती है, राग, द्वेष और मोहरूप त्रिपुरको नष्ट करनेके कारण त्रिपुरारी, संसारमें शान्ति करनेके कारण शकर, तीनो नेत्रों—नेत्रद्वय और केवलज्ञानसे संसारके समस्त पदार्थोंको देखनेके कारण त्रिनेत्र एव कामविकारको जीतनेके कारण कामारि कहलाते हैं[1]

---

१—म्राविर्भूतानन्तज्ञानदर्शनसुखवीर्यविरतिक्षायिकसम्यक्त्वदानलाभभोगोपभोगाद्यनन्तगुणत्वादिहैवात्मसात्कृतसिद्धस्वरूपाऽस्फटिकमणिमहीधरगर्भोद्भूतादित्यबिम्बवद्दीप्यमानाः स्वशरीरपरिमाणा अपि ज्ञानेन विश्वरूपाः स्वास्थिताशेषप्रमेयत्वतः प्राप्तविश्वरूपाः निर्गताशेषामयत्वतो निरामयाः विगताशेषपापाञ्जनपुञ्जत्वेन निरञ्जनाः दोषकलातीतत्वतो निष्कलाः। तेभ्योऽर्हद्भ्यो नमः इति यावत्।

णिहद्द-मोहतरुणो वित्थिण्णाणाण-सायरत्तिण्णा।
णिहय-णिय-विग्घ-वग्गा बहु-बाह-विणिग्गया अयला॥

अर्हन्त भगवान् दिव्य औदारिक[1] शरीरके धारी होते है, घातियाकर्म-मलसे रहित होनेके कारण उनका आत्मा महान् पवित्र होता है, अनन्त चतुष्टयरूपी लक्ष्मी उनको प्राप्त हो जाती है, अत वे परमात्मा, स्वयंभू, जगत्पति, धर्मचक्री, दयाध्वज, त्रिकालदर्शी, लोकेश, लोकधाता, दृढव्रत, पुराणपुरुष, युगमुख्य, कलाधर, जगन्नाथ, जगद्विभु, सर्वज्ञ, प्रशास्ता, बृहस्पति, ज्ञानगर्भ, दयागर्भ, हेमगर्भ, सुदर्शन, शकर, पुण्डरीकाक्ष, स्वयंवेद्य, पितामह, ब्रह्मनिष्ठ, यज्ञपति, सुयज्वा, वृषभध्वज, हिरण्यगर्भ, स्वयप्रभु, भूतनाथ, सर्वलोकेश, निरंजन, प्रजापति, श्रीगर्भ आदि नामोंसे पुकारे जाते है।

वलिय-मयण-प्पयावा तिकाल-विसएहि तीहि णयणेहि ।
दिट्ठ-सयलट्ठ-सारा सुदद्ध-तिउरा मुणि-व्वइणो ।।
ति-रयण-तिसूलधारिय मोहंधासुर-कबंध-बिद-हरा ।
सिद्ध-सयलप्प-रूवा अरहंता दुण्णय-कयंता ।।

—धवलाटीका प्रथम पुस्तक पृ० ४५

१ दिव्यौदारिकदेहस्थो धौतघातिचतुष्टयः ।
ज्ञानदृग्वीर्यसौख्याद्यः सोऽर्हन् धर्मोपदेशकः ।।

—पञ्चाध्यायी अ० २ पृ० १५८

अरहंति णमोक्कारं अरिहा पूजा सुरुत्तमा लोए ।
रजहंता अरिहंति य अरहंता तेण उच्चंदे ।।

—मूलाराधना गा० ५०५

अरिहंति वंदणणमंसणाइ अरहंति पूयसक्कारं ।
सिद्धिगमणं च अरहा अरिहंता तेण वुच्चति ।।
देवासुरमणुयाणं अरिहा पूया सुसत्तमा जम्हा ।
अरिणो हंता रयं हंता अरिहंता तेण वुच्चंति ।।

—विशेषावश्यकभाष्य ३५८४-३५८५

'णमो सिद्धाणं—सिद्धाः[1] निष्ठिताः कृतकृत्याः सिद्धसाध्याः नष्टाष्ट-कर्माणः ।

नमो —नमस्कारः । केभ्यः ? सिद्धेभ्यः, सित प्रभूतकालेन बद्धं अष्ट-प्रकारं कर्म शुक्लध्यानाग्निना ध्मातं—भस्मीकृतं यैस्ते निरुक्तिवशात् सिद्धास्तेभ्यः इति । यद्वा सिद्धगतिनामधेयं स्थानं प्राप्ताः सिद्धाः । यद्वा सिद्धाः–सुनिष्ठितार्था मोक्षप्राप्त्या अपुनर्भवत्वेन सम्पूर्णार्थस्तेभ्यः सिद्धेभ्यः नमः ।

अर्थ—जो पूर्णरूपसे अपने स्वरूपमे स्थित है, कृतकृत्य हैं, जिन्होंने अपने साध्यको सिद्ध कर लिया है और जिनके ज्ञानावरणादि आठ कर्म नष्ट हो चुके है, उन्हे सिद्ध कहते है । इन सिद्धोंको नमस्कार है ।

जिन्होने सुदूर भूतकालमे बाँधे हुए आठ प्रकारके कर्मोंको शुक्लध्यान-रूपी अग्निके द्वारा नष्ट कर दिया हैं, उन सिद्धोको, अथवा सिद्ध नामकी गति जिन्होने प्राप्त कर ली है और पुनर्जन्मसे छूटकर जिन्होने अपने पूर्ण-स्वरूपको प्राप्त कर लिया है, उन सिद्धोको नमस्कार है ।

तात्पर्य यह है कि जो गृहस्थावस्थाको त्यागकर मुनि हो चार घातिया कर्मोंका नाशकर अनन्तचतुष्टय भावको प्राप्त कर लेते हैं । पश्चात् योग निरोधकर अवशेष चार अघातिया कर्मोंको भी नष्टकर एवं परम औदारिक शरीरको छोड अपने ऊर्ध्वगमन स्वभावसे लोकके अग्रभावमे जाकर विराज-मान हो जाते हैं, वे सिद्ध है । समस्त परतन्त्रताओसे छूट आनेके कारण उनको मुक्त कहा जाता हैं ।

आत्मामे सम्यक्त्व, ज्ञान, दर्शन, वीर्य, सूक्ष्मत्व, अवगाहनत्व, अगुरु-लघुत्व और अव्याबाधत्व ये आठ गुण होते है । ज्ञानावरण, दर्शनावरण, मोहनीय, वेदनीय, आयु, नाम, गोत्र और अन्तराय ये कर्म इन गुणोंके बाधक है । आत्मापर इन कर्मोंका आवरण पड़ जानेसे ये गुण आच्छादित

१—धवलाटीका प्रथम पुस्तक पृ० ४६ ।
२—सप्तस्मरणानि पृ० ३ ।

हो जाते हैं; किन्तु जब आत्मा अपने पुरुषार्थसे इन कर्मोंको क्षय कर देता है, तब सिद्ध अवस्थाको प्राप्त कर लेता है और उपर्युक्त आठों गुणोंका आविर्भाव हो जाता है। ज्ञानावरणीय कर्मके क्षयसे अनन्तज्ञान, दर्शनावरणीय कर्मके क्षयसे अनन्तदर्शन, वेदनीयके क्षयसे अव्याबाधत्व, मोहनीयके क्षयसे सम्यक्त्व, आयुके क्षयसे अवगाहनत्व, नामकर्मके क्षयसे सूक्ष्मत्व, गोत्र-कर्मके क्षयसे अगुरुलघुत्व और अन्तरायके क्षयसे वीर्यगुणका आविर्भाव होता है[1]।

'[2]जिन्होंने नाना भेदरूप आठ कर्मोंका नाश कर दिया है, जो तीन लोकके मस्तकके शेखर-स्वरूप हैं, दुःखोसे रहित हैं, सुखरूपी सागरमें निमग्न है, निरंजन हैं, नित्य हैं, आठ गुणोसे युक्त हैं, निर्दोष है, कृतकृत्य हैं जिन्होंने समस्त पर्यायों सहित सम्पूर्ण पदार्थोंको जान लिया है, जो वज्रशिला

---

१—कृत्स्नकर्मक्षयाज्ज्ञानं क्षायिकं दर्शनं पुनः।
प्रत्यक्षं सुखमात्मोत्थं वीर्यञ्चेति चतुष्टयम् ॥
सम्यक्त्वं चैव सूक्ष्मत्वमव्याबाधगुणः स्वतः।
अस्त्यगुरुलघुत्वं च सिद्धे चाष्टगुणाः स्मृताः ॥
—पञ्चाध्यायी अ० २, श्लो० ६७-६८

२—णिहय-विविहट्ठ-कम्मा-तिहुवण-सिर-सेहरा विहुव-दुक्खा।
सुहसायर-मज्झगया णिरंजणा णिच्च-अट्ठगुणा ॥
अणवज्जा कय-कज्जा सव्वावयवेहि दिट्ठ-सव्वट्ठा।
वज्ज-सिलत्थ ब्भग्गय-पडिमं वाभेज्ज संठाणा ॥
माणुस-संठाणा वि हु सव्वावयवेहि णो गुणेहि समा।
सव्विंदियाण विसयं जमेग-देसे विजाणंति ॥
धवलाटीका प्रथम पुस्तक पृ० ४८

अट्ठविहकम्मवियला सीदीभूदा णिरंजणा णिच्चा।
अट्ठगुणा किदकिच्चा लोयग्गणिवासिणो सिद्धा ॥
—गोम्मटसार जीवकाण्ड गा० ६८

निर्मित अभग्न प्रतिमाके समान अभेद्य आकारसे युक्त हैं, जो पुरुषाकार होनेपर भी गुणोंसे पुरुषके समान नहीं हैं; क्योंकि पुरुष सम्पूर्ण इन्द्रियोंके विषयोंको भिन्न-भिन्न देशोंमें जानता है, परन्तु जो प्रत्येक देशमें सब विषयोंको जानते हैं, वे सिद्ध हैं'। आत्माका वास्तविक स्वरूप इस सिद्ध पर्यायमें ही प्रकट होता है, सिद्ध ही पूर्ण स्वतन्त्र और शुद्ध हैं। इस प्रकार पूर्ण शुद्ध, कृतकृत्य, अचल, अनन्त सुख-ज्ञानमय और स्वतन्त्र सिद्ध आत्माओंको 'णमो सिद्धाणं' पदमें नमस्कार किया गया है।

**'णमो आइरियाणं'—णमो[1] नमस्कारः पञ्चविधमाचारं चरन्ति चारयन्तीत्याचार्याः। चतुर्दशविद्यास्थानपारगाः एकादशाङ्गधराः। आचाराङ्गधरो वा तात्कालिकस्वसमयपरसमयपारगो वा मेरुरिव निश्चलः क्षितिरिव सहिष्णुः सागर इव बहिःक्षिप्तमलः सप्तभयविप्रमुक्तः आचार्यः।**

**णमो—नमस्कारः[2], केभ्यः? आचार्येभ्यः, स्वयं पञ्चविधाचारवन्तोऽन्येषामपि तत्प्रकाशकत्वात् आचारे साधवः आचार्यास्तेभ्यः इति।**

**अर्थ**—आचार्य परमेष्ठीको नमस्कार है। जो दर्शन, ज्ञान, चारित्र, तप और वीर्य इन पाँच आचारोंका स्वयं आचरण करते हैं और दूसरे साधुओंसे आचरण कराते हैं, उन्हें आचार्य कहते हैं। जो चौदह विद्यास्थानोंके पारंगत हों, ग्यारह अंगके धारी हों अथवा आचारांगमात्रके धारी हों अथवा तत्कालीन स्वसमय और परसमयमें पारंगत हों, मेरुके समान निश्चल हों, पृथ्वीके समान सहनशील हों, जिन्होंने समुद्रके समान मल अर्थात् दोषोंको बाहर फेंक दिया हो और जो सात प्रकारके भयसे रहित हों; उन्हें आचार्य कहते हैं।

आचार्य परमेष्ठीके ३६ मूल गुण होते हैं—१२ तप, १० धर्म, ५ आचार, ६ आवश्यक और ३ गुप्ति। इन ३६ मूल गुणोंका आचार्य परमेष्ठी सावधानीपूर्वक पालन करते हैं।

---

१—धवला टीका प्रथम पुस्तक पृ० ४८।
२—सप्तस्मरणानि पृ० ३।

तात्पर्य यह है कि जो मुनि सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्रकी अधिकताके कारण प्रधानपदको प्राप्तकर संघके नायक बनते हैं तथा मुख्यरूपसे तो निर्विकल्प स्वरूपाचरण चारित्रमें ही मगन रहते हैं; किन्तु कभी-कभी धर्मपिपासु जीवोंको रागांशका उदय होनेके कारण करुणाबुद्धिसे उपदेश भी देते हैं। दीक्षा लेनेवालोंको दीक्षा देते है तथा अपने दोष निवेदन करनेवालोंको प्रायश्चित्त देकर शुद्ध करते हैं, वे आचार्य कहलाते हैं[1]।

"परमागमके परिपूर्ण अभ्यास और अनुभवसे जिनकी बुद्धि निर्मल हो गयी है, जो निर्दोष रीतिसे छः आवश्यकोंका पालन करते हैं, जो मेरु पर्वतके समान निष्कम्प हैं, शूरवीर है, सिंहके समान निर्भीक हैं, श्रेष्ठ हैं, देश, कुल और जातिसे शुद्ध है, सौम्य मूर्ति है, अन्तरंग और बहिरग परिग्रहसे रहित है, आकाशके समान निर्लेप हैं, ऐसे आचार्य परमेष्ठी होते हैं। ये दीक्षा और प्रायश्चित्त देते है, परमागम अर्थके पूर्ण ज्ञाता और अपने मूलगुणोंमें निष्ठ रहते है।[2]" इस रत्नत्रयके धारी आचार्य परमेष्ठीको नमस्कार किया है।

'णमो उवज्झायाणं'—चतुर्दशविद्यास्थानव्याख्यातारः उपाध्यायाः

---

१—आ मर्यादया तद्विषयविनयरूपया चर्यन्ते सेव्यन्ते जिनशासनार्थोपदेशकतया तदाकाङ्क्षिभिः इत्याचार्याः। उक्तं च "सुत्तत्थविऊ लक्खणजुत्तो गच्छस्स मेढिभूओ य। गणतत्तिविप्पमुक्को अत्थं वाएइ आइरिओ॥" अथवा आचारो ज्ञानाचारादिः पञ्चधा। आमर्यादया वा चारो विहारः आचारस्तत्र साधवः स्वयंकरणात् प्रभाषणात् प्रदर्शनाच्चेत्याचार्याः। आह च पंचविहं आयारं आयरमाणा तहा पयासंता। आयारं दंसंता आयरिया तेण वुच्चति॥ अथवा आ ईषद् अपरिपूर्णा इत्यर्थः। चारा हेरिका ये ते आचारा चारकल्पा इत्यर्थः। युक्तायुक्तविभागनिरूपणनिपुणा विनेयाः, अतस्तेषु साधवो यथावच्छास्त्रार्थोपदेशकतया इत्याचार्याः। नमस्यता चैषामाचारोपदेशकतयोपकारित्वात्।—भग० १, १, १ टीका।

२—धवलाटीका प्र० पु० पृ० ४६; मूलाचार आवश्यक अ०श्लो०।

तात्कालिकप्रवचनव्याख्यातारो वा आचार्यस्योक्ताशेषलक्षणसमन्विताः संग्रहानुग्रहादिहीनाः[1]।

नमो—नमस्कारः। केभ्यः ? उपाध्यायेभ्यः उप एत्य समीपमागत्य येभ्यः सकाशादधीयन्त इत्युपाध्यायास्तेभ्यः, इति। अथवा उप—समीपे अध्यायो—द्वादशाङ्गस्याः पठनं सूत्रतोऽर्थतश्च येषां ते उपाध्यायाः तेभ्यः उपाध्यायेभ्यः नमः[2]।

इक् स्मरणे इति वचनात् वा स्मर्यते सूत्रतो जिनप्रवचनं येभ्यस्ते उपाध्यायाः। अथवा उपाधानमुपाधिः—सन्निधिस्तेनोपाधिना उपाधौ वा आयो—लाभः श्रुतस्य येषां उपाधीनां वा विशेषणानां प्रक्रमाच्छोभनानामायो—लाभो येभ्यः अथवा उपाधिरेव—सन्निधिरेव आयम्—इष्टफलं दैवजनितत्वेन आयानाम्—इष्टफलानां समूहस्तदेकहेतुत्वात् येषाम्; अथवा आधीनां—मनःपीडानामायो—लाभः आध्यायः अधियां वा 'नञः कुत्सार्थत्वात्' कुबुद्धिनामायोऽध्यायः, 'ध्यै चिन्तायाम्' इत्यस्य धातोः प्रयोगान्नञः कुत्सार्थत्वादेव च दुर्ध्यानं वाध्यायः। उपहत आध्यायः अध्यायो वा यैस्ते उपाध्यायाः। नमस्यता येषां सुसम्प्रदायायातजिनवचनाध्यापनतो विनयेन भव्यानामुपकारकत्वादिति[3]।

अर्थात् चौदह विद्यास्थानके व्याख्यान करनेवाले उपाध्याय परमेष्ठीको नमस्कार है। अथवा तत्कालीन परमागमके व्याख्यान करनेवाले उपाध्याय होते हैं। ये सग्रह, अनुग्रह आदि गुणोंको छोडकर पूर्वोक्त आचार्यके सभी गुणोसे युक्त होते है।

उन उपाध्याय परमेष्ठीके लिए नमस्कार है, जिनके पास अन्य मुनिगण अध्ययन करते है, अथवा जिनके निकट द्वादशागके सूत्र और अर्थोंका मुनिगण अध्ययन करते है।

---

१. धवलाटीका प्र० पु० पृ० ५०।
२. सहस्रनामानि पृ० ४।
३. भग० १, १, १ टीका।

इङ् धातुका अर्थ स्मरण करना होता है, अतः जो सूत्रोंके क्रमानुसार जिनागमका स्मरण करते हैं, वे उपाध्याय कहलाते हैं। अथवा उपाध्याय इस उपाधिसे जो विभूषित हो, वे उपाध्याय कहलाते है।

जो मुनि परमागमका अभ्यास करके मोक्षमार्गमें स्थित है तथा मोक्षके इच्छुक मुनियोंको उपदेश देते हैं, उन मुनीश्वरोंको उपाध्याय परमेष्ठी कहते हैं। उपाध्याय ही जैनागमके ज्ञाता होनेके कारण मुनिसंघमें पठन-पाठनके अधिकारी होते है। शास्त्रोंके समस्त शब्दार्थको ज्ञातकर आत्मध्यानमें लीन रहते हैं। मुनियोंके अतिरिक्त श्रावकोंको भी अध्ययन कराते हैं। उपाध्याय पदपर वे ही मुनिराज आसीन होते है, जो जैनागमके अपूर्व ज्ञाता होते हैं। ग्यारह अंग और चौदह पूर्वके पाठी[1], ज्ञान-ध्यानमें लीन, परम निर्ग्रन्थ श्री उपाध्याय परमेष्ठीको हमारा नमस्कार हो। यहाँ 'णमो उवज्झायाण' पदमे उक्त स्वरूपवाले उपाध्यायको नमस्कार किया गया है।

'णमो लोए सव्वसाहूणं'—अनन्तज्ञानादिशुद्धात्मस्वरूपं साधयन्तीति साधवः। पञ्चमहाव्रतधरास्त्रिगुप्तिगुप्ताः अष्टादशशीलसहस्रधराश्चतुरशीति-शतसहस्रगुणधराश्च साधवः[2]।

नमो—नमस्कारः। केभ्यः? लोके सर्वसाधुभ्यः। लोके—मनुष्यलोके सम्यग्ज्ञानादिभिर्मोक्षसाधकाः सर्वसत्त्वेषु समाश्चेति साधवः, सर्वे च ते स्थविरकल्पिकादिभेदभिन्नाः साधवश्चेति सर्वसाधवस्तेभ्यः, इति। अथवा सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्रादिभिः साधयन्ति मोक्षमार्गमिति साधवः। लोके—सार्धद्वयद्वीपलक्षणे पञ्चचत्वारिंशल्लक्षयोजनप्रमाणे मनुष्यलोके सर्वे च ते साधवश्च। यद्वा—अर्हतः साधवः सर्वसाधवः तेभ्यो नमो—नमस्कारोऽस्तु[3]।

---

१. विशेषके लिए देखें—मूलाचार, अनगारधर्मामृत।
२. धवलाटीका प्र० पु० पृ० ५१।
३. सप्तस्मरणानि पृ० ४।

अर्थात्—ढाई द्वीपवर्ती सभी साधुओको नमस्कार हो। जो अनन्त ज्ञानादिरूप शुद्ध आत्माके स्वरूपकी साधना करते हैं, तीन गुप्तियोसे सुरक्षित है। अठारह हजार शीलके भेदोको धारण करते हैं और चौरासी लाख उत्तरगुणोका पालन करते हैं, वे साधु परमेष्ठी होते हैं।

मनुष्य लोकके समस्त साधुओको नमस्कार है। जो सम्यग्दर्शन, सम्यग् ज्ञान और सम्यक् चारित्रके द्वारा मोक्षमार्गकी साधना करते हैं तथा सभी प्राणियोमे समान बुद्धि रखते है; वे स्थविरकल्पि और जिनकल्पि आदि भेदोसे युक्त साधु है। अथवा ढाई द्वीप—पैतालीस लाख योजनके विस्तारवाले मनुष्यलोकमे रत्नत्रयधारी, पञ्चमहाव्रतोसे युक्त, दिगम्बर, वीतरागी साधु परमेष्ठीको नमस्कार किया गया है।

"सिंहके[1] समान पराक्रमी, गजके समान स्वाभिमानी या उन्मत्त, बैलके समान भद्र प्रकृति, मृगके समान सरल, पशुके समान निरीह, गोचरी वृत्ति करनेवाले, पवनके समान निस्संग या सर्वत्र बिना रुकावटके विचरण करनेवाले, सूर्यके समान तेजस्वी या समस्त तत्त्वोके प्रकाशक, समुद्रके समान गम्भीर, सुमेरुके समान परीषह और उपसर्गोके आनेपर अकम्प और अडोल रहनेवाले, चन्द्रमाके समान शान्तिदायक, मणिके समान प्रभापुञ्ज युक्त, पृथ्वीके समान सभी प्रकारकी बाधाओको सहनेवाले, सर्पके समान दूसरेके बताये हुए अनियत आश्रयमें रहनेवाले, आकाशके समान निरालम्बी या निर्भीक एव सर्वदा मोक्षका अन्वेषण करनेवाले साधु परमेष्ठी होते हैं।"

अभिप्राय यह है कि जो विरक्त होकर समस्त परिग्रहको त्याग शुद्धोपयोगरूप मुनिधर्मको स्वीकार करते है तथा शुद्धोपयोगके द्वारा अपनी

---

१. सीह-गय-वसह-मिय-पसु-मारुद-सूरुवहि-मंदरिंदु-मणी।
खिदि-उरगंबर-सरिसा परम-पय-विमग्गया साहू ॥
—धवलाटीका प्र० पु० पृ० ५१

आत्माका अनुभव करते है, पर पदार्थोंमें ममत्व बुद्धि नही करते तथा ज्ञानादिस्वभावको अपना मानते है, वे मुनि है। यद्यपि ज्ञानका स्वभाव जाननेवाला होनेसे अपने क्षयोपशम-द्वारा प्राभृत पदार्थोंको जानते हैं, पर उनसे राग-बुद्धि नही करते। शरीरमें रोग, बुढ़ापा आदिके होनेपर तथा बाह्य निमित्तोका सयोग होनेपर सुख-दुःख नही करते हैं। अपने योग्य समस्त क्रियाओंको करते है, पर रागभाव नही करते। यद्यपि इनका प्रयास सर्वदा शुद्धोपयोगको प्राप्त करनेका ही रहता है, पर कदाचित् प्रबल रागाशका उदय आनेसे शुभोपयोगकी ओर भी प्रवृत्ति करनी पड़ती हैं। शरीरको सजाना, शृंगार करना आदिसे सर्वदा पृथक् रहते है। इनके मूल गुण २८ है। इसके अन्तरंगमें अहिसा भावना सदा वर्तमान रहती है तथा बहिरंगसे सौम्य दिगम्बर मुद्रा। ये ज्ञान-ध्यान, और स्वाध्यायमें सर्वदा लीन रहते है। बाईस परीषहोको निश्चल हो सहन करते है। शरीरकी स्थितिके लिए आवश्यक आहार-विहारकी क्रियाएँ सावधानी पूर्वक करते है। इस प्रकारके साधुओको 'णमो लोए सव्वसाहूणं' पद द्वारा नमस्कार किया गया है।

पञ्चपरमेष्ठीके उपर्युक्त विवेचनसे स्पष्ट है कि आत्मिक विकासकी अपेक्षासे ही अर्हन्त, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और सर्वसाधुको देव माना गया है। ये पाँचो ही वीतरागी है, अत. स्तुतिके योग्य हैं। तत्त्वदृष्टिसे सभी जीव समान है, किन्तु रागादि विकारोकी अधिकता और ज्ञानकी हीनतासे जीव निन्दायोग्य तथा रागादिकी हीनता और ज्ञानकी अधिकतासे स्तुतियोग्य होते है। अरिहन्त और सिद्धोमे रागभावकी पूर्ण हीनता और ज्ञानकी विशेषता होनेके कारण वीतराग विज्ञानभाव वर्तमान है तथा आचार्य, उपाध्याय और साधुओमें एकदेश रागादिकी हीनता और क्षयोपशमजन्य ज्ञानकी विशेषता होनेसे एकदेश वीतराग विज्ञान भाव हे, अतएव पाँचो ही परमेष्ठी वीतराग होनेके कारण वन्दनीय है। धवलाटीकामें पञ्चपरमेष्ठीके देवत्वका समर्थन निम्न प्रकार किया गया है—

**शंका**[1]—आत्म-स्वरूपको प्राप्त अरिहन्त और सिद्धोंको देव मानकर नमस्कार करना ठीक है, किन्तु जिन्होंने आत्मस्वरूपको प्राप्त नहीं किया है, ऐसे आचार्य, उपाध्याय और साधुको देव मानकर कैसे नमस्कार किया जाय?

**समाधान**—यह शंका ठीक नही है; क्योकि अपने अनन्त भेदो सहित सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक् चारित्रका नाम देव है; अत: इन तीनों गुणोसे विशिष्ट जो जीव है, वह भी देव कहलाता है। यदि रत्नत्रयको देव नहीं माना जायगा तो सभी जीव देव हो जायँगे। अतएव आचार्य, उपाध्याय और मुनियोको भी देव मानना चाहिए, क्योकि रत्नत्रयका अस्तित्व अरहन्तोंकी तरह इनमे भी पाया जाता है।

सिद्ध परमेष्ठीके रत्नत्रयकी अपेक्षा आचार्य आदि परमेष्ठियोका रत्नत्रय भिन्न नही है। यदि इनके रत्नत्रयमे भेद मान लिया जाय, तो आचार्यादिमें रत्नत्रयका अभाव हो जायगा।

**शंका**—जिन्होने रत्नत्रय—सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक् चारित्रकी पूर्णताको प्राप्त कर लिया है, उन्हीको देव मानना चाहिए; रत्नत्रयकी अपूर्णता जिनमे रहती है, उनको देव मानना असंगत है।

**समाधान**—यह शका ठीक नहीं है। यदि एकदेश रत्नत्रयमें देवत्व नही माना जायगा तो सम्पूर्ण रत्नत्रयमें देवत्व नहीं बन सकेगा, अतः आचार्य, उपाध्याय और सर्व साधु भी देव हैं। जैनाम्नायमें अलौकिक सत्ताधारी किसी परोक्षशक्तिको सच्चा देव नही माना है, पर रत्नत्रयके विकासकी अपेक्षा वीतरागी, ज्ञानी और शुद्धोपयोगी आत्मोओको देव कहा है।

इस णमोकारमन्त्रमें सव्व—सर्व और लोए—लोक पद अन्त्य दीपक है। जिस प्रकार दीपक भीतर रख देनेसे भीतरके समस्त पदार्थोंका प्रकाशन करता है, उसी प्रकार उक्त दोनो पद भी अन्य समस्त पदोके ऊपर प्रकाश डालते है। अतः सम्पूर्ण क्षेत्रमें रहनेवाले त्रिकालवर्ती अरिहन्त, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधुओको नमस्कर समझना चाहिए।

१—धवला प्रथम पुस्तक पृ० ५२-५३।

प्राचीन हस्तलिखित पुस्तकोंमें णमोकारमन्त्रके पाठान्तर भी उपलब्ध होते हैं। श्वेताम्बर आम्नायमे णमोके स्थानपर नमो पाठ प्रचलित है। अतएव संक्षेपमे इस मन्त्रके पाठान्तरोपर विचार कर लेना भी आवश्यक है। दिगम्बर परम्परामे इस मन्त्रका मूलपाठ तो षट्खण्डागमके प्रारम्भमे लिखित ही है। इस पुस्तकमें भी इसी पाठको मूलपाठ माना गया है। पाठान्तर दिगम्बर परम्पराके अनुसार निम्न है—

**णमोकार मन्त्रके पाठान्तर**

'अरिहताणं'के स्थानपर मुद्रित ग्रन्थोमें अरहंताणं, प्राचीन हस्तलिखित ग्रन्थोंमें अर्हंताणं[1] तथा अरुहंताणं[2] पाठ भी मिलते है। इसी प्रकार 'आइरियाणं'के स्थानपर आयरियाणं,[3] आइरीयाणं,[4] आइरिआणं[5] पाठ भी पाये जाते हैं। अन्य पदोके पाठमे कुछ भी अन्तर नही है, ज्योके-त्यो हैं। यदि अरिहंताणंके स्थानपर अरहंताणं और अरुहंताणं या अर्हंताण पाठ रखे जाते है, तो प्राकृत व्याकरणकी दृष्टिसे अरुहंताणं और अरहंताणं दोनो पदोसे अर्हत शब्द निष्पन्न होता है। अतः दोनो शुद्ध है; पर अर्थमे

१—यह पाठान्तर त/१२ गुटकेमें—जैनसिद्धान्त भवन आरामें मिलता है।

२— त/१४ गुटकेमें प्रारम्भमें अरहंताण लिखा है पश्चात् काटकर अरुहंताणं लिखा गया है। प्राकृत पञ्चमहागुरु मार्गमें अर्हंताणंके स्थान-पर अरुहा पाठ आया है।

३—मुद्रित और हस्तलिखित पूजापाठ सम्बन्धी अधिकांश प्रतियोमें।

४—मुद्रित अधिकांश प्रतियोंमें।

५—हस्तलिखित त/१२ गुटकेमें।

अन्तर है। अरुहतका अर्थ है कि जिनका पुनर्जन्म अब न हो अर्थात् कर्म बीजके जल जानेके कारण जिनका पुनर्जन्मका अभाव हो गया है, वे अरुहंत कहलाते हैं। देवोके द्वारा अतिशय पूजनीय होनेके कारण अरहंत कहे जाते हैं। इसी अरहंतको लेखकोने अर्हंत लिखा है, अर्थात् प्राकृत शब्दको संस्कृत मानकर अर्हंत पाठ भी लिखा जाने लगा।

षट्खण्डागमकी धवलाटीकाके देखनेसे अवगत होता है कि आचार्य वीरसेनके समयमें भी इस महामन्त्रके अरहत और अरुहंत पाठान्तर थे। उनके इस मन्त्रकी व्याख्यामे प्रयुक्त **'अतिशयपूजार्हत्वाद्वार्हन्तः'** तथा **'भ्रष्टबीजवन्निःशक्तीकृताघातिकर्मणो हननात्'** वाक्योसे स्पष्ट सिद्ध है कि यह व्याख्या उक्त पाठन्तरोको दृष्टिमे रखकर ही की गयी होगी। यद्यपि स्वयं वीरसेनाचार्यको मूलपाठ ही अभिप्रेत था, इसी कारण व्याख्याके अन्तमें उन्होने अरिहंत पद ही प्रयुक्त किया है; फिर भी व्याख्याकी शैलीसे यह स्पष्ट प्रकट हो जाता है कि उनके सामने पाठान्तर थे। व्याकरण और अर्थकी दृष्टिसे उक्त पाठान्तरोमे कोई मौलिक अन्तर न होनेके कारण उन्होने उनको समीक्षा करना उचित न समझा होगा।

इसी प्रकार आइरियाण, आयरियाणं पाठोके अर्थमें कोई भी अन्तर नही है। प्राकृत व्याकरणके अनुसार तथा उच्चारणादिके कारण इनमें अन्तर पड गया है। रकारोत्तरवर्ती इकारको दीर्घ करना केवल उच्चारणकी सरलता तथा लयको गति देनेके लिए हो सकता है। इसी प्रकार इकारके स्थानपर यकारका पाठ भी उच्चारणके सौकर्यके लिए ही किया गया प्रतीत होता है। अत: णमोकार मन्त्रका शुद्ध और आगम सम्मत पाठ निम्न है—

**णमो अरिहंताणं णमो सिद्धाणं णमो आइरियाणं।**
**णमो उवज्झायाणं णमो लोए सव्व-साहूणं॥**

श्वेताम्बर-परम्परामें इस मन्त्रका पाठ निम्न प्रकार उपलब्ध होता है—

**नमो अरिहंताणं नमो सिद्धाणं नमो आयरियाणं।**
**नमो उवज्झायाणं नमो लोए सव्व-साहूणं॥**

सप्तस्मरणानिमें 'अरिहंताणं'के तीन पाठ बतलाये गये हैं—'अत्र पाठ-त्रयम्—अरहंताणं, अरिहंताणं अरुहंताणं'। अर्थात् अरहत, अरिहंत और अरुहंत इन तीनों पदोंका अर्थ पूर्वके समान इन्द्रादिके द्वारा पूज्य, घातिया कर्मोंके नाशक, कर्मबीजके विनाशक रूपमे किया गया है। उच्चारण-सरलताके लिए आइरियाणके स्थानपर आयरियाण पाठ है। इसमे अर्थकी कोई विशेषता नही है।

इस प्रकार श्वेताम्बर आम्नायके पाठोमें दिगम्बर आम्नायके पाठोकी अपेक्षा कोई मौलिक भेद नही है। जो कुछ भी अन्तर है वह 'नमो' पाठमें है। इस सम्प्रदायके आगमिक ग्रन्थोमें भी 'ण' के स्थानपर 'न' पाया जाता है। इसका कारण यह है कि अर्धमागधी प्राकृतमे विकल्पसे 'ण' के स्थान-पर न होता है। (दिगम्बर आम्नायके साहित्यकी प्राकृत प्राय जैन शौर-सेनी है) जो महाराष्ट्रीके नकारके स्थानपर णकार होनेमे समता रखती है। किन्तु (श्वेताम्बर सम्प्रदायके साहित्यकी प्राकृत भाषा अर्धमागधी है,) इसमे णकारके स्थानपर णकार और नकार दोनो प्रयोग पाये जाते हैं। बताया गया है कि **"महाराष्ट्रयां नकारस्य सर्वदा णकारो जायतेऽर्द्ध-मागध्यां तु नकारणकारौ द्वावपि।"** यथा **"छणं छणं परिण्णाय लोगसन्नं च सव्वसो।"**—आचा० १–२–३–१०३।

परन्तु इस सम्बन्धमे एक महत्त्वपूर्ण बात यह है कि भाषाके परिवर्तनसे शब्दोकी शक्तिमे कमी आती है, जिससे मन्त्रशास्त्रके रूप और मण्डलमे विकृति हो जाती है और साधकको फल-प्राप्ति नही हो पाती है। अतः णमो पाठ ही समीचीन है, इस पाठके उच्चारण मनन और चिन्तनमें आत्माकी शक्ति अधिक लगती है तथा फल प्राप्ति शीघ्र होती है। मन्त्रोच्चारणसे जिस प्राण-विद्युत्का सचार किया जाता है, वह 'णमो' के घर्षणसे ही उत्पन्न की जा सकती है। अतएव शुद्धपाठ ही काममें लेना चाहिए।

इस महामन्त्रमे शुद्धात्माओंको क्रमशः नमस्कार किया गया प्रतीत नही होता है। रत्नत्रयकी पूर्णता तथा पूर्ण कर्म कलंकका विनाश तो सिद्ध परमेष्ठीमें देखा जाता है, अतः इस महामन्त्रके पहले पदमें सिद्धोको नमस्कार होना चाहिए था; किन्तु ऐसा नहीं किया गया है। धवलाटीकामें आचार्य वीरसेन स्वामीने इस आशंकाको उठाकर निम्नप्रकार समाधान किया है—

**णमोकार मन्त्रका पदक्रम**

**विगताशेषलेपेषु सिद्धेषु सत्स्वर्हतां सलेपानामादौ किमिति नमस्कारः क्रियत इति चेन्नैष दोष., गुणाधिकसिद्धेषु श्रद्धाधिक्यनिबन्धनत्वात्। असत्यर्हत्याप्तागमपदार्थावगमो न भवेदस्मदादीनाम्, संजातश्चैतत् प्रसादा-दित्युपकारापेक्षया वादावर्हन्नमस्कारः क्रियते। न पक्षपातो दोषाय शुभ-पक्षवृत्तेः श्रेयोहेतुत्वात्। अद्वैतप्रधाने गुणीभूतद्वैते द्वैतनिबन्धनस्य पक्षपात-स्यानुपपत्तेश्च। आप्तश्रद्धाया आप्तागमपदार्थविषयश्रद्धाधिक्यनिबन्धनत्वख्या-पनार्थं वार्हतामादौ नमस्कारः।**

अर्थात्—सभी प्रकारके कर्म लेपसे रहित सिद्धपरमेष्ठीके विद्यमान रहते हुए अघातिया कर्मोंके लेपसे युक्त अरिहन्तोको आदिमें नमस्कार क्यो किया है? इस आशंकाका उत्तर देते हुए वीरसेन स्वामीने लिखा है कि यह कोई दोष नही है। क्योकि सबसे अधिक गुणवाले सिद्धोमे श्रद्धा-की अधिकताके कारण अरिहंत परमेष्ठी ही है—अरिहन्त परमेष्ठीके निमित्त-से ही अधिक गुणवाले सिद्धोमें सबसे अधिक श्रद्धा उत्पन्न होती है अथवा यदि अरिहन्त परमेष्ठी न होते तो हम लोगोंको आप्त आगम और पदार्थका परिज्ञान नहीं हो सकता था। यतः अरिहन्तकी कृपासे ही हमें बोधकी प्राप्ति हुई है, इसलिए उपकारकी अपेक्षा भी आदिमें अरिहन्तोंको नमस्कार करना युक्ति-संगत है। जो मार्गदर्शक उपकारी होता है उसीका सबसे पहले स्मरण किया जाता है।

यदि कोई यह कहे कि इस प्रकार आदिमें अरिहन्तोंको नमस्कार करना तो पक्षपात है ? इसपर आचार्य उत्तर देते हैं कि ऐसा पक्षपात दोषोत्पादक नहीं है; किन्तु शुभ पक्षमे रहनेसे वह कल्याणका ही कारण है। तथा द्वैतको गौण करके अद्वैतकी प्रधानतासे किये गये नमस्कारमें द्वैतमूलक पक्षपात बन भी तो नही सकता है। अतः उपकारीके रूपमें अरिहन्त भगवान्‌को सबसे पहले नमस्कार किया है, पश्चात् सिद्ध परमेष्ठीको।

अरिहन्त और सिद्धमे नमस्कारका उक्त क्रम मान लेनेपर आचार्य, उपाध्याय और सर्वसाधुके नमस्कारमें उस क्रमका निर्वाह क्यों नही किया गया है ? यहाँ भी सबसे पहले साधु परमेष्ठीको नमस्कार किया जाता, पश्चात् उपाध्याय और आचार्य परमेष्ठीको नमस्कार होना चाहिए था, पर ऐसा पदक्रम नही रखा गया है।

उपर्युक्त आशंकापर विचार करनेसे ऐसा प्रतीत होता है कि इस महामन्त्रमे परमेष्ठियोको रत्नत्रय गुणकी पूर्णता और अपूर्णताके कारण दो भागोंमे विभक्त किया है। प्रथम विभागमें अर्हन्त और सिद्ध है, द्वितीय विभागमें आचार्य, उपाध्याय और साधु है। प्रथम विभागके परमेष्ठियोमें रत्नत्रयगुणकी न्यूनतावाले परमेष्ठीको पहले और रत्नत्रय-गुणको पूर्णतावाले परमेष्ठीको पश्चात् रखा गया है। इस क्रमानुसार अरि-हन्तके पहले और सिद्धको बादमें पठित किया है। दूसरे विभागके पर-मेष्ठियोमे भी यही क्रम है। आचार्य और उपाध्यायकी अपेक्षा मुनिका स्थान ऊँचा है, क्योंकि गुणस्थान-आरोहण मुनिपदसे ही होता है, आचार्य और उपाध्याय पदसे नहीं। और यही कारण है कि अन्तिम समयमें आचार्य और उपाध्यायोको अपना-अपना पद छोडकर मुनिपद धारण करना पडता है। मुक्ति भी मुनिपदसे ही होती है तथा रत्नत्रयकी पूर्णता इसी पदमें सभव है। अतः दोनों विभागोंमें उन्नत आत्माओको पश्चात् पठित किया गया है।

एक अन्य समाधान यह भी है कि जिस प्रकार प्रथम विभागके परमेष्ठियोंमे उपकारी परमेष्ठीको पहले रखा गया है, उसी प्रकार द्वितीय विभागके परमेष्ठियोंमे भी उपकारी परमेष्ठीको प्रथम स्थान दिया गया है। आत्मकल्याणकी दृष्टिसे साधुपद उन्नत है, पर लोकोपकारकी दृष्टिसे आचार्यपद श्रेष्ठ है। आचार्य संघका व्यवस्थापक ही नहीं होता, बल्कि अपने समयके चतुर्विध संघके रक्षणके साथ धर्मप्रसार और धर्म-प्रचारका कार्य भी करता है। धार्मिक दृष्टिसे चतुर्विध संघकी सारी व्यवस्था उसीके ऊपर रहती है। उसे लोक-व्यवहारज्ञ भी होना चाहिए जिससे लोकमें तीर्थंकर-द्वारा प्रवर्तित धर्मका भलीभाँति सरक्षण कर सके। अतः जनताके उत्थानके साथ आचार्यका सम्बन्ध है, यह अपने धर्मोपदेश-द्वारा जनताको तीर्थङ्करो-द्वारा उपदिष्ट मार्गका अवलोकन कराता है। भूले-भटकोको धर्मपन्थ सुझाता है। अतएव जनताका धार्मिक नेता होनेके कारण आचार्य अधिक उपकारी है। इसलिए द्वितीय विभागके परमेष्ठियोमें आचार्यपदको प्रथम स्थान दिया गया है।

आचार्यसे कम उपकारी उपाध्याय हैं। आचार्य सर्वसाधारणको अपने उपदेशसे धर्ममार्गमें लगाते है, किन्तु उपाध्याय उन जिज्ञासुओको अध्ययन कराते हैं, जिनके हृदयमे ज्ञानपिपासा है। उनका सम्बन्ध सर्वसाधारणसे नहीं, बल्कि सीमित अध्ययनार्थियोंसे है। उदाहरणके लिए यों कहा जा सकता है कि वह नेता है जो अगणित प्राणियोकी सभामें अपना मोहक उपदेश देकर उन्हें हितकी ओर ले जाता है और दूसरा वह प्रोफेसर है, जो एक सीमित कमरेमें बैठे हुए छात्रवृन्दको गम्भीर तत्त्व समझाता है। हैं दोनो ही उपकारी, पर उनके उपकारके परिमाण और गुणोमे अन्तर है। अतः आचार्यके अनन्तर उपाध्याय पदका पाठ भी उपकार गुणकी न्यूनता-के कारण ही रखा गया है।

अन्तमें मुनिपद या साधुपदका पाठ आता है। साधु दो प्रकारके हैं—द्रव्यलिङ्गी और भावलिङ्गी। आत्मकल्याण करनेवाले भावलिङ्गी साधु हैं। ये अन्तरंग—काम, क्रोध, मान, माया, लोभ रूप परिग्रहसे तथा बहिरंग—

धन, धान्य, वस्त्र आदि सभी प्रकारके परिग्रहसे रहित होकर आत्म-चिन्तनमे लीन रहते हैं। ये सर्वदा लोकोपकारसे पृथक् रहकर आत्मसाधनामें रत रहते हैं। यद्यपि इसकी सौम्य मुद्रा तथा इनके अहिंसक आचरणका प्रभाव भी समाजपर अमिट पडता है, पर ये आचार्य या उपाध्यायके समान लोक-कल्याणमें सलग्न नही रहते हैं। अतः 'सब्बसाधु' पदका पाठ सबसे अन्तमें रखा गया है।

**णमोकार महामन्त्रका अनादि सादित्व विमर्श**

णमोकार महामन्त्र अनादि है। प्रत्येक कल्पकालमे होनेवाले तीर्थङ्करोंके द्वारा इसके अर्थका और उनके गणधरोके द्वारा इसके शब्दोका निरूपण किया जाता है। पूजन-पाठके आरम्भमें इस महामन्त्रको अनादि कहकर स्मरण किया गया है। पूजनका आरम्भ ही इस महामन्त्रसे होता है। पाँचो परमेष्ठियोको एक साथ नमस्कार होनेसे यह मन्त्र पञ्च परमेष्ठी मन्त्र भी कहलाता है। पञ्च परमेष्ठी अनादि होनेके कारण यह मन्त्र अनादि माना जाता है। इस महामन्त्रमे नमस्कार किये गये पात्र आदि नही, प्रवाहरूपसे अनादि हैं और इनको स्मरण करनेवाला जीव भी अनादि है। वास्तविकता यह है कि णमोकार मन्त्र आत्माका स्वरूप है, आत्मा अनादि है, अत यह मन्त्र भी अनादिकालसे गुरुपरम्परा-द्वारा प्रतिपादित होता चला आ रहा है। अध्यात्ममञ्जरीमे बताया गया है कि **"इदं अर्थ-मन्त्र परमार्थतीर्थपरम्परागुरुपरम्पराप्रसिद्धं विशुद्धोपदेशदम् !"** अर्थात् अभीष्ट सिद्धिकारक यह मन्त्र तीर्थङ्करोकी परम्परा तथा गुरुपरम्परासे अनादिकालसे चला आ रहा है। आत्माके समान यह अनादि और अवि-नश्वर है। प्रत्येक कल्पकालमे होनेवाले तीर्थङ्करोके द्वारा इसका प्रवचन होता है। द्वितीय छेदसूत्र महानिशीथके पाँचवे अध्यायमे बताया गया है कि—**"एयं तु जं पंचमंगलमहासुयक्खंधस्स वक्खाणं तं महया पबंधेण अणंतगयपज्जवेहिं सुत्तस्स य पियभूयाहिं निज्जुत्तिभासचुण्णीहिं जहेव**

अणंत-नाण-दंसणधरेहिं तित्थयरेहिं वक्खाणियं तहेव समासओ वक्खाणिज्जं तं आसि। अहऽन्नया कालपरिहाणिदोसेणं ताओ णिज्जुत्ति-भास-चुण्णीओ वुच्छिन्नाओ। इओ य वच्चं तेणं कालेणं समएणं महिड्ढि-पत्तो पयाणुसारी वइरसामी नाम दुवालसंगसुअहरे समुपन्ने। तेण य पंचमंगल-महासुयक्खंधस्स उद्धारो मूल सुत्तस्स मज्झे लिहिओ। मूलसुत्तं पुण सुत्तत्ताए गणहरेहिं अत्थताए अरिहंतेहिं भगवंतेहिं धम्मतित्थयरेहिं तिलोगमहिएहिं वीरजिणिंदेहिं पन्नवियं त्ति एस वुड्ढसंपयाओ।"

अर्थात्—इस पञ्चमङ्गल महाश्रुतस्कन्धका व्याख्यान महान् प्रबन्धसे अनन्त गुण और पर्यायो सहित, सूत्रकी प्रियभूत निर्युक्ति, भाष्य और चूर्णियो-द्वारा जैसा अनन्त ज्ञान-दर्शनके धारक तीर्थंकरोने किया, उसी प्रकार संक्षेपमे व्याख्यान करने योग्य था। परन्तु आगे काल-परिहाणिके दोषसे वे निर्युक्ति, भाष्य और चूर्णियाँ विच्छिन्न हो गई। फिर कुछ काल जानेपर यथा समय महाऋद्धिको प्राप्त पदानुसारी वज्र स्वामी नामक द्वादशाग श्रुतज्ञानके धारक उत्पन्न हुए। उन्होने पञ्चमङ्गल महाश्रुतस्कन्धका उद्धार मूल सूत्रके मध्य लिखा। यह मूलसूत्र सूत्रत्वकी अपेक्षा गणधरों-द्वारा तथा अर्थकी अपेक्षा अरिहन्त भगवान्, धर्मतीर्थंकर त्रिलोक-महित वीर जिनेन्द्रके द्वारा प्रज्ञापित है, ऐसा वृद्ध सम्प्रदाय है।

श्वेताम्बर आगमके उक्त विवेचनसे यह स्पष्ट है कि श्वेताम्बर सम्प्रदायमे णमोकार मन्त्रके अर्थका विवेचन तीर्थंकरो-द्वारा तथा शब्दोंका विवेचन गणधरो-द्वारा किया गया माना गया है। इस कल्पकालके अन्तिम तीर्थंकर भगवान् महावीरने इस महामन्त्रके अर्थका निरूपण तथा गौतम स्वामीने शब्दोका कथन किया है। कालदोषके कारण तीर्थंकर-द्वारा कथित व्याख्यानके विच्छिन्न हो जानेसे द्वादशाग ज्ञानके धारी श्री वज्रस्वामीने इसका उद्धार किया। अतएव यह मन्त्र अनादि है, गुरु-परम्परासे अनादिकालसे प्रवाहरूपमें चला आ रहा है। हाँ, इतनी बात अवश्य है

कि प्रत्येक कल्पकालमें इस मन्त्रका व्याख्यान एवं शब्दों-द्वारा प्रणयन अवश्य होता है।

जैसा कि आरम्भमें कहा गया है कि दिगम्बर परम्परा इस महामन्त्रको अनादि मानती है। जैसे वस्तुएँ अनादि हैं, उनका कोई कर्ता-धर्ता नहीं है, उसी प्रकार यह मन्त्र भी अनादि है, इसका भी कोई रचयिता नहीं है। मात्र व्याख्याता ही पाये जाते है। षट्खण्डागमके प्रथम खण्ड जीवट्ठाणके प्रारम्भमें यह मन्त्र मङ्गलाचरण रूपसे अंकित किया गया है। धवला टीकाके रचयिता श्री वीरसेनाचार्यने टीकामें ग्रन्थ-रचनाके क्रमका निरूपण करते हुए कहा है—

मंगल-णिमित्त-हेऊ परिमाणं णाम तह य कत्तारं।
वागरिय छ प्पि पच्छा वक्खाणउ सत्थमाइरियो॥

इदि णायमाइरिय-परंपरागयं मणेणावहारिय पुव्वाइरियायाराणु-सरणं ति-रयण हेउ त्ति पुप्फवंताइरियो मंगलादीणं छण्णं सकारणाणं परूवणट्ठं सुत्तमाह—"णमो अरिहंताणं" इच्चादि[1]।

अर्थात्—मंगल, निमित्त, हेतु, परिणाम, नाम और कर्त्ता इन छ: अधिकारोंका व्याख्यान करनेके पश्चात् शास्त्रका व्याख्यान आचार्य करते हैं। इस आचार्य-परम्पराको मनमें धारण करना तथा पूर्वाचार्योंकी व्यवहार-परम्पराका अनुसरण करना रत्नत्रयका कारण है, ऐसा समझकर पुष्पदन्ताचार्य मङ्गलादि छहोंके सकारण प्ररूपणके लिए 'णमो अरिहंताणं' आदि मङ्गल-सूत्रको कहते हैं। श्री वीरसेनाचार्यने इस मंगलसूत्रको 'तालपलंब'—तालप्रलम्ब सूत्रके समान देशामर्षक कहकर मंगल, निमित्त, हेतु आदि छहो अधिकारवाला सिद्ध किया है।

आगे चलकर वीरसेनाचार्यने मंगल शब्दकी व्युत्पत्ति एवं अनेक दृष्टियोंसे भेद-प्रभेदोंका निरूपण करते हुए मंगलके दो भेद बताये हैं—

---

१. धवला टीका प्र० पु० पृ० ७।

"तच्च मंगलं दुविहं णिबद्धमणिबद्धमिदि। तत्थ णिबद्धं णाम जो सुत्तस्सादीए सुत्तकत्तारेण णिबद्ध-देवदा-णमोक्कारो तं णिबद्ध-मङ्गलं। जो सुत्तस्सादीए सुत्तकत्तारेण कय-देवदा-णमोक्कारो तमणिबद्ध-मङ्गलं। इदं पुण जीवट्ठाणं णिबद्ध-मङ्गलं। यत्तो 'इमेसिं चोद्दसण्हं जीवसमासाणं' इदि एदस्स सुत्तस्सादीए णिबद्ध—'णमो अरिहंताणं' इच्चादि-देवदा-णमोक्कार-दंसणादो।[1]"

अर्थात्—मगल दो प्रकारका है—निबद्ध और अनिबद्ध। सूत्रके आदिमें सूत्रकर्ता-द्वारा जो देवता-नमस्कार अन्यके द्वारा किया गया लिखा जाय अर्थात् पूर्व परम्परासे चले आये किसी मंगलसूत्र या श्लोकको अथवा परम्परा-द्वारा निरूपित अर्थके आधारपर स्वरचित सूत्र या श्लोकको अंकित करना निबद्ध मंगल है। रचनाके आदिमें मनसा या वचसा यों ही सूत्र या मंगल वाक्य बिना लिखे जो नमस्कार किया जाता है, वह अनिबद्ध कहलाता है। यहाँ 'जीवस्थान' नामक प्रथमखण्डागममें 'इमेसिं चोद्दसण्हं जीवसमासाणं' इत्यादि जीवस्थानके इस सूत्रके पहले 'णमो अरिहंताणं' इत्यादि मंगलसूत्र, जो देवता नमस्कार रूपमे विद्यमान हैं, परम्परा प्राप्त निबद्ध मंगल है।

उपर्युक्त विवेचनका निष्कर्ष यह है कि वीरसेन स्वामीके मान्यतानुसार यह मगलसूत्र परम्परासे प्राप्त चला आ रहा है, पुष्पदन्तने इसे यहाँ अंकित कर दिया है। इससे इस महामन्त्रका अनादित्व सिद्ध होता है।

अलंकारचिन्तामणिमे निबद्ध और अनिबद्ध मगलकी परिभाषा निम्न प्रकार की गयी है। जिनसेनाचार्यने निबद्धका अर्थ लिखित और अनिबद्धका अर्थ अलिखित या अनंकित नही लिया है। वह लिखते हैं—

स्वकाव्यमुखे स्वकृतं पद्यं निबद्धम्, परकृतमनिबद्धम्।

---

१. धवला टीका प्रथम पु० पृ० ४१।

अर्थात्—स्वरचित मंगल अपने ग्रन्थमें निबद्ध और अन्यरचित मंगल-सूत्रको अपने ग्रन्थमें लिखना अनिबद्ध कहा जाता है।

उक्त परिभाषाके आधारपर णमोकार मन्त्रको अनिबद्ध मंगल कहा जायगा। क्योंकि आचार्य पुष्पदन्त इसके रचयिता नहीं हैं। उन्हे तो यह मन्त्र परम्परासे प्राप्त था, अत. उन्होंने इस मंगलवाक्यको ग्रन्थके आदिमें अंकित कर दिया। इसी आशयको लेकर वीरसेन स्वामीने धवलाटीका (१।४१) में इसे अनिबद्ध मंगल कहा है।

वैशाली प्रतिष्ठानके निर्देशक श्री डा० हीरालालजीने वेदनाखण्डके 'णमो जिणाण' इस मगलसूत्रकी धवलाटीकाके[१] आधारपर णमोकार मन्त्रके आदिकर्त्ता श्रीपुष्पदन्ताचार्यको सिद्ध करनेका प्रयास किया है किन्तु अन्य आर्ष ग्रन्थोके साथ तथा जीवट्ठाणखण्डके मंगलसूत्रकी धवलाटीकाके साथ डाक्टर-साहबके मन्तव्यकी तुलना करनेपर प्रतीत होता है कि यह मन्त्र अनादि है। जैसे अग्निका उष्णत्व, जलका शीतत्व, वायुका स्पर्शवत्त्व एवं आत्माका चेतनधर्म अनादि है, उसी प्रकार यह णमोकार मन्त्र अनादि है। अथवा अनादि जिनवाणीका अंग होनेसे यह मन्त्र अनादि है। महाबन्ध प्रथम भागकी प्रस्तावनामे बताया गया है कि "जिस[२] प्रकार 'णमो जिणाणं' आदि मगलसूत्र भूतबलि-द्वारा सगृहीत है, ग्रथित नही है, उसी प्रकार णमोकार मन्त्र रूपसे ख्यात अनादि मूलमन्त्र नामसे वन्दित 'णमो अरिहंताणं' आदि भी पुष्पदन्त आचार्य द्वारा सग्रहीत है, ग्रथित नही।" मोक्षमार्ग अनादि है, इस मार्गके उपदेशक और पथिक भी अनादि है, तीर्थंकर प्रभुओकी परम्परा भी अनादि है। अतः यह अनादि मूलमन्त्र भगवान्की दिव्यध्वनिसे प्राप्त हुआ है। सर्वज्ञ तीर्थंकर भगवान्ने अपनी दिव्यध्वनिसे जिन तत्त्वोंका प्रकाशन किया, गणधरदेवने उन्हे द्वादशाग वाणीका रूप दिया। अतएव

---

१ धवलाटीका पुस्तक २ पृ० ३३–३६।

२. महाबन्ध प्रथम भाग प्रस्तावना पृ० ३०।

अनादि द्वादशांगवाणीका अंग होनेसे यह महामन्त्र अनादि है। इस महामंत्रके सम्बन्धमें निम्न श्लोक प्रसिद्ध है।

अनादिमूलमन्त्रोऽयं सर्वविघ्नविनाशनः।
मङ्गलेषु च सर्वेषु प्रथमं मङ्गलं मतः॥

द्रव्यार्थिक नयकी अपेक्षासे यह मगलसूत्र अनादि है और पर्यायार्थिक नयकी अपेक्षा सादि है। इसी प्रकार यह नित्यानित्य रूप भी है। कुछ ऐतिहासिक विद्वानोंका अभिमत है कि साधु शब्दका प्रयोग साहित्यमे अधिक पुराना नही है अतः इस अर्थमें ऋषि-मुनि शब्द ही प्राचीनकालमें प्रचलित थे। णमोकार मन्त्रमे 'साहूणं' पाठ है, अतः यह शब्द ही इस बातका द्योतक है कि यह मन्त्र अनादि नही है। इस शब्दका समाधान पहले ही किया जा चुका है, क्योकि शब्दरूपमें निबद्ध यह मन्त्र अवश्य सादि है अर्थकी अपेक्षा यह अनादि है। इसे अनादि कहनेका अर्थ यही है कि द्रव्यार्थिक नयकी अपेक्षा इसे अनादि कहा गया है।

किसी भी कार्यका फल दो प्रकारसे प्राप्त होता है—तात्कालिक और कालान्तरभावी। इस महामन्त्रके स्मरणसे ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय आदि कर्मोंका क्षय होकर कल्याण—श्रेयोमार्गकी प्राप्ति होना, इसका तात्कालिक फल है। अनादिकर्म-लिप्त आत्मा इस महामन्त्रके स्मरणसे तत्काल ही श्रद्धालु हो सम्यक्त्वकी ओर अग्रसर होता है। पञ्चपरमेष्ठीका पवित्र स्मरण व्यक्तिको आत्मिक बल प्रदान करता है। यतः पञ्चपरमेष्ठीके स्मरणसे आत्मामे पवित्रता आती है, शुभ परिणति उत्पन्न हो जाती है और आत्मामें ऐसी शक्ति उत्पन्न हो जाती है, जिससे वह स्वयमेव ही धर्मकी ओर अग्रसर होती है। अतः तात्कालिक फल आत्मशुद्धि है। कालान्तरभावी फलमें आत्माकी शुभ परिणतिके कारण अर्थ—धन, ऐश्वर्य, अभ्युदय और काम—सासारिक भोग, सुख, स्वास्थ्य आदिके साथ स्वर्गादिकी प्राप्ति है। वास्तवमें णमोकार मन्त्रका उद्देश्य मोक्ष प्राप्ति है

और यही इस मन्त्रका यथार्थ फल है, किन्तु इस फलकी प्राप्तिके लिए आत्मामें क्षायिक सम्यक्त्वकी योग्यता अपेक्षित है।

**णमोकारमन्त्रका माहात्म्य**

हमारे आगममे इस मन्त्रकी बड़ी भारी महिमा बतलायी गई है। यह सभी प्रकारकी अभिलाषाओको पूर्ण करनेवाला है। आत्मशोधनका हेतु होते हुए भी नित्य जाप करनेवालेके रोग, शोक, आधि, व्याधि आदि सभी बाधाएँ दूर हो जाती है। पवित्र, अपवित्र, रोगी, दुःखी, सुखी आदि किसी भी अवस्थामे इस मन्त्रका जप करनेसे समस्त पाप भस्म हो जाते हैं तथा बाह्य और अभ्यन्तर पवित्र हो जाता है। यह समस्त विघ्नों-को दूर करनेवाला तथा समस्त मंगलोमे प्रथम मगल है। किसी भी कार्यके आदिमे इसका स्मरण करनेसे वह कार्य निर्विघ्नतया पूर्ण हो जाता है। बताया गया है।

एसो पंचणमोयारो सव्वपावप्पणासणो।
मंगलाणं च सव्वेसिं पढमं होइ मंगलम्॥

इस गाथाकी व्याख्या करते हुए सिद्धचन्द्रगणिने लिखा है—"एष पञ्चनमस्कारः एष—प्रत्यक्षविधीयमानः पञ्चानामर्हदादीनां नमस्कारः—प्रणामः। स च कीदृश. ? सर्वपापप्रणाशनः। सर्वाणि च तानि पापानि च सर्वपापानि इति कर्मधारयः। सर्वपापानां प्रकर्षेण नाशनो—विध्वं-सकः सर्वपापप्रणाशनः, इति तत्पुरुषः। सर्वेषां द्रव्यभावभेदभिन्नानां मङ्गलानां प्रथममिदमेव मङ्गलम्। च समुच्चये पञ्चसु पदेषु चतुर्थ्यर्थेषु षष्ठी। अत्र चाष्टषष्टिरक्षराणि, नव पदानि, अष्टौ च सम्पदो—विश्राम-स्थानानि।

पुनः सर्वेषां मङ्गलानां—मङ्गलकारकवस्तूनां दधिदूर्वाऽक्षतचन्दन-नालिकेरपूर्णकलश-स्वस्तिक-दर्पण-भद्रासन-वर्धमान-मत्स्ययुगल-श्रीवत्स-नन्द्यावर्तादीनां मध्ये प्रथमं मुख्यं मङ्गल मङ्गलकारको भवति। यतोऽस्मिन् पठिते जप्ते स्मृते च सर्वाण्यपि मङ्गलानि भवन्तीत्यर्थः।"

अर्थात्—यह णमोकार मन्त्र, जिसमें पञ्चपरमेष्ठीको नमस्कार किया गया है, सभी प्रकारके पापोंको नष्ट करनेवाला है। पापीसे पापी व्यक्ति भी इस मन्त्रके स्मरणसे पवित्र हो जाता है तथा सभी प्रकारके पाप इस महामन्त्रके स्मरणसे नष्ट हो जाते हैं। यह दधि, दूर्वा, अक्षत, चन्दन, नारियल, पूर्णकलश, स्वस्तिक, दर्पण, भद्रासन, वर्धमान, मत्स्य-युगल, श्रीवत्स, नन्द्यावर्त आदि मंगल-वस्तुओंमें सबसे उत्कृष्ट मङ्गल है। इसके स्मरण और जपसे अनेक प्रकारकी सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं। अमङ्गल दूर हो जाता है और पुण्यकी वृद्धि होती है।

तात्पर्य यह है कि किसी भी वस्तुकी महिमा उसके गुणोंके द्वारा व्यक्त होती है। इस महामन्त्रके गुण अचिन्त्य है। इसमें इस प्रकारकी विद्युत् शक्ति वर्तमान है जिससे इसके उच्चारणमात्रसे पाप और अशुभका विध्वंस हो जाता है तथा परम विभूति और कल्याणकी प्राप्ति होती है। इस महा-मन्त्रकी महिमा व्यक्त करनेवाली अनेक रचनाएँ हैं; इसमें णमोकारमन्त्र-माहात्म्य, नमस्कारकल्प, नमस्कारमाहात्म्य आदि प्रधान है। कहा जाता है कि जन्म, मरण, भय, पराभव, क्लेश, दु ख, दारिद्रय आदि इस महामन्त्रके जापसे क्षण भरमें भस्म हो जाते हैं। इसकी अचिन्त्य महिमाका वर्णन णमोकारमन्त्र-माहात्म्यमें निम्न प्रकार बतलाया गया है—

मन्त्रं संसारसारं त्रिजगदनुपमं सर्वपापारिमन्त्रं
संसारोच्छेदमन्त्रं विषमविषहरं कर्मनिर्मूलमन्त्रम्।
मन्त्रं सिद्धिप्रदानं शिवसुखजननं केवलज्ञानमन्त्रं
मन्त्रं श्रीजैनमन्त्रं जप जप जपितं जन्मनिर्वाणमन्त्रम् ॥१॥

आकृष्टिं सुरसम्पदां विदधते मुक्तिश्रियो वश्यतां
उच्चाटं विपदां चतुर्गतिभुवां विद्वेषमात्मैनसाम्।
स्तम्भं दुर्गमनं प्रति प्रयततो मोहस्य सम्मोहनं
पायात्पञ्चनमस्क्रियाक्षरमयी साराधना देवता ॥२॥

अपवित्रः पवित्रो वा सुस्थितो दुःस्थितोऽपि वा
ध्यायेत् पञ्चनमस्कारं सर्वपापैः प्रमुच्यते ॥३॥
अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपि वा ।
यः स्मरेत्परमात्मानं स बाह्याभ्यन्तरे शुचिः ॥४॥
अपराजितमन्त्रोऽयं सर्वविघ्नविनाशनः ।
मङ्गलेषु च सर्वेषु प्रथमं मङ्गलं मत. ॥५॥
विघ्नौघाः प्रलयं यान्ति शाकिनीभूतपन्नगाः ।
विषो निर्विषतां याति स्तूयमाने जिनेश्वरे ॥६॥
अन्यथा शरणं नास्ति त्वमेव शरणं मम ।
तस्मात्कारुण्यभावेन रक्ष रक्ष जिनेश्वर[1] ॥७॥

अर्थात्—यह महामन्त्र संसारका सार है—जन्म-मरण रूप संसारसे छूटनेका सुकर अवलम्बन और सारतत्त्व है, तीनो लोकोमे अनुपम है—इन मन्त्रके समान चमत्कारी और प्रभावशाली अन्य कोई मन्त्र नही है, अत. यह तीनो लोकोमे अद्भुत है, समस्त पापोका अरि है—इस मन्त्रका जाप करनेसे किसी भी प्रकारका पाप नष्ट हुए बिना नही रहता है, जिस प्रकार अग्निका एक कण घास-फूसके बडे-बडे ढेरोंको नष्ट कर देता है, उसी प्रकार यह मन्त्र सभी तरहके पापोको नष्ट करनेवाला होनेके कारण पापारि है, यह मन्त्र ससारका उच्छेदक, व्यक्तिके भाव-ससार—राग-द्वेषादि और द्रव्य-संसार—ज्ञानावरणादि कर्मोका विनाशक है; तीक्ष्ण विषोका नाश करनेवाला है अर्थात् इस महामन्त्रके प्रभावसे सभी प्रकारकी विष-बाधाएँ दूर हो जाती है, यह मन्त्र कर्मोका निर्मूलक—विनाश करनेवाला है—इस मन्त्रका भाव सहित उच्चारण करनेसे कर्मोकी निर्जरा होती है तथा योग

१. णमोकार-मन्त्र-माहात्म्य—'नित्य-नैमित्तिक-पाठावली' में प्रकाशित पृ० १-२ ।

निरोध पूर्वक इसका स्मरण करनेसे कर्मोंका विनाश होता है; यह मन्त्र सभी प्रकारकी सिद्धियोंको देनेवाला है—भावसहित और विधिसहित इस मन्त्रका अनुष्ठान करनेसे सभी तरहकी लौकिक और अलौकिक सिद्धियाँ प्राप्त हो जाती है, साधक जिस वस्तुकी कामना करता है, वह उसे प्राप्त हो जाती हैं, दुर्लभ और असम्भव कार्य भी इस महामन्त्रकी साधनासे पूर्ण हो जाते है; यह मन्त्र मोक्ष-सुखको उत्पन्न करनेवाला है; यह मन्त्र केवल-ज्ञानमन्त्र कहलाता है अर्थात् इसके जापसे केवलज्ञानकी प्राप्ति होती है तथा यही मन्त्र निर्वाण-सुखका देनेवाला भी है।

यह णमोकार मन्त्र देवोकी विभूति और सम्पत्तिको आकृष्ट कर देने-वाला है, मुक्ति-रूपी लक्ष्मीको वश करनेवाला है, चतुर्गतिमें होनेवाले सभी तरहके कष्ट और विपत्तियोंको दूर करनेवाला है, आत्माके समस्त पापको भस्म करनेवाला है, दुर्गतिको रोकनेवाला है, मोहका स्तम्भन करनेवाला है, विषयासक्तिको घटानेवाला है, आत्मश्रद्धाको जाग्रत करनेवाला है, और सभी प्रकारसे प्राणीकी रक्षा करनेवाला है।

पवित्र या अपवित्र अथवा सोते, जागते, चलते, फिरते किसी भी अवस्थामें इस णमोकार मन्त्रका स्मरण करनेसे आत्मा सर्वपापोंसे मुक्त हो जाता है, शरीर और मन पवित्र हो जाते है। यह सप्तधातुमय शरीर सर्वदा अपवित्र रहता है, इसकी पवित्रता णमोकार मन्त्रके स्मरणसे उत्पन्न निर्मल आत्मपरिणति-द्वारा होती है। अतः निस्सन्देह यह मन्त्र आत्माको पवित्र करनेवाला है। इसका स्मरण किसी भी अवस्थामे किया जा सकता है। यह णमोकार मन्त्र अपराजित है, अन्य किसी मन्त्र-द्वारा इसको शक्ति प्रतिहत—अवरुद्ध नही की जा सकती है, इसमे अद्‌भुत सामर्थ्य निहित है। समस्त विघ्नोको क्षणभरमे नष्ट करनेमे समर्थ है। इसके द्वारा भूत, पिशाच, शाकिनी, डाकिनी, सर्प, सिंह, अग्नि आदिके विघ्नोको क्षण भरमे ही दूर किया जा सकता है। जिस प्रकार हलाहल विष तत्काल अपना फल देता और उसका फल अव्यर्थ होता है, उसी प्रकार णमोकार मन्त्र भी

तत्काल शुभ पुण्यका आस्रव करता है तथा अशुभोदयके प्रभावको क्षीण करता है। यह मन्त्र सम्पत्ति प्राप्ति करनेका एक प्रधान साधन है तथा सम्यक्त्वकी वृद्धिमे सहायक होता है। मनुष्य जीवनभर पापास्रव करनेपर भी अन्तिम समयमे इस महामन्त्रके स्मरणके प्रभावसे स्वर्गादि सुखोको प्राप्त कर लेता है। इसलिए इस महामन्त्रका महत्त्व बतलाते हुए कहा गया है—

कृत्वा पापसहस्राणि हत्वा जन्तुशतानि च।
अमुं मन्त्रं समाराध्य तिर्यञ्चोऽपि दिवं गताः॥
—ज्ञानार्णव

अर्थात्—तिर्यञ्च पशु-पक्षी, जो मासाहारी, क्रूर हैं, जैसे सर्प, सिंहादि; जीवनमे सहस्रो प्रकारके पाप करते हैं। ये अनेक प्राणियोकी हिंसा करते हैं, मासाहारी होते हैं तथा इनमे क्रोध, मान, माया और लोभ कषायोकी तीव्रता होती है, फिर भी अन्तिम समयमे किसी दयालु-द्वारा णमोकारमन्त्रका श्रवण करनेमात्रसे उस निन्द्य तिर्यञ्च पर्यायका त्यागकर स्वर्गमे देव गतिको प्राप्त होते हैं।

भैया भगवतीदासने णमोकार मन्त्रको समस्त सिद्धियोका दायक बताया है और अहर्निश इसके जाप करनेपर ज़ोर दिया है। इस मन्त्रके जाप करनेसे सभी प्रकारकी बाधाएँ नष्ट हो जाती हैं। कहा है—

जहाँ जपें णमोकार वहाँ अघ कैसे आवें।
जहाँ जपें णमोकार वहाँ वितर भग जावें॥
जहाँ जपें णमोकार वहाँ सुख सम्पति होई।
जहाँ जपें णमोकार वहाँ दुःख रहे न कोई॥
णमोकार जपत नवनिधि मिलें, सुख समूह आवे निकट।
'भैया' नित जपबो करो, महामन्त्र णमोकार है॥

यह णमोकार मन्त्र सभी प्रकारकी आकुलताओको दूर करनेवाला और सभी प्रकारकी शान्ति एवं समृद्धियोका दाता है। इसकी आदि[illegible]

शक्तिके प्रभावसे बड़े-बड़े कार्य क्षणभरमें सिद्ध हो जाते हैं। जिस प्रकार रसायनके सम्पर्कसे लौह भस्म आरोग्यप्रद हो जाती है, उसी प्रकार इस महामन्त्रकी ध्वनियोके स्मरण, मननसे सभी प्रकारकी अद्भुत सिद्धियाँ प्राप्त हो जाती हैं। आचार्य वादीभसिंहने क्षत्रचूडामणिमें बताया है—

मरणक्षणलब्धेन येन श्वा देवताऽजनि।
पञ्चमन्त्रपदं जप्यमिदं केन न धीमता॥

—१०।४

अर्थात् मरणोन्मुख कुत्तेको जीवन्धर स्वामीने करुणावश णमोकार मन्त्र सुनाया था, इस मन्त्रके प्रभावसे वह पापाचारी श्वान देवताके रूपमें उत्पन्न हुआ। अतः सिद्ध है कि यह मन्त्र आत्माविशुद्धिका बहुत बडा कारण है।

बताया गया है कि णमोकार मन्त्रके एक[१] अक्षरका भी भावसहित स्मरण करनेसे सात सागर तक भोगे जानेवाला पाप नष्ट हो जाता है, एक पदका भावसहित स्मरण करनेसे पचास सागर तक भोगे जानेवाले पापका नाश होता है और समग्र मन्त्रका भक्तिभाव सहित विधिपूर्वक स्मरण करनेसे पाँच सौ सागर तक भोगे जानेवाले पापका नाश हो जाता है। अभक्त प्राणी भी इस मन्त्रके स्मरणसे स्वर्गादिके सुखोको प्राप्त करता है तथा भक्त प्राणी इस मन्त्रके जापके प्रभावसे अनेक परिणामोको इतना निर्मल बना लेता है, जिससे उसके भव-भवान्तरके संचित पाप नष्ट हो जाते हैं और वह इतना प्रबल पुण्यास्रव करता है, जिससे परम्परानिर्वाणकी प्राप्ति हो जाती है। सिद्धसेनने नमस्कार माहात्म्यमे बताया है—

---

१. नवकार इक्कक्खरं पावं कडई सत्त सयराणं।
पन्नासं च पएणं सागर पणसया समग्गेणं॥१॥
जो गुणइ लक्खमेगं, पूएइ जिणनमुक्कारं।
तित्थयर नामगोत्रं, सो बंधइ नत्थि संदेहो॥२॥

योऽसंख्यदुःखक्षयकारणस्मृतिः य ऐहिकामुष्मिकसौख्यकामधुक् ।
यो दुष्षमायामपि कल्पपादपो मन्त्राधिराजः स कथं न जप्यते ॥
न यद्दीपेन सूर्येण चन्द्रेणाप्यपरेण वा ।
तमस्तदपि निर्नाम स्यान्नमस्कारतेजसा ॥

—न० मा० षष्ठ अ० श्लो० २३, २४

अर्थात्—भाव सहित स्मरण किया गया यह णमोकारमन्त्र असंख्य दुःखोंको क्षय करनेवाला तथा इह लौकिक और पारलौकिक समस्त सुखोंको देनेवाला है। इस पञ्चमकालमें कल्पवृक्षके समान सभी मनोरथोंको पूर्ण करनेवाला यह मन्त्र ही है, अतः संसारी प्राणियोंको इसका जप अवश्य करना चाहिए। जिस अज्ञान, पाप और सक्लेशके अन्धकारको सूर्य, चन्द्र और दीपक दूर नहीं कर सकते हैं, उस घने अन्धकारको यह मन्त्र नष्ट कर देता है।

इस मन्त्रके चिन्तन, स्मरण और मनन करनेसे भूत, प्रेत, ग्रहबाधा, राजभय, चोरभय, दुष्टभय, रोगभय आदि सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। राग-द्वेषजन्य अशान्ति भी इस मन्त्रके जापसे दूर होती है। यह इस पञ्चम-कालमें कल्पवृक्ष, चिन्तामणिरत्न या कामधेनुके समान अभीष्ट फल देनेवाला है। जिस प्रकार समुद्रके मन्थनसे सारभूत अमृत एवं दधिके मन्थनसे सार-भूत घृत उपलब्ध होता है, उसी प्रकार आगमका सारभूत यह णमोकार मन्त्र है। इसकी आराधनासे सभी प्रकारके कल्याण प्राप्त होते हैं। श्री, ह्री, धृति, कीर्त्ति, बुद्धि और लक्ष्मी आदिकी प्राप्ति इस मन्त्रके जपसे होती है। कर्मकी ग्रन्थिको खोलनेवाला यही मन्त्र है तथा भावपूर्वक नित्य जप करनेसे निर्वाण पदकी प्राप्ति होती है।

भगवान्‌की पूजा, स्वाध्याय, संयम, तप, दान और गुरुभक्तिके साथ प्रतिदिन इस णमोकार मन्त्रका तीनों सन्ध्याओंमें जो भक्तिभाव सहित जाप करता है, वह इतना पुण्यास्रव करता है, जिससे चक्रवर्ती, अहमिन्द्र, इन्द्र आदिके पदोंको प्राप्त करनेकी शक्ति उत्पन्न हो जाती है। ऐसा व्यक्ति

अपने पुण्यातिशयके कारण तीर्थंकर भी बन सकता है। अपने सातिशय पुण्यके कारण वह तीर्थ-प्रवर्तक पदको प्राप्त हो जाता है। तथा जो व्यक्ति इस मन्त्रका आठ करोड़, आठ लाख, आठ हजार और आठ सौ आठ बार लगातार जाप करता है, वह शाश्वतपदको प्राप्त हो जाता है। लगातार सात लाख जप करनेवाला व्यक्ति सभी प्रकारके कष्टोंसे मुक्ति प्राप्त करता है तथा दारिद्र भी उसका नष्ट हो जाता है। धूप देकर एक लाख बार जपनेवाला भी अपनी अभीष्ट मन.कामनाको पूर्ण करता है। इस मन्त्रका अचिन्त्य प्रभाव है।

**णमोकारमन्त्रके जाप करनेकी विधि**

णमोकार मन्त्रका जाप करनेके लिए सर्वप्रथम आठ प्रकारकी शुद्धियोका होना आवश्यक है। १—द्रव्यशुद्धि—पञ्चेन्द्रिय तथा मनको वशकर कषाय और परिग्रहका शक्तिके अनुसार त्यागकर कोमल और दयालुचित्त हो जाप करना। यहाँ द्रव्यशुद्धिका अभिप्राय पात्रकी अन्तरंग शुद्धिसे है। जाप करनेवालेको यथाशक्ति अपने विकारोको हटाकर ही जाप करना चाहिए। अन्तरंगसे काम, क्रोध, लोभ, मोह, मान, माया आदि विकारोंको हटाना आवश्यक है। २—क्षेत्रशुद्धि—निराकुल स्थान, जहाँ हल्ला-गुल्ला न हो तथा डाँस, मच्छर आदि बाधक जन्तु न हो। चित्तमें क्षोभ उत्पन्न करनेवाले उपद्रव एवं शीत, उष्णकी बाधा न हो, ऐसा एकान्त निर्जन स्थान जाप करनेके लिए उत्तम है। घरके किसी एकान्त प्रदेशमे, जहाँ अन्य किसी प्रकारकी बाधा न हो और पूर्णशान्ति रह सके, उस स्थानपर भी जाप किया जा सकता है। ३—समय शुद्धि—प्रात, मध्याह्न और सन्ध्या समय कमसे कम ४५ मिनट तक लगातार इस महामन्त्रका जाप करना चाहिए। जाप करते समय निश्चिन्त रहना एवं निराकुल होना

१. अट्ठेव य अट्ठसया, अट्ठसहस्स अट्ठलक्ख अट्ठकोडीओ।
जो गुणइ भत्तिजुत्तो, सो पावइ सासयं ठाणं ॥३॥


परम आवश्यक है। ४—आसनशुद्धि—काष्ठ, शिला, भूमि, चटाई या शीतलपट्टीपर पूर्वदिशा या उत्तर दिशाकी ओर मुँह करके पद्मासन, खड्गासन या अर्ध पद्मासन होकर क्षेत्र तथा कालका प्रमाण करके मौनपूर्वक इस मन्त्रका जाप करना चाहिए। ५—विनयशुद्धि—जिस आसनपर बैठकर जाप करना हो, उस आसनको सावधानीपूर्वक ईर्यापथ शुद्धिके साथ साफ करना चाहिए तथा जाप करनेके लिए नम्रतापूर्वक भीतरका अनुराग भी रहना आवश्यक है। जब तक जाप करनेके लिए भीतरका उत्साह नही होगा, तब तक सच्चे मनसे जाप नहीं किया जा सकता। ६—मन शुद्धि—विचारोंकी गन्दगीका त्यागकर मनको एकाग्र करना, चचल मन इधर-उधर न भटकने पाये इसकी चेष्टा करना; मनको पूर्णतया पवित्र बनानेका प्रयास करना ही इस शुद्धिमे अभिप्रेत है। ७—वचनशुद्धि—धीरे-धीरे साम्यभाव पूर्वक इस मन्त्रका शुद्ध जाप करना अर्थात् उच्चारण करनेमें अशुद्धि न होने पाये तथा उच्चारण मन-मनमें ही होना चाहिए। ८—कायशुद्धि—शौचादि शकाओंसे निवृत्त होकर यत्नाचार पूर्वक शरीर शुद्ध करके हलन-चलन क्रियासे रहित जाप करना चाहिए। जापके समय शारीरिक शुद्धिका भी ध्यान रखना चाहिए।

इस महामन्त्रका जाप यदि खडे होकर करना हो तो तीन-तीन श्वासोच्छ्वासोमें एक बार पढ़ना चाहिए। एक सौ आठ बारके जापमें कुल ३२४ श्वासोच्छ्वास—साँस लेना चाहिए।

जाप करनेकी विधियाँ हैं—कमल जाप्य, हस्तांगुलि जाप्य और माला जाप्य।

**कमल-जापविधि**—अपने हृदयमें आठ पाखुडीके एक श्वेत कमलका विचार करे। उसकी प्रत्येक पाखुडीपर पीतवर्णके बारह-बारह बिन्दुओंकी कल्पना करे तथा मध्यके गोलवृत्त—कर्णिकामें बारह बिन्दुओंका चिन्तन करे। इन १०८ बिन्दुओंके प्रत्येक बिन्दुपर एक-एक मन्त्रका जाप करता

हुआ १०८ बार इस मन्त्रका जाप करे। कमलकी आकृति निम्न प्रकार *चिन्तन की जायगी।*



**मन्त्र जापका हेतु**

प्रतिदिन व्यक्ति १०८ प्रकारके पाप करता है, अतः १०८ बार मन्त्रका जाप करनेसे उस पापका नाश होता है। आरंभ, समारंभ, संरभ, इन तीनोको मन, वचन, कायसे गुणा किया तो ३ × ३ = ९ हुआ। इनको कृत, कारित, अनुमोदित और कषायोसे गुणा किया तो ९ × ३ × ४ = १०८।

बीचवाले गोलवृत्तमे १२ बिन्दु है और आठ दलोमेसे प्रत्येकमें बारह-बारह बिन्दु है। इन १२ × ८ = ९६, ९६ + १२ = १०८ बिन्दुओपर १०८ बार यह मन्त्र पढा जाता है।

**हस्तांगुलिजाप**—अपने हाथकी अँगुलियोपर जाप करनेकी प्रक्रिया यह है कि मध्यमा-बीचकी अँगुलिके बीच पोरुयेपर इस मन्त्रको पढे, फिर उसी अँगुलिके ऊपरी पोरुयेपर, फिर तर्जनी—अँगूठेके पासवाली अँगुलिके ऊपरी पोरुयेपर मन्त्र जाप करे। फिर उसी अँगुलिके बीच पोरुयेपर मंत्र पढे, फिर नीचेके पोरुयेपर जाप करे। अनन्तर बीचकी अँगुलिके निचले पोरुयेपर मन्त्र पढ़े, फिर अनामिका—सबसे छोटी अँगुलिके साथवाली अँगुलिके निचले पोरुयेपर, फिर बीच तथा ऊपरके पोरुयेपर क्रमसे जाप करे। इसी प्रकार पुनः बीचकी अँगुलिके बीचके पोरुयेसे जाप आरम्भ करे। इस प्रकार नौ-नौ बार मन्त्र जपता रहे, इस तरह १२ बार जपनेसे १०८ बारमे पूरा एक जाप होता है।

**मालाजाप**—एक सौ आठ दानेकी माला-द्वारा जाप करे।

इन तीनों जापकी विधियोमे उत्तम कमल-जाप-विधि है। इसमें उपयोग अधिक स्थिर रहता है। तथा कर्म-बन्धनको क्षीण करनेके लिए यही जाप विधि अधिक सहायक है। सरल विधि माला-जाप है। इसमें किसी भी तरहका झंझट-झगडा नही है। सीधे माला लेकर जाप कर लेना है। जाप करनेके पश्चात् भगवान्‌का दर्शन करना चाहिए। बताया गया है—

**ततः समुत्थाय जिनेन्द्रबिम्बं पश्येत्परं मङ्गलदानदक्षम् ।**
**पापप्रणाशं परपुण्यहेतुं सुरासुरैः सेवितपादपद्मम् ॥**

अर्थात्—प्रातःकालकी जापके पश्चात् चैत्यालयमे जाकर सब तरहके मंगल करनेवाले, पापोको क्षय करनेवाले, सातिशय पुण्यके कारण एव सुरासुरो-द्वारा वन्दनीय श्रीजिनेन्द्र भगवान्‌के दर्शन करना चाहिए।

इस णमोकार मन्त्रका जाप विभिन्न प्रकारकी इष्टसिद्धियो और अरिष्ट-विनाशनोके लिए अनेक प्रकारसे किया जाता है। किस कार्यके लिए किस प्रकार जाप किया जायगा, इसका आगे निरूपण किया जायगा। जापका फल बहुत कुछ विधिपर निर्भर है।

उपर्युक्त संक्षिप्त विवेचनके अनन्तर यह णमोकारमन्त्र जिनागमका सार कहा गया है। यह समस्त द्वादशागरूप बतलाया गया है। अत इस कथन-की सार्थकता सिद्ध की जाती है।

आचार्योंने द्वादशाग जिनवाणीका वर्णन करते हुए प्रत्येककी पद संख्या तथा समस्त श्रुतज्ञानके अक्षरोंकी सख्याका वर्णन किया है। इस

**द्वादशांगरूप णमोकारमन्त्र**

महामन्त्रमे समस्त श्रुतज्ञान विद्यमान है। क्योकि पञ्चपरमेष्ठीके अतिरिक्त अन्य श्रुतज्ञान कुछ नही है। अत यह महामन्त्र समस्त द्वादशाग जिनवाणी रूप है। इस महामन्त्रका विश्लेषण करनेपर निम्न निष्कर्ष सामने आते है—

इस मन्त्रमें ३५ अक्षर है। ५ पद हैं। णमो अरिहंताण = ७ अक्षर, णमो सिद्धाणं = ५, णमो आइरियाणं = ७, णमो उवज्झायाणं = ७, णमो लोए सव्व-साहूण = ९ अक्षर, इस प्रकार इस मन्त्रमे कुल ३५ अक्षर है। स्वर और व्यञ्जनोका विश्लेषण करनेपर प्रतीत होता है कि 'णमो अरिहंताण = ६ व्यञ्जन, णमो सिद्धाणं = ५ व्यञ्जन, णमो आइरियाण = ५ व्यञ्जन, णमो उवज्झायाणं = ६ व्यञ्जन, णमो लोए सव्वसाहूण = ८, इस प्रकार इस मन्त्रमें कुल ६ + ५ + ५ + ६ + ८ = ३० व्यञ्जन हैं। स्वर निम्न प्रकार है—

इस मन्त्रमे सभी वर्ण अजन्त है, यहाँ हलन्त एक भी वर्ण नही है। अत ३५ अक्षरोमे ३५ स्वर मानने चाहिए। पर वास्तविकता यह है कि ३५ अक्षरोके होनेपर भी वहाँ स्वर ३४ है। इसका प्रधान कारण यह है कि 'णमो अरिहंताणं' इस पदमे ६ ही स्वर माने जाते हैं। मन्त्रशास्त्रके व्याकरणके अनुसार 'णमो अरिहताण' पदके 'अ'का लोप हो जाता है। यद्यपि प्राकृतमें "[1]एङः"—नेत्यनुवर्तते। एङित्येदोतौ। एवोतोः संस्कृतोक्तः सन्धिः प्राकृते तु न भवति। यथा देवो अहिणवणो, अहो अच्चरिअं, इत्यादि। सूत्रके अनुसार सन्धि न होनेके कारण 'अ'का अस्तित्व ज्योका-त्यो रहता है, अका लोप या खण्डाकार नहीं होता है; किन्तु मन्त्रशास्त्रमें 'बहुलम्' सूत्रकी प्रवृत्ति मानकर 'स्वरयोरव्यवधाने प्रकृतिभावो लोपो [2]वैकस्य' इस सूत्रके अनुसार 'अरिहंताणं' वाले पदके 'अ'का लोप विकल्पसे हो जाता है, अतः इस पदमें छ ही स्वर माने जाते हैं। इस प्रकार कुल मन्त्रमे ३५ अक्षर होनेपर भी ३४ ही स्वर रहते हैं। कुल स्वर और व्यञ्जनोकी संख्या ३४ + ३० = ६४ है। मूल वर्णोंकी संख्या भी ६४ ही है। प्राकृत भाषाके नियमानुसार अ, इ, उ और ए मूल स्वर तथा ज झ

१. त्रिविक्रमदेवका प्राकृत व्याकरण पृ० ४ सूत्र संख्या २१।
२. जैनसिद्धान्तकौमुदी पृ० ४, सूत्र संख्या १।२।२।

ण त द ध य र ल व स और ह ये मूल व्यञ्जन इस मन्त्रमें निहित हैं। अतएव ६४ अनादि मूल वर्णोको लेकर समस्त श्रुतज्ञानके अक्षरोका प्रमाण निम्न प्रकार निकाला जा सकता है। गाथा सूत्र निम्न प्रकार है—

**चउसट्ठिपदं विरलिय दुग च दाउण संगुणं किच्चा।**
**सऊणं च कए पुण सुदणाणस्सक्खरा होंति ॥**

अर्थ—उक्त चौसठ अक्षरोका विरलन करके प्रत्येक ऊपर दोका अङ्क देकर परस्पर सम्पूर्ण दोके अंकोका गुणा करनेसे लब्धराशिमें एक घटा देनेसे जो प्रमाण रहता हे, उतने ही श्रुतज्ञानके अक्षर होते है।

यहाँ ६४ अक्षरोका विरलन कर रखा तो—

२ २ २ २ २ २ २ २ २ २ २ २ २ २ ............ २
१। १। १। १। १। १। १। १। १। १। १। १। १। १ ............ १। =

१८४४६७४४०७३७०९५५१६१६—१ = १८४४६७४४०७३७०९५५१६१५ समत श्रुतज्ञानके अक्षर। इन अक्षरोका प्रमाण गाथामे निम्न प्रकार कहा गया है।—

**एकट्ठ च च य छस्सत्तयं च च य सुण्णसत्ततियसत्ता।**
**सुण्णं णव पण पंच य एक्कं छक्केक्कगो य पणयं च ॥**

अर्थात्—एक आठ चार-चार छह सात चार-चार शून्य सात तीन सात शून्य नव पच-पंच एक छह एक पाँच समस्त श्रुतज्ञानके अक्षर है।

इस प्रकार णमोकारमन्त्रमे समस्त श्रुतज्ञानके अक्षर निहित हैं। क्योकि अनादि निधन मूलाक्षरो परसे ही उक्त प्रमाण निकाला गया है। अतः सक्षेपमें समस्त जिनवाणीरूप यह मन्त्र है। इसका पाठ या स्मरण करनेसे कितना महान् पुण्यका बन्ध होता है। तथा केवल-ज्ञानलक्ष्मीकी प्राप्ति भी इस मन्त्रकी आराधनासे होती है। ज्ञानार्णवमें शुभचन्द्राचार्यने इस मन्त्रकी आराधनाका फल बताते हुए लिखा हैं—

**श्रियमात्यन्तिकीं प्राप्ता योगिनो येऽत्र केचन।**
**अमुमेव महामन्त्रं ते समाराध्य केवलम् ॥**

प्रभावमस्य निःशेषं योगिनामप्यगोचरम् ।
अनभिज्ञो जनो ब्रूते यः स मन्येऽनिलार्दितः ॥
अनेनैव विशुद्ध्यन्ति जन्तवः पापपङ्किताः ।
अनेनैव विमुच्यन्ते भवक्लेशान्मनीषिणः ॥

अर्थात्—इस लोकमें जितने भी योगियोंने आत्यन्तिकी लक्ष्मी—मोक्ष-लक्ष्मीको प्राप्त किया है, उन सबोंने श्रुतज्ञानभूत इस महामन्त्रकी आराधना करके ही। समस्त जिनवाणीरूप इस महामन्त्रकी महिमा एवं इसका तत्काल होनेवाला अमिट प्रभाव योगी मुनीश्वरोंके भी अगोचर है। वे इसके वास्तविक प्रभावका निरूपण करनेमें असमर्थ हैं। जो साधारण व्यक्ति इस श्रुतज्ञानरूप मन्त्रका प्रभाव कहना चाहता है, वह वायुवश प्रलाप करनेवाला ही माना जायगा। इस णमोकारमन्त्रका प्रभाव केवली ही जाननेमें समर्थ है। जो प्राणी पापसे मलिन है, वे इसी मन्त्रसे विशुद्ध होते हैं और इसी मन्त्रके प्रभावसे मनीषीगण संसारके क्लेशोंसे छूटते हैं।

स्वाध्याय और ध्यानका जितना सम्बन्ध आत्मशोधनके साथ हैं, उतना ही इस मन्त्रका भी सम्बन्ध आत्मकल्याणके साथ है। इस मन्त्रका १०८ बार जाप करनेसे द्वादशाग जिनवाणीके स्वाध्यायका पुण्य होता है तथा मन एकाग्र होता है। इस मन्त्रके प्रति अटूट श्रद्धा या विश्वास होनेसे ही यह मन्त्र कार्यकारी होता है। द्वादशाग जिनवाणीका इतना सरल, सुसंस्कृत एवं सच्चा रूप कहीं नहीं मिल सकता है। ज्ञानरूप आत्माको इसका अनुभव होते ही श्रुतज्ञानकी प्राप्ति होती है। ज्ञानावरणीय कर्मकी निर्जरा या क्षयोपशम रूप शक्ति इस मन्त्रके उच्चारणसे आती हैं तथा आत्मामें महान् प्रकाश उत्पन्न हो जाता है। अतएव यह महामन्त्र समस्त श्रुतज्ञानरूप है, इसमें जिनवाणीका समस्त रूप निहित है।

मनोवैज्ञानिक दृष्टिसे यह विचारणीय प्रश्न है कि णमोकार मन्त्रका मनपर क्या प्रभाव पड़ता है? आत्मिक शक्तिका विकास किस प्रकार होता है, जिससे इस मन्त्रको समस्त कार्योंमें सिद्धि देनेवाला कहा गया

है। मनोविज्ञान मानता है कि मानवकी दृश्य क्रियाएँ उसके चेतन मनमें और अदृश्य क्रियाएँ अचेतन मनमें होती है। मनकी इन दोनों क्रियाओको मनोवृत्ति कहा जाता है। यो तो साधारणतः मनोवृत्ति शब्द चेतन मनकी क्रियाके बोधके लिए प्रयुक्त होता है। प्रत्येक मनोवृत्तिके तीन पहलू है—ज्ञानात्मक, वेदनात्मक और क्रियात्मक। मनोवृत्तिके ये तीनो पहलू एक दूसरेसे अलग नही किये जा सकते हैं। मनुष्यको जो कुछ ज्ञान होता है, उसके साथ-साथ वेदना और क्रियात्मक भावकी भी अनुभूति होती है। ज्ञानात्मक मनोवृत्तिके संवेदन, प्रत्यक्षीकरण, स्मरण, कल्पना और विचार ये पाँच भेद है। संवेदनात्मकके सवेग, उमंग, स्थायीभाव और भावना-ग्रन्थि ये चार भेद एव क्रियात्मक मनोवृत्तिके सहज क्रिया, मूलवृत्ति, आदत, इच्छित क्रिया और चरित्र ये पाँच भेद किये गये है। णमोकारमन्त्रके स्मरणसे ज्ञानात्मक मनोवृत्ति उत्तेजित होती है, जिससे उससे अभिन्नरूपमें सम्बद्ध रहनेवाली उमंग वेदनात्मक अनुभूति और चरित्र नामक क्रियात्मक अनुभूतिको उत्तेजना मिलती है। अभिप्राय यह है कि मानव मस्तिष्कमें ज्ञानवाही और क्रियावाही ये दो प्रकारकी नाडियाँ होती है। इन दोनो नाडियोका आपसमें सम्बन्ध होता है, परन्तु इन दोनोके केन्द्र पृथक् हैं। ज्ञानवाही नाडियाँ और मस्तिष्कके ज्ञानकेन्द्र मानवके ज्ञानविकासमें एवं क्रियावाही नाडियाँ और मानव मस्तिष्कके क्रियाकेन्द्र उसके चरित्रके विकासको वृद्धिके लिए कार्य करते है। क्रियाकेन्द्र और ज्ञानकेन्द्रका घनिष्ठ सम्बन्ध होनेके कारण णमोकार मन्त्रकी आराधना, स्मरण और चिन्तनसे ज्ञानकेन्द्र और क्रियाकेन्द्रोका समन्वय होनेसे मानव मन सुदृढ होता है और आत्मिक विकासकी प्रेरणा मिलती है।

**मनोविज्ञान और णमोकार मन्त्र**

मनुष्यका चरित्र उसके स्थायी भावोका समुच्चय मात्र है, जिस मनुष्यके स्थायीभाव जिस प्रकारके होते है, उसका चरित्र भी उसी प्रकारका होता है। मनुष्यका परिमार्जित और आदर्श स्थायीभाव ही हृदयकी अन्य प्रवृत्तियोका

नियन्त्रण करता है। जिस मनुष्यके स्थायीभाव सुनियन्त्रित नही अथवा जिसके मनमे उच्चादर्शोके प्रति श्रद्धास्पद स्थायीभाव नही है, उसका व्यक्तित्व सुगठित तथा उसका चरित्र सुन्दर नही हो सकता है। दृढ और सुन्दर चरित्र बनानेके लिए यह आवश्यक है कि मनुष्यके मनमें उच्चादर्शोके प्रति श्रद्धास्पद स्थायीभाव हो तथा उसके अन्य स्थायीभाव उसी स्थायीभावके द्वारा नियन्त्रित हों। स्थायीभाव ही मानवके अनेक प्रकारके विचारोंके जनक होते हैं। इन्हींके द्वारा मानवकी समस्त क्रियाओका संचालन होता है। उच्च आदर्शजन्य स्थायीभाव और विवेक इन दोनोमे घनिष्ठ सम्बन्ध है। कभी-कभी विवेकको छोड़कर स्थायी भावोके अनुसार ही जीवन-क्रियाएँ सम्पन्न की जाती है। जैसे विवेकके मना करनेपर भी श्रद्धावश धार्मिक प्राचीन कृत्योमे प्रवृत्तिका होना तथा किसीसे झगडा हो जानेपर उसकी झूठी निन्दा सुननेकी प्रवृत्तिका होना। इन कृत्योमे विवेक साथ नही है, केवल स्थायी भाव ही कार्य कर रहा है। विवेक मानवकी क्रियाओ-को रोक या मोड सकता है, उसमें स्वयं क्रियाओके संचालनकी शक्ति नही है। अतएव आचरणको परिमार्जित और विकसित करनेके लिए केवल विवेक प्राप्त करना ही आवश्यक नही है; बल्कि आवश्यक है उसके स्थायी भावको योग्य और दृढ बनाना।

व्यक्तिके मनमे जब तक किसी सुन्दर आदर्शके प्रति या किसी महान् व्यक्तिके प्रति श्रद्धा और प्रेमके स्थायीभाव नही, तब तक दुराचारसे हटकर सदाचारमे उनकी प्रवृत्ति नही हो सकती है। ज्ञानकी मात्र जानकारीसे दुराचार नही रोका जा सकता है, इसके लिए उच्च आदर्शके प्रति श्रद्धा भावनाका होना अनिवार्य है। णमोकार मन्त्र ऐसा पवित्र उच्च आदर्श है, जिससे सुदृढ़ स्थायीभावकी उत्पत्ति होती है। यत. णमोकारमन्त्रका मन-पर जब बार-बार प्रभाव पडेगा अर्थात् अधिक समय तक इस महामन्त्रकी भावना जब मनमे बनी रहेगी तब स्थायी भावोंमें परिष्कार हो ही जायगा और ये ही नियन्त्रित स्थायीभाव मानवके चरित्रके विकासमे सहायक होगे।

इस महामन्त्रके मनन, स्मरण, चिन्तन और ध्यानमें अर्जित भावों-स्थायीरूपसे स्थित कुछ संस्कारमें, जिनमे अधिकाश संस्कार विषय-कषाय सम्बन्धी ही होते हैं—में परिवर्तन होता है। मंगलमय आत्माओंके स्मरण-से मन पवित्र होता है और पुरातन प्रवृत्तियोमे शोधन होता है, जिससे सदाचार व्यक्तिके जीवनमें आता है। उच्च आदर्शसे उत्पन्न स्थायी-भावके अभावमे ही व्यक्ति दुराचारकी ओर प्रवृत्त होता है। अतएव मनोविज्ञान स्पष्ट रूपसे कहता है कि मानसिक-उद्वेग, वासना एवं मानसिक विकार उच्च आदर्शके प्रति श्रद्धाके अभावमे दूर नही किये जा सकते हैं। विकारोको आधीन करनेकी प्रतिक्रियाका वर्णन करते हुए कहा गया है कि परिणाम-नियम, अभ्यास-नियम और तत्परता-नियमके द्वारा उच्चादर्शको प्राप्तकर विवेक और आचरणको दृढ करनेसे ही मानसिक विकार और सहज पाशविक प्रवृत्तियाँ दूर की जा सकती है।

णमोकार मन्त्रके परिणाम-नियमका अर्थ यहाँपर यह है कि इस मन्त्रकी आराधना कर व्यक्ति जीवनमे सन्तोषकी भावनाको जाग्रत करे तथा समस्त सुखोका केन्द्र इसीको समझे। अभ्यास-नियमका तात्पर्य है कि इस मन्त्रका-मनन, चिन्तन और स्मरण निरन्तर करता जाय। यह सिद्धान्त है कि जिस योग्यताको अपने भीतर प्रकट करना हो, उस योग्यताका बार-बार चिन्तन, स्मरण किया जाय। प्रत्येक व्यक्तिका चरम लक्ष्य ज्ञान, दर्शन, सुख और वीर्यरूप शुद्ध आत्मशक्तिको प्राप्त करना है; यह शुद्ध अमूर्तिक रत्नत्रयस्वरूप सच्चिदानन्द आत्मा ही प्राप्त करने योग्य है,अतएव रत्नत्रयस्वरूप पञ्चपरमेष्ठी वाचक णमोकार महामन्त्रका अभ्यास करना परम आवश्यक है। इस मन्त्रके अभ्यास-द्वारा शुद्ध आत्मस्वरूपमें तत्परताके साथ प्रवृत्ति करना जीवनमे तत्परता नियममे उतारना है। मनुष्यमे अनुकरणकी प्रधान प्रवृत्ति पायी जाती है, इसी प्रवृत्तिके कारण पञ्चपरमेष्ठीका आदश सामने रखकर उनके अनुकरणसे व्यक्ति अपना विकास कर सकता है।

मनोविज्ञान मानता है कि मनुष्यमे भोजन ढूँढ़ना, भागना, लड़ना,

उत्सुकता, रचना, सग्रह, विकर्षण, शरणागत होना, काम प्रवृत्ति, शिशुरक्षा, दूसरोकी चाह, आत्म-प्रकाशन, विनीतता और हँसना ये चौदह मूल प्रवृत्तियाँ पायी जाती है। इन मूल प्रवृत्तियोका अस्तित्व संसारके सभी प्राणियोमें पाया जाता है, पर मनुष्यकी मूल प्रवृत्तियोमे यह विशेषता है कि मनुष्य इनमे समुचित परिवर्तन कर लेता है। केवल मूलप्रवृत्तियो-द्वारा संचालित जीवन असभ्य और पाशविक कहलायेगा। अतः मूलप्रवृत्तियोमें Repression दमन, Inhibition विलयन, Redirection मार्गान्तरीकरण और Sublimation शोधन ये चार परिवर्तन होते रहते है।

प्रत्येक मूलप्रवृत्तिका बल उसके बराबर प्रकाशित होनेसे बढता है। यदि किसी मूलप्रवृत्तिके प्रकाशनपर कोई नियन्त्रण नही रखा जाता है, तो वह मनुष्यके लिए लाभकारी न बनकर हानिप्रद हो जाती है। अतः दमन-की क्रिया होनी चाहिए। उदाहरणार्थ यो कहा जा सकता है कि सग्रहकी प्रवृत्ति यदि संयमित रूपमें रहे तो उससे मनुष्यके जीवनको रक्षा होती है, किन्तु जब यह अधिक बढ जाती है तो कृपणता और चोरीका रूप धारण कर लेती है, इसी प्रकार द्वन्द्व या युद्धकी प्रवृत्ति प्राण-रक्षाके लिए उपयोगी है; किन्तु जब यह अधिक बढ जाती है तो यह मनुष्यकी रक्षा न कर उसके विनाशका कारण बन जाती है। इसी प्रकार अन्य मूलप्रवृत्तियोके सम्बन्धमें भी कहा जा सकता है। अतएव जीवनको उपयोगी बनानेके लिए यह आवश्यक है कि मनुष्य समय-समयपर अपनी प्रवृत्तियोका दमन करे और उन्हे अपने नियन्त्रणमें रखे। व्यक्तित्वके विकासके लिए मूल प्रवृत्तियोका दमन उतना ही आवश्यक है, जितना उनका प्रकाशन।

मूल प्रवृत्तियोका दमन विचार या विवेक-द्वारा होता है। किसी बाह्य सत्ता-द्वारा किया गया दमन मानव जीवनके विकासके लिए हानिकारक होता है। अत बचपनसे ही णमोकार मन्त्रके आदर्श-द्वारा मानवकी मूल-प्रवृत्तियोका दमन सरल और स्वाभाविक है। इस मन्त्रका आदर्श हृदयमें श्रद्धा और दृढ विश्वासको उत्पन्न करता है, जिससे मूलप्रवृत्तियोका दमन

करनेमें बड़ी सहायता मिलती है। णमोकार मन्त्रके उच्चारण, स्मरण, चिन्तन, मनन और ध्यान-द्वारा मनपर इस प्रकारके संस्कार पड़ते है, जिससे जीवनमें श्रद्धा और विवेकका उत्पन्न होना स्वाभाविक है। क्योकि मनुष्यका जीवन श्रद्धा और सद्विचारोंपर ही अवलम्बित है, श्रद्धा और विवेकको छोड़कर मनुष्य मनुष्यकी तरह जीवित नही रह सकता है अत. जीवनकी मूलप्रवृत्तियोका दमन या नियन्त्रण करनेके लिए महामङ्गल वाक्य णमोकार मन्त्रका स्मरण परम आवश्यक है। इस प्रकारके धार्मिक वाक्योके चिन्तनसे मूलप्रवृत्तियाँ नियन्त्रित हो जाती है तथा जन्मजात स्वभावमें परिवर्तन हो जाता है। अत नियन्त्रणकी प्रवृत्ति धीरे-धीरे आती है। ज्ञानार्णवमे आचार्य शुभचन्द्रने बतलाया है कि महामङ्गल वाक्योकी विद्युत्-शक्ति आत्मामे इस प्रकारका झटका देती है, जिससे आहार, भय, मैथुन और परिग्रहजन्य संज्ञाएँ सहजमें परिष्कृत हो जाती है। जीवनके धरातल-को उन्नत बनानेके लिए इस प्रकारके मंगल-वाक्योको जीवनमें उतारना परम आवश्यक है। अतएव जीवनकी मूलप्रवृत्तियोके परिष्कारके लिए दमन-क्रियाको प्रयोगमें लाना आवश्यक है।

मूलप्रवृत्तियोके परिवर्तनका दूसरा उपाय विलयन है। यह दो प्रकारसे हो सकता है—निरोध-द्वारा और विरोध-द्वारा। निरोधका तात्पर्य है कि प्रवृत्तियोंको उत्तेजित होनेका ही अवसर न देना। इससे मूलप्रवृत्तियाँ कुछ समयमे नष्ट हो जाती है। विलियन जेम्सका कथन है कि यदि किसी प्रवृत्तिको अधिक कालतक प्रकाशित होनेका अवसर न मिले तो वह नष्ट हो जाती है। अत धार्मिक आस्था-द्वारा व्यक्ति अपनी विकार प्रवृत्तियोको अवरुद्धकर उन्हें नष्ट कर सकता है। दूसरा उपाय जो कि विरोध-द्वारा प्रवृत्तियोके विलयनके लिए कहा गया है, उसका अर्थ यह है कि जिस समय एक प्रवृत्ति कार्य कर रही हो, उसी समय उसके विपरीत दूसरी प्रवृत्तिको उत्तेजित होने देना। ऐसा करनेसे—दो पारस्परिक विरोधी प्रवृत्तियोके एक साथ उभडनेसे दोनोका बल घट जाता है। इस तरह दोनोके प्रकाशनकी

रीतिमे अन्तर हो जाता है अथवा दोनों शान्त हो जाती है। जैसे द्वन्द्व-प्रवृत्तिके उभडनेपर यदि सहानुभूतिकी प्रवृत्ति उभाड़ दी जाय तो उक्त प्रवृत्तिका विलयन सरलतासे हो जाता है। णमोकार मन्त्रका स्मरण इस दिशामे भी सहायक सिद्ध होता है। इस शुभ-प्रवृत्तिके उत्पन्न होनेसे अन्य प्रवृत्तियाँ सहजमे विलीन की जा सकती है।

मूल प्रवृत्तिके परिवर्तनका तीसरा उपाय मार्गान्तरीकरण है। यह उपाय दमन और विलयनके उपायसे श्रेष्ठ है। मूलप्रवृत्तिके दमनसे मानसिक शक्ति संचित होती है, जब तक इस संचित शक्तिका उपयोग नही किया जाय, तब तक यह हानिकारक भी सिद्ध हो सकती है। णमोकार मन्त्रका स्मरण इस प्रकारका अमोघ अस्त्र है, जिसके द्वारा बचपनसे ही व्यक्ति अपनी मूल प्रवृत्तियोका मार्गान्तरीकरण कर सकता है। चिन्तन करनेकी प्रवृत्ति मनुष्यमे पायी जाती है, यदि मनुष्य इस चिन्तनकी प्रवृत्तिमें विकारी भावनाओको स्थान नही दे और इस प्रकारके मगलवाक्योका ही चिन्तन करे तो चिन्तन-प्रवृत्तिका यह सुन्दर मार्गान्तरीकरण है। यह सत्य है कि मनुष्यका मस्तिष्क निरर्थक नही रह सकता है, उसमे किसी-न-किसी प्रकारके विचार अवश्य आवेंगे। अतः चरित्र भ्रष्ट करनेवाले विचारोके स्थानपर चरित्र-वर्द्धक विचारोंको स्थान दिया जाय तो मस्तिष्ककी क्रिया भी चलती रहेगी तथा शुभ प्रभाव भी पडता जायगा। ज्ञानार्णवमे शुभचन्द्राचार्यने बतलाया है—

अपास्य कल्पनाजालं चिदानन्दमये स्वयम्।
यः स्वरूपे लयं प्राप्तः स स्याद्रत्नत्रयास्पदम्॥
नित्यानन्दमयं शुद्धं चित्स्वरूपं सनातनम्।
पश्यात्मनि परं ज्योतिरद्वितीयमनव्ययम्॥

अर्थात्—समस्त कल्पनाजालको दूर करके अपने चैतन्य और आनन्दमय स्वरूपमें लीन होना, निश्चय रत्नत्रयकी प्राप्तिका स्थान है। जो इस विचारमें लीन रहता है कि मै नित्य आनन्दमय हूँ, शुद्ध हूँ, चैतन्यस्वरूप

हूँ, सनातन हूँ, परमज्योति ज्ञानप्रकाशरूप हूँ, अद्वितीय हूँ, उत्पाद-व्यय-ध्रौव्य सहित हूँ, वह व्यक्ति व्यर्थके विचारोसे अपनी रक्षा करता है, पवित्र विचार या ध्यानमे अपनेको लीन रखता है। यह मार्गान्तरीकरणका सुन्दर प्रयोग है।

मूल प्रवृत्तियोके परिवर्तनका चौथा उपाय शोधन है। जो प्रवृत्ति अपने अपरिवर्तित रूपमें निन्दनीय कर्मोंमे प्रकाशित होती है, वह शोधितरूपमें प्रकाशित होनेपर श्लाघनीय हो जाती है। वास्तवमे मूल प्रवृत्तिका शोधन उसका एक प्रकारसे मार्गान्तरीकरण है। किसी मन्त्र या मंगलवाक्यका चिन्तन आर्त्त और रौद्र ध्यानसे हटाकर धर्मध्यानमे स्थिर करता है अतः धर्मध्यानके प्रधान कारण णमोकारमन्त्रके स्मरण और चिन्तनकी परम आवश्यकता है।

उपर्युक्त मनोवैज्ञानिक विश्लेषणका अभिप्राय यह है कि णमोकारमन्त्रके द्वारा कोई भी व्यक्ति अपने मनको प्रभावित कर सकता है। यह मन्त्र मनुष्यके चेतन, अवचेतन और अचेतन तीनो प्रकारके मनोको प्रभावित कर अचेतन और अवचेतनपर सुन्दर स्थायी भावका ऐसा संस्कार डालता है, जिससे मूल प्रवृत्तियोका परिष्कार हो जाता है और अचेतन मनमे वासनाओको अर्जित होनेका अवसर नही मिल पाता। इस मन्त्रकी आराधनामे ऐसी विद्युत्-शक्ति है, जिससे इसके स्मरणसे व्यक्तिका अन्तर्द्वन्द्व शान्त हो जाता है, नैतिक भावनाओका उदय होता है, जिससे अनैतिक वासनाओका दमन होकर नैतिक संस्कार उत्पन्न होते है। आभ्यन्तरमे उत्पन्न विद्युत् बाहर और भीतरमे इतना प्रकाश उत्पन्न करती है, जिससे वासनात्मक सस्कार भस्म हो जाते हैं और ज्ञानका प्रकाश व्याप्त हो जाता है। इस मन्त्रके निरन्तर उच्चारण, स्मरण और चिन्तनसे आत्मामे एक प्रकारकी शक्ति उत्पन्न होती है, जिसे आजकी भाषामे विद्युत् कह सकते है, इस शक्ति द्वारा आत्माका शोधन-कार्य तो किया हो जाता है, साथ ही इससे अन्य आश्चर्यजनक कार्य भी सम्पन्न किये जा सकते हैं।

मनके साथ जिन ध्वनियोका घर्षण होनेसे दिव्य ज्योति प्रकट होती है उन ध्वनियोके समुदायको मन्त्र कहा जाता है। मन्त्र और विज्ञान दोनोमें अन्तर है; क्योकि विज्ञानका प्रयोग जहाँ भी किया जाता है, फल एक ही होता है। परन्तु मन्त्रमें यह बात नहीं है, उसकी सफलता साधक और साध्यके ऊपर निर्भर है, ध्यानके अस्थिर होनेसे भी मन्त्र असफल हो जाता है। मन्त्र तभी सफल होता है; जब श्रद्धा, इच्छा और दृढ संकल्प ये तीनो ही यथावत् कार्य करते हो। मनोविज्ञानका सिद्धान्त है कि मनुष्यकी अवचेतनामें बहुत-सी आध्यात्मिक शक्तियाँ भरी रहती हैं, इन्ही शक्तियोको मन्त्र-द्वारा प्रयोगमे लाया जाता है। मन्त्रकी ध्वनियोके सघर्ष-द्वारा आध्यात्मिक शक्तिको उत्तेजित किया जाता है। इस कार्यमे अकेली विचारशक्ति ही काम नही करती है, इसकी सहायताके लिए उत्कट इच्छा-शक्तिके द्वारा ध्वनि-सचालनकी भी आवश्यकता है। मन्त्र-शक्तिके प्रयोगकी सफलताके लिए मानसिक योग्यता प्राप्त करनी पड़ती है, जिसके लिए नैष्ठिक आचारकी आवश्यकता है। मन्त्रनिर्माणके लिए **ओं ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्र हा ह सः क्ष्लीं क्लूं द्रा द्रीं द्रूं द्रः श्रीं क्षीं क्ष्वीं क्ष्लीं हूं अं फट्, वषट्, सवौषट्, घे घै यः ठः ख ह्, ल्व्यूं पं बं यं भं तं थं बं** आदि बीजाक्षरोकी आवश्यकता होती है। साधारण व्यक्तिको ये बीजाक्षर निरर्थक प्रतीत होते है, किन्तु है ये सार्थक और इनमे ऐसी शक्ति अन्तर्निहित रहती है, जिसमें आत्मशक्ति या देवताओको उत्तेजित किया जा सकता है। अतः ये बीजाक्षर अन्त करण और वृत्तिकी शुद्ध प्रेरणाके व्यक्त शब्द है, जिनसे आत्मिक शक्तिका विकास किया जा सकता हे।

**मन्त्रशास्त्र और णमोकारमन्त्र**

इन बीजाक्षरोकी उत्पत्ति प्रधानत· णमोकारमन्त्रसे ही हुई है क्योकि मातृका ध्वनियाँ इसी मन्त्रसे उद्भूत हैं। इन सबमें प्रधान 'ओं' बीज है, यह आत्मवाचक मूलभूत है। इसे तेजोबीज, कामबीज और भवबीज माना गया है। पञ्चपरमेष्ठी वाचक होनेसे ओंको समस्त मन्त्रोंका सारतत्त्व

बताया गया है। इसे प्रणववाचक भी कहा जाता है। श्रीको कीर्तिवाचक, ह्रींको कल्याणवाचक, क्षीको शान्तिवाचक, हंको मङ्गलवाचक, ॐको सुख-वाचक, क्ष्वीको योगवाचक, ह्लको विद्वेष और रोषवाचक, प्रों प्रींको स्तम्भनवाचक और क्लीको लक्ष्मीप्राप्तिवाचक कहा गया है। सभी तीर्थंकरोंके नामाक्षरोंको मंगलवाचक एवं यक्ष-यक्षिणियोंके नामोंको कीर्त्ति और प्रीतिवाचक कहा गया है। बीजाक्षरोंका वर्णन निम्न प्रकार किया गया है—

**ॐ प्रणवध्रुवं ब्रह्मबीजं, तेजोबीजं वा, ऐं तेजोबीजं ऐं वाग्भवबीजं, लृं कामबीजं, क्रों शक्तिबीजं, हंसः विषापहारबीज, क्षीं पृथ्वीबीजं, स्वा वायुबीजं, हा आकाशबीजं, ह्रां मायाबीज त्रैलोक्यनाथबीजं वा, क्रों अंकुशबीजं, जं पाशबीजं, फट् विसर्जनं चालनं वा, वौषट् पूजाग्रहणं आकर्षणं वा, संवौषट् आमन्त्रणम्, ब्लूं द्रावणं, ब्लूं आकर्षण, ग्लौ स्तम्भन, ह्रौं महाशक्तिः, वषट् आह्वाननं, र ज्वलनं, क्ष्वीं विषापहारबीजं, ठः चन्द्रबीजं, घे घं ग्रहणबीजं, वैविबन्धौ वा; द्रा द्रां क्लीं ब्लूं सः पञ्चबाणो, ब्रं विद्वेषणं रोषबीजं वा, स्वाहा शान्तिक मोहकं वा, स्वधा पौष्टिकं, नमः शोधनबीज, हं गगनबीजं, ह्रूं ज्ञानबीजं, यः विसर्जनबीज उच्चारणं वा, यं वायुबीजं, झुं विद्वेषणबीज, झ्वीं अमृतबीजं, क्ष्वीं भोग-बीजं, ह्रू दण्डबीजम्, खः स्वादनबीजं, भ्रौं महाशक्तिबीजं, ह् ल्व यूँ पिण्डबीज, हूँ मंगलबीजं सुखबीज वा, श्रीं कीर्त्तिबीजं कल्याणबीजं वा, क्लीं धनबीज कुबेरबीज वा, तीर्थंकरनामाक्षरशान्तिबीजं मांगल्यबीजं कल्याणबीज विघ्नविनाशकबीजं वा, अ आकाशबीज धान्यबीजं वा, अ सुखबीजं तेजोबीज वा, ई गुणबीज तेजोबीजं वा, उ वायुबीजं, क्षां क्षीं क्षूं क्षें क्षैं क्षों क्षौं क्षः रक्षाबीजं, सर्वकल्याणबीज सर्वशुद्धिबीजं वा, वं द्रवणबीजं, यं मंगलबीजं, सं शोधनबीजं, यं रक्षाबीजं, भ्रं शक्तिबीजं। तं थं दं कालुष्यनाशकं मंगलवर्धकं सुखकारकं च।** —**बीजकोश**

अर्थात्—ओं प्रणव, ध्रुव, ब्रह्मबीज या तेजोबीज है। ऐं वाग्भव बीज,

ल्ं कामबीज, क्रीं शक्तिबीज, हं स. विषापहार बीज, क्षी पृथ्वी बीज, स्वा वायुबीज, हा आकाशबीज, ह्रा मायाबीज या त्रैलोक्यनाथ बीज, क्रों अकुश-बीज, जं पाशबीज, फट् विसर्जनात्मक या चालन—दूरकरणार्थक, वौषट् पूजाग्रहण या आकर्षणार्थक, सवौषट् आमन्त्रणार्थक, ब्लूं द्रावणबीज, क्लौं आकर्षणबीज, ग्लौं स्तम्भनबीज, ह्रो महाशक्तिवाचक, वषट् आह्वानन वाचक, रं ज्वलनवाचक, क्ष्वी विषापहारबीज, ठः चन्द्रबीज, घे घै ग्रहण-बीज, द्रं विद्वेषणार्थक, रोषबीज, स्वाहा शान्ति और हवनवाचक, स्वधा पौष्टिक वाचक, नम शोधनबीज, हं गणनबीज, ह्रं ज्ञानबीज, यः विमर्जन या उच्चारण वाचक, नु विद्वेषणबीज, श्वी अमृतबीज, क्ष्वी भोगबीज, हूं दण्डबीज, खः स्वादनबीज, झ्रौं महाशक्तिबीज, ह्ल्व्र्यूं पिण्डबीज, क्ष्वीं हूँ मगल और सुखबीज, श्री कीर्त्तिबीज या कल्याणबीज, क्ली धनबीज या कुबेरबीज, तीर्थकरके नामाक्षर शान्तिबीज, ह्रौं ऋद्धि और सिद्धिबीज, ह्रा ह्री ह्रू ह्रौ ह्र सर्वशान्ति, मागल्य, कल्याण, विघ्नविनाशक, सिद्धिदायक, अ आकाशबीज, या धान्यबीज, आ सुखबीज या तेजोबीज, ई गुणबीज या तेजोबीज या वायुबीज, क्षा क्षी क्षू क्षें क्षै क्षो क्षौं क्षः सर्वकल्याण या सर्व-शुद्धिबीज, वं द्रवणबीज, य मंगलबीज, स शोधनबीज, य रक्षाबीज, क्षं शक्तिबीज और त थ दं कालुष्य नाशक, मंगलवर्धक और सुखकारक बताया गया है। इन समस्त बीजाक्षरोकी उत्पत्ति णमोकार मन्त्र तथा इस मन्त्रमे प्रतिपादित पञ्चपरमेष्ठीके नामाक्षर, तीर्थंकर और यक्ष-यक्षिणियोके नामाक्षरोपरसे हुई है। मन्त्रके तीन अंग होते है, रूप, बीज और फल। जितने भी प्रकारके मन्त्र है, उनमे बीजरूप यह णमोकार मन्त्र या इससे निष्पन्न कोई सूक्ष्मतत्त्व रहता है। जिस प्रकार होम्योपैथिक दवामें दवाका अश जितना अल्प होता जाता है, उतनी ही उसकी शक्ति बढती जाती है और उसका चमत्कार दिखलायी पड़ने लगता है। इसी प्रकार इस णमो-कार मन्त्रके सूक्ष्मीकरण-द्वारा जितने सूक्ष्म बीजाक्षर अन्य मन्त्रोमें निहित किये जाते है, उन मन्त्रोकी उतनी ही शक्ति बढती जाती है।

मन्त्रोंका बार-बार उच्चारण किसी सोते हुएको बार-बार जगानेके समान है। यह प्रक्रिया इसीके तुल्य है, जिस प्रकार किन्ही दो स्थानोके बीच बिजलीका सम्बन्ध लगा दिया जाय। साधककी विचार-शक्ति स्विच-का काम करती है और मन्त्र-शक्ति विद्युत् लहरका। जब मन्त्र सिद्ध हो जाता है तो आत्मिक शक्तिसे आकृष्ट देवता मान्त्रिकके समक्ष अपना आत्मा-र्पण कर देता है और उस देवताकी सारी शक्ति उस मान्त्रिकमे आ जाती है। सामान्य मन्त्रोके लिए नैतिकताकी विशेष आवश्यकता नही है। साधारण साधक बीजमन्त्र और उनकी ध्वनियोके घर्षणसे अपने भीतर आत्मिक शक्तिका प्रस्फुटन करता है। मन्त्रशास्त्रमें इसी कारण मन्त्रोके अनेक भेद बताये गये है। प्रधान ये है—(१) स्तम्भन (२) मोहन (३) उच्चाटन (४) वश्याकर्षण (५) जृम्भण (६) विद्वेषण (७) मारण (८) शान्तिक और (९) पौष्टिक।

जिन ध्वनियोके वैज्ञानिक सन्निवेशके घर्षण-द्वारा सर्प, व्याघ्र, सिंह आदि भयंकर जन्तुओको; भूत, प्रेत, पिशाच आदि दैविक बाधाओको, शत्रुसेनाके आक्रमण तथा अन्य-व्यक्तियो-द्वारा किये जानेवाले कष्टोको दूर कर इनको जहाँके-तहाँ निष्क्रिय कर स्तम्भित कर दिया जाय, उन ध्वनियोके सन्निवेशको स्तम्भन मन्त्र; जिन ध्वनियोके वैज्ञानिक सन्निवेशके घर्षण-द्वारा किसीको मोहित कर दिया जाय उन ध्वनियोके सन्निवेशको मोहित मन्त्र; जिन ध्वनियोके सन्निवेशके घर्षण-द्वारा किसीका मन अस्थिर, उल्लास रहित एव निरुत्साहित होकर पदभ्रष्ट एवं स्थानभ्रष्ट हो जाय, उन ध्वनियोके सन्निवेशको उच्चाटन मन्त्र, जिन ध्वनियोके सन्निवेशके घर्षण-द्वारा इच्छित वस्तु या व्यक्ति साधकके पास आ जाय—किसीका विपरीत मन भी साधककी अनुकूलता स्वीकार कर ले, उन ध्वनियोके सन्निवेशको वश्याकर्षण, जिन ध्वनियोके वैज्ञानिक सन्निवेशके घर्षण-द्वारा शत्रु, भूत, प्रेत, व्यन्तर साधककी साधनासे भय त्रस्त हो जायें, कांपने लगें, उन ध्वनियोके सन्निवेशको जृम्भण मन्त्र; जिन ध्वनियोके

वैज्ञानिक सन्निवेशके घर्षण-द्वारा कुटुम्ब, जाति, देश, समाज, राष्ट्र आदिमे परस्पर कलह और वैमनस्यकी क्रान्ति मच जाय, उन ध्वनियोके सन्निवेशको विद्वेषण मन्त्र, जिन ध्वनियोके वैज्ञानिक सन्निवेशके घर्षण द्वारा साधक आततायियोको प्राणदण्ड दे सके, उन ध्वनियोके सन्निवेशको मारण मन्त्र, जिन ध्वनियोंके वैज्ञानिक सन्निवेशके घर्षण-द्वारा भयंकरसे भयंकर व्याधि, व्यन्तर—भूत-पिशाचोंकी पीडा, क्रूर ग्रह जगम-स्थावर विष बाधा, अतिवृष्टि, अनावृष्टि, दुर्भिक्षादि ईतियो और चौर आदिका भय प्रशान्त हो जाय, उन ध्वनियोके सन्निवेशको शान्ति मन्त्र एव जिन ध्वनियोंके वैज्ञानिक सन्निवेशके घर्षण-द्वारा सुख सामग्रियोकी प्राप्ति तथा सन्तान आदिकी प्राप्ति हो, उन ध्वनियोके सन्निवेशको पौष्टिक मन्त्र कहते है। मन्त्रोंमे एकसे तीन ध्वनियो तकके मन्त्रोका विश्लेषण अर्थ-की दृष्टिसे नही किया जा सकता है, किन्तु इससे अधिक ध्वनियोके मन्त्रोका विश्लेषण हो सकता है। मन्त्रोसे इच्छा शक्तिका परिष्कार या प्रसारण होता है, जिससे अपूर्व शक्ति आती है।

मन्त्रशास्त्रके बीजोका विवेचन करनेके उपरान्त आचार्योंने उनके रूपका निरूपण करते हुए बतलाया है कि—अ आ ऋ ह श य क ख ग घ ङ ये वर्ण वायु तत्त्व सज्ञक, च छ ज झ ञ इ ई ऋ क्ष र ष ये वर्ण अग्नि तत्त्व संज्ञक, त ट द ड उ ऊ ण ऌ व ल ये वर्ण पृथ्वी संज्ञक; ठ थ ध ढ न ए ऐ ॡ स ये वर्ण जल तत्त्व संज्ञक एव प फ ब भ म ओ औ अं अः ये वर्ण आकाशतत्त्वसंज्ञक हैं। अ उ ऊ ऐ ओ औ अं क ख ग ट ठ ड ढ त थ प फ ब ज झ ध य स ष क्ष ये वर्ण पुल्लिग, आ ई च छ ल व वर्ण स्त्रीलिङ्ग और इ ऋ ॠ ऌ ॡ ए अः घ भ य र ह द ञ ण ङ ये वर्ण नपुंसक लिङ्ग संज्ञक होते हैं। मन्त्रशास्त्रमें स्वर और ऊष्मध्वनियाँ ब्राह्मण वर्ण संज्ञक, अन्तस्थ और कवर्ग ध्वनियाँ क्षत्रियवर्ण संज्ञक; चवर्ग और पवर्ग ध्वनियाँ वैश्यवर्ण सज्ञक एव टवर्ग और तवर्ग ध्वनियाँ शूद्रवर्ण-संज्ञक होती हैं।

वश्य, आकर्षण और उच्चाटनमे 'हु' का प्रयोग, मारणमें 'फट्'का प्रयोग; स्तम्भन, विद्वेषण और मोहनमें 'नम.'का प्रयोग एव शान्ति और पौष्टिकके लिए 'वषट्' शब्दका प्रयोग किया जाता है। मन्त्रके अन्तमें 'स्वाहा' शब्द रहता है। यह शब्द पापनाशक, मगलकारक तथा आत्माकी आन्तरिक शान्तिको उद्बुद्ध करनेवाला बतलाया गया है। मन्त्रको शक्तिशाली बनानेवाली अन्तिम ध्वनियोंमे स्वाहाको स्त्रीलिङ्ग; वषट्, फट्, स्वधाको पुलिङ्ग और नमः को नपुंसक लिङ्ग माना है। मन्त्र-सिद्धिके लिए चार पीठोंका वर्णन जैनशास्त्रोमे मिलता है—श्मशानपीठ, शवपीठ, अरण्यपीठ और श्यामापीठ।

भयानक श्मशानभूमिमें जाकर मन्त्रकी आराधना करना श्मशानपीठ है। अभीष्ट मन्त्रकी सिद्धिका जितना काल शास्त्रोमे बताया गया है, उतने काल तक श्मशानमें जाकर मन्त्र साधन करना आवश्यक है। भीरु साधक इस पीठका उपयोग नही कर सकता है। प्रथमानुयोगमे आया है कि सुकुमाल मुनिराजने णमोकार मन्त्रकी आराधना इस पीठमे करके आत्मसिद्धि प्राप्त की थी। इस पीठमे सभी प्रकारके मन्त्रोकी साधना की जा सकती है। शवपीठमे कर्णपिशाचिनी, कर्णेश्वरी आदि विद्याओंकी सिद्धिके लिए मृतक कलेवरपर आसन लगाकर मन्त्र साधना करनी होती है। आत्मसाधना करनेवाला व्यक्ति इस घृणित पीठसे दूर रहता है। वह तो एकान्त निर्जन भूमिमे स्थित होकर आत्माकी साधना करता है। अरण्यपीठमे एकान्त निर्जन स्थान, जो हिंस्रक जन्तुओसे समाकीर्ण है, मे जाकर निर्भय एकाग्र चित्तसे मन्त्रकी आराधना की जाती है। णमोकार मन्त्रकी आराधनाके लिए अरण्यपीठ ही सबसे उत्तम माना गया है। निर्ग्रन्थ परम तपस्वी निर्जन अरण्योमें जाकर ही पञ्चपरमेष्ठीकी आराधना-द्वारा निर्वाण लाभ करते है। राग-द्वेष, मोह, क्रोध, मान, माया और लोभ आदि विकारोको जीतनेका एक मात्र स्थान अरण्य ही है, अतएव इस महामन्त्रकी साधना इसी स्थान-पर यथार्थ रूपसे हो सकती हैं। एकान्त निर्जन स्थानमे षोडशी नवयौवना-

सुन्दरीको वस्त्ररहित कर सामने बैठाकर मन्त्र सिद्ध करना एवं अपने मनको तिलमात्र भी चलायमान नही करना और ब्रह्मचर्यव्रतमे दृढ रहना श्यामापीठ है। इन चारो पीठोंका उपयोग मन्त्र-सिद्धिके लिए किया जाता है। किन्तु णमोकार मन्त्रकी साधनाके लिए इस प्रकारके पीठोकी आवश्यकता नही है। यह तो कहीं भी और किसी भी स्थितिमे सिद्ध किया जा सकता है।

उपर्युक्त मन्त्र-शास्त्रके संक्षिप्त विश्लेषण और विवेचनका निष्कर्ष यह है कि मन्त्रोके बीजाक्षर, सन्निविष्ट ध्वनियोके रूप विधानमें उपयोगी लिङ्ग और तत्त्वोका विधान एव मन्त्रके अन्तिम भागमे प्रयुक्त होनेवाला पल्लव—अन्तिम ध्वनि समूहका मूलस्रोत णमोकार मन्त्र है। जिस प्रकार समुद्रका जल नवीन घडेमे भर देनेपर नवीन प्रतीत होने लगता है, उसी प्रकार णमोकार मन्त्र रूपी समुद्रमेंसे कुछ ध्वनियोको निकालकर मन्त्रोका सृजन हुआ है। 'सिद्धो वर्णसमाम्नाय' नियम बतलाता है कि वर्णोका समूह अनादि है। णमोकार मन्त्रमे कण्ठ, तालु, मूर्धन्य, अन्तस्थ, उष्म, उपध्मानीय, वर्त्स्य आदि सभी ध्वनियोके बीज विद्यमान है। बीजाक्षर मन्त्रोके प्राण है। ये बीजाक्षर ही स्वय इस बातको प्रकट करते है कि इनकी उत्पत्ति कहीसे हुई है। बीजकोशमे बताया गया है कि ॐ बीज समस्त णमोकार मन्त्रसे, ह्रीकी उत्पत्ति णमोकार मन्त्रके प्रथमपदसे, श्रीकी उत्पत्ति णमोकार मन्त्रके द्वितीयपदसे, क्षी और क्ष्वीकी उत्पत्ति णमोकार मन्त्रके प्रथम, द्वितीय और तृतीय पदोसे, म्लीकी उत्पत्ति प्रथमपदमे प्रतिपादित तीर्थंकरोकी यक्षिणियोसे, अत्यन्त शक्तिशाली सकल मन्त्रो मे व्याप्त 'ह्रं'की उत्पत्ति णमोकार मन्त्रके प्रथम पदसे, द्रा द्रींकी उत्पत्ति उक्त मन्त्रके चतुर्थ और पंचमपदसे हुई है। ह्रा ह्री ह्रू ह्रौं ह्रः ये बीजाक्षर प्रथम पदसे, क्षा क्षी क्षू क्षे क्षै क्षौं क्षः बीजाक्षर प्रथम, द्वितीय और पंचमपदसे निष्पन्न हैं। णमोकार मन्त्रकल्प, भक्तामर यन्त्र-मन्त्र, कल्याणमन्दिर यन्त्र-मन्त्र, यन्त्र-मन्त्र संग्रह, पद्मावती मन्त्र कल्प आदि मान्त्रिक ग्रन्थोंके अवलोकनसे पता लगता है कि समस्त मन्त्रोंके रूप,

बीज पल्लव इसी महामन्त्रसे निकले हैं। ज्ञानार्णवमें षोडशाक्षर, षडक्षर, चतुरक्षर, द्वयक्षर, एकाक्षर, पञ्चाक्षर, त्रयोदशाक्षर, सप्ताक्षर, अक्षर-पंक्ति इत्यादि नाना प्रकारके मन्त्रोंकी उत्पत्ति इसी महामन्त्रसे मानी है। षोडशाक्षर मन्त्रकी उत्पत्तिका वर्णन करते हुए कहा गया है।

स्मर पञ्चपदोद्भूतां महाविद्यां जगन्नुताम् ।
गुरुपञ्चकनामोत्थां षोडशाक्षरराजिताम् ।।
अस्याः शतद्वयं ध्यानी जपन्नेकाग्रमानसः ।
अनिच्छन्नप्यवाप्नोति चतुर्थतपसः फलम् ।।
विद्यां षड्वर्णसम्भूतामजय्यां पुण्यशालिनीम् ।
जपन्प्रागुक्तमभ्येति फलं ध्यानी शतत्रयम् ।।
चतुर्वर्णमयं मन्त्रं चतुर्वर्गफलप्रदम् ।
चतुःशतं जपन् योगी चतुर्थस्य फलं लभेत् ।।
वर्णयुग्मं श्रुतस्कन्धसारभूतं शिवप्रदम् ।
ध्यायेज्जन्मोद्भवाशेषक्लेशविध्वंसनक्षमम् ।।
सिद्धेः सौधं समारोढुमियं सोपानमालिका ।
त्रयोदशाक्षरोत्पन्ना विद्या विश्वातिशायिनी ।।

अर्थात्—षोडशाक्षरी महाविद्या पञ्चपदों और पञ्चगुरुओंके नामोंसे उत्पन्न हुई है, इसका ध्यान करनेसे सभी प्रकारके अभ्युदयोंकी प्राप्ति होती है। यह सोलह अक्षरका मन्त्र यह है—**"अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुभ्यो नमः"**। जो व्यक्ति एकाग्र मन होकर इस सोलह अक्षरके मन्त्रका ध्यान करता है, उसे चतुर्थ तप—एक उपवासका फल प्राप्त होता है। णमोकार मन्त्रसे निःसृत—'अरिहन्त सिद्ध' इन छ अक्षरोंसे उत्पन्न हुई विद्याका तीन सौ बार—तीन माला प्रमाण जाप करनेवाला एक उपवासके फलको प्राप्त होता है, क्योंकि षडक्षरी विद्या अजय्य है और पुण्यको उत्पन्न करनेवाली तथा पुण्यसे शोभित है। उक्त महासमुद्रसे निकला हुआ 'अरिहन्त' यह चार अक्षरोंवाला मन्त्र धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष रूप फलको

देनेवाला है, इसकी जो चार मालाएँ प्रतिदिन जाप करता है, उसे एक उपवासका फल मिलता है। 'सिद्ध' यह दो अक्षरोंका मन्त्र द्वादशाग जिनवाणीका सारभूत है, मोक्षको देनेवाला है, तथा संसारसे उत्पन्न हुए समस्त क्लेशोंको नाश करनेवाला है। णमोकार महामन्त्रसे उत्पन्न तेरह अक्षरोंके समूहरूप मन्त्र मोक्षमहलपर चढनेके लिए सीढीके समान है। वह मन्त्र है—**"ॐ अर्हत् सिद्धसयोगकेवली स्वाहा"**।

आचार्य नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्तीने द्रव्यसंग्रहकी ४९वीं गाथामें इस णमोकार मन्त्रसे उत्पन्न आत्मसाधक तथा चमत्कार उत्पन्न करनेवाले मन्त्रोंका उल्लेख करते हुए कहा है—

**पणतीस सोल छप्पण चउदुगमेगं च जवह झाएह।**
**परमेट्ठिवाचयाणं अण्ण च गुरूवएसेण॥**

अर्थात्—पञ्चपरमेष्ठी वाचक पैंतीस, सोलह, छः, पाँच, चार, दो और एक अक्षररूप मन्त्रोंका जप और ध्यान करना चाहिए। स्पष्टताके लिए इन मन्त्रोंको यहाँ क्रमशः दिया जाता है।

*सोलह अक्षरका मन्त्र*—**अरिहंत-सिद्ध-आइरिय-उवज्झाय-साहू अथवा अर्हत्सिद्धाचार्यउपाध्यायसर्वसाधुभ्यो नमः।**

छः अक्षरका मन्त्र—**अरिहंतसिद्ध, अरिहंत सि सा, ॐ नमः सिद्धेभ्यः, नमोऽर्हत्सिद्धेभ्यः।**

पाँच अक्षरोंका मन्त्र—**अ सि आ उ सा। णमो सिद्धाणं।**

चार अक्षरका मन्त्र—**अरिहंत। अ सि साहू।**

सात अक्षरका मन्त्र—**ॐ ह्रीं श्री अर्हं नमः।**

आठ अक्षरका मन्त्र—**ॐ णमो अरिहंताणं।**

तेरह अक्षरका मन्त्र—**ॐ अर्हत् सिद्धसयोगकेवली स्वाहा।**

दो अक्षरका मन्त्र—**ॐ ह्रीं। सिद्ध। अ सि।**

एक अक्षरका मन्त्र—**ॐ, ओं, ओम्, अ, सि।**

त्रयोदशाक्षरात्मक विद्या—**ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अ सि आ उ सा नमः।**

अक्षरपंक्ति विद्या—ॐ नमोऽर्हते केवलिने परमयोगिनेऽनन्त-शुद्धिपरिणामविस्फुरदुरुशुक्लध्यानाग्निर्दग्धकर्मबीजाय प्राप्तानन्तचतुष्टयाय सौम्याय शान्ताय मङ्गलाय वरदाय अष्टादशदोषरहिताय स्वाहा। यह अभय स्थान मन्त्र भी कहा गया है। इसके जपनेसे कामनाएँ पूर्ण होती है। प्रणवयुगल और मायायुगल मन्त्र—ह्रीं ॐ, ॐ ह्रीं, हं सः।

अचिन्त्य फलप्रदायक मन्त्र—ॐ ह्रीं स्वर्हं णमो णमो अरिहंताणं ह्रीं नमः।

पापभक्षिणी विद्यारूप मन्त्र—ॐ अर्हन्मुखकमलवासिनी पापात्मक्षयं-करि, श्रुतज्ञानज्वालासहस्रप्रज्वलिते सरस्वति मत्पापं हन हन दह दह क्षां क्षीं क्षूं क्षौं क्षः क्षीरवरधवले अमृतसंभवे वं वं हूं हूं स्वाहा। इस मन्त्रके जपके प्रभावसे साधकका चित्त प्रसन्नता धारण करता है और समस्त पाप नष्ट हो जाते है और आत्मामे पवित्र भावनाओका संचार हो जाता है।

गणधरवलयमें आये हुए 'ॐ णमो अरिहताण' 'ॐ णमो सिद्धाण' 'ॐ णमो आइरियाण' 'ॐ णमो उवज्झायाण' 'णमो लोए सव्वसाहूणं' आदि मन्त्र णमोकार महामन्त्रके अभिन्न अंग ही है।

णमोकार मन्त्र कल्पके सभी मन्त्र इस महामन्त्रसे निकले हैं। ४६ मन्त्र इस कल्पके ऐसे है, जिनमे इस महामन्त्रके पदोका संयोग पृथक् रूपमे विद्यमान है। इन मन्त्रोका उपयोग भिन्न-भिन्न कार्योंके लिए किया जाता है। यहाँपर कुछ मन्त्र दिये जा रहे है—

रक्षामन्त्र ( किसी भी कार्यके आरम्भमे इन रक्षा-मन्त्रोके जपसे उस कार्यमे विघ्न नही आता है )—

ॐ णमो अरिहंताणं ह्रां हृदयं रक्ष रक्ष हुं फट् स्वाहा।
ॐ णमो सिद्धाणं ह्रीं सिरो रक्ष रक्ष हु फट् स्वाहा।
ॐ णमो आइरियाणं ह्रूं शिखां रक्ष रक्ष हुं फट् स्वाहा।
ॐ णमो उवज्झायाणं ह्रैं एहि एहि भगवति वज्रकवचवज्रिणी रक्ष

**रक्ष हुं फट् स्वाहा। ॐ णमो लोए सव्वसाहूणं ह्रः क्षिप्रं साधय साधय वज्रहस्ते शूलिनी दुष्टान् रक्ष रक्ष हुं फट् स्वाहा।**

रोग-निवारणमन्त्र ( इन मन्त्रोंको १०८ बार लिखकर रोगीके हाथपर रखनेसे सभी रोग दूर होते हैं। मन्त्र सिद्ध कर लेनेके पश्चात् किसी भी मन्त्रसे १०८ बार पढकर फूँक देनेसे रोग अच्छा होता है )—

**ॐ णमो अरिहंताणं णमो सिद्धाणं णमो आइरियाणं णमो उवज्झायाणं णमो लोएं सव्वसाहूणं। ॐ णमो भगवति सुग्रदे वयाणवार संग एव, यरा जणणीये, सरस्सई ए सव्व, वाहंणि सवणवणे, ॐ अवतर अवतर, देवी मयसरीरं वपिस पुछं, तस्स पविससत्व जण मयहरीये अरिहंतसिरिसरिए स्वाहा।**

सिरकी पीडा दूर करनेके मन्त्र ( १०८ बार जलको मन्त्रितकर पिला देनेसे सिर दर्द दूर होता है )—

**ॐ णमो अरिहंताणं, ॐ णमो सिद्धाणं, ॐ णमो आइरियाणं, ॐ णमो उवज्झायाणं, ॐ णमो लोए सव्वसाहूणं। ॐ णमो णाणाय, ॐ णमो दसणाय, ॐ णमो चारित्ताय, ॐ ह्रीं त्रैलोक्यवश्यंकरी ह्रीं स्वाहा।**

बुखार, तिजारी और एकतरा दूर करनेका मन्त्र—

**ॐ णमो लोए सव्वसाहूणं ॐ णमो उवज्झायाणं ॐ णमो आइरियाणं ॐ णमो सिद्धाण ओं णमो अरिहंताणं।**

विधि—एक सफेद चादरके एक किनारेको लेकर एक बार मन्त्र पढकर एक स्थानपर मोड दे, इस प्रकार १०८ बार चादरको मन्त्रितकर मोड देनेके पश्चात् उस चादरको रोगीको उढा देनेपर रोगीका बुखार उतर जाता है।

अग्निनिवारक मन्त्र—

**ॐ णमो ॐ अर्हं अ सि आ उ सा, णमो अरिहंताणं नमः।**

विधि—एक लोटेमें शुद्ध पवित्र जल लेकर उसमेंसे थोड़ा-सा जल चुल्लूमें अलग निकालकर उस चुल्लूके जलको २१ बार उपर्युक्त मन्त्रसे

मन्त्रितकर चुल्लूके जलसे एक रेखा खीच दे तो अग्नि उस रेखासे आगे नही बढ़ती है। इस प्रकार चारो दिशाओंमे जलसे रेखा खीचकर अग्निका स्तम्भन करे। पश्चात् लोटेके जलको लेकर १०८ बार मन्त्रितकर अग्निपर छींटे दे तो अग्नि शान्त हो जाती है। इस मन्त्रका आत्मकल्याणके लिए १०८ बार जाप करनेसे एक उपवासका फल मिलता है।

लक्ष्मी-प्राप्ति मन्त्र—

**ॐ णमो अरिहंताणं ॐ णमो सिद्धाणं ॐ णमो आइरियाणं ॐ णमो उवज्झायाणं ॐ णमो लोए सव्वसाहूणं। ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः स्वाहा।**

विधि—मन्त्रको सिद्ध करनेके लिए पुष्य नक्षत्रके दिन पीला आसन, पीली माला और पीले वस्त्र पहनकर एकान्तमे जप करना आरम्भ करे। सवालाख मन्त्रका जाप करनेपर मन्त्र सिद्ध होता है। साधनाके दिनोमे एक बार भोजन, भूमिपर शयन, ब्रह्मचर्यका पालन, सप्तव्यसनका त्याग, पचपापका त्याग करना चाहिए। स्वाहा शब्दके साथ प्रत्येक मन्त्रपर धूप देता जाय तथा दीप जलाता रहे। मन्त्र सिद्धिके पश्चात् प्रतिदिन एक माला जपनेसे धनकी वृद्धि होती है।

सर्वसिद्धिमन्त्र (ब्रह्मचर्य और शुद्धतापूर्वक सवालाख जाप करनेसे सभी कार्य सिद्ध होते है)—

**ॐ अ सि आ उ सा नमः।**

पुत्र और सम्पदा-प्राप्तिका मन्त्र—

**ॐ ह्रीं श्रीं ह्रीं क्लीं अ सि आ उ सा चलु चलु हुलु हुलु मुलु मुलु इच्छियं मे कुरु कुरु स्वाहा।**

त्रिभुवनस्वामिनी विद्या।

**ॐ ह्रां णमो सिद्धाणं ॐ ह्रीं णमो आइरियाणं ओ ह्रूं णमो अरिहताणं ओं ह्रौ णमो उवज्झायाण ओं ह्रः णमो लोए सव्वसाहूणं। ओं क्लीं नमः क्षां क्षीं क्षूं क्षें क्षे क्षो क्षौं क्षः स्वाहा।**

विधि—मन्त्र सिद्ध करनेके लिए सामने धूप जलाकर रख ले तथा २४ हजार श्वेत पुष्पोपर इस मन्त्रको सिद्ध करे। एक फूलपर एक बार मन्त्र पढे।

राजा, मन्त्री या अन्य किसी अधिकारीको वश करनेका मन्त्र—

**ॐ ह्रीं णमो अरिहंताणं ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं ॐ ह्रीं णमो आइरियाणं, ॐ ह्रीं णमो उवज्झायाणं ॐ ह्रीं णमो लोए सव्वसाहूणं। अमुकं मम वश्यं कुरु कुरु स्वाहा।**

विधि—पहले ११ हज़ार बार जापकर मन्त्रको सिद्ध कर लेना चाहिए। जब राजा, मन्त्री या अन्य किसी अधिकारीके यहाँ जाय तो सिरके वस्त्रको २१ बार मन्त्रितकर धारण करे, इससे वह व्यक्ति वशमें हो जाता है। अमुकके स्थानपर जिस व्यक्तिको वश करना हो उसका नाम जोड देना चाहिए।

महामृत्युञ्जय मन्त्र—

**ॐ ह्रां णमो अरिहंताणं ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं ॐ ह्रू णमो आइरियाणं ॐ ह्रौं णमो उवज्झायाणं ॐ ह्रः णमो लोए सव्वसाहूणं। मम सर्वग्रहारिष्टान् निवारय निवारय अपमृत्युं घातय घातय सर्वशान्तिं कुरु कुरु स्वाहा।**

विधि—दीप जलाकर धूप देते हुए नैष्ठिक रहकर इस मन्त्रका स्वयं जाप करे या अन्य-द्वारा करावे। यदि अन्य व्यक्ति जाप करे तो 'मम'के स्थानपर उस व्यक्तिका नाम जोड ले—अमुकस्य सर्वग्रहारिष्टान् निवारय आदि। इस मन्त्रका सवालाख जाप करनेसे ग्रहबाधा दूर हो जाती है। कम-से-कम इस मन्त्रका ३१ हज़ार जाप करना चाहिए। जापके अनन्तर दशांश आहुति देकर हवन भी करे।

सिर, अक्षि, कर्ण, श्वास रोग एव पादरोग विनाशक मन्त्र—

**ॐ ह्रीं अर्हं णमो ओहिजिणाणं परमोहिजिणाणं शिरोरोगविनाशनं भवतु।**

ॐ ह्रीं अर्हं णमो सव्वोहिजिणाणं अक्षिरोगविनाशनं भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो अणंतोहिजिणाणं कर्णरोगविनाशनं भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो संभिण्णसादेराणं श्वासरोगविनाशनं भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो सव्वजिणाणं पादादिसर्वरोगविनाशनं भवतु।

विवेक प्राप्ति मन्त्र—

ॐ ह्रीं अर्हं णमो कोट्ठबुद्धीणं बीजबुद्धीणं ममात्मनि विवेकज्ञानं भवतु।

विरोध-विनाशक मन्त्र—

ॐ ह्रीं अर्हं णमो पादानुसारीणं परस्परविरोधविनाशनं भवतु।

प्रतिवादीकी शक्तिको स्तम्भन करनेका मन्त्र—

ॐ ह्रीं अर्हं णमो पत्तेयबुद्धाणं प्रतिवादिविद्याविनाशनं भवतु।

विद्या और कवित्व प्राप्तिके मन्त्र—

ॐ ह्रीं अर्हं णमो सयंबुद्धाणं कवित्वं पाण्डित्यं च भवतु।

ॐ ह्रीं दिवसरात्रिभेदविवर्जितपरमज्ञानार्कचन्द्रातिशयाय श्रीप्रथम-जिनेन्द्राय नमः।

सर्वकार्य साधक मन्त्र ( मन, वचन और कायकी शुद्धि-पूर्वक प्रात, सायं और मध्याह्नकालमें जाप करना चाहिए )

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं नमः स्वाहा।

सर्वशान्तिदायक मन्त्र—

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ब्लूं अर्हं नमः।

व्यन्तर बाधा विनाशक मन्त्र—

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अर्हं अ सि आ उ सा अनावृतविद्यायै णमो अरिहंताणं ह्रौं सर्वशान्तिर्भवतु स्वाहा।

ओं नमोऽर्हते सर्वं रक्ष रक्ष हूं फट् स्वाहा।

उपर्युक्त मन्त्रोंके अतिरिक्त सहस्रों मन्त्र इसी महामन्त्रसे निकले हैं। सकलीकरण क्रियाके मन्त्र, ऋषिमन्त्र, पीठिकामंत्र, प्रोक्षणमत्र, प्रतिष्ठामंत्र,

शान्तिमंत्र, इष्टसिद्धि-अरिष्टनिवारकमंत्र, विभिन्न मागलिक कृत्योंके अवसर-पर उपयोगमे आनेवाले मन्त्र, विवाह, यज्ञोपवीत आदि संस्कारोके अवसरपर हवन-पूजनके लिए प्रयुक्त होनेवाले मन्त्र प्रभृति समस्त मन्त्र णमोकार महामन्त्रसे प्रादुर्भूत हुए है। इस महामन्त्रकी ध्वनियोके संयोग, वियोग, विश्लेषण और सश्लेषणके द्वारा ही मन्त्रशास्त्रकी उत्पत्ति हुई है। प्रवचन-सारोद्धारके वृत्तिकारने बताया है—

**सर्वमन्त्ररत्नानामुत्पत्त्याकरस्य प्रथमस्य कल्पितपदार्थकरणैककल्पद्रुमस्य विषविषधरशाकिनीडाकिनीयाकिन्यादिनिग्रहनिरवग्रहस्वभावस्य सकलजगद्वशीकरणाकृष्ट्याद्यव्यभिचारप्रौढप्रभावस्य चतुर्दशपूर्वाणां सारभूतस्य पञ्चपरमेष्ठिनमस्कारस्य महिमाऽत्यद्भुतं वरीवर्तते, त्रिजगत्याकालमितिनिष्प्रतिपक्षमेतत्सर्वसमयविदाम् ।**

अर्थात्—यह णमोकारमन्त्र सभी मन्त्रोकी उत्पत्तिके लिए समुद्रके समान है। जिस प्रकार समुद्रसे अनेक मूल्यवान् रत्न उत्पन्न होते है, उसी प्रकार इस महामन्त्रसे अनेक उपयोगी और शक्तिशाली मन्त्र उत्पन्न हुए है। यह मन्त्र कल्पवृक्ष है, इसको आराधनासे सभी प्रकारकी कामनाएँ पूर्ण हो जाती है। इस मन्त्रसे विष, सर्प, शाकिनी, डाकिनी, याकिनी, भूत, पिशाच आदि सब वशमे हो जाते हैं। यह मन्त्र ग्यारह अंग और चौदह पूर्वका सारभूत है। मन्त्रोको आचार्योने वश्य, आकर्षण आदि नौ भागोमें विभक्त किया है। ये नौ प्रकारके मन्त्र इसी महामन्त्रसे निष्पन्न है; क्योकि उन मन्त्रोके रूप इस मन्त्रोक्त वर्णों या ध्वनियोसे ही निष्पन्न है। मन्त्रोके प्राण बीजाक्षर तो इसी मन्त्रसे नि.सृत है तथा मन्त्रोंका विकास और निकास इसी महासमुद्रसे हुआ है। जिस प्रकार गंगा, सिन्धु आदि नदियाँ पद्म-ह्रदादिसे निकलकर समुद्रोमें मिल जाती है, उसी प्रकार सभी मन्त्र इसी महामन्त्रसे निकलकर इसी महामन्त्रके तत्त्वोमे मिश्रित हैं।

जिनकीर्तिसूरिने अपने नमस्कारस्तवके पुष्पिकावाक्यमे बताया है कि इस महामन्त्रमें समस्त मन्त्र-शास्त्र उसी प्रकार निवास करता है, जिस प्रकार

एक परमाणुमें त्रिकोणाकृति। और यही कारण है कि इस महामन्त्रकी आराधनासे सभी प्रकारके शुभ और आत्मानुभवरूप शुद्ध फल प्राप्त होते है। इसीलिए यह सब मन्त्रोमें प्रधान और अन्य मन्त्रोका जनक है—

**एवं श्रीपञ्चपरमेष्ठीनमस्कारमहामन्त्रः सकलसमीहितार्थ-प्रापणकल्पद्रुमाभ्यधिकमहिमाशान्तिपौष्टिकाद्यष्टकर्मकृत्। ऐहिकपारलौकिकस्वाभिमतार्थसिद्धये यथा श्रीगुर्वाम्नायं ज्ञातव्य।**

अर्थात्—यह णमोकार मन्त्र, जिसे पञ्चपरमेष्ठीको नमस्कार किये जानेके कारण पचनमस्कार भी कहा जाता है, समस्त अभीष्ट कार्योकी सिद्धिके लिए कल्पद्रुमसे भी अधिक शक्तिशाली है। लौकिक और पारलौकिक सभी कार्योमें इसकी आराधनासे सफलता मिलती है। अतः अपनी आम्नायके अनुसार इसका ध्यान करना चाहिए।

निष्कर्ष यह है कि णमोकार महामन्त्रकी बीज ध्वनियाँ ही समस्त मन्त्र-शास्त्रकी आधारशिला है। इसीसे यह शास्त्र उत्पन्न हुआ है।

मनुष्य अहर्निश सुख प्राप्त करनेकी चेष्टा करता है, किन्तु विश्वके अशान्त वातावरणके कारण उसे एक क्षणको भी शान्ति नही मिलती है।

**योगशास्त्र और णमोकार महामन्त्र**

मनीषियोका कथन है कि चित्त-वृत्तियोका निरोध कर लेनेपर व्यक्तिको शान्ति प्राप्त हो सकती है। जैनागममे चित्तवृत्तिका निरोध करनेके लिए योगका वर्णन किया गया है। आत्माका उत्कर्ष साधन एव विकास योग—उत्कृष्ट ध्यानके सामर्थ्यपर अवलम्बित है। योगबलसे केवल ज्ञानकी प्राप्ति होती है तथा पूर्ण अहिंसा शक्ति या शीलकी प्राप्ति-द्वारा सचित कर्ममल दूरकर निर्वाण प्राप्त किया जाता है। साधारण ऋद्धि-सिद्धियाँ तो उत्कृष्ट-ध्यान करने वालोके चरणोमे लोटती है। योगसाधना करनेवालेको शरीर मनपर अधिकार प्राप्त हो जाता है।

मनुष्यको चित्तकी चंचलताके कारण ही अशान्तिका अनुभव करना पड़ता है, क्योकि अनावश्यक संकल्प-विकल्प ही दु:खोके कारण हैं। मोह-

जन्य वासनाएँ मानवके हृदयका मन्थनकर विषयोकी ओर प्रेरित करती हैं, जिससे व्यक्तिके जीवनमे अशान्तिका सूत्रपात होता है। योग-शास्त्रियोने इस अशान्तिको रोकनेके विधानोंका वर्णन करते हुए बतलाया है कि मनकी चंचलतापर पूर्ण आधिपत्य कर लिया जाय तो चित्तकी वृत्तियोंका इधर-उधर जाना रुक जाता है। अतएव व्यक्तिकी शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक उन्नतिका एक साधन योगाभ्यास भी है। मुनिराज मन, वचन और कायकी चचलताको रोकनेके लिए गुप्ति और समितियोका पालन करते है। यह प्रक्रिया भी योगके अन्तर्गत है। कारण स्पष्ट है कि चित्तको एकाग्रता समस्त शक्तियोंको एक केन्द्रगामी बनाने तथा साध्य तक पहुँचानेमे समर्थ है। जीवनमें पूर्ण सफलता इसी शक्तिके द्वारा प्राप्त होती है।

जैनग्रन्थोमे सभी जिनेश्वरोको योगी माना गया है। श्रीपूज्यपादस्वामीने दशभक्तिमे बताया है—**"योगीश्वरान् जिनान् सर्वान् योगनिर्धूतकल्मषान्। योगैस्त्रिभिरहं वन्दे योगस्कन्धप्रतिष्ठितान्"**। इससे स्पष्ट है कि जैनागममें योगका पर्याप्त महत्त्व स्वीकार किया गया है। योगशास्त्रके इतिहासपर दृष्टिपात करनेसे प्रतीत होता है कि इस कल्पकालमे भगवान् आदिनाथने योगका उपदेश दिया। पश्चात् अन्य तीर्थकरोने अपने-अपने समयमें इस योग-मार्गका प्रचार किया। जैनग्रन्थोमे योगके अर्थमें प्रधानतया ध्यान शब्दका प्रयोग हुआ है। ध्यानके लक्षण, भेद, प्रभेद, आलम्बन आदिका विस्तृत वर्णन अंग और अगबाह्य ग्रन्थोमें मिलता है। श्री उमास्वामी आचार्यने अपने तत्त्वार्थसूत्रमे ध्यानका वर्णन किया है, इस ग्रन्थके टीकाकारोंने अपनी-अपनी टीकाओमे ध्यानपर बहुत कुछ विचार किया है। ध्यानसार और योगप्रदीपमे योगपर पूरा प्रकाश डाला गया है। आचार्य शुभचन्द्रने ज्ञानार्णवमे योगपर पर्याप्त लिखा है। इनके अतिरिक्त श्वेताम्बर सम्प्रदायमें श्रीहरिभद्रसूरिने नयी शैलीमें बहुत लिखा है। इनके रचे हुए योगविन्दु, योगदृष्टिसमुच्चय, योगविंशिका, योगशतक और षोडशक ग्रन्थ हैं।

इन्होंने जैनदृष्टिसे योगशास्त्रका वर्णन कर पातञ्जल योगशास्त्रकी अनेक बातोंकी तुलना जैन संकेतोंके साथ की है। योगदृष्टिसमुच्चयमें योगकी आठ दृष्टियोंका कथन है, जिनसे समस्त योग साहित्यमें एक नवीन दिशा प्रदर्शित की गयी है। हेमचन्द्राचार्यने आठ योगाङ्गोंका जैन शैलीके अनुसार वर्णन किया है तथा प्राणायामसे सम्बन्ध रखनेवाली अनेक बातें बतलायी है।

श्रीशुभचन्द्राचार्यने अपने ज्ञानार्णवमें ध्यानके पिण्डस्थ, पदस्थ, रूपस्थ और रूपातीत भेदोंका वर्णन विस्तारके साथ करते हुए मनके विक्षिप्त, यातायात, श्लिष्ट और सुलीन इन चारो भेदोंका वर्णन बड़ी रोचकता और नवीन शैलीमें किया है। उपाध्याय यशोविजयने अध्यात्मसार, अध्यात्मोपनिषद् आदि ग्रन्थोंमें योग-विषयका निरूपण किया है। दिगम्बर सभी आध्यात्मिक ग्रन्थोंमे ध्यान या समाधिका विस्तृत वर्णन प्राप्त है।

योग शब्द युज् धातुसे घञ् प्रत्यय कर देनेसे सिद्ध होता है। युज्के दो अर्थ है—जोड़ना और मन स्थिर करना। निष्कर्ष रूपमें योगको मनकी स्थिरताके अर्थमें व्यवहृत करते है। हरिभद्र सूरिने मोक्ष प्राप्त करनेवाले साधनका नाम योग कहा है। पतञ्जलिने अपने योगशास्त्रमें "**योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः**"—चित्तवृत्तिका रोकना योग बताया है। इन दोनों लक्षणोंका समन्वय करनेपर फलितार्थ यह निकलता है कि जिस क्रिया या व्यापारके द्वारा संसारोन्मुख वृत्तियाँ रुक जायें और मोक्षकी प्राप्ति हो, योग है। अतएव समस्त आत्मिक शक्तियोंका पूर्ण विकास करनेवाली क्रिया-आत्मोन्मुख चेष्टा योग है। योगके आठ अंग माने जाते है—यम, नियम, आसन, प्राणायाम-प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि। इन योगांगोंके अभ्याससे मन स्थिर हो जाता है तथा उसकी शुद्धि होकर वह शुद्धोपयोगकी ओर बढ़ता है या शुद्धोपयोगको प्राप्त हो जाता है। शुभचन्द्राचार्यने बतलाया है—

**यमादिषु कृताभ्यासो निःसङ्गो निर्ममो मुनिः।**
**रागादिक्लेशनिर्मुक्तं करोति स्ववशं मनः॥**

एक एव मनोरोधः सर्वाभ्युदयसाधकः ।
यमेवालम्ब्य संप्राप्ता योगिनस्तत्त्वनिश्चयम् ॥
मनःशुद्धयैव शुद्धिः स्याद्देहिनां नात्र संशयः ।
वृथा तद्व्यतिरेकेण कायस्यैव कदर्थनम् ॥

—ज्ञानार्णव प्र० २२ श्लो० ३, १२, १४

अर्थात्—जिसने यमादिकका अभ्यास किया है, परिग्रह और ममतासे रहित है ऐसा मुनि ही अपने मनको रागादिकसे निर्मुक्त तथा वश करनेमे समर्थ होता है । निस्सन्देह मनकी शुद्धिसे ही जीवोकी शुद्धि होती है, मनकी शुद्धिके बिना शरीरको क्षीण करना व्यर्थ है । मनकी शुद्धिसे इस प्रकारका ध्यान होता है, जिससे कर्मजाल कट जाता है । एक मनका निरोध ही समस्त अभ्युदयोको प्राप्त करनेवाला है, मनके स्थिर हुए बिना आत्मस्वरूपमे लीन होना कठिन है । अतएव योगाङ्गोका प्रयोग मनको स्थिर करनेके लिए अवश्य करना चाहिए । यह एक ऐसा साधन है, जिससे मन स्थिर करनेमे सबसे अधिक सहायता मिलती है ।

**यम और नियम**—जैनधर्म निवृत्ति प्रधान है, अत. यम-नियमका अर्थ भी निवृत्तिपरक है । अतएव विभाव परिणतिसे हटकर स्वभावकी ओर रुचि होना ही यम-नियम है । जैनागममे इन दोनो योगाङ्गोका विस्तृत वर्णन मिलता है । यम या सयमके प्रधान दो भेद है—प्राणिसंयम और इन्द्रियसयम । समस्त प्राणियोकी रक्षा करना, मन-वचन-कायसे किसी भी प्राणीको कष्ट न पहुँचाना तथा मनमे राग-द्वेषकी भावना न उत्पन्न होने देना प्राणिसंयम है और पञ्चेन्द्रियोपर नियन्त्रण करना इन्द्रियसयम है । पाँचो व्रतोके धारण, पाँचो समितियोके पालन, चारो कषायोका निग्रह, तीन दण्डो—मन, वचन कायकी विपरीत परिणतिका त्याग और पाँचो इन्द्रियोका विजय करना ये सब संयमके अंग है । जैन आम्नायमें यम-नियमोका विधान राग-द्वेषमयी प्रवृत्तिको वश करनेके लिए ही किया गया है । अतः ये दोनों प्रवृत्तियाँ ही मानवोको परमानन्दसे हटाती रहती है । रागी जीव

कर्मोको बाँधता है और वीतरागी कर्मोंसे छूटता है । अतः राग और द्वेष की प्रवृत्तिको इन्द्रियनिग्रह, मनोनिग्रह एव आत्मभावनाके द्वारा दूर करना चाहिए । कहा गया है—

रागी बध्नाति कर्माणि वीतरागो विमुच्यते ।
जीवो जिनोपदेशोऽयं समासाद्बन्ध-मोक्षयोः ॥
यत्र राग. पदं धत्ते द्वेषस्तत्रैति निश्चयः ।
उभावेतौ समालम्ब्य विक्राम्यत्यधिकं मनः ॥
रागद्वेषविषोद्यान मोहबीजं जिनैर्मतम् ।
अतः स एव निःशेषदोषसेनानरेश्वरः ॥
रागादिवैरिणः क्रूरान्मोहभूपेन्द्रपालितान् ।
निकृत्य शमशास्त्रेण मोक्षमार्गं निरूपयः ॥

ज्ञानार्णव प्र० २३ श्लो० १, २५, ३०, ३७

अर्थात्—अनादिसे लगे हुए राग-द्वेष ही ससारके कारण है, जहाँ राग-द्वेष है, वहाँ नियमतः कर्मबन्ध होता है । वीतरागताके प्राप्त होते ही कर्मका बन्ध रुक जाता है और कर्मोंकी निर्जरा होने लगती है । जहाँ राग रहता है वहाँ उसका अविनाभावी द्वेष भी अवश्य रहता है । अत इन दोनोका अवलम्बन करके मनमें नाना प्रकारके विकार उत्पन्न होते है । राग-द्वेष रूपी विषवनका मोह बीज है, अत॰ समस्त विषय-कषायोकी सेनाका मोह ही राजा है । यही ससारमे उत्पन्न हुआ दावानल है तथा अत्यन्त दृढ कर्मबन्धनका हेतु है । यह ससारी प्राणी मोह निद्राके कारण ही मिथ्यात्व, अविरति, प्रमाद, कषाय और योगरूपी पिशाचोके आधीन होता है । इसी मोहकी ज्वालासे अपने ज्ञानादिको भस्म करता है । मोहरूपी राजाके द्वारा पालित राग-द्वेषरूपी शत्रुओको नष्टकर मोक्ष मार्गका अवलम्बन लेना चाहिए । राग, द्वेष, मोह रूप त्रिपुरको ध्यान रूपी अग्नि द्वारा भस्म करना चाहिए ।

यम-नियम निवृत्तिपरक होनेपर ही उपर्युक्त त्रिपुरका भस्म कर व्यक्तिके ध्यानसिद्धिका कारण हो सकते है। अत जैनागममे यम-नियमका अर्थ समताभावकी प्राप्ति-द्वारा उक्त त्रिपुरको भस्म करना है, क्योकि इसीसे ध्यानकी सिद्धि होती है। आर्तध्यान और रौद्र ध्यानका निवारण धर्म-ध्यान और शुक्ल ध्यानकी सिद्धिमें सहायक होता है।

**आसन**—समाधिके लिए मनकी तरह शरीरको भी साधना अत्यावश्यक है। आसन बैठनेके ढगको कहते है। योगीको आसन लगानेका अभ्यास होना चाहिए। श्रीशुभचन्द्राचार्यने ध्यानके योग्य सिद्धक्षेत्र, नदी-सरोवर-समुद्रका निर्जन तट, पर्वतका शिखर, कमलवन, अरण्य, श्मशानभूमि, पर्वतकी गुफा, उपवन, निर्जन गृह या चैत्यालय, निर्जन प्रदेशको स्थान माना है। इन स्थानोमे जाकर योगी काष्ठके टुकडेपर या शिला तलपर अथवा भूमि या बालुकापर स्थिर होकर आसन लगावे। पर्यङ्कासन, अर्द्धपर्यङ्कासन, वज्रासन, सुखासन, कमलासन और कायोत्सर्ग ये ध्यानके योग्य आसन माने गये है। जिस आसनसे ध्यान करते समय साधकका मन खिन्न न हो, वही उपादेय है। बताया गया है—

**कायोत्सर्गश्च पर्यङ्कः प्रशस्तं कैश्चिदीरितम्।**
**देहिना वीर्यवैकल्यात्कालदोषेण सम्प्रति ।।**

**—ज्ञानार्णव प्र० २८, श्लो० २२**

अर्थात्—इस समय कालदोषसे जीवोके सामर्थ्यकी हीनता है, इस कारण *पद्मासन और कायोत्सर्ग ये ही आसन ध्यान करनेके लिए उत्तम है।* तात्पर्य यह है कि जिस आसनसे बैठकर साधक अपने मनको निश्चल कर सके, वही आसन उसके लिए प्रशस्त है।

**प्राणायाम**—श्वास और उच्छ्वासके साधनेको प्राणायाम कहते है। ध्यानकी सिद्धि और मनको एकाग्र करनेके लिए प्राणायाम किया जाता है। प्राणायाम पवनके साधनकी क्रिया है। शरीरस्थ पवन जब वश हो जाता है तो मन भी आधीन हो जाता है। इसके तीन भेद है—पूरक, कुम्भक और

रेचक । नासिका छिद्रके द्वारा आयुको खींचकर शरीरमें भरना पूरक, उस पूरक पवनको नाभिके मध्यमें स्थिर करना कुम्भक और उसे धीरे-धीरे बाहर निकालना रेचक है। यह वायुमण्डल चार प्रकारका बतलाया गया है— पृथ्वीमण्डल, जलमण्डल, वायुमण्डल और अग्निमण्डल। इन चारोंकी पहचान बताते हुए कहा है कि क्षितिबीजसे युक्त, गले हुए स्वर्णके समान कांचन प्रभावाला, वज्रके चिह्नसे संयुक्त, चौकोर पृथ्वीमण्डल है। वरुण-बीजसे युक्त, अर्धचन्द्राकार, चन्द्रसदृश शुक्लवर्ण और अमृतस्वरूप जलसे सिञ्चित् अप्मण्डल है। पवनबीजाक्षर युक्त, सुवृत्त, बिन्दुओं सहित नीलाञ्जन घनके समान, दुर्लक्ष्य वायुमण्डल है। अग्निके स्फुलिङ्ग समान पिङ्गलवर्ण, भीम—रौद्ररूप, ऊर्ध्व गमन करनेवाला, त्रिकोणाकार, स्वस्तिक-से युक्त एवं वह्निबीजयुक्त अग्नि मडल होता है। इस प्रकार चारों वायु-मण्डलोंकी पहचानके लक्षण बतलाये हैं, परन्तु इन लक्षणोंके आधारसे पहचानना अतीव दुष्कर है। प्राणायामके अत्यन्त अभ्याससे ही किसी साधक विशेषको इनका संवेदन हो सकता है। इन चारों वायुओंके प्रवेश और निस्सरणसे जय, पराजय, जीवन, मरण, हानि, लाभ आदि अनेक प्रश्नोंका

---

१. समाकृष्य यदा प्राणधारण स तु पूरकः।
नाभिमध्ये स्थिरीकृत्य रोधनं स तु कुम्भकः॥
यत्कोष्ठादतियत्नेन नासाब्रह्मपुरातनैः।
बहिः प्रक्षेपणं वायोः स रेचक इति स्मृतः॥
शनैः शनैर्मनोऽजस्रं वितन्द्रः सह वायुना।
प्रवेश्य हृदयाम्भोजकर्णिकायां नियन्त्रयेत्॥
विकल्पा न प्रसूयन्ते विषयाशा निवर्तते।
अन्तः स्फुरति विज्ञानं तत्र चित्ते स्थिरीकृते॥

—ज्ञानार्णव प्र० २६ श्लो० १, २, १०, ११

उत्तर दिया जा सकता है। इन पवनोंकी साधनासे योगीमे अनेक प्रकारकी अलौकिक और चमत्कारपूर्ण शक्तियोका प्रादुर्भाव हो जाता है। प्राणायामकी क्रियाका उद्देश्य भी मनको स्थिर करना है, प्रमादको दूर भगाना है। जो साधक यत्नपूर्वक मनको वायुके साथ-साथ हृदय-कमलकी कर्णिकामे प्रवेश कराकर वहाँ स्थिर करता है, उसके चित्तमें विकल्प नही उठते और विषयोकी आशा भी नष्ट हो जाती है तथा अन्तरंगमे विशेष ज्ञानका प्रकाश होने लगता है। प्राणायामकी महत्ताका वर्णन करते हुए शुभचन्द्राचार्यने बतलाया है—

जन्मशतजनितमुग्रं प्राणायामाद्विलीयते पापम् ।
नाडीयुगलस्यान्ते यतेर्जिताक्षस्य वीरस्य ॥
—ज्ञानार्णव प्र० २९, श्लो० १०२

अर्थ—पवनोके साधनरूप प्राणायामसे इन्द्रियोके विजय करनेवाले साधकोके सैकडो जन्मके संचित किये गये तीव्र पाप दो घडीके भीतर लय हो जाते है।

**प्रत्याहार**—इन्द्रिय और मनको अपने-अपने विषयोमे खीचकर अपनी इच्छानुसार किसी कल्याणकारी ध्येयमे लगानेको प्रत्याहार कहते हैं। अभिप्राय यह है कि विषयोसे इन्द्रियोको और इन्द्रियोसे मनको पृथक्कर मनको निराकुल करके ललाटपर धारण करना प्रत्याहार-विधि है। प्रत्याहारके सिद्ध हो जानेपर इन्द्रियाँ वशीभूत हो जाती है और मनोहर-से-मनोहर विषयकी ओर भी प्रवृत्त नही होती है। इसका अभ्यास प्राणायामके उपरान्त किया जाता है। प्राणायाम-द्वारा ज्ञानतन्तुओके आधीन होनेपर इन्द्रियोका वशमे आना सुगम है। जैसे कछुआ अपने हस्त-पादादि अंगोको

---

१. सुख-दुःख-जय-पराजय-जीवितमरणानि विघ्न इति केचित् ।
वायुः प्रपञ्चरचनामवेदिनां कथमयं मानः ॥
—ज्ञा० प्र० २९, श्लो० ७७

अपने भीतर संकुचित कर लेता है, वैसे ही स्पर्श, रसना आदि इन्द्रियोकी प्रवृत्तिको आत्मरूपमे लीन करना प्रत्याहारका कार्य है। राग-द्वेष आदि विकारोंसे मन दूर हट जाता है। कहा गया है—

सम्यक्समाधिसिद्ध्यर्थं प्रत्याहारः प्रशस्यते ।
प्राणायामेन विक्षिप्तं मनःस्वास्थ्य न विन्दति ।।
प्रत्याहृतं पुनः स्वस्थं सर्वोपाधिविवर्जितम् ।
चेतः समत्वमापन्नं स्वस्मिन्नेव लयं व्रजेत् ।।
वायोः संचारचातुर्यमणिमाद्यङ्गसाधनम् ।
प्रायः प्रत्यूहबीजं स्यान्मुनेर्मुक्तिमभीप्सतः ।।

अर्थात्—प्राणायाममे पवनके साधनसे विक्षिप्त हुआ मन स्वास्थ्यको प्राप्त नही करता, इस कारण समाधि-सिद्धिके लिए प्रत्याहार करना आवश्यक है। इसके द्वारा मन राग-द्वेपसे रहित होकर आत्मामे लय हो जाता है। पवन साधन शरीर-सिद्धिका कारण है, अत. मोक्षकी वाछा करनेवाले साधकके लिए विघ्नकारक हो सकता है। अतएव प्रत्याहार-द्वारा राग-द्वेपको दूर करनेका प्रयत्न चाहिए।

**धारणा**—जिसका ध्यान किया जाय, उस विषयमें निश्चलरूपमे मनको लगा देना, धारणा है। धारणा-द्वारा ध्यानका अभ्यास किया जाता है।

**ध्यान और समाधि**—योग, ध्यान और समाधि ये प्राय एकार्थवाचक हैं। योग कहनेमे जैनाम्नायमे ध्यान और समाधिका ही बोध होता है। ध्यानकी चरम सीमाको समाधि कहा जाता है। ध्यानके सम्बन्धमे ध्यान, ध्याता, ध्येय और फल इन चारो बातोका विचार किया गया है। ध्यान चार प्रकारका है—आर्त्त, रौद्र, धर्म और शुक्ल। इनमें आर्त्त और रौद्र ध्यान दुर्ध्यान हैं एव धर्म और शुक्ल ध्यान शुभ ध्यान हैं। इष्ट-वियोग, अनिष्टसयोग, शारीरिक वेदना आदि व्यथाओंको दूर करनेके लिए संकल्प-विकल्प करना आर्त्तध्यान और हिंसा, झूठ, चोरी, अब्रह्म और

परिग्रह इन पाँचों पापोंके सेवनमें आनन्दका अनुभव करना और इस आनन्दकी उपलब्धिके लिए नाना तरहकी चिन्ताएँ करना रौद्रध्यान है।

धर्मसे सम्बद्ध बातोंका सतत चिन्तन करना धर्मध्यान है। इसके चार भेद है—आज्ञाविचय, अपायविचय, विपाकविचय और संस्थानविचय। जिनागमके अनुसार तत्त्वोंका विचार करना आज्ञाविचय, अपने तथा दूसरोंके राग, द्वेष, मोह आदि विकारोंको नाश करनेका उपाय चिन्तन करना अपायविचय, अपने तथा परके सुख-दुःख देखकर कर्मप्रकृतियोंके स्वरूपका चिन्तन करना विपाकविचय एवं लोकके स्वरूपका विचार करना संस्थानविचय धर्मध्यान है। इसके भी चार भेद हैं—पिण्डस्थ, पदस्थ, रूपस्थ और रूपातीत। शरीर स्थित आत्माका चिन्तन करना पिण्डस्थ ध्यान है। इसकी पाँच धारणाएँ बतायी गयी है—पार्थिवी, आग्नेय, वायवी, जलीय और तत्त्वरूपवती।

**पार्थिवी**—इस धारणामें एक मध्यलोकके बराबर निर्मल जलका समुद्र चिन्तन करे और उसके मध्यमें जम्बू द्वीपके समान एक लाख योजन चौड़ा स्वर्णरंगके कमलका चिन्तन करे, इसकी कर्णिकाके मध्यमें सुमेरुपर्वतका चिन्तन करे। उस सुमेरुपर्वतके ऊपर पाण्डुक वनमें पाण्डुकशिला तथा उस शिलापर स्फटिकमणिके आसनका एवं उस आसनपर पद्मासन लगाये ध्यान करते हुए अपना चिन्तन करे। इतना चिन्तन बार-बार करना पृथ्वी धारणा है।

**आग्नेयी धारणा**—उसी सिंहासनपर स्थिर होकर यह विचारे कि मेरे नाभि-कमलके स्थानपर भीतर ऊपरको उठा हुआ सोलह पत्तोंका एक कमल है उसपर पीतरंगके अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ ऌ ॡ ए ऐ ओ औ अं अः ये सोलह स्वर अंकित हैं तथा बीचमें 'र्हं' लिखा है। दूसरा कमल हृदय स्थानपर नाभिकमलके ऊपर आठ पत्तोंका औंधा कमल विचारना चाहिए। इसे ज्ञानावरणादि आठ कर्मोंका कमल कहा गया है। पश्चात् नाभि कमलके बीचमें 'र्हं' लिखा है, उसकी रेफसे धुँआ निकलता

हुआ सोचे, पुनः अग्निकी शिखा उठती हुई सोचना चाहिए। आगकी ज्वाला उठकर आठो कर्मोंके कमलको जलाने लगी। कमलके बीचसे फूटकर अग्निकी लौ मस्तकपर आ गयी। इसका आधा भाग शरीरके एक तरफ और शेष आधा भाग शरीरके दूसरी तरफ मिलकर दोनो कोने मिल गये। अग्निमय त्रिकोण सब प्रकारसे शरीरको वेष्टित किये हुए है। इस त्रिकोणमे र र र र र र र र र अक्षरोको अग्निमय फैले हुए विचारे अर्थात् इस त्रिकोणके तीनो कोण अग्निमय र र र अक्षरोके बने हुए है। इसके बाहरी तीनो कोणोपर अग्निमय साथिया तथा भीतरी तीनो कोणोपर अग्निमय ॐ र्ह लिखा हुआ सोचे। पश्चात् सोचे कि भीतरी अग्निकी ज्वाला कर्मोंको और बाहिरी अग्निकी ज्वाला शरीरको जला रही है। जलते-जलते कर्म और शरीर दोनो ही जलकर राख हो गये है तथा अग्निकी ज्वाला शान्त हो गयी है अथवा पहलेकी रेफमे समा गयी है, जहाँसे वह उठी थी, इतना अभ्यास करना अग्नि-धारणा है।

**वायु-धारणा**—पुन साधक चिन्तन करे कि मेरे चारो ओर प्रचण्डवायु चल रही है। वह वायु गोल मण्डलाकार होकर मुझे चारो ओरसे घेरे हुए है। इस मण्डलमे आठ जगह 'स्वायँ-स्वायँ' लिखा है। यह वायु-मण्डल कर्म तथा शरीरकी रजको उड़ा रहा है, आत्मा स्वच्छ तथा निर्मल होता जा रहा है। इस प्रकार ध्यान करना वायु-धारणा है।

**जलधारणा**—पश्चात् चिन्तन करे कि आकाश मेघाच्छन्न हो गया है, बादल गरजने लगे है, बिजली चमकने लगी है और खूब जोरकी वर्षा होने लगी है। पानीका ऊपर एक अर्द्धचन्द्राकार मण्डल बन गया है, जिसपर प प प प प प प प कर्म स्थानो पर लिखा है। गिरनेवाले पानीकी सहस्र धाराएँ आत्माके ऊपर लगी हुई कर्मरजको धोकर आत्माको साफ़ कर रही है। इस प्रकार चिन्तन करना जल-धारणा है।

**तत्त्वरूपवती धारणा**—वही साधक आगे चिन्तन करे कि अब मै सिद्ध, बुद्ध, सर्वज्ञ, निर्मल, निरंजन, कर्म तथा शरीरसे रहित चैतन्य आत्मा

हूँ। पुरुषाकार चैतन्य धातुकी बनी हुई मूर्त्तिके समान हूँ। पूर्ण चन्द्रमाके समान ज्योतिरूप देदीप्यमान हूँ। इस प्रकार इन पाँचों धारणाओंके द्वारा पिण्डस्थ ध्यान किया जाता है।

**पदस्थध्यान**—मन्त्र-पदोंके द्वारा अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय, साधु तथा आत्माके स्वरूपका विचारना पदस्थ ध्यान है। किसी नियत स्थान—नासिकाग्र या भृकुटिके मध्यमें णमोकार मन्त्रको विराजमान कर उसको देखते हुए चित्तको जमाना तथा उस मन्त्रके स्वरूपका चिन्तन करना चाहिए। इस ध्यानका सरल और साध्य उपाय यह है कि हृदयमें आठ पत्तोंके कमलका चिन्तन करे। इस आठो पत्तों—दलोमेंसे पाँच पत्तोंपर क्रमशः '**णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आयरियाणं, णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्वसाहूणं**।' इन पाँच पदोंको तथा शेष तीन पत्तोंपर क्रमश '**सम्यग्दर्शनाय नमः, सम्यग्ज्ञानाय नमः. सम्यक्चारित्राय नमः**' इन तीन पदोंको और कर्णिकापर '**सम्यक् तपसे नम**' इस पदको लिखा हुआ सोचे। इस प्रकार प्रत्येक पत्ते पर लिखे हुए मन्त्रोंका ध्यान जितने समय तक कर सके, करे।

**रूपस्थ**—अरिहंत भगवान्के स्वरूपका विचार करे कि भगवान् समवशरणमें द्वादश सभाओंके मध्यमें ध्यानस्थ विराजमान हैं। अथवा ध्यानस्थ प्रभु-मुद्राका ध्यान करे।

**रूपातीत**—सिद्धोंके गुणोंका विचार करे कि सिद्ध अमूर्तिक, चैतन्य, पुरुषाकार, कृतकृत्य, परमशान्त, निष्कलंक, अष्टकर्म रहित, सम्यक्त्वादि आठ गुण सहित, निर्लिप्त, निर्विकार एव लोकाग्रमें विराजमान हैं। पश्चात् अपने आपको सिद्ध स्वरूप समझकर लीन हो जाना रूपातीत ध्यान है।

**शुक्लध्यान**—जो ध्यान उज्ज्वल सफेद रगके समान अत्यन्त निर्मल और निर्विकार होता है उसे शुक्लध्यान कहते है। इसके चार भेद है—पृथक्त्ववितर्क वीचार, एकत्ववितर्क अवीचार, सूक्ष्म क्रियाप्रतिपाति और व्युपरतक्रियानिवृत्ति।

**ध्याता**—ध्यान करनेवाला ध्याता होता है। आत्मविकासकी दृष्टिसे ध्याता १४ गुणस्थानोंमे रहनेवाले जीव है, अत इसके १४ भेद हैं। पहले गुणस्थानमे आर्त्तध्यान या रौद्र ध्यान ही होता है। चौथे गुणस्थानमें धर्मध्यान होता है।

**ध्येय**—ध्यानके स्वरूपका कथन करते समय ध्येयके स्वरूपका प्रायः विवेचन किया जा चुका है। ध्येयके चार भेद है—नाम, स्थापना, द्रव्य और भाव। णमोकार मन्त्र नाम ध्येय है। तीर्थंकरोकी मूर्तियाँ स्थापना ध्येय हैं। अरिहत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु ये पंचपरमेष्ठी द्रव्य ध्येय है और इनके गुण भाव ध्येय है। यो तो सभी शुद्धात्माएँ ध्येय हो सकती है। जिस साध्यको प्राप्त करना है, वह साध्य ध्येय होता है।

योगशास्त्रके इस सक्षिप्त विवेचनके प्रकाशमे हम पाते हैं कि णमोकारका योगके साथ घनिष्ठ सम्बन्ध है। योगकी क्रियाओंका इसी मन्त्रराजकी साधना करनेके लिए विधान किया गया है। जैनाम्नायमे प्रधान स्थान ध्यानको दिया गया है। योगके आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार-क्रियाएँ शरीरको स्थिर करती है। साधक इन क्रियाओंके अभ्यास-द्वारा णमोकार मन्त्रका साधनाके योग्य अपने शरीरको बनाता है। धारणा-द्वारा मनकी क्रियाको आधीन करता है। तात्पर्य यह है कि योगो—मन, वचन, कायको स्थिर करनेके लिए योगाभ्यास करना पडता है। इन तीनो योगोकी क्रिया तभी स्थिर होती है, जब साधक आरम्भिक साधनाके द्वारा अपनेको इस योग्य बना लेता है। इस विषयके स्पष्टीकरणके लिए गणितका गति-नियामक सिद्धान्त अधिक उपयोगी होगा। गणितशास्त्रमे आया है कि किसी भी गतिमान् पदार्थको स्थिर करनेके लिए उसे तीन लम्बसूत्रो-द्वारा स्थिर करना पडता है। इन तीन सूत्रोसे आबद्ध करनेपर उसकी गति स्थिर हो जाती है। उदाहरणके लिए यो कहा जा सकता है कि वायुके द्वारा नाचते हुए बिजलीके बल्बको यदि स्थिर करना हो तो उसे तीन सम सूत्रोंके द्वारा आबद्ध कर देना होगा। क्योकि वायु या अन्य किसी भी प्रकारके धक्केको

रोकनेके लिए चौथे सूत्रसे आबद्ध करनेकी आवश्यकता नही होगी। इसी प्रकार णमोकार मन्त्रकी स्थिर साधना करनेके लिए साधकको अपनी त्रिसूत्र रूप मन, वचन और कायकी क्रियाको अवरुद्ध करना पडेगा। इसीके लिए आसन, प्राणायाम और प्रत्याहारको आवश्यकता है। मनके स्थिर करनेसे ही ध्यानकी क्रिया निर्विघ्नतया चल सकती है।

**ध्यान करनेका विषय**—ध्येय णमोकार मन्त्रसे बढकर और कोई पदार्थ नही हो सकता है। पूर्वोक्त नाम, स्थापना, द्रव्य और भाव इन चारो प्रकारके ध्येयो-द्वारा णमोकारमन्त्रका ही विधान किया गया है। साधक इस मन्त्रकी आराधना-द्वारा अनात्मिक भावोको दूर कर आत्मिक भावोंका विकास करता जाता है और गुणस्थानारोहण कर निर्विकल्प समाधिके पहले तक इस मन्त्रका या इस मन्त्रमे वर्णित पञ्चपरमेष्ठीका अथवा उनके गुणोंका ध्यान करता हुआ आगे बढता रहता है। ज्ञानार्णवमे बताया गया है—

**गुरुपञ्चनमस्कारलक्षणं मन्त्रमूर्जितम्।**
**विचिन्तयेज्जगज्जन्तुपवित्रीकरणक्षमम्॥**
**अनेनैव विशुद्धयन्ति जन्तवः पापपङ्किलाः।**
**अनेनैव विमुच्यन्ते भवक्लेशान्मनीषिणः॥**

**—ज्ञानार्णव प्र० ३८, श्लो० ३८, ४३**

अर्थात्—णमोकार जो कि पञ्चपरमेष्ठी नमस्कार रूप है, जगत्के जीवको पवित्र करनेमे समर्थ है। इसी मन्त्रके ध्यानसे प्राणी पापसे छूटते है तथा बुद्धिमान् व्यक्ति संसारके कष्टोसे भी। इसी मन्त्रकी आराधना-द्वारा सुख प्राप्त करते है। यह ध्यानका प्रधान विषय है। हृदय-कमलमें इसका जप करनेसे चित्त शुद्ध होता है।

जाप तीन प्रकारसे किया जाता है—वाचक, उपांशु और मानस। वाचक जापमे शब्दोका उच्चारण किया जाता है अर्थात् मन्त्रको मुँहसे बोल-बोलकर जाप किया जाता है। उपांशुमे भीतरसे शब्दोच्चारणकी क्रिया होती है, पर कण्ठ-स्थानपर मन्त्रके शब्द गूँजते रहते है किन्तु मुखसे नही निकल

पाते। इस विधिमें शब्दोच्चारणकी क्रियाके लिए बाहरी और भीतरी प्रयास किया जाता है, परन्तु शब्द भीतर-ही-भीतर गूँजते रहते है, बाहर प्रकट नही हो पाते। मानस जापमे बाहरी और भीतरी शब्दोच्चारणका प्रयास रुक जाता है, हृदयमें णमोकार मन्त्रका चिन्तन होता रहता है। यही क्रिया ध्यानका रूप धारण करती है। यशस्तिलकचम्पूमे इसका स्पष्टीकरण करते हुए कहा गया है—

**वचसा वा मनसा वा कार्यो जाप्यः सव्याहितस्वान्ते।**
**शतगुणमाद्ये पुण्ये सहस्रसंख्यं द्वितीये तु॥**

—य० भा० २ पृ० ३८

वाचक जापसे उपाशुमें शतगुणा पुण्य और उपांशु जापकी अपेक्षा मानसजापमे सहस्रगुणा पुण्य होता है। मानस जाप ही ध्यानका रूप है, यह अन्तर्जल्परहित मौन रूप होता है। बृहद्द्रव्यसंग्रहमे बताया गया है "**एतेषां पदानां सर्वमन्त्रवादपदेषु मध्ये सारभूतानां इहलोकपरलोकेष्ट-फलप्रदानामर्थं ज्ञात्वा पश्चादनन्तज्ञानादिगुणस्मरणरूपेण वचनोच्चारणेन च जापं कुरुत। तथैव शुभोपयोगरूपत्रिगुप्तावस्थायां मौनेन ध्यायत।**" अर्थात्—सब मन्त्रशास्त्रके पदोमें सारभूत और इस लोक तथा परलोकमे इष्ट फलको देनेवाले परमेष्ठी वाचक पञ्च पदोका अर्थ जानकर, पुनः अनन्तज्ञानादि गुणोके स्मरणरूप वचनका उच्चारण करके जप करना चाहिए और इसी प्रकार शुभोपयोगरूप इस मन्त्रका मन, वचन और काय गुप्तिको रोककर मौन-द्वारा ध्यान करना चाहिए। सर्वभूतहितरत, अचिन्त्यचरित्र ज्ञानामृतपयःपूर्ण तीनों लोकोको पवित्र करनेवाले, दिव्य निर्विकार, निरजन विशुद्ध ज्ञान लोचनके धारक, नवकेवललब्धियोंके स्वामी, अष्टमहाप्रातिहार्योंसे विभूषित स्वयम्बुद्ध अरिहत परमेष्ठीका ध्यान भी किया जाता है, अथवा सामूहिक रूपमे पञ्चपरमेष्ठीका मौन चिन्तन भी ध्यानका रूप ग्रहण कर लेता है।

पदस्थ और रूपस्थ दोनो प्रकारके ध्यानोमें इस महामन्त्रके स्मरण

द्वारा ही आत्माकी सिद्धि की जाती है; क्योंकि महामन्त्र और शुद्धात्मामें कोई अन्तर नहीं है। शुद्धात्माका वर्णन ही महामन्त्रमें है और उसीके ध्यानसे निर्विकल्प समाधिकी प्राप्ति होती है। अतः ध्यानका दृढ अभ्यास हो जानेपर साधकको यह अनुभव करना आवश्यक है कि मैं परमात्मा हूँ, सर्वज्ञ हूँ, मैं ही साध्य हूँ, मैं ही सिद्ध हूँ, सर्वज्ञाता और सर्वदर्शी भी मैं ही हूँ। मैं सत्, चित् आनन्दरूप हूँ, अज हूँ, निरंजन हूँ। इस प्रकार चिन्तन करता हुआ साधक जब समस्त संकल्प-विकल्पोसे विमुक्त हो अपने आपमें विलीन हो जाता है, तब उसे निर्विकल्प ध्यान या परम समाधिकी प्राप्ति होती है।

हेमचन्द्राचार्यने अपने योगशास्त्रमें योगाङ्गोके साथ णमोकार मन्त्रका सम्बन्ध दिखलाते हुए बतलाया है कि योगाभ्यास-द्वारा शरीर और मनकी क्रियाओंका नियन्त्रण कर आत्माको ध्यानके मार्गमें ले जाना चाहिए। साधक सविकल्प समाधिकी अवस्थामें इस अनादिसिद्ध मन्त्रके ध्यानसे अन्तः आत्माको पवित्र करता है। पञ्चपरमेष्ठीके तुल्य शुद्ध होकर निर्वाण मार्ग-का आश्रय लेता है। बताया गया है—

ध्यायतोऽनादिसंसिद्धान् वर्णानेतान् यथाविधिः।
नष्टादिविषये ज्ञानं ध्यातुरुत्पद्यते क्षणात्॥
तथा पुण्यतमं मन्त्रं जगत्त्रितयपावनम्।
योगी पञ्चपरमेष्ठीनमस्कारं विचिन्तयेत्॥
विशुद्धया चिन्तयंस्तस्य शतमष्टोत्तरं मुनिः।
भुञ्जानोऽपि लभेतैव चतुर्थतपसः फलम्॥
एनमेव महामन्त्रं समाराध्येह योगिनः।
त्रिलोक्यापि महीयन्तेऽधिगताः परमां श्रियम्॥

अर्थात्—अनादि सिद्ध णमोकार मन्त्रके वर्णोका ध्यान करनेसे साधक-को नष्टादि विषयका ज्ञान क्षणभरमें हो जाता है। यह मन्त्र तीनों लोकोके जीवोको पवित्र करता है। इसके ध्यानसे—अन्तर्जल्परहित चिन्तनसे

आत्मामें अपूर्व शक्ति आती है। नित्य मन, वचन और कायकी शुद्धि-पूर्वक इस मन्त्रका १०८ बार ध्यान करनेसे भोजन करनेपर भी चतुर्थो-पवास—प्रोषधोपवासका फल प्राप्त होता है। योगी व्यक्ति इस मन्त्रकी आराधनासे अनेक प्रकारकी सिद्धियोको प्राप्त होता है तथा तीनों लोकोंमें पूज्य हो जाता है।

णमोकार मन्त्रकी सभी मात्राएँ अत्यन्त पवित्र हैं, इन मात्राओंमेंसे किसी मात्राका तथा णमोकार मन्त्रके ३५ अक्षरो और पाँच पदोमेसे किसी अक्षर और पदका अथवा इन अक्षरो, पदो और मात्राओके संयोगसे उत्पन्न अक्षर, पदो और मात्राओका जो ध्यान करता है, वह सिद्धिको प्राप्त होता है। ध्यानके अवलम्बन णमोकार मन्त्रके अक्षर, पद और ध्वनियाँ ही हैं। जब तक साधक सविकल्प समाधिमे रहता है, तब तक उसके ध्यान-का अवलम्बन णमोकार ही होता है। हेमचन्द्राचार्यने पदस्थ ध्यानका वर्णन करते हुए बताया है—

**यत्पदानि पवित्राणि समालम्ब्य विधीयते।**
**तत्पदस्थं समाख्यातं ध्यानं सिद्धान्तपारगैः॥**

अर्थात्—पवित्र णमोकार मन्त्रके पदोका आलम्बन लेकर जो ध्यान किया जाता है, उसको पदस्थध्यान सिद्धान्तशास्त्रके ज्ञाताओने कहा है। रूपस्थ ध्यानमे अरिहन्तके स्वरूपका अथवा णमोकार मन्त्रके स्वरूपका चिन्तन करना चाहिए। रूपस्थ ध्यानमे आकृति विशेषका ध्यान करनेका विधान है। यह आकृति-विशेष पञ्चपरमेष्ठोकी होती है तथा विशेष रूपसे इसमे अरिहन्त भगवान्की मुद्राका ही आलम्बन किया जाता है।

रूपातीतमे ज्ञानावरणादि आठ कर्म और औदारिकादि पाँच शरीरोसे रहित, लोक और अलोकके ज्ञाता, द्रष्टा, पुरुषाकारक धारक, लोकाग्रपर विराजमान सिद्ध परमेष्ठी ध्यानके विषय है तथा णमोकार मन्त्रकी रूपाकृति रहित, उसका भाव या पञ्चपरमेष्ठीके अमूर्तिक गुण ध्यानका आलम्बन होते हैं। आचार्य नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्ती और शुभचन्द्रने रूपातीत

ध्यानमें अमूर्तिक अवलम्बन माना है तथा यह अमूर्तिक अवलम्बन णमोकार मन्त्रके पदोक्त गुणोंका होता है। हरिभद्रसूरिने अपने योगबिन्दु ग्रन्थमें "अक्षरद्वयमेतत् श्रूयमाणं विधानतः" इस श्लोककी स्वोपज्ञटीकामें योग-शास्त्रका सार णमोकार मन्त्रको बताया है। इस महामन्त्रकी आराधनासे समता भावकी प्राप्ति होती है तथा आत्मसिद्धि भी इसी मन्त्रके ध्यानसे आती है। अधिक क्या, इस मन्त्रके अक्षर स्वयं योग हैं। इसकी प्रत्येक मात्रा, प्रत्येक पद, प्रत्येक वर्ण अमितशक्तिसम्पन्न है। वह लिखते है— "अक्षरद्वयमपि किं पुनः पञ्चनमस्कारादीन्यनेकान्यक्षराणीत्यपिशब्दार्थः। एतत् 'योगः' इति शब्दलक्षणं श्रूयमाणमाकर्ण्यमानम्। तथाविधाऽर्थाऽनवबोधेऽपि 'विधानतो' विधानेन श्रद्धासंवेगादिशुद्धभावोल्लासकरकुड्मलयोजनादिलक्षणेन, गीतमुक्तं पापक्षयाय मिथ्यात्वमोहाद्यकुशलकर्मनिर्मूलनायोच्चैरित्यर्थम्"। अर्थात् ध्यान करनेके लिए ध्येय णमोकार मन्त्रके अक्षर, पद एव ध्वनियाँ हैं। इन्हींको योग भी कहा जाता है, यदि इन शब्दोंको सुनकर भी अर्थका बोध न हो तो भी श्रद्धा, संवेग और शुद्ध भावोल्लासपूर्वक हाथ जोड़कर इस मन्त्रका जाप करनेसे मिथ्यात्व, मोह आदि अशुभ कर्मोंका नाश होता है। इससे स्पष्ट है कि हरिभद्रसूरिने पञ्चपरमेष्ठी वाचक णमोकार मन्त्रके अक्षरोंको 'योग' कहा है। अतएव णमोकारमन्त्र स्वयं योगशास्त्र है, योगशास्त्रके सभी ग्रन्थोंका प्रणयन इस महामन्त्रको हृदयंगम करने तथा इसके ध्यान-द्वारा आत्माको पवित्र करनेके लिए हुआ है। 'योग' शब्दका अर्थ जो संयोग किया जाता है, उस दृष्टिसे णमोकार मन्त्रके अक्षरोंका संयोग—शुद्धात्माका चिन्तन कर अर्थात् शुद्धात्माओंसे अपना सम्बन्ध जोड़कर अपनी आत्माको शुद्ध बनाना है। 'धर्म व्यापार' को जब योग कहा जाता है, उस समय णमोकार मन्त्रोक्त शुद्धात्माके व्यापार—प्रयोग—ध्यान, चिन्तन-द्वारा अपनी आत्माको शुद्ध करना अभिप्रेत है। अतएव णमोकार मन्त्र और योगका प्रतिपाद्य-प्रतिपादकभाव सम्बन्ध है; क्योंकि आचार्योंने अभेद विवक्षासे णमोकारमन्त्रको योग कहा

है, इस दृष्टिसे योगका तादात्म्यभाव सम्बन्ध भी सिद्ध होता है। तथा भेद विवक्षासे णमोकार मन्त्रकी साधनाके लिए योगका विधान किया है। अर्थात् योग-क्रिया-द्वारा णमोकार मन्त्रकी साधना की जाती है, अतः इस अपेक्षासे योगको साधन और णमोकार मन्त्रको साध्य कहा जा सकता है। यम, *नियम, आसन, प्राणायाम और प्रत्यय इन पञ्चाङ्गो द्वारा णमोकार मन्त्रको* साधने योग्य शरीर और मनको एकाग्र किया जाता है। ध्यान और धारणा क्रिया-द्वारा मन, वचन और कायकी चञ्चलता बिलकुल रुक जाती है तथा साधक णमोकार मन्त्र रूप होकर सविकल्प समाधिको पार करनेके उपरान्त निर्विकल्प समाधिको प्राप्त होता है। जिस प्रकार रातमे समस्त बाहरी कोलाहलके रुक जानेपर रेडियोकी आवाज़ साफ सुनाई पडती है तथा दिनमे शब्द-लहरोपर बाहरी वातावरणका घात-प्रतिघात होता रहता है, अतः आवाज़ साफ सुनाई नही पडती है। पर रातमे शब्द-लहरोपरसे आघात छूट जानेपर स्पष्ट आवाज सुनाई पडने लगती है। इसी प्रकार जब तक हमारे मन, वचन और काय स्थिर नही होते हैं, तब तक णमोकार मन्त्र-की साधनामें आत्माको स्थिरता प्राप्त नही होती है, किन्तु उक्त तीनो— मन, वचन और कायके स्थिर होते ही साधनामे निश्चलता आ जाती है। इसी कारण कहा गया है कि साधकको ध्यान-सिद्धिके लिए चित्तकी स्थिरता रखनी परम आवश्यक है। मनकी चञ्चलतामे ध्यान बनता नही। अतः मनोनुकूल स्त्री, वस्त्र, भोजनादि इष्ट पदार्थोंमे मोह न करो, राग न करो और मनके प्रतिकूल पडनेवाले सर्प, विष, कंटक, शत्रु, व्याधि आदि अनिष्ट पदार्थोंमे द्वेष मत करो, क्योकि इन इष्ट-अनिष्ट पदार्थोंमे राग-द्वेष करनेसे मन चञ्चल होता है और मनके चञ्चल रहनेसे निर्विकल्प समाधिरूप ध्यानका होना संभव नही। आचार्य नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्तीने इसी बातको स्पष्ट किया है—

मा मुज्झह मा रज्जह मा दूसह इट्ठणिट्ठट्ठेसु।
थिरमिच्छइ जइ चित्तं विचित्तज्झाणप्पसिद्धीए ॥

णमोकार मन्त्रका बार-बार स्मरण, चिन्तन करनेसे मस्तिष्कमें स्मृति-चिह्न ( Memory Trace ) बन जाते हैं, जिससे इस मन्त्रकी धारणा ( Retaining ) हो जानेसे व्यक्ति अपने मनको आत्म चिन्तनमें लगा सकता है। अभिरुचि, अर्थ, अभ्यास, अभिप्राय, जिज्ञासा और मनोवृत्तिके कारण ध्यानमें मजबूती आती है। जब ध्येयके प्रति अभिरुचि उत्पन्न हो जाती है तथा ध्येयका अर्थ अवगत हो जाता है और उस अर्थको बार-बार हृदयंगम करनेकी जिज्ञासा और मनोवृत्ति बन जाती है, तब ध्यानकी क्रिया पूर्णताको प्राप्त हो जाती है। अतएव योग-मार्गके द्वारा णमोकार मन्त्रकी साधनामें सहायता प्राप्त होती है। इस मार्गकी अनभिज्ञतामें व्यक्तिको ध्येय वस्तुके प्रति अभिरुचि, अर्थ, अभ्यास आदिका आविर्भाव नहीं हो पाता है। अतः णमोकार मन्त्रकी साधना योग-द्वारा करना चाहिए।

**आगम-साहित्य और णमोकारमन्त्र**

आगम साहित्यको श्रुतज्ञान कहा जाता है। णमोकार मन्त्रमें समस्त श्रुतज्ञान है तथा यह समस्त आगमका सार है। दिगम्बर, श्वेताम्बर और स्थानकवासी इन तीनों ही सम्प्रदायके आगममें णमोकार महामन्त्रके सम्बन्धमें बहुत कुछ पाया जाता है। आचारांग, सूत्रकृतांग, स्थानांग आदि नाम द्वादशांगके तीनों ही सम्प्रदायमें एक हैं। दिगम्बर सम्प्रदायमें १४ अंग बाह्य तथा ४ अनुयोग प्रमाणभूत; श्वेताम्बर सम्प्रदायमें ३४ अंग बाह्य—१२ उपांग, १० प्रकीर्णक, ६ छेदसूत्र, ४ मूलसूत्र और दो चूलिका सूत्र प्रमाणभूत एवं स्थानकवासी सम्प्रदायमें २१ अंग बाह्य, १२ उपांग, ४ छेदसूत्र, ४ मूलसूत्र और १ आवश्यक प्रमाणभूत माने गये हैं। इन सभी आगम ग्रन्थोंमें णमोकारका व्याख्यान, उत्पत्ति, निक्षेप, पद, पदार्थ, प्ररूपणा, वस्तु, आक्षेप, प्रसिद्धि, क्रम, प्रयोजन और फल इन दृष्टिकोणोंसे किया गया है।

उत्पत्ति द्वारमें नयोंका अवलम्बन लेकर णमोकारमन्त्रकी उत्पत्ति और अनुत्पत्ति—नित्यानित्यत्वका विस्तारसे विचार किया गया है। क्योंकि

वस्तुके स्वरूपका वास्तविक विवेचन नय और प्रमाणके बिना हो नही सकता। नयके जैनागममें सात भेद हैं—नैगम, संग्रह, व्यवहार, ऋजुसूत्र, शब्द, समभिरूढ और एवभूत। सामान्यसे नयके द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक ये दो भेद किये जाते है। द्रव्यको प्रधान रूपसे विषय करनेवाला नय द्रव्यार्थिक और पर्यायको प्रधानत. विषय करनेवाला पर्यायार्थिक कहा जाता है। पूर्वोक्त सातो नयोमेसे नैगम, संग्रह और व्यवहार ये तीन भेद द्रव्यार्थिकके और ऋजुसूत्र, शब्द, समभिरूढ और एवभूत पर्यायार्थिक नयके भेद है। सातो नयोकी अपेक्षासे इस महामन्त्रको उत्पत्ति और अनुत्पत्तिके सम्बन्धमे विचार करते हुए कहा जाता है कि द्रव्यार्थिक नयकी अपेक्षा यह मन्त्र नित्य है। शब्द रूप पुद्गलवर्गणाएँ नित्य हैं, उनका कभी विनाश नहीं होता है। कहा भी है—

उप्पणाऽणुप्पणो इत्थ नया णोगमस्सऽणुप्पण्णो।
सेसाणं उप्पण्णो जइ कत्तो तिविह सामित्ता॥

अर्थात्—नैगमनकी अपेक्षा यह णमोकार मन्त्र अनुत्पन्न—नित्य है। सामान्य मात्र विषयको ग्रहण करनेके कारण इस नयका विषय ध्रौव्यमात्र है। उत्पाद और व्ययको यह नही ग्रहण करता, अतएव इस नयकी अपेक्षासे यह मन्त्र नित्य है। विशेष पर्यायको ग्रहण करनेवाले नयोकी अपेक्षासे यह मन्त्र उत्पाद-व्ययसे युक्त है। क्योकि इस महामन्त्रकी उत्पत्तिके हेतु समुत्थान, वचन और लब्धि ये तीन है। णमोकारमन्त्रका धारण सशरीरी प्राणी करता है और शरीरकी प्राप्ति अनादिकालसे बीजाकुर न्यायसे होती आ रही है तथा प्रत्येक जन्ममे भिन्न-भिन्न शरीर होते है, अत. वर्तमान जन्मके शरीरकी अपेक्षा णमोकारमन्त्र सादि और सोत्पत्तिक है। इस मन्त्रको प्राप्ति गुरुवचनोसे होती है, अत उत्पत्तिवाला होनेसे सादि है। इस महामन्त्रकी प्राप्ति योग्य श्रुतज्ञानावरण कर्मका क्षयोपशम होनेपर ही होती है, इस अपेक्षासे यह मन्त्र उत्पाद व्ययवाला प्रमाणित होता है।

उपर्युक्त विवेचनसे सिद्ध होता है कि नैगम, संग्रह और व्यवहार नयकी

अपेक्षा यह मन्त्र नित्य, अनित्य दोनो प्रकारका है। ऋजुसूत्र नयकी अपेक्षा इस महामन्त्रकी उत्पत्तिमें वचन—उपदेश और लब्धि ज्ञानावरणीय और वीर्यान्तिरायकर्मका क्षयोपशम विशेष कारण है तथा शब्दादि नयकी अपेक्षा केवललब्धि ही कारण है। इन पर्यायार्थिक नयोकी अपेक्षासे यह णमोकार-मन्त्र उत्पाद-व्ययात्मक है। कहा भी गया है—

**"आद्यनैगमः सत्तामात्रग्राही, ततस्तस्याद्यनैगमस्य मतेन सर्ववस्तु नाभूतं नाविद्यमानं किन्तु सर्वदैव सर्वं सदेव। अतः आद्यं नैगमस्य, स नमस्कारो नित्य एव वस्तुत्वात् नभोवत्।"**

शब्द और अर्थकी अपेक्षासे भी यह णमोकारमन्त्र नित्यानित्यात्मक है। शब्द नित्य और अनित्य दोनो प्रकारके होते हैं। अतः सर्वथा शब्दोको नित्य माना जायँ तो सभी स्थानोपर शब्दोके श्रवणका प्रसंग आवेगा और अनित्य माना जाय तो नित्य सुमेरु, चन्द्र, सूर्य आदिका संकेत शब्दसे नही हो सकेगा। अत पौद्‌गलिक शब्द-वर्गणाएँ नित्य हैं यथा व्यवहारमें आनेवाले शब्द अनित्य हैं। शब्दोके नित्यानित्यात्मक होनेसे णमोकार मन्त्र भी नित्यानित्यात्मक है। अर्थकी दृष्टिसे यह नित्य है, क्योकि इसका अर्थ वस्तु-रूप है और वस्तु अनादिकालसे अपने स्वरूपमें अवस्थित चली आ रही है और अनन्तकाल तक अवस्थित चली जायगी। सामान्य विशेषात्मक वस्तुका ग्रहण और विवेचन नेय तथा प्रमाणके द्वारा ही हो सकता है। प्रमाण-

---

**१. अनभिनिर्वृत्तार्थसंकल्पमात्रग्राही नैगमः। स्वजात्यविरोधेनैकध्यमुपनीय पर्यायानाक्रान्तभेदानविशेषेण समस्तग्रहणात्संग्रहः। संग्रहनयाक्षिप्तानामर्थानां विधिपूर्वकमवहरणं व्यवहारः। ऋजुं प्रगुणं सूत्रयति तन्त्रयति इति ऋजुसूत्रः। लिङ्गसंख्यासाधनादिव्यभिचारनिवृत्तिपरः शब्दनयः। नानार्थसमभिरोहणात् समभिरूढ़.। येनात्मना भूतस्तेनैवाध्यवसाययतीत्येवम्भूतः। अथवा येनात्मना येन ज्ञानेन भूतः परिणतस्तेनैवाध्यवसाययति।**

**—सर्वार्थसिद्धि पृ० ८४-८७**

नयात्मक वस्तु उत्पादव्यय-ध्रौव्यात्मक हुआ करती है और उत्पाद-व्यय ध्रौव्यात्मक ही वस्तु नित्यानित्य कही जाती है।

**निक्षेप**—अर्थ-विस्तारको निक्षेप कहते है। निक्षेप-विस्तारमें णमोकार मन्त्रके अर्थका विस्तार किया जाता है। निक्षेपके चार भेद है—नाम, स्थापना, द्रव्य और भाव। णमोकार मन्त्रका भी नाम नमस्कार, स्थापना नमस्कार, द्रव्य नमस्कार और भाव नमस्कार इन चार अर्थोंमें प्रयोग होता है। 'नमः' कह कर अक्षरोका उच्चारण करना नाम नमस्कार और मूर्त्ति, चित्र आदिमे पञ्चपरमेष्ठीकी स्थापना कर नमस्कार करना स्थापना नमस्कार है। द्रव्य नमस्कारके दो भेद हैं—आगम द्रव्य नमस्कार और नोआगम द्रव्य नमस्कार। उपयोग रहित 'नमः' इस शब्दका प्रयोग करना आगम नमस्कार और उपयोग सहित नमस्कार करना नोआगम नमस्कार होता है। इसके तीन भेद है—ज्ञायक, भाव्य और तद्व्यतिरिक्त। भाव नमस्कारके भी दो भेद है—आगम भाव नमस्कार और नोआगमभाव नमस्कार। णमोकार मन्त्रका अर्थज्ञाता, उपयोगवान् आत्मा आगम भाव नमस्कार और उपयोग सहित **'णमो अरिहंताणं'** इन वचनोका उच्चारण तथा हाथ, पाँव, मस्तक आदिकी नमस्कार सम्बन्धी क्रियाको करना नोआगम भाव नमस्कार है। इस प्रकार निक्षेप-द्वारा णमोकार मन्त्रके अर्थका आशय हृदयगम किया जाता है।[1]

**पद-द्वार**—**"पद्यते गम्यतेऽर्थोऽनेनेति पदम्"** अर्थात् जिसके द्वारा अर्थ-बोध हो, उसे पद कहते है। इसके पाँच भेद है—नामिक, नैपातिक, औपसर्गिक, आख्यातिक और मिश्र। सज्ञावाचक प्रत्ययोसे सिद्ध होनेवाले शब्द नामिक कहे जाते है, जैसे अश्व, घट आदि। अव्ययवाची शब्द नैपातिक कहे जाते हैं, जैसे खलु, ननु, च आदि। उपसर्ग वाचक प्रत्ययोको शब्दोके पहले जोड देनेसे जो नवीन शब्द बनते है, वे औपसर्गिक कहे जाते

---

**१. विशेषके लिए देखें, धवलाटीका प्रथम पुस्तक पृ० ८-६०।**

हैं। जैसे परिगच्छति, परिधावति। क्रियावाचक धातुओंसे निष्पन्न होनेवाले शब्द आख्यातिक कहलाते हैं, जैसे धावति, गच्छति आदि। कृदन्त—कृत् प्रत्यय और तद्धित प्रत्ययोंसे निष्पन्न शब्द मिश्र कहे जाते हैं, जैसे नायकः, पावकः, जैनः, संयतः आदि। पद-द्वारका प्रयोजन णमोकार मन्त्रमें प्रयुक्त शब्दोंका वर्गीकरण कर उनके अर्थका अवधारण करना है—शब्दोंकी निष्पत्तिको ध्यानमें रखकर नैपातिक प्रभृति शब्दोंका अर्थ एवं उनका रहस्य अवगत करना ही इस द्वारका उद्देश्य है। कहा गया है—"**निपतत्यर्हदादिपदानामादिपर्यन्तयोरिति निपातः, निपातादागतं तेन वा निर्वृत्तं स एव वा स्वार्थिकप्रत्ययविधान्नैपातिकम्—नमः इति पदम्**"। तात्पर्य यह है कि णमोकार मन्त्रके पदोंकी प्रकृति और प्रत्ययकी दृष्टिसे व्याख्या करना पद-द्वार है। इस द्वारकी उपयोगिता शब्दोंकी शक्तिको अवगत करनेमें है। शब्दोंमें नैसर्गिक शक्ति पायी जाती है और इस शक्तिका बोध इसी द्वारके द्वारा सम्भव है। जबतक शब्दोंका व्याकरणके प्रकृति-प्रत्ययकी दृष्टिसे वर्गीकरण नहीं किया जाता है, तबतक यथार्थ रूपमें शब्द-शक्तिका बोध नहीं हो सकता। णमोकार मन्त्रके समस्त पद कितने शक्तिशाली हैं तथा पृथक्-पृथक् पदोंमें कितनी शक्ति है और इन पदोंकी शक्तिका उपयोग आत्मकल्याणके लिए किस प्रकार किया जा सकता है? आत्माकी कर्मावरणके कारण अवरुद्ध शक्ति किस प्रकार इस महामन्त्रकी शक्तिके द्वारा प्रस्फुटित हो सकती है? आदि बातोंका विचार इस पद-द्वारमें होता है। यह केवल शब्दोंकी रचना या उस रचना द्वारा सम्पन्न व्युत्पत्तिका ही प्रदर्शन नहीं करता, बल्कि इस मन्त्रकी पद, अक्षर और ध्वनि शक्तिका विश्लेषण करता है।

**पदार्थद्वार**—द्रव्य और भावपूर्वक णमोकार मन्त्रके पदोंकी व्याख्या करना पदार्थद्वार है। "**इह नमोऽर्हद्भ्यः, इत्यादिषु यत् नमः इति पदं तस्य नम इति पदस्यार्थः पदार्थः, स च पूजालक्षणः, स च कः? इत्याह द्रव्यसंकोचनं भावसंकोचनं च। तत्र द्रव्यसंकोचनं करशिरःपदादि-**

संकोचः। भावसंकोचनं तु विशुद्धस्य मनसोऽर्हदादिगुणेषु निवेशः।" अर्थात् 'नमः अर्हद्‍भ्यः' इत्यादि पदोमें नम. शब्द पूजार्थक है। पूजा दो प्रकारसे सम्पन्न की जाती है—द्रव्य-संकोच और भाव-संकोच द्वारा। द्रव्य-संकोचसे अभिप्राय है हाथ, सिर आदिका झुकाना—नम्रीभूत करना और भाव-संकोचका तात्पर्य भगवान् अरिहन्तके गुणोमें मनको लगाना। द्रव्य-संकोच और भाव-संकोचके संयोगी चार भंग होते है —[१] द्रव्य-संकोच न भाव-संकोच, [२] भाव-संकोच न द्रव्य-संकोच, [३] द्रव्य-संकोच भाव-संकोच और [४] न द्रव्य-संकोच न भाव-संकोच। हाथ, सिर आदिको नम्र करना, किन्तु भीतरी अन्तरंग परिणतिमें नम्रताका न आना अर्थात् अन्तरंग परिणामोमें श्रद्धाभावका अभाव हो और ऊपरसे श्रद्धा प्रकट करना यह प्रथम भंगका अर्थ है। दूसरे भंगके अनुसार भीतर परिणामोमें श्रद्धाभाव रहे, किन्तु ऊपर श्रद्धा न दिखलाना। फलतः नमस्कार करते समय भीतर श्रद्धा रहनेपर भी; हाथ न जोड़ना और सिरको न झुकाना। तृतीय भंगका अर्थ है कि भीतर भी श्रद्धा हो और ऊपरसे भी हाथ जोड़ना, सिर झुकाना आदि नमस्कारकी क्रियाओको सम्पन्न करें। चौथे भंगका अर्थ है कि भीतर भी श्रद्धाकी कमी और ऊपर भी नमस्कार-सम्बन्धी क्रियाओंका अभाव रहे।

पदार्थद्वारका तात्पर्य यह है कि द्रव्यभाव शुद्धिपूर्वक णमोकार मन्त्रका स्मरण, मनन और जप करना। श्रद्धापूर्वक पञ्चपरमेष्ठीकी शरणमे जाने तथा शरणसूचक शारीरिक क्रियाओके सम्पन्न करनेसे ही आत्मामें शक्तिका जागरण होता है। कर्माविष्ट आत्मा शुद्धात्माओको द्रव्य भावकी शुद्धि पूर्वक नमस्कार करनेसे उनके आदर्शसे तद्रूप बनती है।

**प्ररूपणाद्वार**—वाच्य-वाचक प्रतिपाद्य-प्रतिपादक विषय-विषयी भावकी दृष्टिसे णमोकार मन्त्रके पदोका व्याख्यान करना प्ररूपणाद्वार है। इसमें किं, कस्य, केन, क्व, कियत्काल और कतिविध इन छ. प्रश्नोका अर्थात् निर्देश, स्वामित्व, साधन, अधिकरण, स्थिति और विधानका समाधान

किया जाता है। सबसे पहले यह प्रश्न उत्पन्न होता है कि णमोकारमन्त्र क्या वस्तु है? जीव है या अजीव? जीव-अजीवमे भी द्रव्य है या गुण? नैगम आदि नयोंकी अपेक्षा जीव ही णमोकार है; क्योंकि ज्ञानमय जीव होता है और णमोकार श्रुतज्ञानमय है। अतएव पञ्चपरमेष्ठी वाचक णमोकारमन्त्र जीव है। इसकी रूपाकृति—शब्दोको अजीव कहा जा सकता है; पर भाव जो कि ज्ञानमय है, जीवस्वरूप है। द्रव्य और गुणके प्रश्नोंमें गुणोका समुदाय द्रव्य होता है तथा द्रव्य और गुणमे कथञ्चित् भेदाभेदात्मक सम्बन्ध है, अत णमोकार मन्त्र कथञ्चित् द्रव्यात्मक और कथञ्चित् गुणात्मक है।

यह नमस्कार किसको किया जाता है, इस प्रश्नका उत्तर यह है कि यह नमस्कार पूज्य—नमस्कार करने योग्योको किया जाता है। पूज्य जीव और अजीव दोनो हो सकते है। जीवमे अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु तथा अजीवमे इनकी प्रतिमाएँ नमस्कार्य होती हैं।

'केन' किस प्रकार णमोकार मन्त्रकी उपलब्धि होती है, इस प्ररूपणामें निर्युक्तिकारने बताया है कि जबतक अन्तरंगमें क्षयोपशमकी वृद्धि नही होती है, इस मन्त्रपर आस्था नही उत्पन्न हो सकती है। कहा है—

**णाणाऽऽवरणिज्जस्स य, दंसणमोहस्स जो खओवसमो।**
**जीवमजीवे अट्ठसु भंगेसु य होइ सव्वत्थ ॥२८६३॥**

अर्थात्—जीवको ज्ञानावरणादि आठो कर्मोमेसे—मतिज्ञानावरण, श्रुतज्ञानावरण कर्मके क्षयोपशमके साथ मोहनीयकर्मका क्षयोपशम होनेपर णमोकार मन्त्रकी प्राप्ति होती हैं। णमोकार मन्त्र श्रुतज्ञानरूप होता हैं और श्रुतज्ञान मतिज्ञानपूर्वक ही होता है, अत मतिज्ञानावरण कर्मके क्षयोपशमके साथ, मोहनीय कर्मका क्षयोपशम भी होना आवश्यक है। क्योंकि आत्मस्वरूपके प्रति आस्था मिथ्यात्व कर्मके अभावमे ही होती है। अनन्तानुबन्धी क्रोध, मान, माया और लोभके विसंयोजनके साथ मिथ्यात्वका क्षय, उपशम या क्षयोपशम होना इस मन्त्रकी उपलब्धिके लिए आवश्यक है।

इस महामन्त्रकी उपलब्धिमें अन्तरायकर्मका क्षयोपशम भी एक कारण है। यतः भीतरी योग्यताके प्रकट होनेपर ही इस महामन्त्रकी उपलब्धि होती है।

**'क्व'** यह नमस्कार कहाँ होता है ? इसका आधार क्या है ? इस प्रश्नका उत्तर यह है कि यह नमस्कार जीवमें, अजीवमें, जीव-अजीवमें, जीव-अजीवोंमें, अजीव-जीवोंमें, जीवो-अजीवोंमें, जीवोंमें और अजीवोंमें कथञ्चिद्‌भेदाभेदात्मकता होनेके कारण होता है। क्योंकी भिन्न-भिन्न दृष्टियाँ होनेके कारण उपर्युक्त आठ भंगोमेंसे कभी एक भंग आधार, कभी दो भंग आधार, कभी तीन भंग आधार और कभी इससे अधिक भग आधार होते हैं।

**'कियत्कालं'** नमस्कार कितने समय तक होता है, इस प्रश्नका समाधान करते हुए बताया गया है कि उपयोगकी अपेक्षासे नमस्कारका उत्कृष्ट और जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है। कर्मावरण क्षयोपशमरूप लब्धिका जघन्यकाल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्टकाल ६६ सागरसे अधिक होता है।

**'कतिविधो नमस्कारः'**—कितने प्रकारका नमस्कार होता है, इस प्ररूपणामे बताया गया है कि अरिहन्त, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु इन पाँचो पदोके पूर्वमे णमो—नम. शब्द पाया जाता है। अत. पाँच प्रकारका नमस्कार होता है। इस प्रकार इस प्ररूपणा-द्वारमे निर्देश, स्वामित्व, साधन, क्षेत्र, स्पर्शन, काल, अन्तर, भाव और अल्प-बहुत्वकी अपेक्षासे भी वर्णन किया गया है।

**वस्तुद्वार**—गुण-गुणीमें कथञ्चिद्‌भेदाभेदात्मकता होनेसे अरिहन्त, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु ये पाँचो परमेष्ठी ही नमस्कार करने योग्य वस्तु है। व्यक्ति रत्नत्रयरूप गुणोको इसलिए नमस्कार करता है कि गुणोंकी प्राप्ति उसे अभीष्ट होती है। संसार-अटवीसे पार होनेका एकमात्र साधन रत्नत्रय है, अतः गुण-गुणीमें भेदाभेदात्मकता होनेके कारण रत्नत्रय

गुणको तथा उनके धारण करनेवाले पञ्चपरमेष्ठियोको नमस्कार किया गया है। यही इस णमोकारमन्त्रकी वस्तु है।

**आक्षेपद्वार**—णमोकारमन्त्रके सम्बन्धमें कुछ शंकाएँ की गयी हैं। इन शंकाओंका विवरण ही इस द्वारमें किया गया है। बताया गया है कि सिद्ध और साधु इन दोनोको नमस्कार करनेसे काम चल सकता है, फिर पाँच शुद्धात्माओको नमस्कार क्यो किया गया है? क्योकि जीवन्मुक्त अरिहंतका सिद्धमें और न्यून रत्नत्रय गुणधारी आचार्य और उपाध्यायका साधुपरमेष्ठीमें अन्तर्भाव हो जाता है, अतः पञ्चपरमेष्ठीको नमस्कार करना उचित नहीं। यदि यह कहा जाय कि विशेष दृष्टिसे भिन्नत्वकी सूचना देनेके लिए नमस्कार किया है तो सिद्धोके अवगाहना, तीर्थ, लिंग, क्षेत्र, आदिकी अपेक्षासे अनेक भेद होते हैं तथा अरिहन्तोंके तीर्थंकर अरिहंत, सामान्य अरिहन्त आदि भी अनेक भेद है। इसी प्रकार आचार्य और उपाध्याय परमेष्ठीके भी अनेक भेद हो जाते है। इसी प्रकार सब परमेष्ठी अनन्त हो जायँगे, फिर इन्हें पाँच मानकर नमस्कार करना कैसे उपयुक्त कहा जायगा।

**प्रसिद्धिद्वार**—इस द्वारमे पूर्वोक्त द्वारमें आपादित शंकाओका निराकरण किया गया है। द्विविध नमस्कार नही किया जा सकता है; क्योकि अव्यापकपनेका दोष आयगा। सिद्ध कहनेसे अरिहन्तके समस्त गुणोका बोध नहीं होता है, इसी प्रकार साधु कहनेसे आचार्य और उपाध्यायके गुणोका भी ग्रहण नही होता है। अतएव सक्षेपसे द्विविध परमेष्ठीको नमस्कार करना अयुक्त है। निर्युक्तिकारने भी बताया है—

> अरिहन्ताऽऽई नियमा, साहूसाहू उ ते सु भइयव्वा।
> तम्हा पंचविहो खलु हेउनिमित्तं हवइ सिद्धो ॥३२०२॥

**साधुमात्रनमस्कारो विशिष्टोऽर्हदादिगुणनमस्कृतिफलप्रापणसमर्थो न भवति। तत्सामान्याभिधाननमस्कारकृतत्वात्, मनुष्यमात्रनमस्कारवत्,**

जीवमात्रनमस्कारवद्वेति। तस्मात्संक्षेपतोऽपि पञ्चविध एव नमस्कारो, न तु द्विविधः अव्यापकत्वात्; विस्तरतस्तु नमस्कारो न विधीयते अशक्यत्वात्।

अर्थात्—साधुमात्रका कथन करनेसे आचार्य और उपाध्यायके गुणोंका स्मरण नही हो सकता है। क्योकि सामान्य कथनसे विशेषकी उपलब्धि नही हो सकती है। जिस प्रकार मनुष्य-सामान्यको नमस्कार करनेसे अरिहन्त, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधुके गुणोका स्मरण नही हो सकता है और न तद्रूप बननेकी प्रेरणा ही मिल सकती है। अतः पञ्चपरमेष्ठीको नमस्कार करना आवश्यक है, परमेष्ठियोके नमस्कारसे कार्य नही चल सकता है। जो अनन्त परमेष्ठियोको नमस्कार करनेकी बात कही गयी है, उसका समाधान 'सव्व' पदके द्वारा हो जाता है। यह पद सभी परमेष्ठियोके साथ जोडा जा सकता है, जिससे अनन्त अर्हन्त, अनन्त सिद्ध, अनन्त आचार्य, अनन्त उपाध्याय और अनन्त साधुओका ग्रहण हो ही जाता है। शक्ति सीमित होनेके कारण पृथक्-पृथक् अनन्त परमेष्ठियोका निरूपण नही किया गया है। सामान्यके अन्तर्गत विशेष भेदोका भी ग्रहण हो गया है।

क्रमद्वार[1]—किसी भी वस्तुका विवेचन क्रमसे किया जाता है। णमोकार

---

१. पुव्वाणुपुव्वि न कमो, नेव य पच्छाणुपुव्विए स भवे। सिद्धाऽऽईया पढमा। विइयाए साहुणो ग्राइ ॥ ३२१० ॥ इह क्रमस्तावत् द्विविधः—पूर्वानुपूर्वी वा पश्चानुपूर्वी वेति। अत्रानुपूर्वी किल क्रम एव न भवति असमञ्जसत्वात्। तत्रायमर्हदादिक्रमः पूर्वानुपूर्वी न भवति, सिद्धानामादावनभिधानादेकान्तकृतकृत्त्वेन। अर्हन्नमस्कार्यत्वेन सिद्धानां प्रधानत्वात्, प्रधानस्य चाभ्यर्हितत्वेन पूर्वाभिधानादिति भावार्थः। तथा नैव च पश्चानुपूर्वी, एष क्रमो भवेत्, साधूनां प्रथममनभिधानात्, इहाप्रधानत्वात्सर्वपाश्चात्या हि साधवः। ततश्च तानादौ प्रतिपाद्य यदि पर्यन्ते सिद्धाभिधानं स्यात् तदा भवेत्पश्चानुपूर्वी। तस्मात् प्रथमायाः सिद्धाऽऽदित्वात्, द्वितीयायास्तु साध्वादित्वात् नेयं पूर्वानुपूर्वी नापि पश्चानुपूर्वी। इति चेन्न—इह तावदयं पूर्वानुपूर्वी क्रम एव। यतोऽर्हदुपदेशेनैव सिद्धा अपि ज्ञायन्ते।—निर्युक्ति

मन्त्रके विवेचनमें पदोका क्रम ठीक नही रखा गया है। क्रम दो प्रकारका होता है—पूर्वानुपूर्वी और पश्चानुपूर्वी। णमोकार मन्त्रमें पूर्वानुपूर्वी क्रमका निर्वाह नही किया गया है, क्योंकि सिद्धोंका आत्मा पूर्ण विशुद्ध है, समस्त आत्मिक गुणोका विकास सिद्धोमे ही है। अतएव विशुद्धिकी अपेक्षा पूज्य होनेके कारण सिद्धोंको सर्वप्रथम नमस्कार होना चाहिए था, पर णमोकार मन्त्रमे ऐसा नही किया गया हैं। अत· पूर्वानुपूर्वी क्रम यहाँपर नही है। पश्चानुपूर्वी क्रमका भी निर्वाह यहाँपर नही किया गया है, क्योकि इस क्रमसे सबसे पहले साधुको नमस्कार और सबसे पीछे सिद्धोको नमस्कार होना चाहिए था। समाधान—उपर्युक्त शका ठीक नही है। यहाँ पूर्वानुपूर्वी क्रम ही है। सिद्धोकी अपेक्षा अरिहन्त अधिक उपकारी है, क्योकि इन्हीके उपदेशसे हमें सिद्धोका ज्ञान प्राप्त होता है। इसके अनन्तर गुणोकी न्यूनता और अधिकताकी अपेक्षा अन्य परमेष्ठियोंको नमस्कार किया गया हैं। यों तो 'पादक्रम' प्रकरणमे इसका विस्तृत विवेचन किया जा चुका है। अतः यहाँपर उन सभी युक्तियो और प्रमाणोंको उद्धृत करना असगत होगा।

**प्रयोजनफल द्वार**—णमोकार मन्त्रकी आराधनासे लौकिक और पारलौकिक फलोंकी प्राप्ति किस प्रकारसे होती है, इसका वर्णन इस द्वारमें किया गया है।

इस प्रकार नय, निक्षेप एव विभिन्न हेतुओके द्वारा णमोकार मन्त्रका वर्णन जैनागममे मिलता है।

अन्तिम तीर्थंकर महावीर स्वामीके दिव्य उपदेशका संकलन द्वादशाग साहित्यके रूपमे गणधर देवने किया है। इस संकलनमे कर्मप्रवाद नामके पूर्वमे कर्म विषयका वर्णन विस्तारसे किया गया है। इसके सिवा द्वितीय पूर्वके एक विभागका नाम कर्म-प्राभृत और पञ्चम पूर्वके एक विभागका नाम कषाय-प्राभृत है। इनमें भी कर्मविषयक वर्णन है। इसी प्राचीन साहित्यके आधारपर रचे गये दिगम्बर और श्वेताम्बर सम्प्रदायमें कषाय-

**कर्म-साहित्य और महामन्त्र**

प्राभृत, महाबन्ध, गोम्मटसार कर्मकाण्ड, पञ्चसग्रह, कर्मप्रकृति, कर्मस्तव, कर्मप्रकृति-प्राभृत, कर्मग्रन्थ, षडशीति एवं सप्ततिका आदि कई ग्रन्थ है, जिनमें इस विषयका वर्णन विस्तारके साथ किया गया है। ज्ञानावरणादि आठो कर्मोके स्वरूप, भेद-प्रभेद, उनके फल, कर्मोकी अवस्थाएँ—बन्ध, उदय, उदीरणा, सत्त्व, उत्कर्षण, अपकर्षण, सक्रमण, निधत्ति और निकाचनाका स्वरूप मार्गणा और गुणस्थानोके आश्रयसे कर्मप्रकृतियोमे बन्ध, उदय और सत्त्वके स्वामियोका विवेचन, मार्गणास्थानोमें जीवस्थान, गुणस्थान, योग, उपयोग, लेश्या और अल्प बहुत्वका विवेचन कर्म साहित्यका प्रधान विषय है। कर्मवादका जैन अध्यात्मवादके साथ घनिष्ठ सम्बन्ध है। आचार्योंने चिन्तन और मननको विपाकविचय नामका धर्मध्यान बताया है। मनको प्रारम्भमे एकाग्र करनेके लिए कर्मविषयक गहन साहित्यके निर्जन वनप्रदेशमे प्रवेश करना आवश्यक-सा है। इस साहित्यके अध्ययनसे मनको शान्ति मिलती है तथा इधर-उधर जाता हुआ मन एकाग्र होता है, जिससे ध्यानकी सिद्धि प्राप्त होती है।

णमोकार महामन्त्र और कर्मसाहित्यका निकटतम सम्बन्ध है, क्योकि कर्म-साहित्य णमोकार मन्त्रके उपयोगकी विधिका निरूपण करता है। इस महामन्त्रका उपयोग किस प्रकार किया जाय, जिससे आत्मा अनादिकालीन बन्धनको तोड सके। आत्माके साथ अनादिकालीन कर्मप्रवाहके कारण सूक्ष्म शरीर रहता है, जिससे यह आत्मा शरीरमे आबद्ध दिखलायी पड़ता है। मन, वचन और कायकी क्रियाके कारण कषाय—राग, द्वेष, क्रोध, मान आदि भावोके निमित्तसे कर्म-परमाणु आत्माके साथ बँधते है। योग शक्ति जैसी तीव्र या मन्द होती है, वैसी ही सख्यामें कम या अधिक परमाणु आत्माकी ओर खिच आते है। जब योग उत्कट रहता है, उस समय कर्मपरमाणु अधिक तादादमे और जब योग जघन्य होता है, उस समय कर्म परमाणु कम तादादमें जीवकी ओर आते है। इसी प्रकार तीव्र कषायके होनेपर कर्मपरमाणु अधिक समय तक आत्माके साथ रहते है तथा

तथा तीव्र फल देते हैं। मन्द कषाय होनेपर कम समय तक रहते है तथा मन्द ही फल देते है। आचार्य कुन्दकुन्द स्वामीने बतलाया है कि णमोकार मन्त्रोक्त पञ्च परमेष्ठियोकी विशुद्ध आत्माओका ध्यान या चिन्तन करनेसे आत्मासे चिपटा राग कम होता है। राग और द्वेषसे युक्त आत्मा ही कर्म बन्धन करता है—

परिणमदि जदा अप्पा सुहम्मि असुहम्मि रागदोसजुदो।
तं पविसदि कम्मरयं णाणावरणादिभावेहिं ॥

अर्थात्—जब राग-द्वेषसे युक्त आत्मा अच्छे या बुरे कामोमे लगता है, तब कर्मरूपी रज ज्ञानावरणादि रूपसे आत्मामे प्रवेश करता है। यह कर्मचक्र जीवके साथ अनादिकालसे चला आ रहा है। पञ्चास्तिकायमे बताया है—"ससारमे स्थित जीवके राग-द्वेष रूप परिणाम होते हैं, परिणामोसे नये कर्म बँधते है। कर्मोसे गतियोमे जन्म लेना पडता है, जन्म लेनेसे शरीर होता है, शरीरमें इन्द्रियाँ होती है, इन्द्रियोसे विषयका ग्रहण होता है। विषयोके ज्ञानसे राग-द्वेष परिणाम होते हैं। इस तरह संसार-रूपी चक्रमे पडे जीवोके भावोसे कर्म और कर्मोसे भाव होते रहते है। यह प्रवाह अभव्य जीवकी अपेक्षा अनादि अनन्त और भव्य जीवकी अपेक्षा अनादि सान्त हैं। कर्मोके बीजभूत राग-द्वेषको इस महामन्त्रकी साधना-द्वारा नष्ट किया जा सकता है। जिस प्रकार बीजको जला देनेके पश्चात् वृक्षका उत्पन्न होना, बढना, फल देना आदि नष्ट हो जाते है, इसी प्रकार णमोकार मन्त्रकी आराधनासे कर्म-जाल नष्ट हो जाता है।

जैन साहित्यमे कर्मोके दो भेद माने गये है—द्रव्य और भाव। मोहके निमित्तसे जीवके राग, द्वेष और क्रोधादिरूप जो परिणाम होते हैं, वे भाव कर्म तथा इन भावोके निमित्तमे जो कर्मरूप परिणमन न करनेकी शक्ति रखने वाले पुद्गल परमाणु खिचकर आत्मासे चिपट जाते है, वे द्रव्य कर्म कहलाते हैं। भावकर्म और द्रव्यकर्म इन दोनोंमे कारण-कार्य सम्बन्ध हैं।

द्रव्यकर्मोंके निमित्तसे भावकर्म और भावकर्मके निमित्तसे द्रव्यकर्म होते हैं। द्रव्य कर्मोंके मूल ज्ञानावरण, दर्शनावरण, वेदनीय, मोहनीय, आयु, नाम, गोत्र और अन्तराय ये आठ भेद तथा अवान्तर १४८ भेद होते है। जिन हेतुओंसे कर्म आत्मामे आते है, वे हेतु आस्रव है। मिथ्यात्व, अविरति, प्रमाद, कषाय और योग ये पाँच आस्रव प्रत्यय—कारण है। जब यह जीव अपने आत्म-स्वरूपको भूलकर शरीरादि पर-द्रव्योंमे आत्मबुद्धि करता है और उनके समस्त विचार और क्रियाएँ शरीराश्रित व्यवहारोंमे उलझी रहती है, मिथ्यादृष्टि कहा जाता है। मिथ्यात्वके कारण स्व-पर विवेक नही रहता, लक्ष्यभूत कल्याण-मार्गमे सम्यक् श्रद्धा नही होती। जीव अहंकार और ममकारकी प्रवृत्तिके आधीन होकर अपनेको भूल, बाह्य पदार्थोंके रूपपर क्षुब्ध हो जाता है। मिथ्यात्वके समान आत्माके स्वरूपको विकृत करनेवाला अन्य कोई नही है। यह कर्मबन्धका प्रधान हेतु है।

**अविरति**—चारित्र मोहका उदय होनेसे चारित्र धारण करनेके परिणाम नही हो पाते। पाँच इन्द्रियो और मनको अपने वशमे न रखना तथा छ कायके प्राणियोकी हिसा करना अविरति है। अविरतिके रहनेपर जीवकी प्रवृत्ति विवेकहीन होती है, जिससे नाना प्रकारके अशुभ कर्मोका बन्ध होता है।

**प्रमाद**—असावधानी रखना या कल्याणकारी कार्योंके प्रति आदर नही करना प्रमाद है। प्रमादी जीव पाँचो इन्द्रियोके विषयोमे लीन रहता है, स्त्री-कथा, भोजनकथा, राजकथा और चोरकथा कहता-सुनता है, क्रोध, मान, माया और लोभ इन चारो कषायोमे लीन रहता है एव निद्रा और प्रणयासक्त होकर कर्त्तव्य-मार्गके प्रति आदरभाव नही रखता। प्रमादी जीव हिसा करे या न करे, उसे असावधानीके कारण हिंसा अवश्य लगती है।

**कषाय**—आत्माके शान्त और निर्विकारी रूपको जो अशान्त और विकारग्रस्त बनाये उसे कषाय कहते है। ये कषायें ही जीवमे राग-द्वेषकी

उत्पत्ति करती है, जिससे जीव निरन्तर संसार परिभ्रमण करता रहता है। यत समस्त अनर्थोंका मूल राग-द्वेपका द्वन्द्व है।

**योग**—मन, वचन और कायकी प्रवृत्तिको योग कहते हैं। योगके द्वारा ही कर्मोंका आस्रव होता है। शुभ योगके रहनेसे पुण्यास्रव और अशुभ योगके रहनेसे पापास्रव होता है।

कर्मोंके आनेके साधन मिथ्यादर्शन, अविरति, प्रमाद, कषाय और योग है। इन पाँचो प्रत्ययोको जैसे-जैसे घटाते जाते है, वैसे-वैसे कर्मोका आस्रव कम होता जाता है। आस्रवको गुप्ति, समिति, घर्म, अनुप्रेक्षा, परीषहजय और चारित्रसे रोका जा सकता है। मन, वचन और कायकी प्रवृत्तिको रोकना गुप्ति, प्रमादका त्याग करना समिति, आत्मस्वरूपमे स्थिर होना घर्म, वैराग्य उत्पन्न करनेके साधन ससार तथा आत्माके स्वरूप और सम्बन्धका विचार करना अनुप्रेक्षा, आई हुई विपत्तियोंको धैर्यपूर्वक सहना परीषहजय एवं आत्मस्वरूपमे विचरण करना चारित्र है। इस प्रकार कर्मोके आनेके हेतुओको रोकने, जिससे नवीन कर्मोंका बन्ध न हो और पुरातन सचित कर्मोंको निर्जरा-द्वारा क्षीण कर देनेसे सहजमे निर्वाण प्राप्त किया जा सकता है, कर्म-सिद्धान्त आत्माके विकासका उल्लेख करते हुए कहता है कि गुण-स्थान क्रमसे कर्मबन्ध जितना क्षीण होता जाता है उतनी ही आत्मा उत्त-रोत्तर विकसित होती जाती है। आत्माको उत्तरोत्तर विकसित होनेवाली विशुद्ध परिणतिका नाम गुणस्थान है।

आगममे बताया गया है कि ज्ञान, दर्शन और चारित्र आदि गुणोकी शुद्धि तथा अशुद्धिके तरतम भावसे होनेवाले जीवके भिन्न-भिन्न स्वरूपोंको गुणस्थान कहा गया है। अथवा दर्शन मोहनीय और चारित्र मोहनीयके औदयिक आदि जिन भावोके द्वारा जीव पहिचाना जाता है, वे भाव गुण-स्थान हैं। असल बात यह है कि आत्माका वास्तविक रूप शुद्ध चेतन और पूर्ण आनन्दमय है। जब तक आत्माके ऊपर तीव्र कर्मावरणके घने बादलो-की घटा छायी रहती है, तब तक उसका वास्तविक रूप दिखलाई नहीं

देता, पर आवरणके क्रमशः शिथिल या नष्ट होते ही आत्माका असली स्वरूप प्रकट हो जाता है। जब आवरणकी तीव्रता अपनी चरम सीमापर पहुँच जाती है, तब आत्मा अविकसित अवस्थामें पड़ा रहता है और जब आवरण बिलकुल नष्ट हो जाते हैं तो आत्मा अपनी मूल शुद्ध अवस्थामें आ जाता है। प्रथम अवस्थाको अविकसित अवस्था या अधःपतनकी अवस्था तथा अन्तिम अवस्थाको निर्वाण कहा जाता है। इस तरह आध्यात्मिक विकासमें प्रथम अवस्था—मिथ्यात्वभूमिसे लेकर अन्तिम अवस्था—निर्वाण-भूमि तक मध्यमें अनेक आध्यात्मिक भूमियोंका अनुभव करना पड़ता है; जैनागमोक्त ये ही आध्यात्मिक भूमियाँ गुणस्थान हैं। इन्हीका क्रमशः जीव आरोहण करता है।

समस्त कर्मोंमें मोहनीय कर्म प्रधान है, जब तक यह बलवान् और तीव्र रहता है, तब तक अन्य कर्म सबल बने रहते हैं। मोहके निर्बल या शिथिल होते ही अन्य कर्मावरण भी निर्बल या शिथिल हो जाते हैं। अतएव आत्मा-के विकासमें मोहनीय कर्म बाधक है। इसकी प्रधान दो शक्तियाँ हैं—दर्शन और चारित्र। प्रथम शक्ति आत्मस्वरूपका अनुभव नहीं होने देती है और दूसरी आत्मस्वरूपका अनुभव और विवेक हो जानेपर भी तदनुसार प्रवृत्ति नहीं होने देती है। आत्मिक विकासके लिए प्रधान दो कार्य करने होते हैं—प्रथम स्व-परका यथार्थ दर्शन अर्थात् भेद-विज्ञान करना और दूसरा स्वरूपमें स्थित होना। मोहनीय कर्मकी दूसरी शक्ति प्रथम शक्तिकी अनुगामिनी है अर्थात् प्रथम शक्तिके बलवान् होनेपर द्वितीय शक्ति कभी निर्बल नहीं हो सकती है, किन्तु प्रथम शक्तिके मन्द, मन्दतर और मन्दतम होते ही, द्वितीय शक्ति भी मन्द, मन्दतर और मन्दतम होने लगती है। तात्पर्य यह है कि आत्माका स्वरूप दर्शन हो जानेपर स्वरूप-लाभ हो ही जाता है। कर्मसिद्धान्त इस स्वरूप दर्शन और स्वरूप लाभका विस्तृत विवेचन करता है। आत्मा किस प्रकार स्वरूप लाभ करती है तथा इसका स्वरूप किस प्रकार विकृत होता है, यह तो कर्म-सिद्धान्तका प्रधान प्रतिपाद्य विषय है।

णमोकार महामन्त्रका भक्ति-पूर्वक उच्चारण, मनन और चिन्तन करना आत्माके स्वरूप-दर्शनमे सहायक है। इस महामन्त्रके भाव सहित उच्चारण करने मात्रसे मोहनीयकर्मकी प्रथम शक्ति क्षीण होने लगती है। एक बात यह भी है कि मोहनीय कर्मके मन्द हुए बिना इस महामन्त्रको प्राप्ति होना अशक्य है। आत्माकी प्रथमावस्था—मिथ्यात्व भूमिमें इस मन्त्रके उच्चारण और मननसे जीव दूर रहना चाहता है, उसकी प्रवृत्ति इस महामन्त्रकी ओर नही होती। परन्तु जब दर्शन-मोहनीयका उपशम, क्षय या क्षयोपशम हो जाता है, तब चतुर्थ गुणस्थान—स्वरूप—दर्शनमे इस महामन्त्रकी ओर श्रद्धा हो सम्यक्त्व है; क्योंकि इसमे रत्नत्रयगुण विशिष्ट आत्माके शुद्ध-स्वरूपको नमस्कार किया गया है। कर्मसिद्धान्तके आध्यात्मिक विकासके अनुसार अध पतनकी प्रथम अवस्था मिथ्यात्वमे आत्माकी बिलकुल गिरी हुई अवस्था बतलायी है, आत्मा यहाँ आधिभौतिक उत्कर्ष कर सकता है, परन्तु अपने तात्त्विक लक्ष्यसे दूर रहता है। णमोकार मन्त्रका भाव सहित उच्चारण इस भूमिमे सभव नही। बहिरात्मा बनकर आत्मा महाभ्रममे पड़ा रहता है। राग-द्वेषका पटल और अधिक सघन होता जाता है।

भावपूर्वक णमोकार मन्त्रके जाप, ध्यान और मननसे यह अध-पतनकी अवस्था दूर हो जाती है, राग-द्वेषकी दीवाल जर्जरित हो टूटने लगती है, मोहकी प्रधान शक्ति दर्शन मोहनीयके शिथिल होते ही चारित्र मोह भी मन्द होने लगता है। यद्यपि कुछ समय तक दर्शन मोहनीयकी मन्दतासे उत्पन्न आत्मिक शक्तिको मानसिक विकारोके साथ युद्ध करना पडता है, परन्तु णमोकारमन्त्र अपनी अद्‌भुत शक्तिके द्वारा मानसिक विकारोको पराजित कर देता है। राग-द्वेषकी तीव्रतम दुर्भेद्य दीवालको एकमात्र णमोकार मन्त्र ही तोडनेमे समर्थ है। विकासोन्मुखी आत्माके लिए यह महामन्त्र अंगपरित्राणका कार्य करता है। इस मन्त्रकी आराधनासे वीर्यो-ल्लास और आत्मशुद्धि इतनी बढ जाती है, जिससे मिथ्यात्वको पराजित करनेमें विलम्ब नही लगता तथा यह जीव चतुर्थगुणस्थानमे पहुँच जाता है।

अपने विशुद्ध परिणामोके कारण इस अवस्थामें पहुँचनेपर आत्माको शान्ति मिलती है तथा अन्तर आत्मा बनकर व्यक्ति अपने भीतर स्थित सूक्ष्म सहज परमात्मा—शुद्धात्माका दर्शन करने लगता है। तात्पर्य यह है कि णमोकार मन्त्रकी साधना मिथ्यात्व भूमिको दूरकर परमात्मभावरूप देवका दर्शन कराता है। इस चतुर्थगुणस्थानसे आगेवाले गुणस्थान—आध्यात्मिक विकासकी भूमियाँ सम्यग्दृष्टिकी हैं, इनमे उत्तरोत्तर विकास तथा दृष्टिकी शुद्धि अधिकाधिक होती है। पाँचवें गुणस्थानमे देश-सयमकी प्राप्ति हो जाती है, णमोकारमन्त्रकी आराधनासे परिणामोमे विरक्ति आती है, जिससे जीव चारित्र मोहको भी शिथिल करता है। इस गुणस्थानका व्यक्ति उक्त महामन्त्रकी आराधनाका अभ्यासी स्वभावत हो जाता है।

छठवे गुणस्थानमे स्वरूपाभिव्यक्ति होती है और लोककल्याणकी भावनाका विकास होता है, जिससे महाव्रतोका पूर्णपालन साधक करने लगता है। इस आध्यात्मिक भूमिमें णमोकार मन्त्र ही आत्माका एकमात्र आराध्य बन जाता है। विकासोन्मुखी आत्मा जब प्रमादका भी त्याग करता है और स्वरूप-मनन, चिन्तनके सिवा अन्य सब व्यापारोका त्याग कर देता है तो व्यक्ति अप्रमत्तसयत नामक सातवें गुणस्थानका धारी समझा जाता है, प्रमाद आत्मसाधनाके मार्गसे विचलित करता है, किन्तु यह साधना णमोकारमन्त्रके सिवा अन्य कुछ भी नही है, क्योंकि णमोकार मन्त्रके प्रतिपाद्य आत्मा शुद्ध और निर्मल है। इस आध्यात्मिक भूमिमें पहुँचकर साधक अपनी शक्तिका विकास करता है, आस्रवके कारणोको रोकना है और अवशेष मोहनीयकी प्रकृतियोको नष्ट करनेकी तैयारी करता है। इससे आगे अपूर्वकरणके परिणामो-द्वारा आत्माका विकास करता है और णमोकारमन्त्रकी आराधनामे आत्माराधनाका दर्शन और तादात्म्यकरण करता है तथा मोहके सस्कारोके प्रभावको क्रमश दबाता हुआ आगे बढता है और अन्तमे उसे बिलकुल ही उपशान्त कर देता है। कोई-कोई साधक ऐमा भी होता है, जो मोहभावको नाश करता है। आठवें गुणस्थानसे आगे णमोकारमन्त्र-

की आराधना—आत्मस्वरूपके चिन्तन द्वारा क्रोध, मान और मायाको नष्टकर साधक अनिवृत्तिकरण नामक नौवें गुणस्थानमें पहुँचता है तथा इससे आगे लोभ कषायका भी दमनकर, दशवें गुणस्थानमें पहुँचता है। यहाँसे बारहवें गुणस्थानमें स्थित होकर समस्त मोहभावको नष्ट कर देता है। अनन्तर अपने स्वरूपके ध्यान-द्वारा केवलज्ञानको प्राप्त कर जिन बन जाता है। कुछ दिनोके पश्चात् शुक्लध्यानके बलसे योगोका निरोधकर चौदहवें गुणस्थानमें पहुँच क्षणभरमें, निर्वाण लाभ करता है। यह आत्माकी चरम शुद्धावस्था है, इसीको प्राप्तकर आत्मा कर्मजालसे युक्त होनेपर भी सम्यक्त्वको प्राप्त कर लेता है। आत्माकी सिद्धिका प्रधान कारण इस मन्त्रकी आराधना ही है। इसीसे कर्मजालको नष्टकर स्वातन्त्र्यकी प्राप्तिका यह कारण बनता है।

उपर्युक्त गुणस्थान-विकासकी परम्पराको देखनेसे प्रतीत होता है कि णमोकार मन्त्र-द्वारा कर्मोके आस्रवको रोका जा सकता है तथा संचित कर्मोंको निर्जरा-द्वारा क्षयकर निर्वाणलाभ किया जा सकता है। इतना ही नही बल्कि णमोकारमन्त्रकी आराधनासे कर्मोंकी अवस्थाओंमें भी परिवर्तन किया जा सकता है। प्रकृति, प्रदेश, स्थिति और अनुभाग इन चारो बन्धोंमे इस मन्त्रकी साधनासे स्थिति और अनुभाग बन्धको घटाया जा सकता है। शुभकर्मोंमे उत्कर्षण और अशुभ कर्मोंमे अपकर्षणकरण किया जा सकता है। इस मन्त्रकी पवित्र साधनासे उत्पन्न हुई निर्मलतासे किन्हीं विशेष कर्मोंकी उदीरणा भी की जा सकती है। अतएव कर्म-सिद्धान्तकी अपेक्षासे भी इस महामन्त्रका बडा भारी महत्त्व है। आत्मविकासके लिए यह एक सबल साधन है।

अनादिनिधन इस णमोकारमन्त्रमे आठ कर्म, कर्मोंके आस्रवके प्रत्यय—

**कर्म सिद्धान्तके अनेक तत्त्वोंको उत्पत्तिका स्थान—णमोकारमन्त्र**

मिथ्यात्व, अविरति, प्रमाद, कषाय और योग; बन्ध क्रिया और बन्धके द्रव्य भाव भेद तथा उसके प्रभेद, कर्मोंके करण, बन्धके चार प्रधान भेद, सात तत्त्व, नव पदार्थ, बन्ध, उदय, सत्त्व, चार

गति, चार कषाय, चौदह मार्गणा, चौदह गुण-स्थान, पाँच अस्तिकाय, छ. द्रव्य, त्रेसठ शलाका पुरुष आदि निहित हैं। स्वर, व्यञ्जन, पद आदि इस मन्त्रमें निहित है। स्वर, व्यञ्जन, पद, अक्षर इनके सयोग, वियोग, गुणन आदिके द्वारा उक्त तथ्य सिद्ध किये जाते है। जिस प्रकार द्वादशाग जिन-वाणीके समस्त अक्षर इस मन्त्रमे निहित है, उसी प्रकार इसमे उक्त सिद्धान्त भी। यद्यपि द्वादशाग जिन-वाणीके अन्तर्गत सभी तथ्य यो ही आ जाते है, फिर भी इनका पृथक् विचार कर लेना आवश्यक है।

इस मन्त्रमे [१] णमो अरिहंताण, [२] णमो सिद्धाणं, [३] णमो आइरियाण, [४] णमो उवज्झायाण, [५] णमो लोए सव्वसाहूणं ये पाँच पद है। विशेषापेक्षया [१] णमो [२] अरिहताण [३] णमो [४] सिद्धाण [५] णमो [६] आइरियाणं [७] णमो [८] उवज्झायाण [९] णमो [१०] लोए [११] सव्वसाहूण ये ग्यारह पद है। अक्षर इसमे ३५, स्वर ३४, व्यञ्जन ३० है। इस आधारपरसे निम्न निष्कर्ष निकलते है। ३४ स्वर सख्यामेसे इकाई, दहाईके अकोको पृथक् किया तो, ३ और ४ अक हुए। व्यजनोमे ३०की संख्याको पृथक् किया तो, ३ और ० हुए। कुल स्वर ३४ और व्यजन ३०की सख्याके योगको पृथक् किया तो ३४ + ३० = ६४, ६ और ४ हुए। इस मन्त्रके अक्षरोकी सख्याको पृथक् किया तो ३ और ५ हुए। अत —

३ × ५ = १५ योग, ३ + ५ = ८ कर्म, ५ − ३ = २ जीव और अजीव तत्त्व, ५ ÷ ३ = १ लब्ध और शेष २, मूल दो तत्त्व, अजीव कर्मके हटनेपर लब्धरूप शुद्ध जीव एक।

स्वरोंमे—३ × ४ = १२ अविरति, ३ + ४ = ७ तत्त्व, ४ − ३ = १ प्रधानताकी अपेक्षा जीव। पाँच यह पञ्चास्तिकाय। स्वर + व्यञ्जन + अक्षर = ३४ + ३० + ३५ = ९९, फल योग ९ + ९ = १८, इनसे योगान्तर १ + ८ = ९ पदार्थ। ९९ ÷ ३४ = २ लब्ध और ३१ शेष, ३ + १ = ४ गति, कषाय, विकथा विशेषापेक्षया ११ पद, सामान्यापेक्षया ५, ३४ स्वर,

३० व्यञ्जन, ३५ अक्षर इनपरसे विस्तार किया तो ३४ + ३० = ६४ × ५ = ३२० ÷ ३० = ९ लब्ध और १४ शेष। यह १४ संख्या गुणस्थान और मार्गणाकी है। अथवा ६४ × ११ = ७०४ – ३० = २३ लब्ध, १४ शेष। यही शेष संख्या गुणस्थान और मार्गणा है। नियम यह है कि समस्त स्वर और व्यञ्जनोकी संख्याको सामान्य पद संख्यासे गुणाकर स्वरकी संख्याका भाग देनेपर शेष तुल्य गुणस्थान और मार्गणा अथवा समस्त स्वर और व्यञ्जनोंकी संख्याको विशेष पद संख्यासे गुणाकर व्यञ्जनोकी संख्याका भाग देनेपर शेष तुल्य गुणस्थान और मार्गणाकी संख्या आती है। छ. द्रव्य और छ. कायके जीवोकी संख्या निकालनेके लिए यह नियम है कि समस्त स्वर और व्यञ्जनोंकी संख्या (६४)को व्यञ्जनोंकी संख्यासे गुणा कर विशेष पद संख्याका भाग देनेपर शेष तुल्य द्रव्योंकी तथा जीवोके कायकी संख्या अथवा समस्त स्वर और व्यञ्जनोकी संख्याको स्वर संख्यासे गुणाकर सामान्य पद संख्याका भाग देनेपर शेष तुल्य द्रव्योकी तथा जीवोके कायकी संख्या आती है। यथा ६४ × ३० = १९२० ÷ ११ = १७४ लब्ध, ६ शेष, यही शेष तुल्य द्रव्य और कायकी संख्या है। अथवा ६४ × ३४ = २१७६ ÷ ५ = ४३४ लब्ध ६ शेष। यही शेष प्रमाण द्रव्य और कायकी संख्या है। इस महामन्त्रमे कुल मात्राएँ ५८ है। प्रथम पदके **'णमो अरिहंताणं'** मे = १ + २ + १ + १ + २ + २ + २ = ११, **द्वितीयपद 'णमो सिद्धाणं'** मे = १ + २ + २ + २ + २ = ८, **तृतीयपद 'णमो आइरियाणं'** मे = १ + २ + २ + १ + १ + २ + २ = ११, **चतुर्थपद 'णमो उवज्झायाणं'**मे = १ + २ + १ + २ + २ + २ + २ = १२,**पंचमपद 'णमो लोए सव्वसाहूणं'** मे = १ + २ + २ + २ + २ + १ + २ + २ + २ = १६, समस्त मात्राओका योग = ११ + ८ + ११ + १२ + १६ = ५८। इस विश्लेषणसे समस्त कर्म-प्रकृतियोंका योग निकलता है। यह जीव कुल १४८ प्रकृतियोको बाँधता है। मात्राएँ + स्वर + व्यंजन + विशेषपद + सामान्यपदका गुणन = ५८ + ३४ + ३० + ११ + १५ = १४८। इन

१४८ प्रकृतियोंमें १२२ प्रकृतियाँ उदय योग्य है और बन्ध योग्य १२० प्रकृतियाँ हैं। उनका क्रम इस प्रकार है। ५८ + ६४ = १२२ ये ही उदय योग्य है। क्योंकि १४८ मेंसे २६ निम्न प्रकृतियाँ कम हो जाती हैं। स्पर्शादि २० की जगह ४ का ग्रहण किया जाता है, इस प्रकार १६ प्रकृतियाँ घट जाती है और पाँचो शरीरोंके पाँच बन्धन और पाँच सघातोंका ग्रहण नहीं किया गया है। इस प्रकार २६ घटनेसे १२२ उदयमें तथा बन्धमें दर्शन मोहनीयकी एक ही प्रकृति बँधती है और उदयमे यही तीन रूपमें परिवर्तित हो जाती है। कहा गया है—

जंतेण कोद्दवं वा पढमुवसम्मभावजंतेण।
मिच्छं दव्वं तु तिधा असंखगुणहीणदव्वकमा ॥—कर्मकाण्ड

अर्थात्—प्रथमोपशमसम्यक्त्वपरिणामरूप यन्त्रसे मिथ्यात्वरूपी कर्मद्रव्य द्रव्यप्रमाणमें क्रमसे असंख्यातगुणा-असंख्यातगुणा कम होकर तीन प्रकारका हो जाता है। अर्थात् बन्ध केवल मिथ्यात्व प्रकृतिका होता है और उदयमें वही मिथ्यात्व तीन रूपमें बदल जाता है। जैसे धानके चावल, कण और भूसा ये तीन अश हो जाते है अर्थात् केवल धान उत्पन्न होता है, पर उपयोगकालमें उसी धानके चावल, कण और भूसा ये तीन अंश हो जाते है। यही बात मिथ्यात्वके सम्बन्धमें भी है।

इस प्रकार णमोकारमन्त्र बन्ध, उदय और सत्त्वकी प्रकृतियोंकी संख्यापर समुचित प्रकाश डालता है। कुल प्रकृति संख्या १४८, बन्ध संख्या १२०, उदय सख्या १२२ और सत्त्वसख्या १४८ इसी मन्त्रमें निहित है। १२० संख्या निकालनेका क्रम यह है—३४ स्वर, ३० व्यजन बताये गये है। ३ × ४ = १२, ३ × ० = ० गुणनशक्तिके अनुसार शून्यको दस मान लेनेपर गुणनफल = १२०।

३०, ३ + ० = ३ रत्नत्रय संख्या, ३ × ० = ० कर्माभावरूप-मोक्ष। ३० + ३४ = ६४, ६ × ४ = २४ तीर्थङ्कर, ३ × ४ = १२ चक्रवर्ती,

६४ + ३५ = ९९, ९ + ९ = १८, ८ + १ = ९ नारायण, ९ प्रतिनारायण, ९ बलदेव, इस प्रकार कुल २४ + १२ + ९ + ९ + ९ = ६३ शलाका-पुरुष। ५८ मात्राएँ, इनके विश्लेषण-द्वारा ५ + ८ = १३ चारित्र, ५ × ८ = ४०, ४ + ० = ४ प्रकारके बन्ध—प्रकृति, प्रदेश, स्थिति और अनुभाग। प्रमाणके भेद-प्रभेद भी इसमें निहित हैं। प्रमाणके मूलभेद दो हैं—प्रत्यक्ष और परोक्ष। ५ ÷ ३ = १ ल० शेष २, यही दो भेद वस्तुके व्यवस्थापक प्रमाणके भेद हैं। परोक्षमे पाँच भेद—स्मृति, प्रत्यभिज्ञान, तर्क अनुमान और आगमरूप पाँच पद है। नयके द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक भेदोके साथ नैगम, संग्रह, व्यवहार, ऋजुसूत्र, शब्द, समभिरूढ और एवंभूत। ये सात भी ३ + ४ = ७ रूपमे विद्यमान हैं। इस प्रकार इस महामन्त्रमें कर्मबन्धक सामग्री—मिथ्यात्व ५, अविरति १२, प्रमाद १५, कषाय २५ और योग १५ की सख्या भी विद्यमान हैं। साथ ही कर्मबन्धनसे मुक्त करानेवाली सामग्री ५ समिति, ३ गुप्ति, ५ महाव्रत, २२ परीषहजय, १२ अनुप्रेक्षा और १० धर्मकी संख्या भी निहित है। १० धर्मकी संख्या तथा कर्मोंके १० करणोकी संख्या निम्न प्रकार आती है। ३५ अक्षरोका विश्लेषण सामान्य पदोके साथ किया तो ३ × ५ = १५ − ५ पद = १०। इस मन्त्रके अंकोंमें द्वादशागके पृथक्-पृथक् पदोकी सख्या भी निहित है, आचाराग, सूत्रकृताग, स्थानाग, समवायाग, व्याख्याप्रज्ञप्ति, ज्ञातृधर्मकथाग, उपासकाध्ययनांग, आदि अंगोंकी पदसंख्या क्रमशः अठारह हज़ार, छत्तीस हज़ार, ब्यालीस हज़ार, एक लाख चौसठ हज़ार, दो लाख अट्ठाईस हज़ार, पाँच लाख छप्पन हज़ार, ग्यारह लाख सत्तर हज़ार, तेईस लाख अट्ठाईस हज़ार, बानबे लाख चवालीस हजार, तिरानबे लाख सोलह हज़ार और एक करोड चौरासी लाख पद हैं। इन सब संख्याओंकी उत्पत्ति इस महामन्त्रसे हुई है। दृष्टिवादके पदोकी सख्या भी इस मन्त्रमें विद्यमान है।

जिसमें जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश और काल इन छ द्रव्योका; जीव, अजीव, आस्रव, बन्ध, संवर, निर्जरा और मोक्ष इन सात तत्त्वोका

एवं पुण्य-पापका निरूपण किया जाय, उसे द्रव्यानुयोग कहते हैं। इस अनुयोग-की दृष्टिसे णमोकार महामन्त्रकी विशेष महत्ता है। णमोकार स्वयं द्रव्य है, शब्दोकी दृष्टिसे पुद्गल द्रव्य है और अर्थकी दृष्टिसे शुद्धात्माओका वर्णन करनेके कारण जीवद्रव्य है। सम्यक्त्वको प्राप्तिका यह बहुत बडा साधन है। द्रव्योके विवेचनसे प्रतीत होता है कि णमोकारमन्त्रका आत्मद्रव्य-के साथ निकटतम सम्बन्ध है तथा इसके द्वारा कल्याणका मार्ग किस प्रकार प्राप्त किया जा सकता है। इस मन्त्रमे द्रव्य, तत्त्व, अस्तिकाय आदिका निर्देश विद्यमान है।

**द्रव्यानुयोग और णमोकारमन्त्र**

**जीव**—आत्मा स्वतन्त्र द्रव्य है, अनन्त ज्ञानदर्शनवाला, अमूर्त्तिक, चैतन्य, ज्ञानादिपर्यायोका कर्त्ता, कर्मफलभोक्ता और स्वय प्रभु है। कुन्द-कुन्दाचार्यने बतलाया है कि—"जिसमे रूप, रस, गन्ध न हो तथा इन गुणोके न रहनेसे जो अव्यक्त है, शब्दरूप भी नही है, किसी भौतिक चिह्न-से भी जिसे कोई नही जान सकता, जिसका न कोई निर्दिष्ट आकार है, उस चैतन्य गुणविशिष्ट द्रव्यको जीव कहते है।" व्यवहार नयसे जो इन्द्रिय, बल, आयु और श्वासोच्छ्वास इन चार प्राणो-द्वारा जीता है, पहले जिया था और आगे जीवित रहेगा, उसे जीवद्रव्य तथा निश्चय नयकी अपेक्षासे जिसमे चेतना पाई जाय, उसे जीव द्रव्य कहते है। णमोकारमन्त्रमे वर्णित आत्माओमे उपर्युक्त निश्चय और व्यवहार दोनों ही लक्षण पाये जाते है। निश्चय नय द्वारा वर्णित शुद्धात्मा अरिहत और सिद्धकी है। वे दोनो चैतन्यरूप है। ज्ञानादि पर्यायोके कर्ता और उनके भोक्ता हैं। आचार्य, उपाध्याय और साधु परमेष्ठीकी आत्माओमे व्यवहार-नयका लक्षण भी घटित होता है।

**पुद्गल**—जिसमे रूप, रस, गन्ध और स्पर्श पाये जायें उसे पुद्गल कहते हैं। इसके दो भेद है—अणु और स्कन्ध। अन्य प्रकारसे पुद्गलके तेईस भेद माने गये है, जिनमे आहारवर्गणा, तैजसवर्गणा, भाषावर्गणा,

मनोवर्गणा और कार्माणवर्गणा ये पाँच ग्राह्य वर्गणाएँ होती है। शब्द भाषा-वर्गणाका व्यक्तरूप है। अत णमोकार मन्त्रके शब्द भाषावर्गणाके अंग हैं। ये वर्गणाएँ द्रव्य दृष्टिसे नित्य और पर्याय दृष्टिसे अनित्य होती हैं। अत णमोकार मन्त्रके शब्द पुद्गल द्रव्य है।

**धर्म और अधर्म**—ये दोनो द्रव्य क्रमश. जीव और पुद्गलोको चलने और ठहरनेमें सहायता करते हैं। णमोकार महामन्त्रका अनादि परम्परासे जो परिवर्तन होता आ रहा है तथा अनेक कल्पकालके अनेक तीर्थंकरोने इस महामन्त्रका प्रवचन किया है इसमे कारण ये दोनों द्रव्य है। इन द्रव्योके कारण ही शब्द और अर्थ रूप परिणमन करनेमें स्वयं परिवर्तन करते हुए इस मन्त्रको ये दोनो द्रव्य सहायता प्रदान करते हैं।

**आकाश**—समस्त वस्तुओको अवकाश—स्थान प्रदान करता है। णमोकार मन्त्र भी द्रव्य है, उसे भी इसके द्वारा अवकाश—स्थान मिलता है। यह मन्त्र शब्दरूपमें लिखित किसी कागजपर उसमें निवास करनेवाले आकाशद्रव्यके कारण ही स्थित हैं। क्योकि आकाशका अस्तित्व पुस्तक, ताम्रपत्र, ताडपत्र, भोजपत्र, कागज आदि सभीमे हैं। अतः यह मन्त्र भी लिखित या अलिखित रूपमें आकाश द्रव्यमें ही वर्तमान है।

**काल**—इस द्रव्यके निमित्तसे वस्तुओकी अवस्थाएँ बदलती हैं। पर्यायोका होना तथा उत्पाद-व्ययरूप परिणतिका होना कालद्रव्यपर निर्भर है। कालद्रव्यकी सहायताके बिना इस मन्त्रका आविर्भाव और तिरोभाव संभव नही है।

णमोकार महामन्त्र द्रव्य है, इसमें गुण और पर्यायें पायी जाती है। इस मन्त्रमे द्रव्य, द्रव्याश, गुण, गुणाश रूप स्वचतुष्टय वर्तमान है जिसे दूसरे शब्दोमें द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव कहा जाता है। इसका अपना चतुष्टय होनेसे ही यह द्रव्यापेक्षया अनादि माना जाता है। द्रव्यानुयोगकी अपेक्षासे भी यह मन्त्र आत्मकल्याणमें सहायक है; क्योकि इसके द्वारा

आत्मिक गुणोंका निश्चय होता है। स्वानुभूतिकी इसके साथ अन्वय और व्यतिरेक दोनो प्रकारकी व्याप्तियाँ वर्तमान है। तात्पर्य यह है कि णमोकार मन्त्रसे स्वानुभूति होती है, अत. णमोकार मन्त्रकी उपयोगावस्थामें स्वानुभवके साथ विषमा व्याप्ति और लब्धि रूप णमोकार मन्त्रके साथ स्वानुभवकी समा व्याप्ति होती है।

इस महामन्त्रसे जीवादि तत्त्वोके विषयमे श्रद्धा, रुचि, प्रतीति और आचरण उत्पन्न होते है। तत्त्वार्थके जाननेके लिए उद्यत बुद्धिका होना श्रद्धा; तत्त्वार्थमे आत्मिकभावका होना रुचि, तत्त्वार्थको ज्योका त्यो स्वीकार करना प्रतीति एव तत्त्वार्थके अनुकूल क्रिया करना आचरण है। श्रद्धा, रुचि, प्रतीति ये तीनो णमोकारमन्त्रके द्रव्याश और गुणाश है। अथवा यों समझना चाहिए कि ये तीनों ज्ञानात्मक है, णमोकारमन्त्र श्रुतज्ञान रूप है, अत· ये तीनो ज्ञानकी पर्याय होनेसे णमोकार मन्त्रकी भी पर्याय है। स्वानुभूति-के साथ णमोकार मन्त्रकी आराधना करनेसे सम्यग्दर्शन तो उत्पन्न ही होता है, पर विवेक और आचरण भी प्राप्त हो जाते है।

इस महामन्त्रकी अनुभूति आत्मामे हो जानेपर प्रशम, सवेग, अनुकम्पा और आस्तिक्य गुणोका प्रादुर्भाव हो जाता है तथा आत्मानुभूति हो जानेसे बाह्य विषयोसे अरुचि भी हो जाती है। प्रशम गुणके उत्पन्न होनेसे पञ्चेन्द्रिय सम्बन्धी विषयोमे और असख्यात लोकप्रमाण क्रोधादि भावोमे स्वभावसे ही मनकी प्रवृत्ति नही होती है। क्योकि अनन्तानुबन्धी क्रोध, मान, माया और लोभका उदय उसके नही होता है तथा अप्रत्याख्याना-वरण और प्रत्याख्यानावरण कषायोका मन्दोदय हो जाता है। सवेग गुणकी उत्पत्ति होनेसे आत्माका धर्म और धर्मके फलमे पूरा उत्साह रहता है तथा साधर्मी भाइयोसे वात्सल्यभाव रहने लगता है। समस्त प्रकारकी अभिला-षाएँ भी इस गुणके प्रादुर्भूत होनेसे दूर हो जाती है, क्योकि सभी अभिला-षाएँ मिथ्यात्व कर्मके उदयसे उत्पन्न होती है। णमोकार मन्त्रकी अनुभूति न होना या इस महामन्त्रके प्रति हार्दिक श्रद्धा भावनाका न होना मिथ्यात्व

है। सम्यग्दृष्टिसे णमोकार महामन्त्रकी अनुभूति हो ही जाती है, अतः सभी सासारिक अभिलाषाओका अभाव हो जाता है। पञ्चाध्यायीकारने सवेग गुणका वर्णन करते हुए कहा है—

त्यागः सर्वाभिलाषस्य निर्वेदो लक्षणात्तथा।
स सवेगोऽथवा धर्मः साभिलाषो न धर्मवान् ॥४४३॥
नित्यं रागी कुदृष्टिः स्यान्न स्यात् क्वचिदरागवान्।
अस्तरागोऽस्ति सद्दृष्टिर्नित्यं वा स्यान्न रागवान् ॥४४४॥

—प० अ० २

**अर्थ**— सम्पूर्ण अभिलाषाओका त्याग करना अथवा वैराग्य धारण करना सवेग है और उसीका नाम धर्म है। क्योकि जिसके अभिलाषा पायी जाती है, वह धर्मात्मा कभी नही हो सकता। मिथ्यादृष्टि पुरुष सदा रागी भी है, वह कभी भी रागरहित नही होता। पर णमोकार मन्त्रकी आराधना करनेवाले सम्यग्दृष्टिका राग नष्ट हो जाता है। अत वह रागी नही, अपितु विरागी है। सवेग गुण आत्माको आसक्तिसे हटाता है और स्वरूपमे लीन करता है।

णमोकार मन्त्रकी अनुभूति होनेसे तीसरा आस्तिक्य गुण प्रकट होता है। इस गुणके प्रकट होते ही 'सत्त्वेषु मैत्री' की भावना आ जाती है। समस्त प्राणियोके ऊपर दयाभाव होने लगता है। 'सर्वभूतेषु समता'के आ जानेपर इस गुणका धारक जीव अपने हृदयमे चुभनेवाले माया, मिथ्यात्व और निदान शल्यको भी दूर कर देता है तथा स्व-पर अनुकम्पाका पालन करने लगता है। चौथे आस्तिक्य गुणके प्रकट होनेसे द्रव्य, गुण, पर्याय आदिमे यथार्थ निश्चय बुद्धि उत्पन्न हो जाती है तथा निश्चय और व्यवहारके द्वारा सभी द्रव्योकी वास्तविकताका हृदयगम भी होने लगता है। द्वादशागवाणीका सार यह णमोकार मन्त्र सम्यक्त्वके उक्त चारो गुणोको उत्पन्न करता है।

आत्माको सामान्य-विशेष स्वरूप माना गया है। ज्ञानकी अपेक्षा आत्मा सामान्य है और उस ज्ञानमे समय-समयपर जो पर्यायें होती है, वह विशेष है। सामान्य स्वयं ध्रौव्यरूप रहकर विशेष रूपमें परिणमन करता

है; इस विशेषपर्यायमें यदि स्वरूपकी रुचि हो तो समय-समयपर विशेषमें शुद्धता आती जाती है। यदि उस विशेष पर्यायमें ऐसी विपरीत रुचि हो कि 'जो रागादि तथा देहादि है, वह मैं हूँ' तो विशेषमें अशुद्धता होती है। स्वरूपमें रुचि होनेपर शुद्ध पर्याय क्रमबद्ध और विपरीत होनेपर अशुद्ध पर्याय क्रमबद्ध प्रकट होती हैं। चैतन्यकी क्रमबद्ध पर्यायोमें अन्तर नही पडता, किन्तु जीव जिधर रुचि करता है, उस ओरकी क्रमबद्ध दशा प्रकट होती है। णमोकार मन्त्र आत्माकी ओर रुचि करता है तथा रागादि और देहादिसे रुचिको दूर करता है, अत आत्माकी शुद्ध क्रमबद्ध दशाओको प्रकट करनेमें प्रधान कारण यही कहा जा सकता है। यह आत्माकी ओर वह पुरुषार्थ है जो क्रमबद्ध चैतन्य पर्यायोको उत्पन्न करनेमें समर्थ है। अतएव द्रव्यानुयोगकी अपेक्षा णमोकार मन्त्रकी अनुभूति विपरीत मान्यता और अनन्तानुबन्धी कषायको नाशकर विशुद्ध चैतन्य पर्यायोकी ओर जीवनको प्रेरित करती है। आत्माकी शुद्धिके लिए इस महामन्त्रका उच्चारण, मनन और ध्यान करना आवश्यक है।

**गणितशास्त्र और णमोकार मन्त्र**

यो तो गणितशास्त्रका उपयोग लोक-व्यवहार चलानेके लिए होता है, पर आध्यात्मिक क्षेत्रमे भी इस शास्त्रका व्यवहार प्राचीनकालसे होता चला आ रहा है। मनको स्थिर करनेके लिए गणित एक प्रधान साधन है। गणितकी पेचीदी गुत्थियोमें उलझकर मन स्थिर हो जाता है तथा एक निश्चित केन्द्रबिन्दुपर आश्रित होकर आत्मिक विकासमें सहायक होता है। णमोकार मन्त्र, षट्खण्डागमका गणित, गोम्मटसार और त्रिलोकसारके गणित मनको सासारिक प्रवृत्तियोको रोकते हैं और उसे कल्याणके पथपर अग्रसर करते है। वास्तवमे गणितविज्ञान भी इसी प्रकारका है जिसे एकबार इसमे रस मिल जाता है, वह फिर इस विज्ञानको जीवनभर छोड नही सकता है। जैनाचार्यों ने धार्मिक गणितका विधानकर मनको स्थिर करनेका सुन्दर और व्यवस्थित मार्ग बतलाया है। क्योकि निकम्मा मन

प्रमाद करता है, जब तक यह किसी दायित्वपूर्ण कार्यमे लगा रहता है, तब तक इसे व्यर्थकी अनावश्यक एवं न करने योग्य बातोके सोचनेका अवसर ही नही मिलता है पर जहाँ इसे दायित्वसे छुटकारा मिला—स्वच्छन्द हुआ कि यह उन विषयोको सोचेगा, जिनका स्मरण भी कभी कार्य करते समय नहीं होता था। मनकी गति बडी विचित्र है। एक ध्येयमें केन्द्रित कर देने-पर यह स्थिर हो जाता है।

नया साधक जब ध्यानका अभ्यास आरम्भ करता है, तब उसके सामने सबसे बडी कठिनाई यह आती है कि अन्य समय जिन सडी-गली, गन्दी एवं घिनौनी बातोकी उसने कभी कल्पना नही की थी, वे ही उसे याद आती है और वह घबडा जाता है। इसका प्रधान कारण यही है कि जिसका वह ध्यान करना चाहता है, उसमे मन अभ्यस्त नही है और जिनमे मन अभ्यस्त है, उनसे उसे हटा दिया गया है, अतः इस प्रकारकी परिस्थितिमे मन निकम्मा हो जाता है। किन्तु मनको निकम्मा रहना आता नही, जिससे वह उन पुराने चित्रोको उधेडने लगता है, जिनका प्रथम संस्कार उसके ऊपर पडा है। वह पुरानी बातोके विचारमे संलग्न हो जाता है।

आचार्यने धार्मिक गणितकी गुत्थियोको सुलझानेके मार्ग-द्वारा मनको स्थिर करनेकी प्रक्रिया बतलायी है क्योकि नये विषयमें लगनेसे मन ऊबता है, घबडाता है, रुकता है और कभी-कभी विरोध भी करने लगता है। जिस प्रकार पशु किसी नवीन स्थानपर नये खूँटेसे बाँधनेपर विद्रोह करता है, चाहे नयी जगह उसके लिए कितनी ही सुखप्रद क्यो न हो, फिर भी अवसर पाते ही रस्सी तोडकर अपने पुराने स्थानपर भाग जाना चाहता है। इसी प्रकार मन भी नये विचारमें लगना नहीं चाहता। कारण स्पष्ट है, क्योकि विषयचिन्तनका अभ्यस्त मन आत्मचिन्तनमे लगनेसे घबडाता है। यह बडा ही दुर्निग्रह और चञ्चल है। धार्मिक गणितके सतत अभ्याससे यह आत्मचिन्तनमे लगता है और व्यर्थकी अनावश्यक बातें विचार-क्षेत्रमें प्रविष्ट नही हो पातीं।

णमोकार महामन्त्रका गणित इसी प्रकारका है, जिससे इसके अभ्यास-द्वारा मन विषय-चिन्तनसे विमुख हो जाता है और णमोकार मन्त्रकी साधनामे लग जाता है। प्रारम्भमे साधक जब णमोकार मन्त्रका ध्यान करना शुरू करता है तो उसका मन स्थिर नही रहता है। किन्तु इस महामन्त्रके गणित-द्वारा मनको थोडे ही दिनमे अभ्यस्त कर लिया जाता है। इधर-उधर विषयोकी ओर भटकनेवाला चञ्चल मन, जो कि घर-द्वार छोड़कर वनमे रहनेपर भी व्यक्तिको आन्दोलित रखता है, वह इस मन्त्रके गणितके सतत अभ्यास-द्वारा इस मन्त्रके अर्थचिन्तनमे स्थिर हो जाता है तथा पञ्च-परमेष्ठी—शुद्धात्माका ध्यान करने लगता है।

प्रस्तार, भङ्गसंख्या, नष्ट, उद्दिष्ट, आनुपूर्वी और अनानुपूर्वी इन गणित-विधियो द्वारा णमोकार महामन्त्रका वर्णन किया गया है। इस छ: प्रकारके गणितोमे चञ्चल मन एकाग्र हो जाता है। मनके एकाग्र होनेसे आत्माकी मलिनता दूर होने लगती है तथा स्वरूपाचरणको प्राप्ति हो जाती है। णमोकार मन्त्रमें सामान्यकी अपेक्षा, पाँच या विशेषकी अपेक्षा ग्यारह पद, चौतीस स्वर, तीस व्यञ्जन, अट्ठावन मात्राओ द्वारा गणित क्रिया सम्पन्न की जाती है। यहाँ सक्षेपमें उक्त छहो प्रकारकी विधियोका दिग्दर्शन कराया जायगा।

मङ्गसख्या—किसी भी अभीष्ट पदसंख्यामे एक, दो, तीन आदि संख्याको अन्तिम गच्छ सख्या एक रखकर परस्पर गुणा करनेपर कुल भंगसख्या आती है। आचार्य नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्तीने भगसख्या निकालनेके लिए निम्न करण सूत्र बतलाया है—

**सव्वेपि पुव्वभंगा उवरिमभंगेसु एक्कमेक्केसु।**
**मेलतित्ति य कमतो गुणिदे उप्पज्जदे संखा ॥३६॥**

अर्थ—पूर्वके सभी भग आगेके प्रत्येक भगमे मिलते है, इसलिए क्रमसे गुणा करनेपर सख्या उत्पन्न होती है।

उदाहरणके लिए णमोकार मन्त्रकी सामान्य पदसंख्या ५ तथा विशेष पदसंख्या ११ तथा मात्राओकी सख्या ५८ को ही लिया जाता है। जिस

सख्याके भंग निकालने हैं, वही संख्या गच्छ कहलायेगी। अत यहाँ सर्वप्रथम ११ पदोकी भंगसख्या लानी है, इसलिए ११ गच्छ हुआ। इसको एक-दो-तीन आदि कर स्थापित किया तो—१।२।३।४।५।६।७।८। ९।१०।११।

इस पदसख्यामे एक सख्याका भंग एक ही हुआ, क्योकि एकका पूर्ववर्ती कोई अङ्क नहीं है, अत· एकको किसीसे भी गुणा नही किया जा सकता है। दो सख्याके भंग दो हुए; क्योकि दोको एक भगसंख्यासे गुणा करनेपर दो गुणनफल निकला। तीन संख्याके भंग छ हुए, क्योकि तीनको दोको भंगसंख्यासे गुणा करनेपर छ· हुए। चार सख्याके भग चौबीस हुए; क्योकि तीनकी भंगसख्या छ को चारसे गुणा करनेपर चौबीस गुणनफल निष्पन्न हुआ। पाँच सख्याके भग एक सौ बीस है, क्योकि पूर्वोक्त संख्याके चौबीस भगोको पाँचसे गुणा किया, जिससे १२० फल आया। छ सख्याके भंग ७२० आये, क्योकि पूर्वोक्त संख्या १२० × ६ = ७२० सख्या निष्पन्न हुई। सात सख्याके भंग ५०४० हुए, क्योकि पूर्वोक्त भगसख्याको सातसे गुणा करनेपर ७२० × ७ = ५०४० संख्या निष्पन्न हुई। आठ सख्याके भग ४०३२० आये, क्योंकि पूर्वोक्त सात अककी भंगसख्याको आठसे गुणा किया तो ५०४० × ८ = ४०३२० भगोकी संख्या निष्पन्न हुई। नौ सख्याके भंग ३६२८८० हुए, क्योकि पूर्वोक्त आठ अकको भगसख्याको ९से गुणा किया। अत· ४०३२० × ९ = ३६२८८० भंगसख्या हुई। दस संख्याकी भंगसंख्या लानेके लिए पूर्वोक्त नौ अंकको भगसंख्याको दससे गुणा कर देनेपर अभीष्ट अक दसकी भंगसंख्या निकल आयेगी। अत ३६२८८० × १० = ३६२८८०० भंगसख्या दसके अकको हुई। ग्यारहवें पदकी भगसख्या लानेके लिए पूर्वोक्त दसकी भगसख्याको ग्यारहसे गुणा कर देनेपर ग्यारहवें पदकी भंगसख्या निकल आयेगी। अत: ३६२८८०० × ११ = ३९९१६८०० ग्यारहवें पदकी भगसख्या हुई।

प्रधान रूपसे णमोकार मन्त्रमे पाँच पद है। इनकी भगसख्या = १।२।३।४।५; १ × १ = १, १ × २ = २; २ × ३ = ६, ६ × ४ = २४;

२४ × ५ = १२० हुई। ५८ मात्राओं, ३४ स्वरों और ३० व्यञ्जनों-को भी गच्छ बनाकर पूर्वोक्त विधिसे भगसंख्या निकाल लेनी चाहिए। भंगसंख्या लानेका एक संस्कृत करणसूत्र निम्न है। इस करणसूत्रका आशय पूर्वोक्त गाथा करणसूत्रसे भिन्न नही है। मात्र जानकारीकी दृष्टिसे इस करणसूत्रको दिया जा रहा है। इसमे गाथोक्त 'मेलता'के स्थानपर 'परस्परहता:' पाठ है, जो सरलताकी दृष्टिसे अच्छा मालूम होता है। यद्यपि गाथामें भी 'गुणिदा' आगेवाला पद उसी अर्थका द्योतक है। कहा गया है कि पदोको रखकर **"एकाद्या गच्छपर्यन्ताः परस्परहताः। राशयस्तद्धि विज्ञेयं विकल्पगणिते फलम् ॥"** अर्थात् एकादि गच्छोका परस्पर गुणा कर देनेसे भंगसख्या निकल आती है।

इस गणितका अभिप्राय णमोकार मन्त्रके पदो-द्वारा अंक-संख्या निकालना है। मनको अभ्यस्त और एकाग्र करनेके लिए णमोकार मन्त्रके पदोका सीधा-सादा क्रमबद्ध स्मरण न कर व्यतिक्रम रूपसे स्मरण करना है। जैसे पहले **'णमो सिद्धाण'** कहनेके अनन्तर **'णमो लोए सव्वसाहूणं'** पदका स्मरण करना। अर्थात् **'णमो सिद्धाणं, णमो लोए सव्वसाहूणं, णमो आइरियाणं, णमो अरिहताणं, णमो उवज्झायाण'** इस प्रकार स्मरण करना अथवा **'णमो अरिहंताणं, णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्वसाहूणं, णमो आइरियाण, णमो सिद्धाणं'** इस रूप स्मरण करना या किन्ही दो पद, तीन पद या चार पदोका स्मरण कर उम सख्याका निकालना। पदोंके क्रममे किसी भी प्रकारका उलट-फेर किया जा सकता है।

यहाँ यह आशका उठती है कि णमोकार मन्त्रके क्रमको बदल कर उच्चारण, स्मरण या मनन करनेपर पाप लगेगा, क्योकि इस अनादि मन्त्रका क्रमभग होनेसे विपरीत फल होगा। अत. यह पद-विपर्ययका सिद्धान्त ठीक नही जँचता। श्रद्धालु व्यक्ति जब साधारण मन्त्रोके पद-विपर्ययसे डरता है तथा अनिष्ट फल प्राप्त होनेके अनेक उदाहरण सामने प्रस्तुत है, तब इस महामन्त्रमे इस प्रकारका परिवर्तन उचित नही लगता।

इस शकाका उत्तर यह है कि किसी फलकी प्राप्ति करनेके लिए गृहस्थको भंगसख्या-द्वारा णमोकारमन्त्रके ध्यानकी आवश्यकता नहीं। जब तक गृहस्थ अपरिग्रही नही बना है, घरमे रहकर ही साधना करना चाहता है, तब तक उसे उक्त क्रमसे ध्यान नही करना चाहिए। अत. जिस गृहस्थ व्यक्तिका मन संसारके कार्योमे आसक्त है, वह इस भंगसख्या-द्वारा मनको स्थिर नही कर सकता है। त्रिगुप्तियोका पालन करना जिसने आरम्भ कर दिया है, ऐसा दिगम्बर, अपरिग्रही साधु अपने मनको एकाग्र करनेके लिए उक्त क्रम-द्वारा ध्यान करता है। मनको स्थिर करनेके लिए क्रम-व्यतिक्रम रूपसे ध्यान करनेकी आवश्यकता पडती है। अतः गृहस्थको उक्त प्रयोगकी प्रारम्भिक अवस्थामे आवश्यकता नही है। हाँ, ऐसा व्रती श्रावक, जो प्रतिमा योग धारण करता है, वह इस विधिसे णमोकार मन्त्रका ध्यान करनेका अधिकारी है। अतएव ध्यान करते समय अपना पद, अपनी शक्ति और अपने परिणामोका विचार कर ही आगे बढना चाहिए।

**प्रस्तार**—आनुपूर्वी और अनानुपूर्वीके अगोका विस्तार करना प्रस्तार है। *अथवा लोम-विलोम क्रमसे आनुपूर्वीकी संख्याको निकालना प्रस्तार है।* णमोकारमन्त्रके पाँच पदोकी भगसख्या १२० आयी है, इसकी प्रस्तार-पक्तियाँ भी १२० होनी है, इन प्रस्तार-पक्तियोमे मनको स्थिर किया जाता है। आचार्य नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्तीने गोम्मटसार जीवकाण्डमे प्रमादका प्रस्तार निकाला है। इसी क्रमसे णमोकार मन्त्रके पदोका भी प्रस्तार निकालना है। गाथा सूत्र निम्न प्रकार है—

**पढम पमदपमाणं कमेण णिक्खिविय उवरिमाणं च।**
**पिंडं पडि एक्केक्कं णिक्खित्ते होदि पत्थारो ॥३६॥**
**णिक्खित्तु विदियमेत्तं पढमं तस्सुवरि विदियमेक्केक्कं।**
**पिंडं पडि णिक्खेओ एवं सव्वत्थकायव्वो ॥३८॥**

अर्थात्—गच्छ प्रमाण पद संख्याका विरलन करके उसके एक-एक रूपके प्रति उसके पिण्डका निक्षेपण करनेपर प्रस्तार होता है। अथवा आगे-

वाले गच्छ प्रमाणका विरलनकर, उससे पूर्ववाले भंगोको उस विरलन-पर रख देने और योग कर देनेसे प्रस्तारकी रचना होती हैं। जैसे यहाँ ३ पदसंख्याका ४ पदसंख्याके साथ प्रस्तार तय्यार करना है। तीन पद-संख्याके अग ६ आये है। अत. प्रथम रीतिसे प्रस्तार तय्यार करनेके लिए तीन पदकी भंगमंख्याका विरलन किया तो १।१।१।१।१।१ हुआ। इसके ऊपर आगेकी पद सख्याकी स्थापना की तो— $\frac{४।४।४।४।४।४}{१।१।१।१।१।१}$ = २४ हुए। इनका आगेवाली पद सख्याके साथ प्रस्तार बनाना हो तो इस २४ सख्याका विरलन किया $\frac{५ \; ५ \; ५ \; ५ \; ५ \; ५ \; ५ \; ५ \; ५ \; ५ \; ५ \; ५ \; ५ \; ५ \; ५ \; ५ \; ५ \; ५ \; ५ \; ५ \; ५ \; ५}{१।१।१।१।१।१।१।१।१।१।१।१।१।१।१।१।१।१।१।१।१।१।}$ $\frac{५ \; ५}{१।१।}$ और इमके ऊपर आगेवाली मख्या स्थापित कर दी तो सबको जोड देनेपर प्रम्तार बन जाता है। यह प्रस्तारसख्या १२० हुई। द्वितीय विधिसे प्रस्तार निकालनेके लिए जिम गच्छ प्रमाणका प्रस्तार बनाना हो, उसीका विरलन कर, पूर्वकी भगसख्याको उसके नीचे स्थापित कर दिया जाता है और सबको जोड देनेपर प्रस्नार हो जाता हैं। जैसे यह ४ पद-मख्याका प्रस्तार निकालना हैं तो इम चारका विरलन कर दिया— $\frac{१।१।१।१}{६।६।६।६}$ और इम विरलनके नीचे पूर्वकी भगसख्याको स्थापिन कर दिया और सबको जोड दिया तो २४ सख्या चौथे पदकी आयी। यदि पाँचवें पदका प्रस्तार बनाना हो तो इम पाँचका विरलनकर चौथे पदकी सख्याको इसके नीचे स्थापिन कर देनेसे द्वितीय विधिके अनुमार प्रस्तार आयगा। अत $\frac{१।१।१।१।१}{२४।२४।२४।२४।२४}$ इमका योग किया तो १२० प्रभाव आया। इस प्रकार णमोकार मन्त्रके ५ पदोकी पक्तियाँ १२० होती हैं। यहाँपर छ छः पक्तियोके दस वर्ग बनाकर लिखे जाते है। इन वर्गोसे इस मन्त्रकी ध्यान विधिपर पर्याप्त प्रकाश पडता है।

प्रथम वर्ग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| १ | २ | ३ | ४ | ५ |
| २ | १ | ३ | ४ | ५ |
| १ | ३ | २ | ४ | ५ |
| ३ | १ | २ | ४ | ५ |
| २ | ३ | १ | ४ | ५ |
| ३ | २ | १ | ४ | ५ |

द्वितीय वर्ग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| १ | २ | ३ | ५ | ४ |
| २ | १ | ३ | ५ | ४ |
| १ | ३ | २ | ५ | ४ |
| ३ | १ | २ | ५ | ४ |
| २ | ३ | १ | ५ | ४ |
| ३ | २ | १ | ५ | ४ |

तृतीय वर्ग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| १ | २ | ४ | ५ | ३ |
| २ | १ | ४ | ५ | ३ |
| १ | ४ | २ | ५ | ३ |
| ४ | १ | २ | ५ | ३ |
| २ | ४ | १ | ५ | ३ |
| ४ | २ | १ | ५ | ३ |

चतुर्थ वर्ग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| १ | ३ | ४ | ५ | २ |
| ३ | १ | ४ | ५ | २ |
| १ | ४ | ३ | ५ | २ |
| ४ | १ | ३ | ५ | २ |
| ३ | ४ | १ | ५ | २ |
| ४ | ३ | १ | ५ | २ |

पञ्चम वर्ग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| २ | ३ | ४ | ५ | १ |
| ३ | २ | ४ | ५ | १ |
| २ | ४ | ३ | ५ | १ |
| ४ | २ | ३ | ५ | १ |
| ३ | ४ | २ | ५ | १ |
| ४ | ३ | २ | ५ | १ |

षाठ वर्ग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| १ | २ | ४ | ३ | ५ |
| २ | १ | ४ | ३ | ५ |
| १ | ४ | २ | ३ | ५ |
| २ | ४ | १ | ३ | ५ |
| ४ | २ | १ | ३ | ५ |
| ४ | १ | २ | ३ | ५ |

सप्तम वर्ग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| १ | २ | ५ | ३ | ४ |
| २ | १ | ५ | ३ | ४ |
| १ | ५ | २ | ३ | ४ |
| ५ | १ | २ | ३ | ४ |
| २ | ५ | १ | ३ | ४ |
| ५ | २ | १ | ३ | ४ |

अष्टम वर्ग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| १ | २ | ५ | ३ | ४ |
| २ | १ | ५ | ३ | ४ |
| १ | ५ | २ | ३ | ४ |
| ५ | १ | २ | ३ | ४ |
| २ | ५ | १ | ३ | ४ |
| ५ | २ | १ | ३ | ४ |

नवम वर्ग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| १ | ३ | ५ | ४ | २ |
| ३ | १ | ५ | ४ | २ |
| १ | ५ | ३ | ४ | २ |
| ५ | १ | ३ | ४ | २ |
| १ | ५ | १ | ४ | २ |
| ५ | ३ | १ | ४ | २ |

दशम वर्ग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| २ | ३ | ५ | ४ | १ |
| ३ | २ | ५ | ४ | १ |
| २ | ५ | ३ | ४ | १ |
| ५ | २ | ३ | ४ | १ |
| ३ | ५ | २ | ४ | १ |
| ५ | ३ | २ | ४ | १ |

इस प्रकार क्रम-व्यतिक्रम-स्थापन द्वारा एक सौ बीस पंक्तियाँ भी बनायी जाती है। इसका अभिप्राय यह है कि प्रथम वर्गकी प्रथम पंक्तिमे णमोकार मन्त्र ज्योका-त्यो है, द्वितीय पंक्तिमे प्रथम दो अकसंख्या रहनेसे इस मन्त्रका प्रथम द्वितीय पद, अनन्तर एक सख्या होनेसे प्रथम पद, पश्चात् तीन सख्या होनेसे तृतीयपद, अनन्तर चार अक सख्या होनेसे चतुर्थपद और अन्तमे पाँच अक सख्या होनेसे पञ्चम पदका इस मन्त्रमे उच्चारण किया जायगा अर्थात् प्रथम वर्गकी द्वितीय पक्तिका मन्त्र इस प्रकार रहेगा—"**णमो सिद्धाणं, णमो अरिहंताणं, णमो आइरियाणं, णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्वसाहूणं।**" प्रथम वर्गकी तृतीय पक्तिमे पहला एकका अक है, अतः इस मन्त्रका प्रथम पद, दूसरा तीनका अक है, अत इस मन्त्रका तृतीय-पद, तीसरा दोका अक है, अत इस मन्त्रका द्वितीय पद, चौथा चारका अक है, अत मन्त्रका चतुर्थपद एव पाँचवाँ पाँचका अंक है, अत. इस मन्त्र-का पञ्चमपदका उच्चारण किया जायगा। अर्थात् मन्त्रका रूप "**णमो अरिहंताणं णमो आइरियाणं णमो सिद्धाणं णमो उवज्झायाणं णमो लोए**

सव्वसाहूणं" होगा। इसी प्रकार चौथी पंक्तिमें प्रथम स्थानमें तृतीयपद, द्वितीयमें प्रथमपद, तृतीयमें द्वितीयपद, चतुर्थ स्थानमें चतुर्थपद और पञ्चम स्थानमें पञ्चमपद होनेसे—"**णमो आइरियाणं णमो अरिहंताणं णमो सिद्धाणं णमो उवज्झायाणं णमो लोए सव्वसाहूणं**" यह मन्त्रका रूप होगा। प्रथम वर्गकी पाँचवी पंक्तिके प्रथम स्थानमें द्वितीय पद, द्वितीय स्थानमें तृतीय पद, चतुर्थ स्थानमें चतुर्थपद और पञ्चम स्थानमें पञ्चमपद होनेसे "**णमो सिद्धाणं णमो आइरियाणं णमो अरिहंताणं णमो उवज्झायाणं णमो लोए सव्वसाहूणं**" यह मन्त्रका रूप हुआ। छठवी पंक्तिमें प्रथम स्थानमें तृतीयपद, द्वितीय स्थानमें द्वितीयपद, तृतीय स्थानमें प्रथमपद, चतुर्थ स्थानमें चतुर्थपद और पञ्चम स्थानमें पंचम पदके होनेसे "**णमो आइरियाणं णमो सिद्धाणं, णमो अरिहंताणं, णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्वसाहूणं**" मंत्रका रूप होगा।

इसी प्रकार द्वितीय वर्गकी प्रथम पंक्तिमें "**णमो अरिहंताणं णमो सिद्धाणं णमो आइरियाणं णमो लोए सव्वसाहूणं णमो उवज्झायाणं**" यह मंत्रका रूप होगा। द्वितीय पंक्तिमें "**णमो सिद्धाणं णमो अरिहंताणं णमो आइरियाणं णमो लोए सव्वसाहूणं णमो उवज्झायाणं**" यह मन्त्र, तृतीय पंक्तिमें "**णमो अरिहंताणं णमो आइरियाणं णमो सिद्धाणं णमो लोए सव्वसाहूणं णमो उवज्झायाणं**" यह मन्त्र; चतुर्थ पंक्तिमें "**णमो आइरियाणं णमो अरिहंताणं णमो सिद्धाणं णमो लोए सव्वसाहूणं णमो उवज्झायाणं**" यह मन्त्र, पञ्चम पंक्तिमें "**णमो सिद्धाणं णमो आइरियाणं णमो अरिहंताणं णमो लोए सव्वसाहूणं णमो उवज्झायाणं**" यह मन्त्र और षष्ठ पंक्तिमें "**णमो आइरियाणं णमो सिद्धाणं णमो अरिहंताणं णमो लोए सव्वसाहूणं णमो उवज्झायाणं**" यह मन्त्रका रूप होगा।

तृतीय वर्गकी प्रथम पंक्तिमें "**णमो अरिहंताणं णमो सिद्धाणं णमो उवज्झायाणं णमो लोए सव्वसाहूणं णमो आइरियाणं**" द्वितीय पंक्तिमें "**णमो सिद्धाणं णमो अरिहंताणं णमो उवज्झायाणं णमो लोए सव्वसाहूणं णमो**

आइरियाणं", यह मन्त्र, तृतीय पंक्तिमे "णमो अरिहंताणं णमो उवज्झायाणं णमो सिद्धाणं णमो लोए सव्वसाहूणं णमो आइरियाणं" यह मन्त्र, चतुर्थ पंक्तिमें "णमो उवज्झायाण णमो अरिहताणं णमो सिद्धाणं णमो लोए सव्वसाहूणं णमो आइरियाणं" यह मन्त्र, पञ्चम पंक्तिमे "णमो सिद्धाणं णमो उवज्झायाणं णमो अरिहंताणं णमो लोए सव्वसाहूण णमो आइरियाणं" यह मन्त्र, और छठवी पक्तिमे "णमो उवज्झायाणं णमो सिद्धाणं णमो अरिहंताणं णमो लोए सव्वसाहूणं णमो आइरियाणं" यह मन्त्रका रूप होगा।

चतुर्थ वर्गकी प्रथम पंक्तिमे "णमो अरिहंताण णमो आइरियाणं णमो उवज्झायाणं णमो लोए सव्वसाहूण णमो सिद्धाण" यह मन्त्र, द्वितीय पक्तिमे "णमो आइरियाण णमो अरिहंताणं णमो उवज्झायाण णमो लोए सव्वसाहूणं णमो सिद्धाण" यह मन्त्र, तृतीय पक्तिमें "णमो अरिहंताण णमो उवज्झायाण णमो आइरियाण णमो लोए सव्वसाहूणं, णमो सिद्धाण" यह मन्त्र, चतुर्थ पंक्तिमे "णमो उवज्झायाणं णमो अरिहताण णमो आइरियाण णमो लोए सव्वसाहूणं णमो सिद्धाणं" यह मन्त्र, पञ्चम पक्तिमे "णमो आइरियाणं णमो उवज्झायाणं णमो अरिहंताणं णमो लोए सव्वसाहूण णमो सिद्धाणं" यह मन्त्र और छठवी पंक्तिमे "णमो उवज्झायाण णमो आइरियाणं, णमो अरिहंताणं णमो लोए सव्वसाहूण णमो सिद्धाण" यह मन्त्रका रूप होगा।

पञ्चम वर्गकी प्रथम पक्तिमें "णमो सिद्धाणं णमो आइरियाण णमो उवज्झायाणं णमो लोए सव्वसाहूणं णमो अरिहताण" यह मन्त्र, द्वितीय पक्तिमें "णमो आइरियाण णमो सिद्धाण णमो उवज्झायाण णमो लोए सव्वसाहूण णमो अरिहताण" यह मन्त्र, तृतीय पक्तिमे "णमो सिद्धाणं णमो उवज्झायाणं णमो आइरियाण णमो लोए सव्वसाहूण णमो अरिहंताण" यह मन्त्र, चतुर्थ पक्तिमे "णमो उवज्झायाण णमो सिद्धाणं णमो आइरियाणं णमो लोए सव्वसाहूणं, णमो अरिहंताणं" यह मन्त्र, पञ्चम

पंक्तिमे **"णमो आइरियाणं णमो उवज्झायाणं णमो सिद्धाणं णमो लोए सव्वसाहूणं णमो अरिहंताणं"** यह मन्त्र और षष्ठ पंक्तिमे **"णमो उवज्झायाण णमो आइरियाणं णमो सिद्धाणं णमो लोए सव्वसाहूणं णमो अरिहंताणं"** यह मन्त्रका रूप होगा ।

षष्ठ वर्गकी प्रथम पंक्तिमे **"णमो अरिहंताणं णमो सिद्धाणं णमो उवज्झायाणं णमो आइरियाणं णमो लोए सव्वसाहूणं"** यह मन्त्र, द्वितीय पंक्तिमे **णमो सिद्धाणं णमो अरिहंताणं णमो उवज्झायाणं णमो आइरियाणं णमो लोए सव्वसाहूणं"** यह मन्त्र, तृतीय पक्तिमें **"णमो अरिहंताणं णमो उवज्झायाणं णमो सिद्धाणं णमो आइरियाणं णमो लोए सव्वसाहूण"** यह मन्त्र, चतुर्थ पंक्तिमें **"णमो सिद्धाणं णमो उवज्झायाणं णमो अरिहताणं णमो आइरियाणं णमो लोए सव्वसाहूणं"** यह मन्त्र, पञ्चम पक्तिमे **"णमो उवज्झायाणं णमो सिद्धाण णमो अरिहंताणं णमो आइरियाणं णमो लोए सव्वसाहूण"** यह मन्त्र और षष्ठ पक्तिमें **"णमो उवज्झायाणं णमो अरिहंताणं णमो सिद्धाणं णमो आइरियाणं णमो लोए सव्वसाहूणं"** यह मन्त्रका रूप होगा ।

सप्तम वर्गकी प्रथम पंक्तिमे **"णमो अरिहंताणं णमो सिद्धाणं णमो लोए सव्वसाहूणं णमो आइरियाणं णमो उवज्झायाणं"** यह मन्त्र; द्वितीय पंक्तिमे **"णमो सिद्धाणं णमो अरिहंताणं णमो लोए सव्वसाहूणं णमो आइरियाणं णमो उवज्झायाणं"** यह मन्त्र, तृतीय पंक्तिमे **णमो अरिहंताणं णमो लोए सव्वसाहूणं णमो सिद्धाणं णमो आइरियाणं णमो उवज्झायाणं"** यह मन्त्र; चतुर्थ पक्तिमें **"णमो लोए सव्वसाहूणं णमो अरिहंताणं णमो सिद्धाणं णमो आइरियाणं णमो उवज्झायाणं"** यह मन्त्र; पञ्चम पंक्तिमे **"णमो सिद्धाणं णमो लोए सव्वसाहूणं णमो अरिहंताणं णमो आइरियाणं णमो उवज्झायाणं"** यह मन्त्र और षष्ठ पंक्तिमे **"णमो लोए सव्वसाहूणं णमो सिद्धाणं णमो अरिहंताणं णमो आइरियाणं णमो उवज्झायाणं"** यह मन्त्रका रूप होता है ।

अष्टम वर्गकी प्रथम पंक्तिमें **"णमो अरिहंताणं णमो सिद्धाणं णमो लोए सव्वसाहूणं णमो उवज्झायाणं णमो आइरियाणं"** यह मन्त्र; द्वितीय पंक्तिमें **"णमो सिद्धाण णमो अरिहंताणं णमो लोए सव्वसाहूणं णमो उवज्झायाणं णमो आइरियाण"** यह मन्त्र; तृतीय पंक्तिमें **"णमो अरिहंताणं णमो लोए सव्वसाहूणं णमो सिद्धाणं णमो उवज्झायाणं णमो आइरियाणं"** यह मन्त्र; चतुर्थ पंक्तिमे **"णमो लोए सव्वसाहूणं णमो अरिहंताणं णमो सिद्धाणं णमो उवज्झायाणं णमो आइरियाणं"** यह मन्त्र; पञ्चम पंक्तिमें **"णमो सिद्धाणं णमो लोए सव्वसाहूणं णमो अरिहंताणं णमो उवज्झायाणं णमो आइरियाणं"** यह मन्त्र और षष्ठ पक्तिमें **"णमो लोए सव्वसाहूणं णमो सिद्धाणं णमो अरिहंताणं णमो उवज्झायाणं णमो आइरियाणं"** यह मन्त्रका रूप होता है।

नवम वर्गकी प्रथम पक्तिमें **"णमो अरिहंताणं णमो आइरियाणं णमो लोए सव्वसाहूणं णमो उवज्झायाणं णमो सिद्धाण"** यह मन्त्र; द्वितीय पंक्तिमे **"णमो आइरियाणं णमो अरिहंताणं णमो लोए सव्वसाहूणं णमो उवज्झायाणं णमो सिद्धाणं"** यह मन्त्र, तृतीय पक्तिमे **"णमो अरिहंताणं णमो लोए सव्वसाहूणं णमो आइरियाणं णमो उवज्झायाणं णमो सिद्धाणं"** यह मन्त्र, चतुर्थ पंक्तिमें **"णमो लोए सव्वसाहूणं णमो अरिहंताणं णमो आइरियाणं णमो उवज्झायाणं णमो सिद्धाणं"** यह मन्त्र; पञ्चम पंक्तिमें **"णमो आइरियाणं णमो लोए सव्वसाहूणं णमो अरिहंताणं णमो उवज्झायाणं णमो सिद्धाणं"** यह मन्त्र और षष्ठ पंक्तिमे **"णमो लोए सव्वसाहूणं णमो आइरियाणं णमो अरिहंताणं णमो उवज्झायाणं णमो सिद्धाणं"** यह मन्त्रका रूप होता है।

दशम वर्गकी प्रथम पंक्तिमें **"णमो सिद्धाणं णमो आइरियाणं णमो लोए सव्वसाहूणं णमो उवज्झायाणं णमो अरिहंताणं"** यह मन्त्र; द्वितीय पंक्तिमें **"णमो आइरियाणं णमो सिद्धाणं णमो लोए सव्वसाहूणं णमो उवज्झायाणं णमो अरिहंताणं"** यह मन्त्र, तृतीय पंक्तिमें **"णमो सिद्धाणं णमो**

**लोए सव्वसाहूणं णमो आइरियाणं णमो उवज्झायाणं णमो अरिहंताणं"** यह मंत्र; चतुर्थ पंक्तिमें **"णमो लोए सव्वसाहूणं णमो सिद्धाणं णमो आइरियाणं णमो उवज्झायाणं णमो अरिहंताणं'** यह मन्त्र; पञ्चम पंक्तिमें **"णमो आइरियाणं णमो लोए सव्वसाहूणं णमो सिद्धाणं णमो उवज्झायाणं णमो अरिहंताणं"** यह मन्त्र; और षष्ठ पंक्तिमें **"णमो लोए सव्वसाहूणं णमो आइरियाणं णमो सिद्धाणं णमो उवज्झायाणं णमो अरिहंताणं"** यह मन्त्रका रूप होता है। इस प्रकार १२० रूपान्तर णमोकार मन्त्रके होते हैं।

णमोकार मन्त्रका उपर्युक्त विधिसे उच्चारण तथा ध्यान करनेपर लक्ष्यकी दृढता होती है तथा मन एकाग्र होता है, जिससे कर्मोंकी असंख्यात-गुणी निर्जरा होती है। इन अंकोको क्रमबद्ध इसलिए नहीं रखा गया है कि क्रमवद्ध होनेसे मनको विचार करनेका अवसर कम मिलता है, फलत· मन संसारतन्त्रमे पडकर धर्मकी जगह मार-धाड कर बैठता है। आनुपूर्वी क्रमसे मन्त्रका स्मरण और मनन करनेसे आत्मिक शान्ति मिलती है। जो गृहस्थ व्रतोपवास करके धर्मध्यान पूर्वक अपना दिन व्यतीत करना चाहता है, वह दिनभर पूजा तो कर नही सकता। हाँ, स्वाध्याय अवश्य अधिक देर तक कर सकता है। अत व्रती श्रावकको उपर्युक्त विधिसे इस मन्त्रका जाप कर मन पवित्र करना चाहिए। जिसे केवल एक माला फेरनी हो, उसे तो सीधे रूपमे ही णमोकार मन्त्रका जाप करना चाहिए। पर जिस गृहस्थको मनको एकाग्र करना हो, उसे उपर्युक्त क्रमसे जाप करनेसे अधिक शान्ति मिलती है। जो व्यक्ति स्नानादि क्रियाओंसे पवित्र होकर श्वेत वस्त्र पहनकर कुशासनपर बैठ उपर्युक्त विधिसे इस मन्त्रका १०८ बार स्मरण करता है अर्थात् १२० × १०८ बार उपांशु जाप—बाहरी-भीतरी प्रयास तो दिखलायी पडे, पर कण्ठसे शब्दोच्चारण न हो, कण्ठमें ही शब्द अन्तर्जल्प करते रहे, करे तो वह कठिनसे कठिन कार्यको सरलतापूर्वक सिद्ध कर लेता है। लौकिक सभी प्रकारकी मन कामनाएँ उक्त प्रकारसे

जाप करनेपर सिद्ध होती हैं। दिगम्बर मुनि कर्मक्षय करनेके लिए उक्त प्रकारका जाप करते हैं। जब तक रूपातीत ध्यानकी प्राप्ति नहीं होती, तब तक इस मन्त्र-द्वारा क्रिया पदस्थ ध्यान असख्यातगुणी निर्जराका कारण है।

**परिवर्तन**—भंग संख्यामें अन्त्य गच्छका भाग देनेसे जो लब्ध आवे, वह उस अन्त्य गच्छका परिवर्तनाङ्क होता है, इसी प्रकार उत्तरोत्तर गच्छोका भाग देनेपर जो लब्ध आवे वह उत्तरोत्तर गच्छ सम्बन्धी परिवर्तनाङ्क सख्या होती है। उदाहरणार्थ—पूर्वोक्त भंगसख्या ३९९१६८०० मे अन्त्यगच्छ ११ का भाग दिया तो ३९९१६८०० – ११ = ३६२८८०० परिवर्तनाङ्क अन्त्यगच्छका हुआ। इसी तरह ३६२८८०० ÷ १० = ३६२८८० यह परिवर्तनाङ्क दस गच्छका आया। ३६२८८० ÷ ९ = ४०३२० यह परिवर्तनाङ्क नौ गच्छका आया। ४०३२० ÷ ८ = ५०४० यह परिवर्तनाङ्क आठ गच्छका हुआ। ५०४० ÷ ७ = ७२० परिवर्तनाङ्क सात गच्छका आया। ७२० ÷ ६ = १२० यह परिवर्तनाङ्क छ. गच्छका, १२० – ५ = २४ परिवर्तनाङ्क पाँच गच्छका, २४ ÷ ४ = ६ परिवर्तनाङ्क चार गच्छका, ६ ÷ ३ = २ परिवर्तनाङ्क तीन गच्छका, २ ÷ २ = १ परिवर्तनाङ्क दो गच्छका एवं १ ÷ १ = १ परिवर्तनाङ्क एक गच्छका हुआ। परिवर्तनाङ्क चक्र निम्न प्रकार बनाया जायगा।

**परिवर्तन चक्र**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० | ११ |
| १ | १ | २ | ६ | २४ | १२० | ७२० | ५०४० | ४०३२० | ३६२८८० | ३६२८८०० |

**नष्ट और उद्दिष्ट**—"रूप धृत्वा पदानयनं नष्टः"—सख्याको रखकर पदका प्रमाण निकालना नष्ट है। इसकी विधि है कि भंगसख्याका भाग देनेपर जो शेष रहे, उस शेष सख्यावाला भग ही पदका मान होगा। पूर्वमें २४-२४ भंगोके कोठे बनाये गये है। अतः शेष तुल्य पद समझ लेना

चाहिए। एक शेषमें 'णमो अरिहंताणं' दो शेषमें 'णमो सिद्धाणं' तीन शेषमें 'णमो आइरियाणं' चार शेषमें 'णमो उवज्झायाणं' और पाँच शेषमें 'णमो लोए सव्वसाहूणं' पद समझना चाहिए। उदाहरणार्थ—४२ सख्या-का पद लाना है। यहाँ सामान्य पद सख्या ५ से भाग दिया तो—४२ ÷ ५ = ८, शेष २। यहाँ शेष पद 'णमो सिद्धाणं' हुआ। ४२वाँ भंग पूर्वोक्त वर्गमें देखा तो 'णमो सिद्धाणं' का आया।

"पदं दृस्त्वा रूपानयनमुद्दिष्टः"—पदको रखकर संख्याका प्रमाण निकालना उद्दिष्ट होता है। इसकी विधि यह है कि 'णमोकार मन्त्रके पदको रखकर सख्या निकालनेके लिए "संठाविदूण रूवं उवरीदो संगु-णित्तु सगमाणे। अवणिज्ज अणंकिदियं कुज्जा एमेव सव्वत्थ"। अर्थात् एकका अंक स्थापनकर उसे सामान्यपदसख्यासे गुणा कर दे। गुणनफलमेंसे अनंकित पदको घटा दे, जो शेष आवे, उसमे ५, १०, १५, २०, २५, ३०, ३५, ४०, ४५, ५०, ५५, ६०, ६५, ७०, ७५, ८०, ८५, ९०, ९५, १००, १०५, ११०, ११५, जोड देनेपर भगसख्या आती है। अपुनरुक्त भग संख्या १२० है, अतः ११५ ही उसमे जोडना चाहिए। उदाहरण 'णमो सिद्धाणं' पदकी भगसंख्या निकालनी है। अत. यहाँ १ संख्या स्थापित कर गच्छ प्रमाणसे गुणा किया। १ × ५ = ५, इसमेसे अनंकित पद संख्याको घटाया तो यहाँ यह अनंकित सख्या ३ है। अतः ५ − ३ = २ सख्या हुई। २ + ५ = ७ वाँ भंग, २ + १० = १२ वाँ भंग, १५ + २ = १७ वाँ भग, २० + २ = २२ वाँ भग, २५ + २ = २७ वाँ भग, ३० + २ = ३२ वाँ भंग, ३५ + २ = ३७ वाँ भंग, ४० + २ = ४२ वाँ भंग, ४५ + २ = ४७ वाँ भग, ५० + २ = ५२ वाँ भग, ५५ + २ = ५७ वाँ भग, ६० + २ = ६२ वाँ भग, ६५ + २ = ६७ वाँ भग, ७० + २ = ७२ वाँ भग, ७५ + २ = ७७ वाँ भंग, ८० + २ = ८२ वाँ भंग, ८५ + २ = ८७ वाँ भग, ९० + २ = ९२ वाँ भग, ९५ + २ = ९७ वाँ भंग, १०० + २ = १०२ वाँ भग, १०५ + २ = १०७ वाँ भंग, ११० +

२ = ११२ वाँ भंग, ११५ + २ = ११७ वाँ भंग हुआ। अर्थात् **'णमो-सिद्धाणं'** यह पद २ रा, ७ वाँ, १२ वाँ, १७ वाँ,.........११७ वाँ भंग है। इसी प्रकार नष्टोदिष्टके गणित किये जाते है। इन गणितोंके द्वारा भी मनको एकाग्र किया जाता है तथा विभिन्न क्रमो द्वारा णमोकार मन्त्रके जाप द्वारा ध्यानकी सिद्धि की जाती है। यह पदस्थ ध्यानके अन्तर्गत है तथा पदस्थध्यानकी पूर्णता इस महामन्त्रकी उपर्युक्त जाप विधिके द्वारा सम्पन्न होती है। साधक इस महामन्त्रके उक्त क्रमसे जाप करनेपर सहस्रो पापोका नाश करता है। आत्माके मोह और क्षोभको उक्त भंगजाल-द्वारा णमोकार मन्त्रके जापसे दूर किया जाता है।

मानव जीवनको सुव्यवस्थित रूपसे यापन करने तथा इस अमूल्य मानवशरीर द्वारा चिरसंचित कर्मकालिमाको दूर करनेका मार्ग बतलाना आचारशास्त्रका विषय है। आचारशास्त्र जीवन-के विकासके लिए विधानका प्रतिपादन करता है, यह आबालवृद्ध सभीके जीवनको सुखी बनानेवाले नियमोका निर्धारण कर वैयक्तिक और सामाजिक जीवनको व्यवस्थित बनाता है। यो तो आचार शब्दका अर्थ इतना व्यापक है कि मनुष्यका सोचना, बोलना, करना आदि सभी क्रियाएँ इसमे परिगणित हो जाती है। अभिप्राय यह है कि मनुष्यकी प्रत्येक प्रवृत्ति और निवृत्तिको आचार कहा जाता है। प्रवृत्तिका अर्थ है, इच्छापूर्वक किसी काममे लगना और निवृत्ति-का अर्थ है, प्रवृत्तिको रोकना। प्रवृत्ति अच्छी और बुरी दोनो प्रकारकी होती है। मन, वचन और कायके द्वारा प्रवृत्ति सम्पन्न की जाती है। अच्छा सोचना, अच्छे वचन बोलना, अच्छे कार्य करना, मन, वचन, काय-की सत्प्रवृत्ति और बुरा सोचना, बुरे वचन बोलना, बुरे कार्य करना असत्प्रवृत्ति है।

**आचारशास्त्र और णमोकारमन्त्र**

अनादिकालीन कर्मसस्कारोके कारण जीव वास्तविक स्वभावको भूले हुए है, अतः यह विषय वासनाजन्य सुखको ही वास्तविक सुख समझ

रहा है। ये विषय-सुख भी आरम्भमें बडे सुन्दर मालूम होते हैं, इनका रूप बडा ही लुभावना है, जिसकी भी दृष्टि इनपर पडती है, वही इनकी ओर आकृष्ट हो जाता है, पर इनका परिणाम हलाहल विषके समान होता है। कहा भी है—**"आपातरम्ये परिणामदुःखे सुखे कथं वैषयिके रतोऽसि"** अर्थात्—वैषयिक सुख परिणाममे दु:खकारक होते हैं, इनसे जीवनको क्षणिक शान्ति मिल सकती है; किन्तु अन्तमे दु:खदायक ही होते हैं। आचारशास्त्र जीवको सचेत करता है तथा उसे विषय-सुखोंमें रत होनेसे रोकता है। मोह और तृष्णाके दूर होनेपर प्रवृत्ति सत् हो जाती है; परन्तु यह सत्प्रवृत्ति भी जब-तब अपनी मर्यादाका उल्लंघन कर देती है। अतएव प्रवृत्तिकी अपेक्षा निवृत्तिपर ही आचारशास्त्र ज़ोर देता है। निवृत्ति मार्ग ही व्यक्तिकी आध्यात्मिक, मानसिक और शारीरिक शक्तिका विकास करता है, प्रवृत्तिमार्ग नही। प्रवृत्तिमार्गमे सभलकर चलनेपर भी जोखिम उठानी पडती है, भोग-विलास जब-तब जीवनको अशान्त बना देते है, किन्तु निवृत्तिमार्गमे किसी प्रकारका भय नही रहता। इसमे आत्मा रत्नत्रय रूप आचरणकी ओर बढता है तथा अनुभव होने लगता है कि जो आत्मा ज्ञाता, द्रष्टा है, जिसमे अपरिमित बल है, वह मै हूँ। मेरा सासारिक विषयोसे कुछ भी सम्बन्ध नही है। मेरा आत्मा शुद्ध है, इसमे परमात्माके सभी गुण वर्तमान है। शुद्ध आत्माको ही परमात्मा कहा जाता है। अत शक्तिकी अपेक्षा प्रत्येक जीवात्मा परमात्मा है। इस प्रकार जैसे-जैसे आत्म-तत्त्वका अनुभव होता है, वैसे-वैसे ऐन्द्रियिक सुख सुलभ होते हुए भी नही रुचते हैं।

निवृत्तिमार्गकी ओर अथवा सत्प्रवृत्तिमार्गकी ओर जीवकी प्रवृत्ति तभी होती है, जब वह रत्नत्रय रूप आत्मतत्त्वकी आराधना करता है। णमोकार मन्त्रमे आराधना ही है। इस मन्त्रका चिन्तन, मनन और स्मरण करनेसे रत्नत्रयरूप आत्माका अनुभव होता है, जिससे मन, वचन और कायकी सत्प्रवृत्ति होती है तथा कुछ दिनोके पश्चात् निवृत्तिमार्गकी ओर भी व्यक्ति अपने आप झुक जाता है। विषय कषायोसे इसे अरुचि हो जाती है। इस

महामन्त्रके जप और मननमें ऐसी शक्ति है कि व्यक्ति जिन बाह्य पदार्थोंमें सुख समझता था, जिनके प्राप्त होनेसे प्रसन्न होता था, जिनके पृथक् होनेसे इसे दुःखका अनुभव होता था, उन सबको क्षणभरमें छोड देता है। आत्माके अहितकारक विषय और कषायोंसे भी इसकी प्रवृत्ति हट जाती है। इन्द्रियोंकी पराधीनता, जो कि कुगतिकी ओर जीवको ले जानेवाली है, समाप्त हो जाती है। मगल वाक्यका चिन्तन समस्त पापको गलाने—नष्ट करनेवाला होता है और अनेक प्रकारके सुखोको उत्पन्न करनेवाला है। अत. सुखाकाङ्क्षीको णमोकार मन्त्र जैसे महा पावन मंगल वाक्योंका चिन्तन, मनन और स्मरण करना आवश्यक है; जिससे उसकी राग-द्वेष निवृत्ति हो जाती है। करणलब्धिकी प्राप्तिमे सहायक णमोकार मन्त्र है, इससे अनन्तानुबन्धी और मिथ्यात्वका अभाव होते ही आत्मामे पुण्यास्रव होनेसे बद्ध कर्म जाल विशृङ्खलित होने लगता है।

णमोकार मन्त्रमें पञ्चपरमेष्ठीका ही स्मरण किया गया है। पञ्चपरमेष्ठीकी शरण जाने, उनकी स्मृति और चिन्तनसे राग-द्वेष रूप प्रवृत्ति रुक जाती है, पुरुषार्थकी वृद्धि होने लगती है तथा रत्नत्रय गुण आत्मामे आविर्भूत होने लगता है। आत्माके गुणोको आच्छादिन करनेवाला मोह ही सबसे प्रधान है, इसको दूर करनेके लिए एकमात्र रामबाण पञ्चपरमेष्ठीके स्वरूपका मनन, चिन्तन और स्मरण ही हं। णमोकार मन्त्रके उच्चारण मात्रसे आत्मामे एक प्रकारकी विद्युत् उत्पन्न हो जाती है, जिससे सम्यक्त्वकी निर्मलताके माथ सम्यग्ज्ञान और सम्यक् चारित्रको भी वृद्धि होती है। क्योंकि इस महामन्त्रकी आराधना किसी अन्य परमात्मा या शक्ति विशेषकी आराधना नही है, प्रत्युत अपनी आत्माकी ही उपासना है। ज्ञान, दर्शन मय अखण्ड चैतन्य आत्माके स्वरूपका अनुभव कर अपने अखण्ड साधक स्वभावकी उपलब्धिके लिए इस महामन्त्र द्वारा ही प्रयत्न किया जाता है।

णमोकार मन्त्र या इस मन्त्रके अंगभूत प्रभाव आदि बीजमन्त्रोंके

ध्यानसे आत्मामें केवलज्ञानपर्यायको उत्पन्न किया जा सकता है। साधक बाह्य जगत्से अपनी प्रवृत्तिको रोककर जब आत्ममय कर देता है, तो उक्त पर्यायकी प्राप्तिमें विलम्ब नहीं होता। णमोकार मन्त्रमें इतनी बडी शक्ति है जिससे यह मन्त्र श्रद्धापूर्वक साधना करनेवालोको आत्मानुभूति उत्पन्न कर देता है तथा इस मन्त्रके साधकमें प्रथम गुण आ जाता है। अतः णमोकार मन्त्रके द्वारा सम्यक्त्व और केवलज्ञान पर्यायें उत्पन्न हो सकती हैं। यद्यपि निश्चय नयकी अपेक्षा सम्यक्त्व और केवलज्ञान आत्मामें सर्वदा विद्यमान है; क्योंकि ये आत्माका स्वभाव हैं, इनमें परके अवलम्बनकी आवश्यकता नही। णमोकार मन्त्र आत्मासे पर नही है, यह आत्मस्वरूप है। अतएव निष्कामकी अपेक्षा यह महामन्त्र आत्मोत्थानके लिए आलम्बन नही है; किन्तु आत्मा ही स्वयं उपादान और निमित्त है यथा आत्माकी शुद्धिके लिए शुद्धात्माको अवलम्बन बनाया जाता है, इसका अर्थ है कि शुद्धात्माको देख-कर उनके ध्यान-द्वारा अपनी अशुद्धताको दूर किया जाता है अर्थात् आत्मा स्वयं ही अपनी शुद्धिके लिए प्रयत्नशील होता है। णमोकार मन्त्र भाव और द्रव्य रूपसे आत्मामे इतनी शुद्धि उत्पन्न करता है जिससे श्रद्धागुणके साथ श्रावक गुण भी उत्पन्न हो जाता है। यद्यपि यह आनन्द आत्माके भीतर ही वर्तमान है, कही बाहरसे प्राप्त नही किया जाता है, किन्तु णमो-कार मन्त्रके निमित्तके मिलते ही उद्बुद्ध हो जाता है। चरित्र और वीर्य आदि गुण भी इस महामन्त्रके निमित्तसे उपलब्ध किये जा सकते है। अत-एव आत्माके प्रधान कार्य रत्नत्रय या उत्तम क्षमादि पक्ष धर्मकी उपलब्धिमें यह मन्त्र परम सहायक है।

**मुनिका आचार और णमोकार मन्त्र**

मुनि पञ्च महाव्रत, पाँच समिति, पाँच इन्द्रियजय, षट् आवश्यक, स्नानत्याग, दन्तधावनका त्याग, पृथ्वीपर शयन, खडे होकर भोजन लेना, दिनमे एकबार शुद्ध निर्दोष आहार लेना, नग्न रहना, और केशलुञ्च करना इन अट्ठाइस मूल गुणोंका पालन करते हैं। ये मध्य रात्रिमे चार

घड़ी निद्रा लेते हैं, पश्चात् स्वाध्याय करते है। दो घड़ी रात शेष रह जाने पर स्वाध्याय समाप्त कर प्रतिक्रमण करते है। तीनो सन्ध्याओमे जिनदेवकी वन्दना तथा उनके पवित्र गुणोका स्मरण करते है। कायोत्सर्ग करते समय हृदयकमलमें प्राणवायुके साथ मनका नियमन करके **"णमो अरिहंताणं णमो सिद्धाणं णमो आइरियाणं णमो उवज्झायाणं णमो लोए सव्वसाहूणं"** मन्त्रका प्राणायामकी विधिसे नौ बार जप करते है। कायोत्सर्गके पश्चात् स्तुति, वन्दना आदि क्रियाएँ करते हैं। इन क्रियाओंमे भी णमोकार मन्त्रके ध्यानकी उन्हे आवश्यकता होती हैं। दैवसिक प्रतिक्रमणके अन्तमे मुनि कहता है—**"पञ्चमहाव्रत-पञ्चसमिति-पञ्चेन्द्रियरोध-लोच-षडावश्यक-क्रिया-अष्टाविंशतिमूलगुणाः उत्तमक्षमामार्दवार्जव–शौच–सत्यसंयमतपस्त्यागाकिञ्चन्यब्रह्मचर्याणि दशलाक्षणिको धर्मः, अष्टादशशीलसहस्राणि, चतुरशीतिलक्षगुणाः, त्रयोदशविधं चारित्रं, द्वादशविधं तपश्चेति सकलं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुसाक्षिकं सम्यक्त्वपूर्वकं दृढव्रतं सुव्रतं समारूढं ते मे भवतु।**

**अथ सर्वातिचारविशुद्ध्यर्थं दैवसिकप्रतिक्रमणक्रियायां कृतदोष-निराकरणार्थं पूर्वाचार्यानुक्रमेण सकलकर्मक्षयार्थं भावपूजावन्दनास्तवसमेतं आलोचनासिद्धभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं—इति प्रतिज्ञाप्य णमो अरिहंताण इत्यादि सामायिकदण्डकं पठित्वा कायोत्सर्गं कुर्यात्।**

इस उद्धरणसे स्पष्ट हैं कि मुनिराज सर्व अतिचारकी शुद्धिके लिए दैवसिक प्रतिक्रमण करते है, उस समय सकल कर्मोंके विनाशके लिए भाव पूजा वन्दना और स्तवन करते हुए कायोत्सर्ग क्रिया करते है तथा इस क्रियामे णमोकार मन्त्रका उच्चारण करना परमावश्यक होता हैं। नैशिक प्रतिक्रमणके समय भी **"सर्वातिचारविशुद्ध्यर्थं नैशिकप्रतिक्रमणक्रियायां पूर्वाचार्यानुक्रमेण भावपूजावन्दनास्तवसमेतं प्रतिक्रमणभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहम्"** पढकर णमोकार मन्त्ररूप दंडकको पढकर कायोत्सर्गकी क्रिया सम्पन्न करता है। पाक्षिक प्रतिक्रमणके समय तो अढाई द्वीप, पन्द्रह कर्मभूमियोंमें जितने

अरिहंत, केवलीजिन, तीर्थंकर, सिद्ध, धर्माचार्य, धर्मोपदेशक, धर्मनायक, उपाध्याय, साधुकी भक्ति करते हुए इस मन्त्रके २७ श्वासोच्छ्वासोंमें ९ जाप करने चाहिए। प्रतिक्रमण दण्डक आरम्भमें ही **"णमो अरिहंताणं"** आदि णमोकारमन्त्रके साथ **"णमो जिणाणं, णमो ओहिजिणाणं, णमो परमोहिजिणाणं, णमो सव्वोहिजिणाणं, णमो अणंतोहि जिणाणं, णमो मोहबुद्धीणं, णमो बीजबुद्धीणं, णमो पादाणुसारीणं, णमो संभिण्णसोदाराण, णमो सयंबुद्धाणं, णमो पत्तेयबुद्धाणं, णमो बोहियबुद्धाणं"** आदि जिनेन्द्रोको नमस्कार करते हुए प्रतिक्रमणके मध्यमें अनेक बार णमोकार मन्त्रका ध्यान किया गया है। प्रत्येक महाव्रतकी भावनाको दृढ करनेके लिए भी णमोकार मन्त्रका जाप करना आवश्यक समझा जाता है। अतः **"प्रथमं महाव्रतं सर्वेषां व्रतधारिणां सम्यक्त्वपूर्वकं दृढव्रतं सुव्रतं समारूढं ते मे भवतु"** कहकर **"णमो अरिहंताणं णमो सिद्धाणं"** आदि मन्त्रका २७ श्वासोच्छ्वासोंमें नौ बार जाप किया जाता है। प्रत्येक महाव्रतकी भावनाके पश्चात् यह क्रिया करनी पड़ती है। अतिक्रमणमें आगे बढनेपर **"अइचारं पडिक्कमामि णिंदामि गरहामि अप्पाणं वोस्सरामि जाव अरहंताणं भयवताणं णमोक्कारं करेमि पज्जुवासं करेमि ताव कायं पावकम्मं दुच्चरियं वोस्सरामि। णमो अरिहंताणं णमो सिद्धाणं णमो आइरियाणं णमो उवज्झायाण णमो लोए सव्वसाहूणं"** रूपसे कायोत्सर्ग करता है। वार्षिक प्रतिक्रमण क्रियामें तो णमोकार मन्त्रके जापकी अनेक बार आवश्यकता होती है। मुनिराजकी कोई भी प्रतिक्रमणक्रिया इस णमोकारमन्त्रके स्मरणके बिना सभव नही है। २७ श्वासोच्छ्वासोंमें इस महामंत्रका ९ बार उच्चारण किया जाता है।

इसी प्रकार प्रात.कालीन देववदनाके अनन्तर मुनिराज सिद्ध, शास्त्र, तीर्थंकर, निर्वाण, चैत्य और आचार्य आदि भक्तियोंका पाठ करते हैं। प्रत्येक भक्तिके अन्तमें दण्डक—णमोकार मन्त्रका नौ बार जाप करते हैं। यह भक्तिपाठ ४८ मिनट तक प्रात.कालमें किया जाता है। पश्चात्

स्वाध्याय आरम्भ करते हैं। मुनिराज शास्त्र पढनेके पूर्व नौ बार णमोकार मन्त्र तथा शास्त्र समाप्त करनेके पश्चात् नौ बार णमोकार मन्त्रका ध्यान करते हैं। इतना ही नहीं, गमन करने, बैठने, आहार करने, शुद्धि करने, उपदेश देने, शयन करने आदि समस्त क्रियाओंके आरम्भ करनेके पूर्व और समस्त क्रियाओंकी समाप्तिके पश्चात् नौ बार णमोकार मन्त्रका जाप करना परम आवश्यक माना गया है। षट् आवश्यकोंके पालनेमे तो पद-पदपर इस महामन्त्रकी आवश्यकता है। मुनिधर्मकी ऐसी एक भी क्रिया नही है, जो इस महामन्त्रके जाप बिना सम्पन्न की जा सके। जितनी भी सामान्य या विशेष क्रियाएँ हैं, वे सब इस महामन्त्रकी आराधनापूर्वक ही सम्पन्न की जाती है। द्रव्यलिंगी मुनिको भी इन क्रियाओकी समाप्ति इस मन्त्रके ध्यानके साथ ही सम्पन्न करनी होती है। किन्तु भावलिंगी मुनि अपनी भावनाओंको निर्मल करता हुआ इस मंत्रकी आराधना करता है तथा सामायिक कालमें इस मन्त्रका ध्यान करता हुआ अपने कर्मोंकी निर्जरा करता है। पूज्यपाद स्वामीने पञ्चगुरु भक्तिमे बताया है कि मुनिराज भक्तिपाठ करते णमोकार मन्त्रका आदर्श सामने रखते है, जिससे उन्हे, परम शान्ति मिलती है। मन एकाग्र होता है और आत्मा धर्ममय हो जाती है। बतलाया गया है—

जिनसिद्धसूरिदेशकसाधुवरानमलगुणगणोपान् ।
पञ्चनमस्कारपदैस्त्रिसन्ध्यमभिनौमि मोक्षलाभाय ॥६॥
अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायाः सर्वसाधवः ।
कुर्वन्तु मङ्गलाः सर्वे निर्वाणपरमश्रियम् ॥८॥
पान्तु श्रीपादपद्मानि पञ्चानां परमेष्ठिनाम् ।
ललितानि सुराधीशचूडामणिमरीचिभिः ॥१०॥
असहा सिद्धाइरिया उवज्झाया साहु पंचपरमेष्ठी ।
एयाण णमुक्कारा भवे भवे मम सुहं दिंतु ॥

अर्थात्—निर्मल पवित्र गुणोंसे युक्त अरिहंत, सिद्ध, आचार्य,

उपाध्याय और साधुको मैं मोक्ष-प्राप्तिके लिए तीनों सन्ध्याओंमें नमस्कार करता हूँ। अरिहत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु ये पञ्चपरमेष्ठी हमारा मंगल करें, निर्वाण पदकी प्राप्ति हो। पञ्चपरमेष्ठियोंके वे चरणकमल रक्षा करें, जो इन्द्रके नमस्कार करनेके कारण मुकुट मणियोंसे निरन्तर उद्भासित होते रहते हैं। पञ्चपरमेष्ठीको नमस्कार करनेसे भव-भवमें सुखकी प्राप्ति होती है। जन्म-जन्मान्तरका संचित पाप नष्ट हो जाता है और आत्मा निर्मल निकल आता है। अतः मुनिराज अपनी प्रत्येक क्रियाके आरम्भ और अन्तमें इस महामन्त्रका स्मरण करते हैं।

प्रवचनसारमें कुन्दकुन्द स्वामीने बताया है कि जो अरिहंतके आत्माको ठीक तरहसे समझ लेता है, वह निज आत्माको भी द्रव्य-गुण पर्यायसे युक्त अवगत कर सकता है। णमोकार मन्त्रकी आराधना स्थिर संचित पापको भस्म करनेवाली है। इस मन्त्रके ध्यानसे अरिहंत और सिद्धकी आत्माका ध्यान किया जाता है, आत्मा कर्मकलङ्कसे रहित निज स्वरूपको अवगत करने लगता है। कहा गया है—

जो जाणदि अरिहंतं दव्वत्त गुणत्त पज्जयत्तेहिं।
सो जाणदि अप्पाणं मोहो खलु जादि तस्स लयं ॥ ८० ॥

अ० १

"यो हि नामार्हन्तं द्रव्यत्वगुणत्वपर्यायत्वैः परिच्छिनत्ति स खल्वात्मानं परिच्छिनत्ति, उभयोरादिनिश्चयेनाविशेषात्। अर्हतोऽपि पाककाष्ठागतकार्तस्वरस्येव परिस्पष्टमात्मरूपं ततस्तत्परिच्छेदे सर्वात्मपरिच्छेदः। तत्रान्वयो द्रव्यं, अन्वयं विशेषणं गुणः, अन्वयव्यतिरेकाः पर्यायाः।" अर्थात् जो अरिहतको द्रव्य, गुण और पर्याय रूपसे जानता है, वह अपने आत्माको जानता है, और उसका मोह नष्ट हो जाता है। क्योंकि जो अरिहंतका स्वरूप है, वही स्वभाव दृष्टिसे आत्माका भी यथार्थ स्वरूप है। अतएव मुनिराज सर्वदा इस महामन्त्रके स्मरण द्वारा अपने आत्मामें पवित्रता लाते हैं।

समाधिकी प्राप्तिके लिए प्रयत्नवाले साधक मुनि तो इसी महामन्त्रकी आराधना करते हैं। अतः मुनिके आचारके साथ इस महामन्त्रका विशेष सम्बन्ध है। जब मुनिदीक्षा ग्रहण की जाती है, उस समय इसी महामन्त्रके अनुष्ठान द्वारा दीक्षाविधि सम्पन्न की जाती है।

**श्रावकाचार और णमोकार महामन्त्र**

श्रावकाचारकी प्रत्येक क्रियाके साथ इस महामन्त्रका घनिष्ठ सम्बन्ध है। धार्मिक एवं लौकिक सभी कृत्योंके प्रारम्भमें श्रावक इस महामन्त्रका स्मरण करता है। श्रावककी दिनचर्याका वर्णन करते हुए बताया गया है कि प्रातःकाल ब्राह्म मुहूर्तमें शय्या त्याग करनेके अनन्तर णमोकार मन्त्रका स्मरणकर अपने कर्तव्यका विचार करना चाहिए। जो श्रावक प्रातःकालीन नित्य क्रियाओंके अनन्तर देवपूजा, गुरुभक्ति, स्वाध्याय, संयम, तप और दान इन षट्कर्मोंको सम्पन्न करता है। विधिपूर्वक अहिंसात्मक ढंगसे अपनी आजीविका अर्जन कर आसक्तिरहित हो अपने कार्योंको सम्पन्न करता है, वह धन्य है। श्रावकके इन षट्कर्मोंमें णमोकार महामन्त्र पूर्णतया व्याप्त है। देवपूजाके प्रारम्भमें भी णमोकार मन्त्र पढ़कर **"ओं ह्रीं अनादिमूल-मन्त्रेभ्यो नमः पुष्पाञ्जलिम्"** कहकर पुष्पाञ्जलि अर्पित किया जाता है। पूजनके बीच-बीचमें भी णमोकार महामन्त्र आता है। यह बार-बार व्यक्ति-को आत्मस्वरूपका बोध कराता है तथा आत्मिक गुणोंकी चर्चा करनेके लिए प्रेरित करता है।

गुरुभक्तिमें भी णमोकार महामन्त्रका उच्चारण करना आवश्यक है। गुरुपूजाके आरम्भमें भी णमोकार मन्त्रको पढ़कर पुष्प चढ़ाये जाते है। पश्चात् जल, चन्दन आदि द्रव्योंसे पूजा की जाती है। यों तो णमो-कार मन्त्रमें प्रतिपादित आत्मा ही गुरु हो सकते है। अतः गुरु अर्पण रूप भी यही मन्त्र है। स्वाध्याय करनेमें तो णमोकार मन्त्रके स्वरूपका ही मनन किया जाता है। श्रावक इस महामन्त्रके अर्थको अवगत करनेके लिए द्वादशांग जिनवाणीका अध्ययन करता है। यद्यपि यह महामन्त्र समस्त

द्वादशागका सार है, अथवा द्वादशाग रूप ही है। संसारकी समस्त बाधाओंको दूर करनेवाला है। शास्त्र प्रवचन आरम्भ करनेके पूर्व जो मगलाचरण पढा जाता है, उसमे णमोकार मन्त्र व्याप्त है। कर्तव्यमार्गका परिज्ञान करानेके लिए इसके सामने कोई भी अन्य साधन नही हो सकता है। जीवनके अज्ञानभाव और अनात्मिक विश्वास इस मन्त्रके स्वाध्याय द्वारा दूर हो जाते है। लोकैषणा, पुत्रैषणा और वित्तैषणाएँ इस महामन्त्रके प्रभावसे नष्ट हो जाती है तथा आत्माके विकार नष्ट होकर आत्मा शुद्ध निकल आता है। स्वाध्यायके साथ तो इस महामन्त्रका सम्बन्ध वर्णनातीत है। अतः गुरुभक्ति और स्वाध्याय इन दोनो आवश्यक कर्त्तव्योके साथ इस महामन्त्रका अपूर्व सम्बन्ध है। श्रावककी ये क्रियाएँ इन मन्त्रके सहयोगके बिना सम्भव ही नही है। ज्ञान, विवेक और आत्मजागरणकी उपलब्धिके लिए णमोकार मन्त्रके भावध्यानकी आवश्यकता है।

इच्छाओ, वासनाओ और कषायोपर नियन्त्रण करना संयम है। शक्तिके अनुसार सर्वदा संयमका धारण करना प्रत्येक श्रावकके लिए आवश्यक है। पञ्चेन्द्रियोका जप, मन-वचन-कायकी अशुभ प्रवृत्तिका त्याग तथा प्राणीमात्रकी रक्षा करना प्रत्येक व्यक्तिके लिए आवश्यक है। यह सयम ही कल्याणका मार्ग है। सयमके दो भेद है—प्राणीसंयम और शक्ति-सयम। अन्य प्राणियोको किञ्चित् भी दुःख नही देना, समस्त प्राणियोके साथ भ्रातृत्व भावनाका निर्वाह करना और अपने समान सभीको सुख-आनन्द भोगनेका अधिकारी समझना प्राणी संयम है। इन्द्रियोको जीतना तथा उनकी उद्दाम प्रवृत्तिको रोकना इन्द्रिय-संयम है। णमोकार मन्त्रकी आराधनाके बिना श्रावक सयमका पालन नही कर सकता है, क्योंकि इसी मन्त्रका पवित्र स्मरण संयमकी ओर जीवको झुकाता है। इच्छाओंका निरोध करना तप है, णमोकार महामन्त्रका मनन, ध्यान और उच्चारण इच्छाओको रोकता है। व्यर्थकी अनावश्यक इच्छाएँ, जो व्यक्तिको दिनरात परेशान करती रहती हैं, इस महामन्त्रके कारणसे रुक जाती हैं, इच्छाओ-

पर नियन्त्रण हो जाता है तथा सारे अनर्थोंकी जड़ चित्तकी चंचलता और उसका सतत संस्कार युक्त रहना, इस महामन्त्रके ध्यानसे रुक जाता है। अहंकारवेष्टित बुद्धिके ऊपर अधिकार प्राप्त करनेमें इससे बढकर अन्य कोई साधन नहीं है। अतएव संयम और तपकी सिद्धि इस मन्त्रकी आराधना द्वारा ही सम्भव है।

दान देना गृहस्थका नित्य प्रतिका कर्त्तव्य है। दान देनेके प्रारम्भमे भी णमोकार मन्त्रका स्मरण किया जाता है। इस मन्त्रका उच्चारण किये बिना कोई भी श्रावक दानकी क्रिया सम्पन्न कर ही नही सकता है। दान देनेका ध्येय भी त्यागवृत्ति द्वारा अपनी आत्माको निर्मल करना और मोह-को दूर करना है। इस मन्त्रकी आराधना-द्वारा राग-मोह दूर होते है और आत्मामें रत्नत्रयका विकास होता है। अतएव दैनिक षट्कर्मोंमे णमोकार मन्त्र अधिक सहायक है।

श्रावककी दैनिक क्रियाओका दर्शन करते हुए बताया गया है कि प्रात - काल नित्यक्रियाओसे निवृत्त होकर जिनमन्दिरमें जाकर भगवान्के सामने णमोकार मन्त्रका स्मरण करना चाहिए। दर्शन-स्तोत्रादि पढनेके अनन्तर ईर्यापथशुद्धि करना आवश्यक है। इसके पश्चात् प्रतिक्रमण करते हुए कहना चाहिए कि 'हे प्रभो ! मेरे चलनेमें जो कुछ जीवोकी हिसा की हो, उसके लिए मैं प्रतिक्रमण करता हूँ। मन, वचन, कायको वशमे न रखनेसे, बहुत चलनेसे, इधर-उधर फिरनेसे, आने-जानेसे, द्वीन्द्रियादिक प्राणियो एव हरित कायपर पैर रखनेसे, मल-मूत्र, थूक आदिका उत्क्षेपण करनेसे, एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय या पञ्चेन्द्रिय अपने स्थानपर रोके गये हों, तो मैं उसका प्रायश्चित्त करता हूँ। उन दोषोकी शुद्धिके लिए अरहंतोंको नमस्कार करता हूँ और ऐसे पापकर्म तथा दुष्टाचारका त्याग करता हूँ।' **"णमो अरिहंताणं णमो सिद्धाणं णमो आइरियाणं णमो उवज्झायाणं णमो लोए सव्वसाहूणं"** इस मन्त्रका नौ बार जापकर प्राय-श्चित्त विधिपूर्वक किया जाता है। प्रायश्चित्त विधिमें इस मन्त्रकी उप-

योगिता अत्यधिक है। इसके बिना यह विधि सम्पन्न नहीं की जाती है। २७ श्वासोच्छ्वासमें ९ बार इसे पढा जाता है।

आलोचनाके समय सोचे कि पूर्व, उत्तर, दक्षिण और पश्चिम चारों दिशाओ और ईशान आदि विदिशाओंमें इधर-उधर घूमने या ऊपरको ओर मुँहकर चलनेमें प्रमादवश एकेन्द्रियादि जीवोकी हिंसा की हो, करायी हो, अनुमति दी हो, वे सब पाप मेरे मिथ्या हो। मै दुष्कर्मोंकी शान्तिके लिए पञ्चपरमेष्ठीको नमस्कार करता हूँ। इस प्रकार मनमें सोचकर अथवा वचनोसे उच्चारण कर नौ बार णमोकार मन्त्रका पाठ करना चाहिए।

सन्ध्या-वन्दनके समय **"ॐ ह्रीं क्ष्वीं क्ष्वीं वं मं हं सं तं पं द्रां द्रीं हं सः स्वाहा।"** इस मन्त्र द्वारा द्वादशागोका स्पर्श कर प्राणायाम करना चाहिए। प्राणायाममें दायें हाथको पाँचों अंगुलियोसे नाक पकडकर अंगूठेसे दायें छिद्रको दबाकर बायें छिद्रसे वायुको खींचे। खींचते समय ***'णमो अरिहंताणं'*** और ***'णमो सिद्धाणं'*** इन दोनों पदोका जाप करे। पूरी वायु खीच लेनेपर अगुलियोंसे बायें छिद्रको दबाकर वायुको रोक ले। इस समय **'णमो आइरियाणं'** और **'णमो उवज्झायाणं'** इन पदोंका जाप करे। अन्तमे अगूठेको ढीलाकर धीरे-धीरे दाहिने छिद्रसे वायुको निकालना चाहिए तथा **'णमो लोए सव्वसाहूणं'** पदका जाप करना चाहिए। इस तरह सन्ध्या-वन्दनके अन्तमे नौ बार णमोकार मन्त्र पढ़कर चारों दिशाओंको नमस्कार कर विधि समाप्त करना चाहिए। हरिवंशपुराणमे बताया गया है कि णमोकार मन्त्र और चतुरुत्तममंगल श्रावकको प्रत्येक क्रियाके साथ सम्बद्ध है, श्रावककी कोई भी क्रिया इस मन्त्रके बिना सम्पन्न नही की जाती है। दैनिक पूजन आरम्भ करनेके पहले ही सर्वपाप और विघ्नका नाशक होनेके कारण इसका स्मरण कर पुष्पाञ्जलि क्षेपण की जाती है। श्रावक स्वस्ति-वाचन करता हुआ इस महामन्त्रका पाठ करता है। बताया गया है—

पुण्यपञ्चनमस्कारपदपाठपवित्रितौ ।
चतुरुत्तममाङ्गल्यशरणप्रतिपादिनौ ।।

आचार्यकल्प श्री प० आशाधरजीने भी श्रावकोकी क्रियाओंके प्रारम्भमें णमोकार महामन्त्रके पाठको प्राधान्य दिया है। पूज्यपाद स्वामीने दशभक्तिमे तथा उस ग्रन्थके टीकाकार प्रभाचन्द्रने इस महामन्त्रको दण्डक कहा है। इसे दण्डक कहे जानेका अभिप्राय ही यह है कि श्रावककी समस्त क्रियाओमें इसका उपयोग किया जाता है। श्रावककी एक भी क्रिया इस महामन्त्रके बिना सम्पन्न नही की जा सकती है।

षोडशकारण सस्कारोके अवसरपर इस मन्त्रका उच्चारण किया जाता है। ऐसा कोई भी मागलिक कार्य नही, जिसके आरम्भमें इसका उपयोग न किया जाय। मृत्युके समय भी महामन्त्रका स्मरण आत्माके लिए अत्यन्त कल्याणकारक बताया है। जैनाचार्योने बतलाया है कि जीवनभर धर्म साधना करनेपर भी कोई व्यक्ति अन्तिम समयमे आत्मसाधन—णमोकार मन्त्रकी आराधना-द्वारा निजको पवित्र करना भूल जाय, तो वह उसी प्रकारका माना जायगा, जिस प्रकार निरन्तर अस्त्र-शस्त्रोका अभ्यास करनेवाला व्यक्ति युद्धके समय शस्त्र-प्रयोग करना भूल जाय। अतएव अन्तिम समयमे अनाद्यनिधन इस महामन्त्रका जाप करके अपनी आत्माको अवश्य पवित्र करना चाहिए। कहा गया है—

जिणवयणमोसहमिणं विसयसुहविरेयणं अमिदभूवं ।
जरमरणवाहिवेयण-खयकरण सव्वदुक्खाणं ।।

—मूलाचार

अर्थात् जिनेन्द्र भगवान्की वचनरूपी औषधि इन्द्रिय-जनित विषय-सुखोका विरेचन करनेवाली है,—मूलाचार अमृत स्वरूप है और जरा, मरण, व्याधिवेदना आदि सब दुःखोका नाश करनेवाली है। इस प्रकार जो पञ्चपरमेष्ठीके स्वरूपका स्मरण करनेवाले णमोकार मन्त्रका ध्यान करता है, वह निश्चयतः सल्लेखनाव्रतको धारण करता है। श्रावकको ससारके

नाश करनेमें समर्थ इस महामन्त्रकी आराधना अवश्य करनी चाहिए। अमितगति आचार्यने कहा है—

सप्तविंशतिरुच्छ्‌वासाः संसारोन्मूलनक्षमे।
सन्ति पञ्चनमस्कारे नवधा चिन्तिते सति॥

इस प्रकार श्रावक अन्तिम समयमें णमोकार मन्त्रकी साधना कर उत्तमगतिकी प्राप्ति करता है और जन्म-जन्मान्तरके पापोंका विनाश होता है। अन्तिम समयमें ध्यान किया गया मन्त्र अत्यन्त कल्याणकारी होता है।

व्रतोंका पालन आत्मकल्याण और जीवन मस्कारके लिए होता है। व्रतोंकी विधिका वर्णन कई श्रावकाचारोंमें आया है। कर्मोंकी असंख्यात-गुणी निर्जरा करनेके लिए श्रावक व्रतोपवास करता है, जिससे उसकी आत्माके विकार शान्त होते हैं और त्यागकी महत्ता जीवनमें आती है। सप्तव्यसनके त्यागके साथ, आठ मूलगुण, बारह व्रत और अन्तिम समयमें सल्लेखना धारणकर विशेष उपवासोंके द्वारा श्रावक अपनी आत्माको शुद्ध करनेका आभास करता है। व्रत प्रधान रूपसे नौ प्रकारके होते हैं—सावधि, निरवधि, दैवसिक, नैशिक, मासावधिक, वार्षिक, काम्य, अकाम्य और उत्तमार्थ। सावधि व्रत दो प्रकारके है—तिथिके अवधिसे किये जानेवाले और दिनोंकी अवधिसे किये जानेवाले। तिथिकी अवधिसे किये जानेवाले सुखचिन्तामणि, पञ्चविंशतिभावना, द्वात्रिंशत्भावना, सम्यक्त्वपञ्चविंशतिभावना और णमोकार पञ्चत्रिंशत् भावना आदि हैं। दिनोंकी अवधिसे किये जानेवाले व्रतोंमें दुःखहरणव्रत, धर्मचक्रव्रत, जिनगुणसम्पत्ति, सुखसम्पत्ति, शीलकल्याणक, श्रुतिकल्याणक और चक्रकल्याणक आदि। निरवधिमें कवलचन्द्रायण, तपोऽञ्जलि, जिनमुखावलोकन, मुक्तावली, द्विकावली और एकावली आदि है। दैवसिक व्रतोंमें दशलक्षण, पुष्पाञ्जलि, रत्नत्रय आदि हैं। आकाशपञ्चमी नैशिक व्रत है। षोडशकारण, मेघमाला आदि मासिक है। जो व्रत किसी कामनाकी पूर्तिके लिए किये जाते हैं, वे काम्य

**व्रतविधान और णमोकारमन्त्र**

और जो निष्कामरूपसे किये जाते हैं, वे निष्काम कहलाते हैं। काम्य व्रतोंमें संकटहरण, दुःखहरण, धनदकलश आदि व्रतोकी गणना की जाती है। उत्तम व्रतोमें कर्मचूर, कर्मनिर्जरा, महासर्वतोभद्र आदि हैं। अकाम्य व्रतोमें मेरुपंक्ति आदिकी गणना है। इन समस्त व्रतोके विधानमें जाप्य मन्त्रोकी आवश्यकता होती है। यों तो णमोकार मन्त्रके नामपर णमोकारपञ्चत्रिंशत्भावना व्रत भी है। इस व्रतका वर्णन करते हुए बताया गया है कि इस व्रतका पालन करनेसे अनेक प्रकारके ऐश्वर्योंके साथ मोक्ष-सुख प्राप्त होता है। कहा गया है—

> अपराजित है मन्त्र णमोकार, अक्षर तहँ पैंतीस विचार।
> कर उपवास वरण परिमाण, सोह सात करो बुधिवान ॥
> पुनि चौदा चौदशि व्रत साँच, पाचें तिथिके प्रोषध पाँच।
> नवमी नव करिये भवि सात, सब प्रोषध पैंतीस गणात ॥
> पैंतीसी णवकार जु येह, जाप्यमन्त्र नवकार जयेह।
> मन वच तन नरनारी करे, सुरनर सुख लह शिवतिय वरे ॥

अर्थात्—यह णमोकारपैंतीसी व्रत एक वर्ष छ महीनेमे समाप्त होता है। इस डेढ वर्षकी अवधिमे केवल ३५ दिन व्रतके होते है। व्रतारम्भ करनेकी यह विधि है—[१] प्रथम आषाढ़ शुक्ला सप्तमीका उपवास करे, फिर श्रावण महीनेकी दोनो सप्तमी, भाद्रपद महीनेकी दोनो सप्तमी और आश्विन महीनेकी दो सप्तमी इस प्रकार कुल सात सप्तमियोके उपवास करे। [२] पश्चात् कार्तिक कृष्ण पञ्चमीसे पौष कृष्ण पञ्चमी तक अर्थात् कुल पाँच पञ्चमियोके उपवास करे। [३] तदनन्तर पौष कृष्ण चतुर्दशीसे चैत्र कृष्ण चतुर्दशी तक सात चतुर्दशियोके उपवास करे। [४] अनन्तर चैत्र शुक्ला चतुर्दशीसे आषाढ शुक्ला चतुर्दशी तक सात चतुर्दशियोके सात उपवास करे। [५] तत्पश्चात् श्रावण कृष्ण नवमीसे अगहन कृष्ण नवमी तक नौ नवमियोके नौ उपवास करे। इस प्रकार कुल ३५ अक्षरोके पैंतीस उपवास किये जाते हैं। णमोकार मन्त्रके प्रथम पदमे ७ अक्षर, द्वितीयमें ५,

तृतीयमे ७, चतुर्थमे ७ और पंचममें ९ है, अत उपवासोका क्रम भी ऊपर इसीके अनुसार रखा गया है। उपवासके दिन व्रत करते हुए भगवान्का अभिषेक करनेके उपरान्त णमोकार मन्त्रका पूजन तथा त्रिकाल इस मन्त्रका जाप किया जाता है। व्रतके पूर्ण हो जानेपर उद्यापन कर देना चाहिए। इस व्रतका पालन गोपाल नामक ग्वालने किया था, जो चम्पानगरीमें तद्भव-मोक्षगामी सुदर्शन हुआ। वर्धमानपुराणमें णमोकार व्रतको ७० दिनमे ही समाप्त कर देनेका विधान है।

**णमोकार व्रत अब सुन राज, सत्तर दिन एकान्तर साज।**

अर्थात् ७० दिनो तक लगातार एकाशन करे। प्रतिदिन भगवान्के अभिषेकपूर्वक णमोकारमन्त्रका पूजन करे। त्रिकाल णमोकार मन्त्रका जाप करे। रात्रिमें पञ्चपरमेष्ठीके स्वरूपका चिन्तन करते हुए या इस महामन्त्र-का ध्यान करते हुए अल्प निद्रा ले। जो व्यक्ति इस व्रतका पालन करता है, उसकी आत्मामे महान् पुण्यका सचय होता है और समस्त पाप भस्म हो जाते है।

णमोकार मन्त्रका त्रिकाल जाप त्रेपन क्रिया व्रत, लघुपल्यविधान, बृहद्पल्यविधान, नक्षत्रमाला, सप्तकुम्भ, लघुसिंहनिष्क्रीडित, बृहत्सिंह-निष्क्रीडित, भाद्रवनसिंहनिष्क्रीडित, त्रिगुणसार, सर्वतोभद्र, महासर्वतोभद्र, दुःखहरण, जिनपूजापुरन्दरव्रत, लघुधर्मचक्र, बृहद्धर्मचक्र, बृहद् जिनगुण-सम्पत्ति, लघुजिनगुणसम्पत्ति, बृहत्सुखसम्पत्ति, मध्यमसुखसम्पत्ति, लघुसुख-सम्पत्ति, रुद्रवसन्तव्रत, शीलकल्याणकव्रत, श्रुतिकल्याणकव्रत, चन्द्रकल्याणक-व्रत, लघुकल्याणकव्रत, बृहद्रत्नावलीव्रत, मध्यमरत्नावलीव्रत, लघुरत्नावली-व्रत, बृहद्मुक्तावलीव्रत, मध्यममुक्तावलीव्रत, लघुमुक्तावलीव्रत, एकावलीव्रत, लघु एकावलीव्रत, द्विकावलीव्रत, लघुद्विकावलीव्रत, लघुकनकावली व्रत, बृहद्कनकावलीव्रत, लघुमृदङ्गमध्यव्रत, बृहद्मृदङ्गमध्यव्रत, मुरजमध्यव्रत, वज्रमध्यव्रत, अक्षयनिधिव्रत, मेघमालाव्रत, सुखकारणव्रत, आकाशपञ्चमी,

निर्दोषसप्तमी, चन्दनषष्ठी, श्रवणद्वादशी, श्वेतपञ्चमी, सर्वार्थसिद्धिव्रत, जिनमुखावलोकनव्रत, जिनरात्रिव्रत, नवनिधिव्रत, अशोकरोहिणीव्रत, कोकिलापञ्चमीव्रत, रुक्मिणीव्रत, अनस्तमीव्रत, निर्जरपञ्चमीव्रत, कवलचन्द्रायण व्रत, बारह विजोराव्रत, ऐसोनव्रत, ऐसोदशव्रत, कजिकव्रत, कृष्णपञ्चमीव्रत, नि शल्य अष्टमी व्रत, लक्षणपंक्तिव्रत, दुग्धरसीव्रत, धनदकलशव्रत, कलिचतुर्दशी, शीलसप्तमीव्रत, नन्दसप्तमीव्रत, ऋषिपञ्चमीव्रत, सुदर्शनव्रत, गन्धअष्टमी व्रत, शिवकुमारवेला व्रत, मौनव्रत, बारहतपव्रत और परमेष्ठिगुणव्रतके विधानमें बतलाया गया है। अर्थात् उपर्युक्त व्रतोको णमोकारमन्त्रके जाप-द्वारा ही सम्पन्न किया जाता है। कुल २५-२६ व्रत ऐसे है, जिनमें णमोकारमन्त्रसे उत्पन्न मन्त्रोके जापका विधान है। इस मन्त्रका व्रतसाधनाके लिए कितना महत्त्वपूर्ण स्थान है, यह उपर्युक्त व्रतोकी नामावलीसे ही स्पष्ट है। श्रावक व्रतोके पालन-द्वारा अनेक प्रकारके पुण्यका अर्जन करता है। बताया गया है कि—

> अनेकपुण्यसन्तानकारण स्वर्निबन्धनम्।
> पापघ्नं च क्रमादेतत् व्रतं मुक्तिवशीकरम्॥
> यो विधत्ते व्रतं सारमेतत्सर्वसुखावहम्।
> प्राप्य षोडशमं नाकं स गच्छेत् क्रमशः शिवम्॥

अर्थात्—व्रत अनेक पुण्यकी सन्तानका कारण है, संसारके समस्त पापोको नाश करनेवाला है एव मुक्ति-लक्ष्मीको वशमें करनेवाला है, जो महानुभाव सर्वसुखोत्पादक श्रेष्ठ व्रत धारण करते है, ये सोलहवें स्वर्गके सुखोका अनुभव कर अनुक्रमसे अविनाशी मोक्षसुखको प्राप्त करते हैं। अतएव यह स्पष्ट है कि व्रतोके सम्यक् पालन करनेके लिए णमोकार मन्त्रका ध्यान करना अत्यावश्यक है।

णमोकार मन्त्रके महत्त्व और फलको प्रकट करनेवाली अनेक कथाएँ जैन साहित्यमे आयी है। दिगम्बर और श्वेताम्बर दोनो सम्प्रदायके धर्मकथा-साहित्यमे इस महामन्त्रका बडा भारी फल बतलाया गया है। पुण्यास्रव

और आराधना कथा-कोषके अतिरिक्त अन्य पुराणोमे भी इस महामंत्रके महत्त्वको प्रकट करनेवाली कथाएँ हैं। एक बार जिसने भी भक्तिभाव-पूर्वक इस महामन्त्रका उच्चारण किया वही उन्नत हो गया। नीच-से-नीच प्राणी भी इस महामन्त्रके प्रभावसे स्वर्ग और अपवर्गके सुख प्राप्त करता है। धर्मामृतकी पहली कथामे आया है कि वसुभूति ब्राह्मणने लोभसे आकृष्ट होकर दिगम्बरमुनिव्रत धारण किये थे तथा दयामित्रके अष्टाह्निक पर्वको सम्पन्न करानेके लिए दक्षिणा प्राप्तिके लोभसे उसने केशलुञ्च एव द्रव्य-लिंगी साधुके अन्य व्रत धारण किये थे। दयामित्र जब जंगलमें जा रहा था तो एक दिन रातको जंगली लुटेरोने दयामित्र सेठके साथवाले व्यापारियों-पर आक्रमण किया। दयामित्र वीरतापूर्वक लुटेरोके साथ युद्ध करने लगा। उसने अपार बाण वर्षा की, जिससे लुटेरोके पैर उखड गये और वे भागनेपर उतारू हो गये। युद्ध-समय वसुभूति दयामित्रके तम्बूमें सो रहा था। लुटेरोका एक बाण आकर वसुभूतिको लगा और वह घायल होकर पीडामे तडफडाने लगा। यद्यपि दयामित्रके उपदेशसे उसे सम्यक्त्वकी प्राप्ति हो चुकी थी, तो भी साधारण-सा कष्ट उसे था। दयामित्रने उसे समझाया कि आत्माका कल्याण समाधिमरणके द्वारा ही सम्भव है, अत- उसे समाधि-मरण धारण कर लेना चाहिए। सल्लेखनासे आत्मामे अहिसाकी शक्ति उत्पन्न होती है, अहिंसक ही सच्चा वीर होता है। अत मृत्युका भय त्याग कर णमोकार मन्त्रका चिन्तन करे। इस मन्त्रकी महिमा अद्‌भुत है। भक्तिभाव पूर्वक इस मन्त्रका ध्यान करनेसे परिणाम स्थिर होते हैं तथा सभी प्रकारकी विघ्न-बाधाएँ टल जाती है। मनुष्यकी तो बात ही क्या, तिर्यञ्च भी इस महामन्त्रके प्रभावसे स्वर्गादि सुखोको प्राप्त हुए है। हाँ, इस मन्त्रके प्रति अटूट श्रद्धा होनी चाहिए। श्रद्धाके द्वारा ही इसका वास्त-विक फल प्राप्त होगा। यो तो इस मन्त्रके उच्चारण मात्रसे आत्मामें असं-ख्यातगुणी विशुद्धि उत्पन्न होती है।

**कथा-साहित्य और णमोकार मन्त्र**

दयामित्रके इस उपदेशको सुनकर वसुभूति स्थिर हो गया। उसने अपने परिणामोको बाह्य पदार्थोंसे हटाकर आत्माकी ओर लगाया और णमोकार मन्त्रका ध्यान करने लगा। ध्यानावस्थामे ही उसने शरीरका त्याग किया, जिसके प्रभावसे सौधर्म स्वर्गके मणिप्रभा विमानमे मणिकुण्ड नामक देव हुआ। स्वर्गके दिव्य भोगोको देखकर वसुभूतिके जीव मणिकुण्डको अत्यन्त आश्चर्य हुआ। तत्काल ही भवप्रत्यय अवधिज्ञानके उत्पन्न होते ही उसने अपने पूर्वभवकी सब घटना अवगत कर ली और णमोकार मन्त्रके दृढ श्रद्धानका फल समझ अपने उपकारी दयामित्रके दर्शन करनेको आया और उसकी भक्ति कर अपने स्थानको चला गया। वसुभूतिका जीव स्वर्गसे चयकर अभयकुमार नामक राजा श्रेणिकका पुत्र हुआ। इसने वयस्क होते ही दीक्षा ले ली और कठोर तपश्चरण कर समाधिके साथ शरीर त्याग किया, जिससे सर्वार्थसिद्धिमे अहमिन्द्र हुआ। वहाँसे चयकर निर्वाण प्राप्त करेगा। णमोकार मन्त्रके दृढ श्रद्धान-द्वारा व्यक्ति सभी प्रकारके सुख प्राप्त कर सकता है। ससारका कोई भी कार्य उसके लिए दुर्लभ नही होता है।

इसी ग्रन्थकी दूसरी कथामे बताया गया है कि ललितागदेव जैसे व्यभिचारी, चोर, लम्पट, हिंसक व्यक्ति भी इस मन्त्रके प्रभावसे अपना कल्याण कर लिये है, तो अन्य व्यक्तियोकी बात ही क्या ? यही ललितागदेव आगे चलकर अंजनचोर नामसे प्रसिद्ध हुआ है, क्योकि यह चोरकी कलामे इतना निपुण था कि लोगोके देखते हुए उनके सामनेसे वस्तुओका अपहरण कर लेता था। इसका प्रेम राजगृह नगरीकी प्रधान वेश्या माणिकाजनासे था। वेश्याने ललितागदेव उर्फ अजनचोरसे कहा—"प्राणवल्लभ ! आज मैने प्रजापाल महाराजकी कनकावती नामकी पट्टरानीके गलेमे ज्योतिप्रभा नामक रत्नहार देखा है। वह बहुत ही सुन्दर है। मै उस हारके बिना एक घड़ी भी नही रह सकती हूँ। अत तत्काल मुझे उस हारको ला दीजिए।" ललितागदेव उर्फ अंजनचोरने कहा—"प्रिये, वह बहुत बड़ी बात नहो है,

मैं तुम्हारे लिए सब कुछ करनेको तैयार हूँ। पर अभी थोडे दिन तक धैर्य रखिए। आजकल शुक्लपक्ष है, मेरी विद्या कृष्णपक्षकी अष्टमीसे कार्य करती है, अतः दो-चार दिनकी बात है; हार तुम्हें लाकर जरूर दूँगा।"

वेश्याने स्त्रियोचित भावभंगी प्रदर्शित करते हुए कहा—"यदि आप इस छोटी-सी मेरी इच्छाको पूरा नही कर सकते, तो फिर और मेरा कौन-सा काम कीजिएगा। जब मैं मर जाऊँगी, तब उस हारसे क्या होगा।" अजनचोरको वेश्याका ताना सह्य नही हुआ और आँखमे अंजन लगाकर हार चुरानेके लिए चल पड़ा। विद्याबलमे छिपकर ज्योतिप्रभा हारको उसने अपने हाथमे ले लिया। किन्तु ज्योतिप्रभा हारमे लगी हुई मणियोका प्रकाश इतना तेज था, जिससे वह हार छिप न सका। चाँदनी रातमे उसकी विद्याका प्रभाव भी नष्ट हो गया, अत पहरेदारोने उसका पीछा किया। वह नगरकी चहारदीवारीको लाँघकर श्मशान भूमिकी ओर बढा। वहाँपर एक वृक्षके नोचे दीपक जलते हुए देखकर वह उस पेडके नीचे पहुँचा और ऊपरकी ओर देखने लगा। वहाँ पर १०८ रस्सियोका एक सीका लटक रहा था, उसके नीचे भाला, बर्छा, तलवार, फर्सा, मुद्गर, शूल, चक्र आदि ३२ प्रकारके अस्त्र गाडे गये थे। एक व्यक्ति वहाँ पूजा कर णमोकार मन्त्र पढता हुआ एक-एक रस्मी काटता जाता था। प्रत्येक रस्सीके काटनेके बाद वह भयातुर हो कभी नीचे उतरता और कभी साहस कर ऊपर चढ जाता, पुनः एक रस्सी काटकर नीचे आता। इस प्रकारकी उसकी स्थिति देखकर अजनचोरने उससे पूछा—"तुम कौन हो? तुम्हारा नाम क्या है? यह कौन-सा कार्य कर रहे हो? तुम किस मन्त्रका जाप करते हो और क्यो?"

वह बोला—"मेरा नाम वारिषेण है। मैं गगनगामी विद्याको सिद्ध कर रहा हूँ। मैं *पवित्र णमोकार मन्त्रका जाप कर इस विद्याको साधना चाहता* हूँ। मुझे यह विधि और मन्त्र जिनदत्त श्रेष्ठिसे मिले हैं। अंजनचोर उसकी बातोको सुनकर हँसने लगा और बोला—"तुम डरपोक हो, तुम्हें मन्त्रपर विश्वास नही है। अत तुम्हें विद्या सिद्ध नही हो सकती है। इस प्रकार

कहकर अजनचोर सोचने लगा कि मुझे तो मरना ही है जैसे भी मरूँ। अतः जिनदत्त श्रेष्ठिके द्वारा प्रतिपादित इस मन्त्र और विधिपर विश्वास कर मरना ज्यादा अच्छा है, इससे स्वर्ग मिलेगा। जरा भी देर होनी हैं तो पहरेदारोंके साथ कोतवाल आयगा और पकडकर फाँसीपर चढा देगा। इस प्रकार विचारकर उसने वारिषेणसे कहा—'भाई ! तुम्हे विश्वास नही है, तो मुझे इस मन्त्रको साधना करने दीजिए।' वारिषेण प्राणोंके मोहमे पडकर घबडा गया और उसने मन्त्र तथा उसकी विधि अंजनचोरको बतला दी। उसने दृढ श्रद्धानके साथ मन्त्रकी साधना की तथा १०८ रस्सियोको काट दिया। अब वह नीचे गिरनेको ही था, कि इसी बीच आकाशगामिनी विद्या प्रकट हुई और उसने गिरते हुए अजनचोरको ऊपर ही उठा लिया। विद्या प्राप्तिके अनन्तर वह अपने उपकारी जिनदत्त सेठके दर्शन करनेके लिए सुमेरु पर्वतपर स्थित नन्दन और भद्रशालके चैत्यालयोंमे गया। यहाँपर वह भगवान्की पूजा कर रहा था। इस प्रकार अजनचोरको आकाशगामिनी विद्याकी प्राप्तिके अनन्तर ससारसे विरक्ति हो गयी, अत उसने देवर्षि नामक चारण ऋद्धिधारी मुनिके पास दीक्षा ग्रहण की और दुर्धर तपकर कर्मोंका नाश कर कैलाश पर्वतपर मोक्ष प्राप्त किया। णमोकार महामन्त्रमे इतनी बडी शक्ति है कि इसकी साधनासे अजनचोर जैसे व्यसनी व्यक्ति भी तद्भवमे निर्वाण प्राप्त कर सकते है। इसी कथामे यह भी बतलाया गया है कि धन्वन्तरि और विश्वानुलोम जैसे दुराचारी व्यक्ति णमोकार मन्त्रकी दृढ साधना-द्वारा कल्याणको प्राप्त हुए है।

धर्मामृतकी तीसरी कथामे अनन्तमतीके व्रतोकी दृढताका वर्णन करते हुए बताया गया है कि अनन्तमतीने अपने सकट दूर करनेके लिए कई बार इस महामन्त्रका ध्यान किया। इस मन्त्रके स्मरणसे उसका बडासे-बडा कष्ट दूर हुआ है। जब वेश्याके यहाँ अनन्तमतीके ऊपर उपसर्ग आया था, उस समय उसके दूर होने तक उसने समाधिमरण ग्रहण कर लिया और

अन्न-पानीका त्यागकर पञ्चपरमेष्ठीके ध्यानमे लीन हो गई। णमोकार मन्त्रका आश्रय ही उसके प्राणोका रक्षक था। जब वेश्याने देखा कि यह इस तरह माननेवाली नही है, तो उसने सोचा कि इसके प्राण लेनेसे अच्छा है कि इसे राजाके हाथ बेच दिया जाय। राजा इस अनुपम सुन्दरीको प्राप्त कर बहुत प्रसन्न होगा और मुझे अपार धन देगा, जिससे मेरे जन्म-जन्मान्तरके दारिद्रय दूर हो जायेंगे। इस प्रकार विचारकर वह वेश्या अनन्तमतीको राजा सिंहव्रतके पास ले गयी और दरबारमे जाकर बोली—'देव, इस रमणीरत्नको आपकी सेवामे अर्पण करने आयी हूँ। यह अनाघ्रात कलिका आपके भोग करने योग्य है। दासीने इसे पानेके लिए अपार धन खर्च किया है।' राजा उस दिव्य सुन्दरीको देखकर बहुत प्रसन्न हुआ और उस वेश्याको विपुल धनराशि देकर विदा किया।

सन्ध्या होते ही राजा अनन्तमतीसे बोला—'हे कमलमुखी ! तुम्हारे रूपका जादू मुझपर चल गया है, मेरे समस्त अगोपाग शिथिल हो रहे है, मेरा मन मेरे अधीन नही रहा है। मै अपना सर्वस्व तुम्हारे चरणोमे अर्पित करता हूँ। आजसे यह राज्य तुम्हारा है। हम सब तुम्हारे है, अत. अब शीघ्र ही मन कामना पूर्ण करो। हाय ! इतना सौन्दर्य तो देवियोमे भी नही होगा।'

अनन्तमती णमोकारमन्त्रका स्मरण करती हुई ध्यानमें लीन थी। उसे राजाकी बातोका बिलकुल पता नही था। उसके मुखपर अद्भुत तेज था। सतीत्वकी किरणे निकल रही थी। वह एक मात्र णमोकार मन्त्रकी आराधनामे डूबी हुई थी। कहा गया है **"सापि पञ्चनमस्कारं संस्मरन्ती सुखप्रदम्"** अर्थात् वह मौन होकर एकाग्रभावसे णमोकार मन्त्रकी साधनामे इतनी लीन हो गयी कि उसने राजाकी बातें ही नही सुनी। अब अनन्तमतीसे उत्तर न पाकर राजाका क्रोध उभडा और उसने अनन्तमतीको पीटना आरम्भ किया। अनन्तमतीके ऊपर होनेवाले इस प्रकारके अत्याचारोको देखकर णमोकार मन्त्रके प्रभावसे उस नगरके शासन देवका आसन

हिला और उसने ज्ञानबलसे सारी घटनाएँ अवगत कर लीं। वह अनन्तमतीके पास पहुँचा और अदृश्य होकर राजाको पीटने लगा। आश्चर्यकी बात यह थी कि मारनेवाला कोई नहीं दिखलाई पडता था, केवल मार ही दिखलाई पड़ती थी। कोडे लगनेके कारण युवराजके मुँहसे खून निकल रहा था। राजा-अमात्य सभी मूर्च्छित थे, फिर भी मार पडना बन्द नही हुआ था। हल्ला-गुल्ला और चीत्कार सुनकर दरबारके अनेक व्यक्ति एकत्र हो गये। रानियाँ आ गईं, पर युवराजकी रक्षा कोई नही कर सका। जब सब लोगोने मिलकर मारनेवालेकी स्तुति की तो शासनदेवने प्रत्यक्ष हो कहा—"आप लोग इसी सतीको प्रसन्न करें, मै तो सतीका दास हूँ। यह कुमारी णमोकार मन्त्रके ध्यानमे इतनी लीन है कि मुझे इसकी सेवाके लिए आना पडा है। जो भगवान्की भक्तिमें निरन्तर लीन रहते है, उनकी आराधना और सेवा आबालवृद्ध सभी करते है। जो मोहवशमे आकर भक्तिका तिरस्कार करता है, वह अत्यन्त नीच है। जिसके पास धर्म रहता है उसके पास समारकी सभी अलभ्य वस्तुएँ रहती है। व्रतविभूषित व्यक्ति यदि भगवान्के चरणोकी भक्ति करता है, तो उसे समारके सभी दुर्लभ पदार्थ अपने-आप प्राप्त हो जाते हैं। णमोकार मन्त्रका ध्यान समस्त अरिष्टोको दूर करनेवाला है। जो विपत्तिमे इस मन्त्रका स्मरण करता है, उसके सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। पञ्चपरमेष्ठीकी भक्ति और उनका स्मरण सभी प्रकारके सुखोको प्रदान करता है। पश्चात् देवने कुमारीसे कहा—'हे अनन्तमति! तुम्हारा संकट दूर हुआ, नेत्रोन्मीलन करो। ये सब भक्त तुम्हारी चरण-धूल लेनेके लिए आये है। जिस प्रकार अग्निका स्वभाव जलना, पानीका स्वभाव शीतल, वायुका स्वभाव बहना है, उसी प्रकार णमोकारमन्त्रकी आराधनाका फल समस्त उपसर्ग और कष्टोका दूर होना है। अब इस राजकुमारको आप क्षमा करें। ये सभी नगरनिवासी आपसे क्षमा-याचनाके लिए आये है।" इस प्रकार शासनदेवने अनन्तमतीके द्वारा राजकुमारको क्षमा प्रदान कराई। राजा, अमात्य तथा रानियोने

मिलकर अनन्तमतीकी पूजा की और हाथ जोडकर वे कहने लगे—"धर्म-मूर्त्ते ! हमने बिना जाने बड़ा अपराध किया। हम लोगोके समान संसारमे कौन पापी हो सकता है। अब आप हमें क्षमा करें, यह सारा राज्य और सारा वैभव आपके चरणोमें अर्पित है। अनन्तमतीने कहा—'राजन्! धर्मसे बढकर कोई भी वस्तु हितकारी नही है। आप धर्ममें स्थिर हो जाइए। णमोकारमन्त्रका विज्ञान कीजिए। इसी मन्त्रके स्मरण, ध्यान और चिन्तनसे आपके समस्त पाप नष्ट हो जायँगे। पञ्चपरमेष्ठी वाचक इस महामन्त्रका ध्यान सभी पापोको भस्म करनेवाला है। पापीसे पापी व्यक्ति भी इस महामन्त्रके ध्यानसे सभी प्रकारके सुख प्राप्त करता है।" राजाने रानियो और अमात्य सहित णमोकार मन्त्रका ध्यान किया, जिससे उनकी आत्मामे विशुद्धि उत्पन्न हो गयी।

वहाँसे चलकर अनन्तमती जिनालयमें पहुँची और वहाँ आर्यिकाके पास जाकर धर्म श्रवण किया। यहीपर उसके माता-पितासे मुलाकात हुई। पिताने अनन्तमतीको घर ले जाना चाहा, पर उसने घर जाना पसन्द नहीं किया और पितासे स्वीकृति लेकर वरदत्त मुनिराजकी शिष्या कमलश्री आर्यिकासे जिन-दीक्षा ले ली तथा निकांक्षित हो व्रत पालन करने लगी। वह दिन-रात णमोकार मन्त्रके ध्यानमे लीन रहती थी तथा उग्र तपश्चरण करनेमे लीन थी। अन्तिम समयमे उसने समाधिमरण धारण किया, जिससे स्त्रीलिङ्गका छेदकर बारहवे स्वर्गमे १८ सागरकी आयु प्राप्त कर देव हुई। इस प्रकार णमोकार मन्त्रकी साधनासे अनन्तमतीने अपने सासारिक कष्टोको दूरकर आत्म-कल्याण किया।

धर्मामृतकी चौथी कथामे बताया गया है कि नारायणदत्ता नामक सन्यासिनीके बहकानेमें आकर मालवनरेश चण्डप्रद्योतने रौरवपुर नरेश उद्दायनकी पत्नी प्रभावतीके रूप-सौन्दर्यका लोभी बनकर राजा उद्दायनकी अनुपस्थितिमें रौरवपुरपर आक्रमण किया। उस समय रानी प्रभावतीके शीलकी रक्षा णमोकार मन्त्रकी आराधनासे ही हुई। प्रभावतीने अन्न-

जलका त्यागकर इस मन्त्रका ध्यान किया। राजा चण्डप्रद्योतकी सेना जिस समय नगरमे उपद्रव कर रही थी, उसी समय आकाशमार्गसे अकृत्रिम चैत्यालयोंकी वन्दनाके लिए देव जा रहे थे। प्रभावतीके मन्त्रस्मरणके प्रभावसे देवोका विमान रौरवपुरके ऊपरसे नही जा सका। देवोंने अवधि-ज्ञानसे विमानके अटकनेका कारण अवगत किया तो उन्हे मालूम हुआ कि इस नगरमे घिरी सतीके ऊपर विपत्ति आई है। सतीके ऊपर होनेवाले अत्याचारको अवगत कर एक सम्यग्दृष्टि देव उसकी रक्षाके लिए उद्यत हुआ। उसने अपनी शक्तिसे चण्डप्रद्योतकी सेनाको उडाकर उज्जयिनीमे पहुँचा दिया और नगरका सारा उपद्रव शान्त कर दिया।

रानी प्रभावतीकी परीक्षा करनेके लिए उस देवने चण्डप्रद्योतका रूप धारण किया और समस्त प्रजाको महानिद्रामे मग्नकर विक्रिया ऋद्धिके बलसे चतुरग सेना तैयार की और गढको चारो ओरसे घेर लिया। नगरमे मायावी आग लगा दी, मार्ग और सडकोपर कृत्रिम रक्तकी धार बहने लगी, सर्वत्र भय व्याप्त कर दिया और प्रभावती देवीके पास आकर बोला–'मैने तुम्हारी सेनाको मार डाला है अब आप पूरी तरहसे मेरे आधीन है अत आँखे खोलकर मेरी ओर देखिए? आपके पति उद्दायन राजाको भी पकडकर कैद-कर लिया है। अब मेरा सामना करनेवाला कोई नही है। आप मेरे साथ चलिए और पटरानी बनकर ससारका आनन्द लीजिए। आपको किसी प्रकारका कष्ट नही होने दूगा।'

रानी राजा चण्डप्रद्योतके रूपधारी देवके वचनोको सुनकर णमोकार मन्त्रके ध्यानमे और भी लीन हो गयी और स्थिरतापूर्वक जिनेन्द्र प्रभुके गुणोका चिन्तन करने लगी। उसने निश्चय किया कि प्राण जाने तक शीलको नही छोडूँगी। इस समय णमोकार मन्त्र ही मेरा रक्षक है। पञ्च-परमेष्ठीकी शरण ही मेरे लिए सहायक है। इस प्रकार निश्चयकर वह ध्यानमे और दृढ हो गयी। देवने पुन कहा—"अब इस ध्यानसे कुछ नही होगा, तुम्हे मेरे वचन मानने पडेगे।" परन्तु प्रभावती तनिक भी विचलित नही

हुई और णमोकार मन्त्रका ध्यान करती रही। प्रभावतीकी दृढ़तासे प्रसन्न होकर देवने अपना वास्तविक रूप धारण किया और रानीसे बोला—"देवि! आप धन्य है। मै देव हूँ, मैने चण्डप्रद्योतकी सेनाको उज्जयिनी पहुँचा दिया है तथा विक्रियाबलमे आपकी सेना और प्रजाको मूर्च्छित कर दिया है। मै आपके सतीत्व और भक्तिभावकी परीक्षा कर रहा था। मै आपसे बहुत प्रसन्न हूँ। आपके ऊपर किसी भी प्रकारकी अब विपत्ति नही है। मध्यलोक वास्तवमे सती नारियोके सतीत्वपर ही अवलम्बित है।" इस प्रकार कहकर पारिजात पुष्पोसे रानीकी पूजा की, आकाशमे दुन्दुभि बाजे बजने लगे, पुष्पवृष्टि होने लगी। पञ्चपरमेष्ठीकी जय और जिनेन्द्र भगवान्की जयके नारे सर्वत्र सुनाई पडते थे। णमोकारकी आराधनाके प्रभावसे रानी प्रभावतीने अपने शीलकी रक्षा की तथा आर्यिकासे दीक्षा ग्रहणकर तप किया, जिससे ब्रह्म स्वर्गमे दस सागरोपम आयु प्राप्त कर महर्धिदेव हुई।

इसी ग्रन्थकी बारहवी कथामे बताया गया है कि जिनपालित मुनि एक दिन एकाकी विहार करते हुए आ रहे थे। उज्जयिनीके पास आते-आते सूर्यास्त हो गया, अत रातमे गमन निषिद्ध होनेसे वह भयकर श्मशान-भूमिमे जाकर ध्यानस्थ हो गये। सूर्योदयतक इसी स्थानपर ध्यानपर रहेगे, ऐसा नियम कर वही एक हो करवट लेट गये। धनुषाकार होकर उन्होने ध्यान लगाया। योगमे मुनिराज इतने लीन थे कि उन्हे अपने शरीरका भी होश नही था।

मध्यरात्रिमे उज्जयिनीका विडम्ब नामक साधक मन्त्रविद्या सिद्ध करनेके लिए उसी श्मशानभूमिमे आया। उसने योगस्थ जिनपालित मुनिको मुर्दा समझा, अत पासकी चिताओमे दो-तीन मुर्दे और खीच लाया। जिनपालित मुनि और अन्य मुर्दोको मिलाकर उसने चूल्हा तैयार किया और इस चूल्हेमे आग जलाकर भात बनाना आरम्भ किया। जब आगकी लपटे जिनपालित मुनिके मस्तकके पास पहुँची, तब भी वह ध्यानस्थ रहे। उन्होने अग्निकी कुछ भी परवाह नही की। मुनिराज सोचने

लगे—"स्त्री बिना पुत्र, दूध बिना मक्खन, सूत बिना कपडा और मिट्टी बिना घडेका बनना जैसे असम्भव है, उसी प्रकार उपसर्ग बिना सहे कर्मोंका नष्ट होना असम्भव है। उपसर्गकी आगसे कर्मरूपी लकडी जलकर भस्म हो जाती है। इस पर्यायकी प्राप्ति, और इसमे भी दिगम्बर दीक्षाका मिलना बडे सौभाग्यकी बात है। जो व्यक्ति इस प्रकारके अवसरोपर विचलित हो जाते है, वे कहींके नहीं रहते। जीवके परिणाम ही उन्नति-अवनतिके साधन है। परिणाम जैसे-जैसे विशुद्ध होते जाते है, वैसे-वैसे यह जीव आत्म-कल्याणमे प्रवृत्त हो जाता है। परिणामोकी शुद्धिका साधन णमोकार मन्त्र है। इसी मन्त्रकी आराधनासे परिणामोमे निर्मलता आ जाती है, आत्मा अपने ज्ञान, दर्शन, चैतन्यमय स्वरूपको समझ लेता है। अत णमोकार मन्त्रकी साधना ही संकटकालमे सहायक होती है। इसीके द्वारा मोह-ममताको जीता जा सकता है। जड और चेतनका भेद-भाव इसी महामन्त्र-की साधनासे प्राप्त होता है। आत्मरसका स्वाद भी पञ्चपरमेष्ठीके गुण-चिन्तनसे प्राप्त होता है। इस प्रकार जिनपालित मुनिने द्वादश अनुप्रेक्षाओका चिन्तन किया। महाव्रत और समितिके स्वरूपका विचारकर परिणामोको दृढ किया। अनन्तर सोचने लगे कि व्रतोकी महिमा अचिन्त्य है। व्रत पालन करनेसे चाण्डाल भी देव हो गया, कौवेका मास छोडनेसे खदिरसागर इन्द्र पदवीको प्राप्त हुआ। णमोकार मन्त्रके प्रभावसे कितने ही भव्य जीवोने कल्याण प्राप्त किया है। दृढसूर्य नामक चोर चोरी करते पकडा गया, दण्डस्वरूप शूलीपर चढाया गया, पर णमोकार मन्त्रके स्मरणसे देवपद प्राप्त हो गया। सोमशर्माकी स्त्रीने वरदत्त मुनिराजको अविभावपूर्वक आहार दान दिया था तथा अन्तिम समयमे णमोकारमन्त्रकी आराधना की थी, जिससे वह देवाङ्गना हुई। नमि और विनमिने भगवान् आदिनाथकी आराधना की थी, जिससे धरणेन्द्रने आकर उनकी सेवा की। क्या पञ्च-परमेष्ठीकी आराधना करना सामान्य बात है। द्रुमसेनने जिनेश्वर मार्गको समझकर णमोकार मन्त्रकी साधना की, जिससे पिण्डस्थ, पदस्थ और

रूपस्थ ध्यानके अनन्तर रूपातीत ध्यान किया और कर्मोंका नाशकर मोक्ष लाभ किया। अतः इस समय सभी प्रकारके उपसर्गोंको जीतना परम आवश्यक है। णमोकारमन्त्र ही मेरे लिए शरण है।

अग्नि उत्तरोत्तर बढ रही थी। जिनपालितका सारा शरीर भस्म हो रहा था, पर वह णमोकारमन्त्रकी साधनामे लीन थे। परिणाम और विशुद्ध हुए और णमोकार मन्त्रके प्रभावसे श्मशान-भूमिके रक्षक देवने प्रकट हो उपसर्ग दूर किया तथा मुनिराजके चरण-कमलोंकी पूजा की। इस प्रकार णमोकार मन्त्रकी साधनासे जिनपालित मुनिने अपूर्व आत्म-सिद्धि प्राप्त की।

इस ग्रन्थकी तेरहवी कथामे आया है कि एक दिन द्रोणाचार्य अपने शिष्यों-सहित मालवदेश पहुँचे, यहाँका राजा सिंहसेन था। इसकी स्त्रीका नाम चन्द्रलेखा था। चन्द्रलेखा अपनी सखियोंके साथ सहस्रकूट चैत्यालयका दर्शन कर लौट रही थी। इतनेमें एक मदोन्मत्त हाथी चिग्घाडता हुआ और मार्गमे मिलनेवालोंको रौंदता हुआ चन्द्रलेखाके निकट आया। चारो ओर हाहाकार मच गया, चन्द्रलेखाकी सखियाँ तो इधर-उधर भाग गईं, किन्तु वह अपने स्थानपर ही घबराकर गिर गयी। उसने उपसर्गके दूर होने तक सन्यास ले लिया और णमोकारमन्त्रके ध्यानमे लीन हो गई। हाथी चन्द्रलेखाको पैरोंके नीचे कुचलनेवाला ही था, सभी लोग किनारे-पर खडे इस दयनीय दृश्यको देख रहे थे। द्रोणाचार्यके शिष्य भी इस अप्रत्याशित घटनाको देखकर घबरा गये। प्रमातिकुमारको चन्द्रलेखापर दया आई, अतः वह हाथीको पकडनेके लिए दौडा। अपने अपूर्व बलसे तथा चन्द्रलेखाके णमोकारमन्त्रके प्रभावसे उसने हाथीको पकड लिया, जिससे चन्द्रलेखाके प्राण बच गये। यह कुमारी णमोकारमन्त्रकी अत्यन्त भक्तिन बन गयी और सर्वथा इस मन्त्रका चिन्तन किया करती थी। चन्द्रलेखाका विवाह भी प्रमातिकुमारके साथ हो गया; क्योकि प्रमातिकुमारने ही स्वयंवरमें चन्द्रवेध किया। प्रमातिकुमारके इस कौशलके कारण उसके

साथी भी इससे ईर्ष्या रखते थे। एक दिन वह जंगलमें गया था, वहाँ एक मदोन्मत्त बनगज सामने आता हुआ दिखाई दिया। प्रमातिकुमारने धैर्य पूर्वक णमोकारमन्त्रका स्मरण किया और हाथीको पकड लिया। इस कार्यसे उसके साथियोपर अच्छा प्रभाव पडा और वे अपना वैर-विरोध भूलकर उससे प्रेम करने लगे।

एक दिन कौशाम्बी नगरीसे दूत आया और उसने कहा कि दन्तिबल राजापर एक माण्डलिक राजाने आक्रमण कर दिया है। शत्रुओंने कौशाम्बीके नगरको तोड दिया है। राजा दन्तिबल वीरतापूर्वक युद्ध कर रहा है, पर युद्धमे विजय प्राप्त करना कठिन है। प्रमातिकुमारने मालव-नरेशसे भी आज्ञा नही ली और चन्द्रलेखाके साथ रातमे णमोकारमन्त्रका जाप करता हुआ चला। मार्गमें चोर-सरदारसे मुठभेड भी हुई, पर उसे परास्त कर कौशाम्बी चला आया और वीरतापूर्वक युद्ध करने लगा। राजा दन्तिबलने जब देखा कि कोई उसकी सहायता कर रहा है, तो उसके आश्चर्यका ठिकाना नही रहा। प्रमातिकुमारने वीरतापूर्वक युद्ध किया जिससे शत्रुके पैर उखड गये और वह मैदान छोडकर भाग गया। राजा दन्तिबल पुत्रको प्राप्तकर बहुत प्रसन्न हुए। चन्द्रलेखाने ससुरकी चरणधूलि सिरपर धारण की। दन्तिबलको वृद्धावस्था आ जानेसे संसारसे विरक्ति हो गई। फिर उन्होंने प्रमातिकुमारको राज्यभार दे दिया। प्रमातिकुमार न्याय-नीतिपूर्वक प्रजाका पालन करने लगा। एक दिन वनमे मुनिराजका आगमन सुनकर वह अमात्य, सामन्त और महाजनो सहित मुनिराजके दर्शन करनेको गया। उसने भक्तिभावपूर्वक मुनिराजकी वन्दना की और उनका धर्मोपदेश सुनकर संसारसे विरक्त रहने लगा। कुछ दिनोके उपरान्त एक दिन अपने श्वेत केश देखकर उसे संसारसे बहुत घृणा हुई और अपने पुत्र विमलकीर्तिको बुलाकर राज्यभार सौप दिया और स्वयं दिगम्बर दीक्षा ग्रहणकर घोर तपश्चरण करने लगा। मरणकाल निकट जानकर प्रमातिकुमारने सल्लेखनामरण धारण किया तथा णमोकार मन्त्रका

स्मरण करते हुए प्राणोंका त्याग किया, जिससे पन्द्रहवें स्वर्गमें कीर्त्तिधर नामक महर्द्धिकदेव हुआ। णमोकारमन्त्रका ऐसा ही प्रभाव है, जिससे इस मन्त्रके ध्यानसे सांसारिक कष्ट दूर होते हैं, साथ ही परलोकमें महान् सुख प्राप्त होता है। धर्मामृतकी सभी कथाओंमें णमोकारमन्त्रकी महत्ता प्रदर्शित की गयी है। यद्यपि ये कथाएँ सम्यक्त्वके आठ अङ्ग तथा पञ्चाणुव्रतोंकी महत्ता दिखलानेके लिए लिखी गयी है, पर इस मन्त्रका प्रभाव सभी पात्रों-पर है।

पुण्यास्रव कथाकोषमें इस महामन्त्रके महत्त्वको प्रकट करनेवाली आठ कथाएँ आई हैं। प्रथम कथाका वर्णन करते हुए बताया गया है कि इस महामन्त्रकी आराधना करके तिर्यञ्च भी मानव पर्यायको प्राप्त होते हैं। कहा है—

**प्रथम मन्त्र नवकार सुन तिरौ बैलको जीव।**
**ता प्रतीत हिरदै धरी भयो राम सुग्रीव॥**
**ताके बरनन करत हूँ जानो मन वच काय।**
**महामन्त्र हिरदै धरै सकल पाप मिट जाय॥**
**णमोकारका महापुण्य है अकथनीय उसकी महिमा।**
**जिसके फलसे नीच बैलने पाई सद्‌गति गरिमा॥**
**देखो ! पदमरुचिर जिस फलसे हुए रामसे नृपति महान्।**
**करो ध्यान युत उसको पूजा यही जगतमें सच्चा मान॥**

अयोध्यामें जब महाराज रामचन्द्रजी राज्य करते थे, उस समय सकल-भूषण केवलज्ञानके धारी मुनिराज इस नगरके एक उद्यानमें पधारे। पूजा-स्तुति करनेके उपरान्त विभीषणने मुनिराजसे पूछा कि "प्रभो ! कृपा कर यह बतलाइए कि किस पुण्यके प्रभावसे सुग्रीव इतना गुणी और प्रभावशाली राजा हुआ है। महाराज रामचन्द्रजीकी तथा सुग्रीवकी पूर्व भवावलि जाननेकी बड़ी भारी इच्छा है।

केवली भगवान् कहने लगे—इस भरत क्षेत्रके आर्यखण्डमें श्रेष्ठपुरी

नामकी एक प्रसिद्ध नगरी है। इस नगरीमें पद्मरुचि नामका सेठ रहता था, जो अत्यन्त धर्मात्मा, श्रद्धालु और सम्यग्दृष्टि था। एक दिन यह गुरुका उपदेश सुनकर घर जा रहा था कि रास्तेमें एक घायल बैलको पीडासे छट-पटाते हुए देखा। सेठने दयाकर उसके कानमें णमोकार मन्त्र सुनाया, जिसके प्रभावसे मरकर वह बैल इसी नगरके राजाका वृषभध्वज नामका पुत्र हुआ। समय पाकर जब वह बड़ा हुआ तो एक दिन हाथीपर सवार होकर वह नगर-परिभ्रमणको चला। मार्गमें जब राजाका हाथी उस बैलके मरनेके स्थानपर पहुँचा तो उस राजाको अपने पूर्वभवका स्मरण हो आया तथा अपने उपकारीका पता लगानेके लिए उसने एक विशाल जिनालय बनवाया, जिसमें एक बैलके कानमें एक व्यक्ति णमोकार मन्त्र सुनाते हुए अंकित किया गया। उस बैलके पास एक पहरेदारको नियुक्त कर दिया तथा उस पहरेदारको समझा दिया कि जो कोई इस बैलके पास आकर आश्चर्य प्रकट करे, उसे दरबारमें ले आना।

एक दिन उस नवीन जिनालयके दर्शन करने सेठ पद्मरुचि आया और पत्थरके उस बैलके पास णमोकार मन्त्र सुनाती हुई प्रस्तर-मूर्त्ति अंकित देखकर आश्चर्यान्वित हुआ। वह सोचने लगा कि यह मेरी आजसे २५ वर्ष पहलेकी घटना यहाँ कैसे अंकित की गयी है। इसमें रहस्य है, इस प्रकार विचार करता हुआ आश्चर्य प्रकट करने लगा। पहरेदारने जब सेठको आश्चर्यमें पड़ा देखा तो वह उसे पकड़कर राजाके पास ले गया।

राजा—सेठजी! आपने उस प्रस्तर-मूर्त्तिको देखकर आश्चर्य क्यों प्रकट किया?

सेठ—राजन्! आजसे पच्चीस वर्ष पहलेकी घटनाका मुझे स्मरण आया। मैं जिनालयसे गुरुका उपदेश सुनकर अपने घर लौट रहा था कि रास्तेमें मुझे एक बैल मिला। मैंने उसे णमोकार मन्त्र सुनाया। यही घटना उस प्रस्तर-मूर्तिमें अंकित है। अत. उसे देखकर मुझे आश्चर्यान्वित होना स्वाभाविक है।

राजा—"सेठजी ! आज मै अपने उपकारीको पाकर धन्य हो गया । आपकी कृपासे ही मैं राजा हुआ हूँ । आपने मुझे दयाकर णमोकार मन्त्र सुनाया जिसके पुण्यके प्रभावसे मेरी तिर्यञ्च जाति छूट गयी तथा मनुष्य पर्याय और उत्तम कुलकी प्राप्ति हुई । अब मै आत्मकल्याण करना चाहता हूँ । मैं आपका पता लगानेके लिए ही जिनालयमें वह प्रस्तर-मूर्ति अंकित करायी थी । कृपया आप इस राज्यभारको ग्रहण करें और मुझे आत्मकल्याणका अवसर दें । अब मै इस मायाजालमें एक क्षण भी नही रहना चाहता हूँ ।" इतना कहकर राजाने सेठके मस्तकपर स्वयं ही राजमुकुट पहना दिया तथा राज्यतिलक कर दिगम्बर दीक्षा धारण की । वह कठोर तपश्चरण करता हुआ णमोकार मन्त्रकी साधना करने लगा और अन्तिम समयमें सल्लेखना धारण कर प्राण त्याग दिये, जिससे वह सुग्रीव हुआ है । सेठ पद्मरुचिने अन्तिम समयमे सल्लेखना धारण की तथा णमोकार मन्त्रकी साधना की, जिससे उनका जीव महाराज रामचन्द्र हुआ है । इस णमोकार मन्त्रमे पाप मिटाने और पुण्य बढानेकी अपूर्व शक्ति है । केवली मुनिराजके द्वारा इस प्रकार णमोकार मन्त्रकी महिमाको सुनकर विभीषण, रामचन्द्र, लक्ष्मण और भरत आदि सभीको अत्यन्त प्रसन्नता हुई ।

णमोकार मन्त्रके स्मरणसे बन्दरने भी आत्मकल्याण किया है । कहा जाता है कि अर्धमृतक एक बन्दरको मुनिराजने दयाकर णमोकार मन्त्र सुनाया । उस बन्दरने भी भक्तिभाव पूर्वक णमोकार मन्त्र सुना, जिसके प्रभावसे वह चित्राङ्गद नामका देव हुआ । चित्राङ्गदके जीवने च्युत होकर मानव पर्याय प्राप्त की और अपना वास्तविक कल्याण किया ।

तीसरी कथामे बताया गया है कि काशीके राजाको लडकीका नाम सुलोचना था । यह जैनधर्ममे अत्यन्त अनुरक्त थी । वह सतत विद्याभ्यासमे लीन रहती थी । अत उसके पिताने अपने मित्रकी कन्याके साथ उसे रख

दिया। दोनों सखियाँ बडे प्रेमके साथ विद्याभ्यास करने लगी। सुलोचनाकी इस सखीका नाम विन्ध्यश्री था। एक दिन विन्ध्यश्री फूल तोडने बगीचे-में गयी, वहाँ एक साँपने उसे काट लिया, जिससे वह मूर्च्छित होकर गिर पडी। सुलोचनाने उसे णमोकार मन्त्र सुनाया, जिसके प्रभावसे वह मरकर गंगादेवी हुई तथा सुखपूर्वक जीवन व्यतीत करने लगी। कहा है—

महामन्त्रको सुलोचनासे विन्ध्यश्रीने जब पाया।
भक्ति भावसे उसने पाई गंगा देवीकी काया॥
क्यों न कहेगा अकथनीय है नमस्कार महिमा भारी।
उसे भजेगा सतत नेमसे बन जावेगा सुखकारी॥

चौथी कथामे आया है कि चारुदत्तने एक अर्द्धदग्ध पुरुषको, जिसे एक संन्यासीने धोखा देकर रसायन निकालनेके लिए कुएँमे डाल दिया था और जिसका आधा शरीर वर्षोंसे उस अन्धकूपमें रहनेके कारण जल गया था, जिससे उसमें चलने-फिरनेकी भी शक्ति नही थी, जिसके प्राणोंका अन्त ही होना चाहता था, उसे चारुदत्तने णमोकार मन्त्र सुनाया। अन्तिम समयमे इस महामन्त्रके श्रवणमात्रसे उसकी आत्मामे इतनी विशुद्धि आई जिससे वह प्रथम स्वर्गमे देव हुआ। आगे इसी कथामे बतलाया गया है कि चारुदत्तने एक मरणासन्न बकरेको भी णमोकार मन्त्र सुनाया, जिससे वह बकरेका जीव भी स्वर्गमें देव हुआ।

पुण्यास्रव-कथाकोषकी एक कथामे बतलाया गया है कि कीचडमें फँसी हुई हथिनी णमोकार मन्त्रके श्रवणसे उत्तम मानव पर्यायको प्राप्त हुई। कहा गया है कि गुणवतीका जीव अनेक पर्यायोको धारण करनेके पश्चात् एक बार हथिनी हुआ। एक दिन वह हथिनी कीचडमे फँस गयी और उसका प्राणान्त होने लगा। इसी बीच सुरग नामका विद्याधर आया और उसने हथिनीको णमोकार मन्त्र सुनाया, जिसके प्रभावसे वह मरकर

नन्दवती कन्या हुई और पश्चात् सीताके समान सती-साध्वी नारी हुई। इस महामन्त्रका प्रभाव अद्भुत है। कहा गया है—

हथिनीकी कायासे कैसे हुई सती सीता नारी।
जिसने नारी युगमें पाई पातिव्रत पदवी भारी॥
नमस्कार ही महामन्त्र है भव सागरकी नैया।
सदा भजोगे पार करेगा बन पतवार खिवैया॥

पार्श्वपुराणमे बताया गया है कि भगवान् पार्श्वनाथने अपनी छद्मस्थ अवस्थामे जलते हुए नाग-नागिनीको णमोकार महामन्त्रका उपदेश दिया, जिसके प्रभावसे वे धरणेन्द्र और पद्मावती हुए। इसी प्रकार जीवन्धर स्वामीने कुत्तेको णमोकार महामन्त्र सुनाया था, जिसके प्रभावसे कुत्ता स्वर्गमे देव हुआ। आराधना-कथाकोशमे इस महामन्त्रके माहात्म्यकी कथाका वर्णन करते हुए कहा है कि चम्पानगरीके सेठ वृषभदत्तके यहाँ एक ग्वाला नौकर था। एक दिन वह वनसे अपने घर आ रहा था। शीतकालका समय था, कडाकेकी सर्दी पड रही थी। उसे रास्तेमे ऋद्धिधारी मुनिके दर्शन हुए, जो एक शिलातलपर बैठकर ध्यान कर रहे थे। ग्वालेको मुनिराजके ऊपर दया आई और घर जाकर अपनी पत्नीसहित लौट आया तथा मुनिराजकी वैयावृत्ति करने लगा। प्रातःकाल होनेपर मुनिराजका ध्यान भग हुआ और ग्वालेको निकट भव्य समझकर उसे णमोकार मन्त्रका उपदेश दिया। अब तो उस ग्वालेका यह नियम बन गया कि वह प्रत्येक कार्यके प्रारम्भ करनेपर णमोकार मन्त्रका नौ बार उच्चारण करता। एक दिन वह भैंस चरानेके लिए गया था। भैंस नदीमे कूदकर उस पार जाने लगी, अत ग्वाला उन्हें लौटानेके लिए अपने नियमानुसार णमोकार मन्त्र पढकर नदीमे कूद पडा। पेटमे एक नुकीली लकडी चुभ जानेसे उसका प्राणान्त हो गया और णमोकार मन्त्रके प्रभावसे उसी सेठके यहाँ सुदर्शन नामका पुत्र हुआ। सुदर्शनने उसी भवसे निर्वाण प्राप्त किया। अतः कथाके अन्तमे कहा गया है—

"इत्थं ज्ञात्वा महाभव्यैः कर्तव्यः परया मुदा ।
सारपञ्चनमस्कार-विश्वासः शर्मदः सताम् ।"

अर्थात् णमोकार मन्त्रका विश्वास सभी प्रकारके सुखोंको देनेवाला है। जो व्यक्ति श्रद्धापूर्वक इस महामन्त्रका उच्चारण, स्मरण या चिन्तन करता है, उसके सभी कार्य सिद्ध हो जाते है।

इस महामन्त्रकी महत्ता बतलानेवाली एक कथा दृढसूर्य चोरकी भी इसी कथाकोशमे आई है। बताया गया है कि उज्जयिनी नगरीमे एक दिन वसन्तोत्सवके समय धनपाल राजाकी रानी बहुमूल्य हार पहन कर वनविहारके लिए जा रही थी। जब उसके हारपर वसन्तसेना वेश्याकी दृष्टि पडी तो वह उसपर मोहित हो गई और अपने प्रेमी दृढसूर्यसे कहने लगी कि इस हारके बिना तो मेरा जीवित रहना सम्भव नही। अत. किसी भी तरह हो, इस हारको ले आना चाहिए। दृढसूर्य राजमहलमे गया और उस हारको चुराकर ज्यो ही निकला, त्यों ही पकड लिया गया। दृढसूर्य फाँसीपर लटकाया जा चुका था, पर अभी उसके शरीरमे प्राण अवशेष थे। संयोगवश उसी मार्गसे धनदत्त सेठ जा रहा था। दृढसूर्यने उससे पानी पिलानेको कहा। सेठने उत्तर दिया—'मेरे गुरुने मुझे णमोकार मन्त्र दिया है। अत मै तुम्हारा जब तक पानी लाता हूँ, तुम इसे स्मरण रखो।' इस प्रकार दृढसूर्यको णमोकार मन्त्र सिखलाकर धनदत्त पानी लेने चला गया। दृढसूर्यने णमोकार मन्त्रका जोर-जोरसे उच्चारण आरम्भ किया। आयुपूर्ण होनेसे उस चोरका मरण हो गया और वह णमोकारमन्त्रके प्रभावसे सौधर्म स्वर्गमे देव हुआ।

जम्बूस्वामी-चरितमे आया है कि सेठ अर्हद्दासका अनुज सप्तव्यसनोमे आसक्त था। एकबार यह जुएमे बहुत-सा धन हार गया और इस धनको न दे सकनेके कारण दूसरे जुआरीने इसे मार-मारकर अधमरा कर दिया। अर्हद्दासने अन्त समयमे णमोकारमन्त्र सुनाया, जिसके प्रभावसे वह यक्ष हुआ। इस प्रकार णमोकार मन्त्रके प्रभावसे अगणित व्यसनी और पापी व्यक्तियोने

अपना सुधार किया है तथा वे सद्गतिको प्राप्त हुए हैं। इस महामन्त्रकी आराधना करनेवाले व्यक्तिको भूत, पिशाच और व्यन्तर आदिकी किसी भी प्रकारकी बाधा नही हो सकती है। धन्यकुमार-चरितकी सुभौम चक्रवर्तीकी निम्न कथासे यह बात सिद्ध हो जायगी।

आठवें चक्रवर्ती सुभौमके रसोइयेका नाम जयसेन था। एक दिन भोजनके समय इस पाचकने चक्रवर्तीके आगे गर्म-गर्म खीर परोस दी। गर्म खीरसे चक्रवर्तीका मुँह जलने लगा, जिससे क्रोधमें आकर खीरके रखे हुए बर्तनको उस पाचकके सिरपर पटक दिया, जिससे उसका सिर जल गया। वह इस कष्टसे मरकर लवणसमुद्रमें व्यन्तर देव हुआ। जब उसने अवधिज्ञानसे अपने पूर्वभवको जानकारी प्राप्त की तो उसे चक्रवर्तीके ऊपर बडा क्रोध आया। प्रतिहिंसाकी भावनासे उसका शरीर जलने लगा। अतः वह तपस्वीका वेष बनाकर चक्रवर्तीके यहाँ पहुँचा। उसके हाथमे कुछ मधुर और सुन्दर फल थे। उसने उन फलोंको चक्रवर्तीको दिया, वह फल खाकर बहुत प्रसन्न हुआ। उन्होंने उस तापससे कहा—"महाराज, ये फल अत्यन्त मधुर और स्वादिष्ट है। आप इन्हें कहाँसे लाये हैं और ये कहाँ मिलेंगे"। तापसरूपधारी व्यन्तरदेवने कहा—"समुद्रके बीचमें एक छोटा-सा टापू है। मै वही निवास करता हूँ। यदि आप मुझ गरीबपर कृपाकर मेरे घर पधारें तो ऐसे अनेक फल भेंट करूँ। चक्रवर्ती जिह्वाके लोभमे फँसकर व्यन्तरके झाँसेमे आ गये और उसके साथ चल दिये। जब व्यन्तर समुद्रके बीचमें पहुँचा तब वह अपने प्रकृत रूपमे प्रकट होकर लाल-लाल आँखें कर बोला—"दुष्ट, जानता है, मै तुझे यहाँ क्यों लाया हूँ। मैं ही तेरे उस पाचकका जीव हूँ, जिसे तूने निर्दयता पूर्वक मार डाला था। अभिमान सदा किसीका नही रहता। मैं तुझे उसीका बदला चुकानेके लिए लाया हूँ।" व्यन्तरके इन वचनोंको सुनकर चक्रवर्ती भयभीत हुआ और मन-ही-मन णमोकारमन्त्रका ध्यान करने लगा। इस महामन्त्रके सामर्थ्यके समक्ष उस व्यन्तरकी शक्ति काम नही कर सकी। अतः उस व्यन्तरने पुनः चक्र-

वर्तीसे कहा—"यदि आप अपने प्राणोंकी रक्षा चाहते है तो पानीमें णमोकारमन्त्रको लिखकर उसे पैरके अँगूठेसे मिटा दें। मैं इसी शर्तके ऊपर आपको जीवित छोड सकता हूँ। अन्यथा आपका मरण निश्चित है।" प्राण-रक्षाके लिए मनुष्यको भले-बुरेका विचार नही रहता, यही दशा चक्रवर्तीकी हुई। व्यन्तरदेवके कथनानुसार उमने णमोकार मन्त्रको लिखकर पैरके अँगूठेसे मिटा दिया। उनके उक्त क्रिया सम्पन्न करते ही, व्यन्तरने उन्हें मारकर समुद्रमें फेंक दिया। क्योकि इस कृत्यके पूर्व वह णमोकारमन्त्रके श्रद्धानीको मारनेका साहस नही कर सकता था। यत उस समय जिन शासनदेव उस व्यन्तरके इस अन्यायको रोक सकते थे, किन्तु णमोकार मन्त्रके मिटा देनेसे व्यन्तरदेवने समझ लिया कि यह धर्मद्वेषी है, भगवानका भक्त नही। श्रद्धा या अटूट विश्वास इसमे नही है। अत उस व्यन्तरने उसे मार डाला। णमोकार मन्त्रके अपमानके कारण उसे सप्तम नरककी प्राप्ति हुई। जो व्यक्ति णमोकार मन्त्रके दृढ श्रद्धानी है, उनकी आत्मामें इतनी अधिक शक्ति उत्पन्न हो जाती है, जिससे भूत, प्रेत, पिशाच आदि उनका बाल भी बाँका नही कर पाते। आत्मस्वरूप इस मन्त्रका श्रद्धान ससारसे पार उतारनेवाला है तथा सम्यग्दर्शनकी उत्पत्तिका प्रधान हेतु है। शान्ति, सुख और समताका कारण यही महामन्त्र है।

श्वेताम्बर धर्मकथासाहित्यमें भी इस महामन्त्रके सम्बन्धमें अनेक कथाएँ उपलब्ध होती है। कथारत्नकोषमें श्रीदेव नृपतिके कथानकमें इस महामन्त्रकी महत्ता बतलायी गयी है। णमोकार मन्त्रके एक अक्षर या एक पदके उच्चारणमात्रसे जन्म-जन्मान्तरके सचित पाप नष्ट हो जाते है। जिस प्रकार सूर्यके उदय होनेसे अन्धकार नष्ट हो जाता है, कमलश्री वृद्धिगत होने लगती है, उसी प्रकार इस महामन्त्रकी आराधनासे पाप-तिमिर लुप्त हो जाते है और पुण्यश्री बढती है। मनुष्योंकी तो बात ही क्या तिर्यञ्च, भील-भीलिनी, नीच-चाण्डाल आदि इस महामन्त्रके प्रभावसे मरकर स्वर्गमें देव हुए और वहाँसे चयकर मनुष्यकी पर्याय प्राप्त होकर निर्वाण प्राप्त किया

है । स्त्रीलिङ्गका छेद और समाधिमरणकी सफलता इसी मन्त्रकी धारणापर निर्भर है ।

कथासाहित्यमे एक भील-भीलिनीकी कथा आयी है, जिसमें बताया गया है कि पुष्करावर्त्त द्वीपके भरत क्षेत्रमे सिद्धकूट नामका नगर है । उसमे एक दिन शान्त तपस्वी वीतरागी सुव्रत नामके आचार्य पधारे । वर्षाऋतु आरम्भ हो जानेके कारण चातुर्मास उन्होंने वही ग्रहण किया । एक दिन मुनिराज ध्यानस्थ थे कि भील-भीलिनी दम्पति वहाँ आये । मुनिराजका दर्शन करते ही उनका चिरसचित पाप नष्ट हो गया, उनके मनमें अपूर्व प्रसन्नता हुई और दोनो मुनिराजका धर्मोपदेश सुननेके लिए वहीपर ठहर गये । जब मुनिराजका ध्यान टूटा तो उन्होंने भील-भीलिनीको नमस्कार करते हुए देखा । महाराजने धर्मबुद्धिका आशीर्वाद दिया । आशीर्वाद प्राप्त कर वे दोनो अत्यन्त आह्लादित हुए और हाथ जोडकर कहने लगे— प्रभो ! हमे कुछ धर्मोपदेश दीजिए । मुनिराजने णमोकार मन्त्र उनको सिखलाया, उन दोनोने भक्ति-भावपूर्वक णमोकार मन्त्रका जाप आरम्भ किया । श्रद्धापूर्वक सर्वदा त्रिकाल इस महामन्त्रका जाप करने लगे । भीलने मृत्युके समय भी भक्ति-भावपूर्वक इस महामन्त्रकी आराधना की, जिससे वह मरकर राजपुत्र हुआ । भीलिनीने भी सुगति पायी ।

आगे बतलाया गया है कि जम्बूद्वीपके भरत क्षेत्रमे मणिमन्दिर नामका नगर था । इस नगरके निवासी अत्यन्त धर्मात्मा, दानपरायण, गुणग्राही और सत्पुरुष थे । इस नगरके राजाका नाम मृगाक था और इसकी रानीका नाम विजया । इन्ही दम्पतिका पुत्र णमोकार मन्त्रके प्रभावसे उस भीलका जीव हुआ । इस भवमें इसका नाम राजसिह रखा गया । बडे होनेपर राजसिह मन्त्री-पुत्रके साथ भ्रमणके लिए गया । रास्तेमे थककर एक वृक्षकी छायामे विश्राम करने लगा । इतनेमे एक पथिक उसी मार्गसे आया और राजपुत्रके पास आकर विश्राम करने लगा । बात-चीतके सिलसिलेमे उसने बतलाया कि पद्मपुरमे पद्म नामक राजा रहता है, इसकी रत्नावती

नामकी अनुपम सुन्दर पुत्री है। जब इसका विवाह सम्बन्ध ठीक हो रहा था, तब एक नटके नृत्यको देखकर उसे जाति-स्मरण हो गया, अत उसने निश्चय किया कि जो मेरे पूर्वभवके वृत्तान्तको बतलायेगा, उसीके साथ मै विवाह करूँगी। अनेक देशोके राजपुत्र आये, पर सभी निराश होकर लौट गये। राजकुमारीके पूर्वभवके वृत्तान्तको कोई नही बतला सका। अब उस राजकुमारीने पुरुषका मुँह देखना ही बन्द कर दिया है और वह एकान्त स्थानमे रहकर समय व्यतीत करती है।

पथिककी उपर्युक्त बातोको सुनकर राजकुमारका आकर्षण राजकुमारीके प्रति हुआ और उसने मन-ही-मन उसके साथ विवाह करनेकी प्रतिज्ञा की। वहाँसे चलकर मार्गमे मन्त्री-पुत्र और राजकुमारने णमोकारमन्त्रके प्रभावकी कथाओका अध्ययन, मनन और चिन्तन किया, जिससे राजकुमारने अपने पूर्वभवके वृत्तान्तको अवगत कर लिया। पासमे रहनेवाली मणिके प्रभावसे दोनो कुमारोने स्त्रीवेष बनाया और राजकुमारीके पास पहुँचे। राजसिहने राजकुमारीके पूर्वभवका समस्त वृत्तान्त बतला दिया। तथा अपना वेष बदलकर वहाँ तक आनेकी बात भी कह दी। राजकुमारी अपने पूर्वभवके पतिको पाकर बहुत प्रसन्न हुई। उसे मालूम हो गया कि णमोकार मन्त्रके माहात्म्यसे मैं भीलनीसे राजकुमारी हुई हूँ और यह भीलसे राजपुत्र। अतः हम दोनो पूर्वभवके पति-पत्नी है। उसने अपने पितासे भी यह सब वृत्तान्त कह दिया। राजाने रत्नावती और राजसिहका विवाह कर दिया।

कुछ दिनो तक सासारिक भोग भोगनेके उपरान्त राजसिह अपने पुत्र प्रतापसिहको राजगद्दी देकर धर्मसाधनके लिए रानीके साथ वनमे चला गया। राजसिह जब बीमार होकर मृत्यु-शय्यापर पडा जीवनकी अन्तिम घडियाँ गिन रहा था, उसी समय उसने जाते हुए एक मुनिको देखा और अपनी स्त्रीसे कहा कि आप उस साधुको बुला लाइए। जब मुनिराज उसके पास आये तो राजसिहने धर्मोपदेश सुननेकी इच्छा प्रकट की। मुनिराजने णमोकार मन्त्रका व्याख्यान किया और इसी महामन्त्रका

जप करनेको कहा। समाधिमरण भी उसने धारण किया और आरम्भ-परिग्रहका त्यागकर इस महामन्त्रके चिन्तनमें लीन होकर प्राण त्याग दिये, जिससे वह ब्रह्मलोकमें दस सागरकी आयुवाला एक भवावतारी देव हुआ। भीलिनीके जीव राजकुमारीने भी णमोकार महामन्त्रके प्रभावसे स्वर्गमें जन्म ग्रहण किया।

क्षत्रचूडामणिमें णमोकारमन्त्रका महत्त्वसूचक एक सुन्दर कथा आयी है। इस कथामें बताया गया है कि एक बार कुछ ब्राह्मण मिलकर कहीपर यज्ञ कर रहे थे कि एक कुत्तेने आकर उनकी हवन-सामग्री जूठी कर दी। ब्राह्मणोंने क्रुद्ध हो उस कुत्तेको इतना मारा कि वह कण्ठगत प्राण हो गया। संयोगसे महाराज सत्येन्द्रके पुत्र जीवन्धरकुमार उधर आ निकले, उन्होंने कुत्तेको मरते हुए देखकर उसे णमोकार मन्त्र सुनाया। मन्त्रके प्रभावसे कुत्ता मरकर यक्ष जातिका इन्द्र हुआ। अवधिज्ञानसे अपने उपकारीका स्मरण कर वह कुमार जीवन्धरके पास आया और नाना प्रकारसे उनकी स्तुति-प्रशंसा कर उन्हें इच्छित रूप बनाने और गानेकी विद्या देकर अपने स्थानपर चला गया।

इस आख्यानमें स्पष्ट है कि कुत्ता भी इस महामन्त्रके प्रभावसे देवेन्द्र हो सकता है, फिर मनुष्य जातिकी बात ही क्या?

इस प्रकार श्वेताम्बर कथासाहित्यमें ऐसी अनेक कथाएँ आयी हैं, जिनमें इस महामन्त्रके ध्यान, स्मरण, उच्चारण और जपका अद्भुत फल बताया गया है। जो व्यक्ति भावसहित इस मन्त्रका अनुष्ठान करता है, वह अवश्य अपना कल्याण कर लेता है। सांसारिक समस्त विभूतियाँ उनके चरणोंमें लोटती हैं। वर्तमानमें भी श्रद्धापूर्वक णमोकार मन्त्रके जापसे अनेक व्यक्तियोंको अलौकिक सिद्धि प्राप्त हुई है। आनेवाली आपत्तियाँ इस महामन्त्रकी कृपासे दूर हो गयी हैं।

**फल-प्राप्तिके आधुनिक उदाहरण**

यहाँ दो-चार उदाहरण दिये जाते हैं। इस मन्त्रके दृढ़ श्रद्धानसे

जखौरा ( झाँसी ) निवासी अब्दुल रज्जाक नामक मुसलमानकी सारी विपत्तियाँ दूर हो गयी थी। उसने अपना एक पत्र जैनदर्शन वर्ष ३ अक ५-६ पृ० ३१ में प्रकाशित कराया है। वहाँसे इस पत्रको ज्योका-त्यो उद्धृत किया जाता है। पत्र इस प्रकार है—"मै ज्यादातर देखता या सुनता हूँ कि हमारे जैन भाई धर्मकी ओर ध्यान नही देते। और जो थोडा-बहुत कहने-सुननेको देते भी है तो वे सामायिक और णमोकार-मन्त्रके प्रकाशसे अनभिज्ञ है। यानी अभी तक वे इसके महत्त्वको नही समझे है। रात-दिन शास्त्रोंका स्वाध्याय करते हुए भी अन्धकारकी ओर बढते जा रहे है। अगर उनसे कहा जाय कि भाई, सामायिक और णमोकार मन्त्र आत्माको शान्ति पैदा करनेवाला और आये हुए दुखोंको टालनेवाला है, तो वे इस तरहसे जवाब देते है कि यह णमोकार मन्त्र तो हमारे यहाँके छोटे-छोटे बच्चे जानते है। इसको आप क्या बताते है, लेकिन मुझे अफसोस-के साथ लिखना पडता है, कि उन्होने सिर्फ दिखानेकी गरजसे मन्त्रको रट लिया है। उसपर उनका दृढ विश्वास न हुआ और न वे उसके महत्त्वको ही समझे। मै दावेके साथ कहता हूँ कि इस मन्त्रपर श्रद्धा रखनेवाला हर मुसीबतसे बच सकता है। क्योकि मेरे ऊपर ये बातें बीत चुकी है।

मेरा नियम है कि जब मै रातको सोता हूँ तो णमोकार मन्त्रको पढता हुआ सो जाता हूँ। एक मरतबे जाडेकी रातका जिक्र है कि मेरे साथ चार-पाईपर एक बडा साँप लेटा रहा, पर मुझे उसकी खबर नही। स्वप्नमे जरूर ऐसा मालूम हुआ जैसे कोई कह रहा हो कि उठ साँप है। मै दो-चार मरतबे उठा भी और उठकर लालटेन जलाकर नीचे-ऊपर देखकर फिर लेट गया लेकिन मन्त्रके प्रभावसे जिस ओर साँप लेटा था, उधरसे एक मरतबा भी नही उठा। जब सुबह हुआ, मै उठा और चाहा कि बिस्तर लपेट लूँ, तो क्या देखता हूँ कि बडा मोटा साँप लेटा हुआ है। मैने जो पल्ली खीची तो वह झट उठ बैठा और पल्लीके सहारे नीचे उतरकर अपने रास्ते चला गया।

दूसरे अभी दो-तीन माहका जिकर है कि जब मेरी बिरादरीवालोंको मालूम हुआ कि मैं जैन मत पालने लगा हूँ, तो उन्होने एक सभा की, उसमे मुझे बुलाया गया। मैं जखोरासे झाँसी जाकर सभामे शामिल हुआ। हर एकने अपनी-अपनी रायके अनुसार बहुत कुछ कहा सुना और बहुतसे सवाल पैदा किये, जिनका कि मैं जवाब भी देता गया। बहुतसे महाशयोंने यह भी कहा कि ऐसे आदमीको मार डालना ठीक है, लेकिन अपने धर्मसे दूसरे धर्ममे न जाने पावे। इस तरह जिसके दिलमे जो बात आई, कही। अन्तमे सब लोग अपने-अपने घर चले गये और मैं भी अपने कमरेमे चला आया। क्योकि मैं जब अपने माता-पिताके घर आता हूँ तो एक दूसरे कमरेमे ठहरता हूँ और अपने हाथसे भोजन पकाकर खाता हूँ। उनके हाथका बनाया हुआ भोजन नही खाता। जब शामका समय हुआ—यानी सूर्य अस्त होने लगा तो मैं सामायिक करना आरम्भ किया और सामायिकमे निश्चिन्त होकर जब आँखें खोली तो देखता हूँ कि एक बडा साँप मेरे आस-पास चक्कर लगा रहा है और दरवाजे-पर एक बर्तन रक्खा हुआ मिला, जिससे मालूम हुआ कि कोई इसमे बन्द करके यहाँ छोड गया है। छोडनेवालेकी नीयत एकमात्र मुझे हानि पहुँचानेकी थी।

लेकिन उस साँपने मुझे कोई नुकसान नही पहुँचाया। मैं वहाँसे डरकर आया और लोगोंसे पूछा कि यह काम किसने किया है, परन्तु कोई पता न लगा। दूसरे दिन सामायिक समय जब साँपने पासवाले पडोसीके बच्चेको डँस लिया तब वह रोया और कहने लगा कि हाय मैंने बुरा किया कि दूसरेके वास्ते चार आने पैसे देकर वह साँप लाया था, उसने मेरे बच्चेको काट लिया। तब मुझे पता चला, बच्चेका इलाज हुआ, मैं भी इलाज करानेमे लगा रहा, परन्तु कोई लाभ नहीं हुआ। वह बच्चा मर गया। उसके १५ दिन बाद वह आदमी भी मर गया, उसके वही एक बच्चा था। देखिए सामायिक और णमोकार मन्त्र कितना जबरदस्त खम्भ

हैं कि आगे आया हुआ काल प्रेमका बर्ताव करता हुआ चला गया। इस मन्त्रके ऊपर दृढ श्रद्धान होना चाहिए। इसके प्रतापसे सभी कार्य सिद्ध होते हैं।

इस महामन्त्रके प्रभावकी निम्न घटना पूज्य भगतजी प्यारेलालजी, बेलगछिआ कलकत्ता निवासीने सुनाई है। घटना इस प्रकार है कि एक बार कलकत्तानिवासी स्व० सेठ बलदेवदासजीके पिता स्व० श्रीमान् सेठ दयाचन्दजी, भगतजी सा० तथा और भी कलकत्तेके चार-छ. आदमी थूबौनजीकी यात्राके लिए गये। जब यात्रासे वापस लौटने लगे तो मार्गमे रात हो गयी, जंगली रास्ता था और चोर-डाकुओका भय था। अँधेरा होनेसे मार्ग भी नही सूझता था, कि किधर जायँ और किस प्रकार स्टेशन पहुँचे। सभी लोग घबरा गये। सभीके मनमे भय और आतङ्क व्याप्त था। मार्ग दिखायी न पडनेसे एक स्थानपर बैठ गये। भगतजी साहबने उन सबसे कहा कि अब घबरानेसे कुछ नही होगा, णमोकारमन्त्रका स्मरण ही इस संकटको टाल सकता है। अत स्वयं भगतजी सा० ने तथा अन्य सब लोगोने णमोकारका ध्यान किया। इस मन्त्रके आधा घटा तक ध्यान करनेके उपरान्त एक आदमी वहाँ आया और कहने लगा कि आप लोग मार्ग भूल गये है, मेरे पीछे-पीछे चले आइए, मैं आप लोगोको स्टेशन पहुँचा दूँगा। अन्यथा यह जगल ऐसा है कि आप महीनो इसमे भटक सकते हैं। अत वह आदमी आगे-आगे चलने लगा और सब यात्री पीछे-पीछे। जब स्टेशनके निकट पहुँचे और स्टेशनका प्रकाश दिखलाई पडने लगा तो उस उपकारी व्यक्तिकी इसलिए तलाश की जाने लगी कि उसे कुछ पारिश्रमिक दे दिया जाय। पर यह अत्यन्त आश्चर्यकी बात हुई कि उसका तलाश करनेपर भी पता नही चला। सभी लोग अचम्भित थे, आखिर वह उपकारी व्यक्ति कौन था, जो स्टेशन छोडकर चला गया। अन्तमे लोगोने निश्चय किया कि 'णमोकारमन्त्रके स्मरणके प्रभावसे किसी रक्षकदेवने ही उसकी यह सहायता की। एक बात यह भी कि वह व्यक्ति

पास नही रहता था, आगे-आगे दूर-दूर ही चल रहा था कि आप लोग मेरे ऊपर अविश्वास मत कीजिए। मैं आपका सेवक और हितैषी हूँ। अत. यह लोगोको निश्चय हो गया कि णमोकार मन्त्रके प्रभावसे किसी यक्षने इस प्रकारका कार्य किया है। यक्षके लिए इस प्रकारका कार्य करना असम्भव नही है।

पूज्य भगतजी सा० से यह भी मालूम हुआ कि णमोकार मन्त्रकी आराधनासे कई अवसरोपर उन्होंने चमत्कारपूर्ण कार्य सिद्ध किये हैं। उनके सम्पर्कमें आनेवाले कई जैनेतरोंने इस मन्त्रकी साधनासे अपनी मनोकामनाओको सिद्ध किया है। मैंने स्वय उनके एक सिन्धी भक्तको देखा है जो णमोकार मन्त्रका श्रद्धानी है।

पूज्य बाबा भागीरथ वर्णी सन् १९३७-३८ मे श्री स्याद्वादविद्यालय काशीमें पधारे हुए थे। बाबाजीको णमोकार मन्त्रपर बडी भारी श्रद्धा थी। श्रीछेदीलालजीके मन्दिरमे बाबाजी रहते थे। जाडेके दिन थे, बाबाजी धूपमे बैठकर छतके ऊपर स्वाध्याय करते रहते थे। एक लगूर कई दिनो तक वहाँ आता रहा। बाबाजी उसे बगलमे बैठाकर णमोकार मन्त्र सुनाते रहे। यह लगूर भी आधा घण्टे तक बाबाजीके पास बैठता रहा। यह क्रम दस-पाँच दिन तक चला। लडकोने बाबाजीसे कहा—'महाराज, यह चंचल जातिका प्राणी है, इसका क्या विश्वास, यह आपको किसी दिन काट लेगा।' पर बाबाजी कहते रहे "भय्या, ये तिर्यञ्च जातिके प्राणी णमोकार-मन्त्रके लिए लालायित है, ये अपना कल्याण करना चाहते है। हमे इनका उपकार करना है।" एक दिन प्रतिदिनवाला लगूर न आकर दूसरा आया और उसने बाबाजीको काट लिया, इसपर भी बाबाजी उसे णमोकारमन्त्र सुनाते रहे, पर वह उन्हे काटकर भाग गया। पूज्य बाबाजीको इस महामन्त्र पर बडी भारी श्रद्धा थी और वह इसका उपदेश सभीको देते थे।

एक सज्जन हथुआ मिलमें कार्य करते है, उनका नाम ललितप्रसादजी हैं। वह होम्योपैथिक औषधका वितरण भी करते हैं। णमोकारमन्त्रपर

उन्हें बडी भारी श्रद्धा है। वह बिच्छू, ततैया, हड्डा आदिके विषको इस मन्त्र-द्वारा ही उतार देते हैं। उसी मिलके कई व्यक्तियोंने बतलाया कि बिच्छूका जहर इन्होने कई बार णमोकार मन्त्र द्वारा उतारा है। यों तो वह भगवान्के भक्त भी है; प्रतिदिन भगवान्की नियमित रूपसे पूजा करते हैं। किन्तु णमोकार मन्त्रपर उनका बडा भारी विश्वास है।

प्राचीन और आधुनिक अनेक उदाहरण इस प्रकारके विद्यमान है, जिनके आधारपर यह कहा जा सकता है कि णमोकारमन्त्रकी आराधनामे सभी प्रकारके अरिष्ट दूर हो जाते है और सभी अभिलाषाएँ पूर्ण होती है। इस मन्त्रके जापसे पुत्रार्थी पुत्र, धनार्थी धन और कीर्त्ति-अर्थी कीर्त्ति प्राप्त करते है। यह समस्त प्रकारकी ग्रह-बाधाओंको तथा भूत-पिशाचादि व्यन्तरोंकी पीडाओंको दूर करनेवाला है।

**इष्ट-साधक और अनिष्ट निवारक णमोकार मन्त्र**

'मन्त्रशास्त्र और णमोकारमन्त्र' शीर्षकमें पहले कहा जा चुका है कि इसी महासमुद्रसे समस्त मन्त्रोंकी उत्पत्ति हुई है तथा उन मन्त्रोंके जाप-द्वारा किन-किन अभीष्ट कार्योंको सिद्ध किया जा सकता है। जब इस महामन्त्रके ध्यानसे आत्मा निर्वाणपद प्राप्त कर सकता है, तब तुच्छ सांसारिक कार्यों-की क्या गणना ? ये तो आनुषंगिक रूपसे अपने आप सिद्ध हो जाते है। 'तिलोयपण्णत्ति' के प्रथम अधिकारमे पञ्चपरमेष्ठीके नमस्कारको समस्त विघ्न-बाधाओंको दूर करनेवाला, ज्ञानावरणादि द्रव्यकर्म, रागद्वेषादि भाव कर्म एवं शरीरादि नो कर्मोंको नाश करनेवाला बताया है। समस्त पापका नाशक होनेके कारण यह इष्टसाधक और अनिष्टविनाशक है। क्योंकि तीव्र पापोदयसे ही कार्यमें विघ्न उत्पन्न होते है तथा कार्य सिद्ध नही होता है। अत· पापविनाशक मंगलवाक्य होनेसे ही यह इष्टसाधक है। बताया गया है—

**अब्भंतरदव्वमलं जीवपदेसे णिबद्धमिदि हेहो।**
**भावमलं णादव्वं अणाण-दंसणादि परिणामो ॥**

अहवा बहुभेयगयं णाणावरणादिदव्वभावमलभेदा।
ताइं गालेइ पुढं जदो तदो मंगलं भणिदं ।।
अहवा मंगं सुक्ख लादिहु गेण्हेदि मंगलं तम्हा ।
एदेण कज्जसिद्धि मगइ गच्छेदि गंथकत्तारो ।।
पावं मलंति भण्णइ उवचारसरूवएण जीवाणां ।
तं मालेदि विणासं जेदि त्ति भणंति मंगलं केइ ।।

अर्थात्—ज्ञानावरणादि कर्मरूपी पापरज जीवोके प्रदेशोके साथ सम्बद्ध होनेके कारण आभ्यन्तर द्रव्यमल है तथा अज्ञान, अदर्शन आदि जीवके परिणाम भावमल है। अथवा ज्ञानावरणादि द्रव्यमलके और इस द्रव्यमलसे उत्पन्न परिणाम स्वरूप भावमलके अनेक भेद हैं। इन्हे यह णमोकारमन्त्र गलाता है, नष्ट करता है, इसलिए इसे मगल कहा गया है अथवा यह मंग अर्थात् सुखको लाता है, इसलिए इसे मंगल कहा जाता है। इष्टसाधक और अनिष्ट-विनाशक होनेके कारण समस्त कार्योंका आरम्भ इस मन्त्रके मगल पाठके अनन्तर ही किया जाता है। अत. यह श्रेष्ठ मंगल है। जीवोके पापको उपचारसे मल कहा जाता है, यह णमोकार मन्त्र इस पापका नाश करता है, जिससे अनिष्ट बाधाओका विनाश होता है और इष्ट कार्य सिद्ध होते है।

यह णमोकारमन्त्र समस्त हितोको सिद्ध करनेवाला है इस कारण इसे सर्वोत्कृष्ट भाव-मंगल कहा गया है। **'मङ्ग्यते साध्यते हितमनेनेति मंगलम्'** इस व्युत्पत्तिके अनुसार इसके द्वारा समस्त अभीष्ट कार्योंकी सिद्धि होती है। इसमे इस प्रकारकी शक्ति वर्तमान है, जिसमे इसके स्मरणसे आत्मिक गुणोकी उपलब्धि सहजमे हो जाती है। यह मन्त्र रत्नत्रयधर्म तथा उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव आदि दस धर्मोको आत्मामे उत्पन्न करता है अत· **"मङ्गं धर्म लातीति मंगलम्"** यह व्युत्पत्ति की जाती है।

णमोकारमन्त्रका भावपूर्वक उच्चारण ससारके चक्रको दूर करनेवाला है, तथा सवर और निर्जराके द्वारा आत्मस्वरूपको प्राप्त करनेवाला है।

आचार्योंने इसी कारण बताया है कि **"मं भवात् संसारात् गालयति अपनयतीति मंगलम्"** अर्थात् यह संसार चक्रसे छुडाकर जीवोको निर्वाण देता है और इसके नित्य मनन चिन्तन और ध्यानसे सभी प्रकारके कल्याणोकी प्राप्ति होती है। इस पञ्चम कालमे संसारत्रस्त जीवोको सुन्दर सुशीतल छाया प्रदान करनेवाला कल्पवृक्ष यह महामन्त्र ही है। दुर्गति, पाप और दुराचरणसे पृथक् सद्गति, पुण्य और सदाचारके मार्गमे यह लगानेवाला है। इस महामन्त्रके जपसे सभी प्रकारकी आधि-व्याधियाँ दूर हो जाती है और सुख-सम्पत्तिकी वृद्धि होती है। अत. अहितरूपी पाप या अधर्मका ध्वसकर यह कल्याणरूपी धर्मके मार्गमे लगाता है। बडीसे बडी विपत्तिका नाश णमोकारमन्त्रके प्रभावसे हो जाता है। द्रौपदीका चीर बढना, अजनचोरके कष्टका दूर होना, सेठ सुदर्शनका शूलीसे उतरना, सीताके लिए अग्निकुण्डका जलकुण्ड बनना, श्रीपालके कुष्ठ रोगका दूर होना, अजना सतीके सतीत्वकी रक्षाका होना, सेठके घरके दारिद्रयका नष्ट होना आदि समस्त कार्य णमोकार मन्त्र और पञ्चपरमेष्ठीकी भक्तिके द्वारा ही सम्पन्न हुए है।

इस महामन्त्रके एक-एक पदका जाप करनेसे नवग्रहोकी बाधा शान्त होती है। णमोकारादि मन्त्रसग्रहमे बताया गया है कि **'ओं णमो सिद्धाणं'** के दस हजार जापसे सूर्यग्रहकी पीडा, **'ओं णमो अरिहंताणं'** के दस हजार जापसे चन्द्रग्रहकी पीडा, **'ओं णमो सिद्धाण'** के दस हजार जापसे मगलग्रह पीडा, **'ओं णमो उवज्झायाणं'** के दस हजार जापसे बुधग्रहकी पीडा, **'ओं णमो आइरियाणं'** के दस हजार जापसे गुरुग्रह पीडा, **'ओं णमो अरिहंताणं'** के दस हजार जापसे शुक्र ग्रहकी पीडा और **'ॐ णमो लोए सव्वसाहूणं'** के दस हजार जापसे शनिग्रहकी पीडा दूर होती है। राहुकी पीडाकी शान्तिके लिए समस्त णमोकार मन्त्रका जाप 'ओं' छोडकर अथवा **'ओ ह्रीं णमो अरिहताणं'** मन्त्रका ग्यारह हजार जाप तथा केतुकी पीडाकी शान्तिके लिए 'ओ जोडकर समस्त णमोकार मन्त्रका जाप अथवा **'ओं ह्रीं णमो**

सिद्धाणं' पदका ग्यारह हजार जाप करना चाहिए। भूत, पिशाच और व्यन्तर बाधा दूर करनेके लिए णमोकार मन्त्रका जाप निम्न प्रकारसे करना होता है। इक्कीस हजार जाप करनेके उपरान्त मन्त्र सिद्ध हो जाता है। सिद्ध हो जानेपर ९ बार पढकर झाड देनेसे व्यन्तर बाधा दूर हो जाती है। मन्त्र यह है—

'ओं णमो अरिहंताणं, ओं णमो सिद्धाणं, ओं णमो आइरियाणं, ओं णमो उवज्झायाणं, ओं णमो लोए सव्वसाहूणं। सर्वदुष्टान् स्तम्भय स्तम्भय मोहय मोहय अन्धय अन्धय मूकवत्कारय कारय ह्रीं दुष्टान् ठः ठः ठः।' इस मन्त्र-द्वारा एक ही हाथ-द्वारा खीचे गये जलको मन्त्र सिद्ध होनेपर ९ बार और सिद्ध नही होनेपर १०८ बार मन्त्रित करना होता है। पश्चात् णमोकार मन्त्र पढते हुए इस जलसे व्यन्तराक्रान्त व्यक्तिको घोट देनेसे व्यन्तर, भूत, प्रेत और पिशाचकी बाधा दूर हो जाती है।

इस मन्त्रका धर्मकार्य और मोक्ष प्राप्तिके लिए अंगुष्ठ और तर्जनीसे, शान्तिके लिए अगुष्ठ और मध्यमा अगुलीसे, सिद्धिके लिए अंगुष्ठ और अनामिकासे एवं सर्वसिद्धिके लिए अगुष्ठ और कनिष्ठासे जाप करना होता है। सभी कार्योंकी सिद्धिके लिए पञ्चवर्ण पुष्पोकी मालासे, दुष्ट और व्यन्तरोंके स्तम्भनके लिए मणियोकी मालासे, रोग-शान्ति और पुत्र-प्राप्तिके लिए मोतियोकी माला या कमलगट्टोकी मालासे एव शत्रूच्चाटनके लिए रुद्राक्षकी मालासे णमोकार मन्त्रका जाप करना चाहिए। हाथकी अंगुलियों-पर इस महामन्त्रका जाप करनेसे दसगुना पुण्य, रेखा खीचकर जाप करनेसे आठगुना पुण्य, मूँगाकी मालासे जाप करनेपर हजार गुना पुण्य, लौंगोकी मालासे जाप करनेसे पाँच हजार गुना पुण्य, स्फटिककी मालासे जाप करनेसे दस हजार गुना पुण्य, मोतीकी मालासे जाप करनेपर लाख गुना पुण्य, कमलगट्टोकी मालासे जाप करनेपर दस लाख गुना पुण्य और सोनेकी मालासे जाप करनेपर करोड़ गुना पुण्य होता है। मालाके साथ भावोकी शुद्धि भी अपेक्षित है।

मारण, मोहन, उच्चाटन, वशीकरण, स्तम्भन आदि सभी प्रकारके कार्य इस मन्त्रकी साधनाके द्वारा साधक कर सकता है। यह मन्त्र तो सभीका हितसाधक है, पर साधन करनेवाला अपने भावोके अनुसार मारण, मोहनादि कार्योंको सिद्ध कर लेता है। मन्त्र साधनामे मन्त्रकी शक्तिके साथ साधककी शक्ति भी कार्य करती है। एक ही मन्त्रका फल विभिन्न साधकोको उनकी योग्यता, परिणाम, स्थिरता आदिके अनुसार भिन्न-भिन्न मिलता है। अत. मन्त्रके साथ साधकका भी महत्त्वपूर्ण सम्बन्ध है। वास्तविक बात यह है कि यह मन्त्र ध्वनिरूप है और भिन्न-भिन्न ध्वनियाँ असे लेकर ज्ञ तक भिन्न शक्ति स्वरूप है। प्रत्येक अक्षरमे स्वतन्त्र शक्ति निहित है, भिन्न-भिन्न अक्षरोंके संयोगसे भिन्न-भिन्न प्रकारकी शक्तियाँ उत्पन्न की जाती है। जो व्यक्ति उन ध्वनियोका मिश्रण करना जानता है, वह उन मिश्रित ध्वनियोंके प्रयोगसे उसी प्रकारके शक्तिशाली कार्यको सिद्ध कर लेता है। णमोकार मन्त्रका ध्वनि-समूह इस प्रकारका है, कि इसके प्रयोगसे भिन्न-भिन्न प्रकारके कार्य सिद्ध किये जा सकते है। ध्वनियोके घर्षणसे दो प्रकारकी विद्युत् उत्पन्न होती है—एक घनविद्युत् और दूसरी ऋण विद्युत्। घन विद्युत् शक्ति द्वारा बाह्य पदार्थोपर प्रभाव पड़ता है और ऋण विद्युत् शक्ति अन्तरंगकी रक्षा करती है, आजका विज्ञान भी मानता है कि प्रत्येक पदार्थमें दोनो प्रकारकी शक्तियाँ निवास करती है। मन्त्रका उच्चारण और मनन इन शक्तियोंका विकास करता है। जिस प्रकार जलमें छिपी हुई विद्युत्-शक्ति जलके मन्थनसे उत्पन्न होती है, उसी प्रकार मन्त्रके बार-बार उच्चारण करनेसे मन्त्रके ध्वनि-समूहमे छिपी शक्तियाँ विकसित हो जाती है। भिन्न-भिन्न मन्त्रोमे यह शक्ति भिन्न-भिन्न प्रकारकी होती है तथा शक्तिका विकास भी साधककी क्रिया और उसकी शक्तिपर निर्भर करता है। अतएव णमोकार मन्त्रकी साधना सभी प्रकारके अभीष्टोको सिद्ध करनेवाली और अनिष्टोको दूर करनेवाली है। यह लेखकका अनुभव है कि किसी भी प्रकारका सिरदर्द हो, इक्कीस णमो-

कारमन्त्र द्वारा लौंग मन्त्रित कर रोगीको खिला देनेसे सिर दर्द तत्काल बन्द हो जाता है। एक दिन बीच देकर आनेवाले बुखारमे केसर-द्वारा पीपलके पत्तेपर णमोकार मन्त्र लिखकर रोगीके हाथमें बाँध देनेसे बुखार नही आता है। पेट दर्दमें कपूरको णमोकार मन्त्र द्वारा मन्त्रित कर खिला देनेसे पेटदर्द तत्काल रुक जाता है। लक्ष्मी-प्राप्तिके लिए जो प्रतिदिन प्रात काल स्नानादि क्रियाओसे पवित्र होकर **"ओं श्रीं क्लीं णमो अरिहंताणं ओं श्रीं क्लीं णमो सिद्धाणं ओं श्रीं क्लीं णमो आइरियाण ओं श्रीं क्लीं णमो उवज्झायाणं ओ श्रीं क्लीं णमो लोए सव्वसाहूणं"** इस मन्त्रका १०८ बार पवित्र शुद्ध धूप देते हुए जाप करते है, उन्हे निश्चयतः लक्ष्मीकी प्राप्ति होती है। इन सब साधनाओंके लिए एक बात आवश्यक है कि मन्त्रके ऊपर श्रद्धा रहनी चाहिए। श्रद्धाके अभावमे मन्त्र फलदायक नहीं हो सकता है। अतएव निष्कर्ष यह है कि इस कलिकालमें समस्त पापोका ध्वंसक और सिद्धियोको देनेवाला णमोकार मन्त्र ही है। कहा गया है—

आपाज्जयेत्क्षयमरोचकमग्निमान्द्यं,
कुष्ठोदरामकसनश्वसनादिरोगान् ।
प्राप्नोति चाऽप्रतिमवाग् महतीं महद्भ्यः
पूजां परत्र च गतिं पुरुषोत्तमाप्ताम् ॥
लोकद्विष्टप्रियावश्यघातकादेः स्मृतोऽपि यः ।
मोहनोच्चाटनाकृष्टि-कार्मणस्तम्भनादिकृत् ॥
दूरयत्यापदः सर्वाः पूरयत्यत्र कामनाः ॥
राज्यस्वर्गाऽपवर्गास्तु ध्यातो योऽमुत्र यच्छति ॥

विश्वके लिए वही आदर्श मान्य हो सकता है, जिसमे किसी सम्प्रदाय विशेषकी छाप न हो। अथवा जो आदर्श प्राणीमात्रके लिए उपादेय हो, वही विश्वको प्रभावित कर सकता है। णमोकार महामन्त्रका आदर्श किसी सम्प्रदायविशेषका आदर्श नहीं है। इसमें नमस्कार की गयी आत्माएँ

अहिंसाकी विशुद्ध मूर्त्ति है। अहिंसा ऐसा धर्म है, जिसका पालन प्राणीमात्र कर सकता है और इस आदर्श द्वारा सबको सुखी बनाया जा सकता है।

**विश्व और णमोकार मन्त्र**

जब व्यक्तिमे अहिंसा धर्म पूर्णरूपसे प्रतिष्ठित हो जाता है तब उसके दर्शन और स्मरणसे सभीका सर्वत्र कल्याण होता है। कहा भी गया है कि—**"अहिंसा-प्रतिष्ठायां तत्सन्निधौ वैरत्यागः"** अर्थात् अहिंसाकी प्रतिष्ठा हो जानेपर व्यक्तिके समक्ष क्रूर और दुष्ट जीव भी अपनी वैरभावनाका त्याग कर देते हैं। जहाँ अहिंसक रहता है, वहाँ दुष्काल, महामारी, आकस्मिक विपत्तियाँ एवं अन्य प्रकारके दुःख प्राणीमात्रको व्याप्त नही होते। अहिंसक व्यक्तिके सन्निधानसे समस्त प्राणियोको सुख-शान्ति मिलती है। अहिंसककी आत्मामे इतनी शक्ति उत्पन्न हो जाती है, जिससे उसके निकटवर्ती वातावरणमे पूर्ण शान्ति व्याप्त हो जाती है।

जो प्रभाव अहिंसकके प्रत्यक्ष रहनेसे होता है, वही प्रभाव उसके नाम और गुणोके स्मरणसे भी होता है। विशिष्ट व्यक्तियोके गुणोके चिन्तनसे सामान्य व्यक्तियोके हृदयमे अपूर्व उल्लास, आनन्द, तृप्ति एवं तद्रूप बननेकी प्रवृत्ति उत्पन्न होती है। णमोकार मन्त्रमे प्रतिपादित विभूतियोमे विश्वकल्याणकी भावना विशेष रूपसे अन्तर्निहित है। स्वयं शुद्ध हो जानेके कारण ये आत्माएँ ससारके जीवोको सत्यमार्गका प्ररूपण करनेमे समर्थ है तथा विश्वका प्राणीवर्ग उस कल्याणकारी पक्षका अनुसरण कर अपना हित साधन कर सकता है।

विश्वमें कीट-पतगसे लेकर मानव तक जितने प्राणी है, सब सुख और आनन्द चाहते है। वे इस आनन्दकी प्राप्तिमे पर-वस्तुओको अपना समझते है। तृष्णा, मोह, राग, द्वेष आदि मनोवेगोके कारण नाना प्रकारके कुआचरण कर भी सुख प्राप्त करनेकी इच्छा करते हैं। परन्तु विश्वके प्राणियोको सुख प्राप्त नही हो पाता है। अहिसक स्वपर कल्याणकारक आत्माओका आदर्श ऐसा ही है जिसके द्वारा सभी अपना विश्वास और

कल्याण कर सकते हैं। जिन परवस्तुओंको भ्रमवश अपना समझनेके कारण अशान्तिका अनुभव करना पड रहा है, उन सभी वस्तुओंसे मोह-बुद्धि दूर हो सकती है। अनात्मिक भावनाएँ निकल जाती हैं और आत्मिक प्रवृत्ति होने लगती है। जब तक व्यक्ति भौतिकवादकी ओर झुका रहता है, असत्यको सत्य समझता है, तब तक वह ससार-परिभ्रमणको दूर नहीं कर सकता। णमोकारमन्त्रकी भावना व्यक्तिमें समृद्धि जागृत करती है, उसमें आत्माके प्रति अटूट आस्था उत्पन्न करती है, तत्त्वज्ञानको उत्पन्नकर आत्मिक विकासके लिए प्रेरित करती है और बनाती है व्यक्तिको आत्मवादी।

यह मानी हुई बात है कि विश्वकल्याण उसी व्यक्तिसे हो सकता है, जो पहले अपनी भलाई कर चुका हो। जिसमें स्वय दोष, गलती, बुराई एवं दुर्गुण होगे, वह अन्यके दोषोका परिमार्जन कभी नहीं कर सकता है और न उनका आदर्श समाजके लिए कल्याणप्रद हो सकता है। कल्याणमयी प्रवृत्तियाँ तभी सम्भव है, जब आत्मा स्वच्छ और निर्मल हो जाय। अशुद्ध प्रवृत्तियोके रहनेपर कल्याणमयी प्रवृत्ति नही हो सकती और न व्यक्ति त्यागमय जीवनको अपना सकता है। व्यक्ति, राष्ट्र, देश, समाज, परिवार और स्वयं अपनी उन्नति स्वार्थ, मोह और अहंकारके रहते हुए कभी नहीं हो सकती है। अतएव णमोकार मन्त्रका आदर्श विश्वके समस्त प्राणियोंके लिए उपादेय है। इस आदर्शके अपनानेसे सभी अपना हित-साधन कर सकते है।

इस महामन्त्रमें किसी दैवी शक्तिको नमस्कार नहीं किया गया है, किन्तु उन शुद्ध प्रवृत्तिवाले मानवोको नमस्कार किया है, जिनके समस्त क्रिया-व्यापार मानव समाजके लिए किसी भी प्रकार पीडादायक नहीं होते हैं। दूसरे शब्दोमे यों कहना चाहिए कि इस मन्त्रमें विकाररहित—सासारिक प्रपंचसे दूर रहनेवाले मानवोको नमस्कार किया गया है। इन विशुद्ध मानवोंने अपने पुरुषार्थ द्वारा काम, क्रोध, लोभ, मोहादि विकारोको जीत लिया है, जिससे इनमें स्वाभाविक गुण प्रकट हो गये हैं। प्रायः देखा जाता

है कि साधारण मनुष्य अज्ञान और राग-द्वेषके कारण स्वयं ग़लती करता है तथा ग़लत उपदेश देता है। जब मनुष्यकी उक्त दोनों कमज़ोरियाँ निकल जाती हैं तब व्यक्ति यथार्थ ज्ञाता द्रष्टा हो जाता है और अन्य लोगोंको भी यथार्थ बातें बतलाता है। पञ्चपरमेष्ठी इसी प्रकारके शुद्धात्मा हैं, उनमे रत्नत्रय गुण प्रकट हो गया है, अत· वे परमात्मा भी कहलाते है। इनका नैसर्गिक वेष वीतरागताका सूचक होता है। ये निर्विकारी आत्मा विश्वके समस्त प्राणियोका हित साधन कर सकते हैं। यदि विश्वमें इस महामन्त्रके आदर्शका प्रचार हो जाय तो आज जो भौतिक संघर्ष हो रहा है, एक राष्ट्रका मानव समुदाय अपनी परिग्रह-पिपासाको शान्त करनेके लिए दूसरे देशके मानव समूहको परमाणु बमका निशाना बना रहा है, शीघ्र दूर हो जाय। मैत्री भावनाका प्रचार, अहंकार और ममताका त्याग इस मन्त्र-द्वारा ही हो सकता है। अत विश्वके प्राणियोंके लिए बिना किसी भेद-भावके यह महामन्त्र शान्ति और सुखदायक है। इसमे किसी मत, सम्प्रदाय या धर्मकी बात नही है। जो भी आत्मवादी है, उन सबके लिए यह मन्त्र उपादेय है।

मङ्गलवाक्यो, मूलमन्त्रो और जीवनके व्यापक सत्योका सम्बन्ध संस्कृतिके साथ अनादि कालसे चला आ रहा है। सस्कृति मानव जीवनकी

**जैन संस्कृति और णमोकार मन्त्र**

वह अवस्था है, जहाँ उसके प्राकृतिक राग-द्वेषोका परिमार्जन हो जाता है। वास्तवमे सामाजिक और वैयक्तिक जीवनकी आन्तरिक मूल प्रवृत्तियोका समन्वय ही संस्कृति है। संस्कृतिको प्राप्त करनेके लिए जीवनके अन्तस्तलमे प्रवेश करना पडता है। स्थूल शरीरके आवरणके पीछे जो आत्माका सच्चिदानन्द रूप छिपा है, सस्कृति उसे पहचाननेका प्रयत्न करती है। शरीरसे आत्माकी ओर, जडसे चैतन्यकी ओर, रूपसे भावकी ओर बढना ही संस्कृतिका ध्येय है। यो तो संस्कृतिका व्यक्तरूप सभ्यता है, जिसमे आचार-विचार, विश्वास-परम्पराएँ, शिल्प-कौशल आदि शामिल हैं। जैन सस्कृतिका तात्पर्य है कि आत्माके रत्नत्रय गुणको उत्पन्न कर बाह्य

जीवनको उसीके अनुकूल बनाना तथा अनात्मिक भावोंको छोड आत्मिक भावोको ग्रहण करना। अतएव जैन सस्कृतिमें जीवनादर्श, धार्मिक आदर्श, सामाजिक आदर्श, पारिवारिक आदर्श, आस्था और विश्वास-परम्पराएँ साहित्यकला आदि चीजें अन्तर्भून है। यों तो जैन-सस्कृतिमे वे ही चीजें आती है, जो आत्मशोधनमे सहायक होती हैं, जिनसे रत्नत्रय गुणका विकास होता है। यही कारण है कि जैस संस्कृति अहिंसा, परिग्रह, त्याग, संयम, तप आदिपर जोर देती चली आ रही है।

आत्मसमत्व और वीतरागत्वकी भावनासे कोई भी प्राणी धर्मकी शीतल छायामे बैठ सकता है। वह अपना आत्मिक विकास कर अहिंसाकी प्रतिष्ठा कर सकता है। यो तो जैन-सस्कृतिके अनेक तत्त्व है, पर णमोकार महामन्त्र ऐसा तत्त्व है, जिसके स्वरूपका परिज्ञान हो जानेपर इस सस्कृतिका रहस्य अवगत करनेमे अत्यन्त सरलता होती है। णमोकारमन्त्रमें रत्नत्रयगुण-विशिष्ट शुद्ध आत्माको नमस्कार किया है। जिन आत्माओने अहिंसाको अपने जीवनमें पूर्णत उतार लिया है, जिनकी सभी क्रियाएँ अहिंसक है, ये आत्माएँ जैन संस्कृतिकी साक्षात् प्रतिमाएँ है। उनके नमस्कारसे आदर्श जीवनकी प्राप्ति होती है। पञ्च महाव्रतोका पालन करनेवाले आत्मस्वरूपके ज्ञाता द्रष्टा परमेष्ठियोंका वेष संसारके सभी वेषोंसे परे है। लाल-पीले तरह-तरहके वस्त्र धारण करना, डडा लाठी आदि रखना, जटाएँ धारण करना, शरीरमें भभूत लगाना आदि अनेक प्रकारके वेष हैं, किन्तु नग्नता वेषातीत है, इसमे किसी भी प्रकारके वेषको नही अपनाया गया है। पञ्चपरमेष्ठी निर्ग्रन्थ रहकर सत्यका मार्ग अन्वेषण करते हैं। उनकी समस्त क्रियाएँ—मन, वचन और शरीरकी क्रियाएँ पूर्ण अहिंसक होती है। राग-द्वेष, जिनके कारण जीवनमे हिंसाका प्रवेश होता है, इन आत्माओमें नहीं पाये जाते।

विकार दूर होनेसे शरीरपर इनका इतना अधिकार हो जाता है कि पूर्ण अहिंसक हो जानेपर भोजनकी भी इन्हे आवश्यकता नही रहती। समदृष्टि

हो जानेसे सांसारिक प्रलोभन अपनी ओर खींच नहीं पाते हैं। द्रव्य और पर्याय उभय दृष्टिसे शुद्ध परमात्मस्वरूप ये आत्मा होते हैं। जैन संस्कृतिका मुख्य उद्देश्य निर्मल आत्मतत्त्वको प्राप्त कर शाश्वत सुख—निर्वाण लाभ है। शुद्धात्माओंका आदर्श सामने रहनेसे तथा शुद्धात्माओंके आदर्शका स्मरण, चिन्तन और मनन करनेसे शुद्धत्वकी प्राप्ति होती है, जीवन पूर्ण अहिंसक बनता है। स्वामी समन्तभद्रने अपने बृहत्स्वयम्भूस्तोत्रमें शीतलनाथ भगवान्‌की स्तुति करते हुए कहा है—

सुखाभिलाषानलदाहमूर्च्छितं मनो निजं ज्ञानमयामृताम्बुभिः।
व्यदिध्यपस्त्वं विषदाहमोहितं यथा भिषग्मन्त्रगुणैः स्वविग्रहम्॥
स्वजीविते कामसुखे च तृष्णया दिवा श्रमार्त्ता निशि शेरते प्रजाः।
त्वमार्य नक्तंदिवमप्रमत्तवानजागरेवात्मविशुद्धवर्त्मनि॥

अर्थात्—जैसे वैद्य या मन्त्रवित् मन्त्रोंके उच्चारण, मनन और ध्यानसे सर्पके विषसे संतप्त मूर्च्छाको प्राप्त अपने शरीरको विषरहित कर देता है, वैसे ही आपने इन्द्रिय-विषयसुखकी तृष्णारूपी अग्निकी जलनसे मोहित, हेयोपादेयके विचारशून्य अपने मनको आत्मज्ञानमय अमृतकी वर्षासे शान्त कर दिया है। संसारके प्राणी अपने इस जीवनको बनाये रखने और इन्द्रिय-सुखको भोगनेकी तृष्णासे पीडित होकर दिनमें तो नाना प्रकारके परिश्रम कर थक जाते हैं और रात होनेपर विश्राम करते हैं। किन्तु हे प्रभो! आप तो रात-दिन प्रमादरहित होकर आत्माको शुद्ध करनेवाले मोक्षमार्गमें जागते ही रहते है।

उपर्युक्त विवेचनसे यह स्पष्ट है कि पञ्चपरमेष्ठीका स्वरूप शुद्धात्मामय है अथवा शुद्धात्माकी उपलब्धिके लिए प्रयत्नशील आत्माएँ हैं। इनकी समस्त क्रियाएँ आत्माधीन होती है, स्वावलम्बन इनके जीवनमें पूर्णतया आ जाता है क्योंकि कर्मादिमलसे छूटकर अनन्तज्ञानादि गुणोंके स्वामी होकर आत्मानन्दमें नित्य मग्न रहना, यही जीवका सच्चा प्रयोजन है। पञ्च-

परमेष्ठीकी आत्माएँ इन प्रयोजनोंको सिद्ध कर लेती हैं या इनकी सिद्धिके लिए प्रयत्नशील हैं। आत्मा अनादि, स्वत सिद्ध, उपाधिहीन एवं निर्दोष है। अस्त्र-शस्त्रोसे इसका छेदन नहीं हो सकता, जल प्लावनसे यह भीग नहीं सकता, आगसे जल नहीं सकता, पवनसे सूख नही सकता और धूपसे कभी निस्तेज नही हो सकता है। ज्ञान, दर्शन, सुख, वीर्य, सम्यक्त्व, अगुरुलघुत्व आदि आठ गुण इस आत्मामें विद्यमान हैं। ये गुण इस आत्माके स्वभाव हैं, आत्मासे अलग नही हो सकते हैं। णमोकार मन्त्रमें प्रतिपादित पञ्चपरमेष्ठी उक्त गुणोको प्राप्त कर लेते हैं अथवा पञ्चपरमेष्ठियोंमेसे जिन्होने उन गुणोको प्राप्त नही भी किया है, वे प्राप्त करनेका उपक्रम करते हैं। इस स्थूल शरीरके द्वारा वे अपनी आत्मसाधनामे सर्वदा सलग्न रहते हैं।

ये अहिंसाके साथ तप और त्यागकी भावनाका अनिवार्यरूपसे पालन करते हैं, जिससे राग-द्वेष आदि मलिन वृत्तियोंपर सहजमें विजय पाते हैं। इनके आचार और विचार दोनो शुद्ध होते है। आचारकी शुद्धिके कारण ये पशु, पक्षी, मनुष्य, कीट, पतग, चीटी आदि त्रस जीवोकी रक्षाके साथ पार्थिव, जलीय, आग्नेय, वायवीय आदि सूक्ष्मातिसूक्ष्म प्राणियो तककी हिंसासे आत्मौपम्यकी भावना-द्वारा पूर्णतया निवृत्त रहते हैं। विचार-शुद्धि होनेसे इनकी साम्यदृष्टि रहती है, पक्षपात, राग, द्वेष, संकीर्णता इनके पास फटकने भी नही पाती। प्रमाण और नयवादके द्वारा अपने विचारोका परिष्कार कर ये सत्य दृष्टिको प्राप्त करते हैं।

णमोकारमन्त्रमे निरूपित आत्माओका एकमात्र उद्देश्य मानवताका कल्याण करना है। ये पाँचो ही प्राणीमात्रके लिए परम उपकारी है। अपने जीवनके त्याग, तपश्चरण, तत्त्व ज्ञान और आचरण-द्वारा समस्त प्राणियोका हित साधन करते हैं। उनकी कोई भी क्रिया किसी भी प्राणीके लिए बाधक नहीं हो सकती है। ये स्वयं संसार-भ्रमण—जन्म, मरणके चक्रसे छुटकारा प्राप्त करते हैं तथा अन्य जीवोको भी अपने शारीरिक या

वाचनिक प्रभाव-द्वारा इस संसार-चक्रसे छूट जानेका उपाय बतलाते हैं। अतएव णमोकारमन्त्रका जैन सस्कृतिका अन्तरग रूप भावशुद्धि—सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक् आचरण आदिके साथ है। इस मन्त्रके आदर्शसे तप और त्यागके मार्गपर बढनेकी प्रेरणा, अहिसा और अपरिग्रहको आचरणमे उतारनेकी शिक्षा, विश्वबन्धुत्व और आत्मकल्याणकी कामना उत्पन्न होती है। इस महामन्त्रमे व्यक्तिकी अपेक्षा गुणोको महत्ता दी गयी है। अतः यह रत्नत्रयरूप सस्कृतिकी प्राप्तिके लिए साधकको आगे बढाता है। उसके सामने पञ्चपरमेष्ठियोका आचरण प्रस्तुत करता है, जिससे कोई भी व्यक्ति आत्माको सस्कृत कर सकता है। आत्माका सच्चा सस्कार त्याग-द्वारा ही होता है, इससे राग-द्वेषोका परिमार्जन होता है और संयमकी प्रवृत्ति भी प्राप्त होती है। अन्तरंग आत्माको रत्नत्रयके द्वारा ही सजाया जाता है, इसके बिना आत्माका सस्कार कभी भी सम्भव नही। णमोकार-मन्त्रका आदर्श अरूपी, अकर्मा, अभोक्ता, चैतन्यमय, ज्ञानादि परिणामोका कर्ता और भोक्ताको अनुभूतिमे लाना है। जिस प्रशम गुण—कषायभावसे आत्मामे परमानन्द आया, वह भी इसीके आदर्शसे मिलता है। अत. जैन सस्कृतिका वास्तविक आदर्श इस महान् मन्त्र-द्वारा ही प्राप्त होता है।

बाह्य जैन सस्कृति सामाजिक एव पारिवारिक विकास, उपासना-विधान, साहित्य, ललितकलाएँ, रहन-सहन, खान-पान आदि रूपमे है। इन बाह्य जैन सस्कृतिके अगोके साथ भी णमोकारमन्त्रका सम्बन्ध है। उक्त सस्कृतिके स्थूल अवयव भी इसके द्वारा अनुप्राणित है। निष्कर्ष यह है कि इस महामन्त्रके आदर्श मूल प्रवृत्तियो, वासनाओ और अनुभूतियोको नियन्त्रित करनेमें समर्थ है। नैतिक जीवन—बुद्धि द्वारा नियन्त्रित इन्द्रिय-परता इस आदर्शका फल है। अतएव निवृत्ति-प्रधान जैन संस्कृतिकी प्राप्ति इस महामन्त्र-द्वारा होती है। अत णमोकारमन्त्रका आदर्श, जिसके अनुकरणपर जीवनके आदर्शका निर्माण किया जाता है, त्याग और पूर्ण अहिंसकमय है। इस मन्त्रसे जैन सस्कृतिकी सारी रूप-रेखा सामने प्रस्तुत

हो जाती है। मनुष्य ही नहीं, पशु-पक्षी भी किस प्रकार अपने विकारोंके त्याग और जीवनके नियन्त्रणसे अपने आत्माको संस्कृत कर चुके हैं। संस्कृतिका एक स्पष्ट मानचित्र अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधुका नाम स्मरण करते ही सामने प्रस्तुत हो जाता है। इस सत्यसे कोई इन्कार नहीं कर सकता है कि व्यक्तिकी अन्तरंग और बहिरंग रूपाकृति ही उसका आदर्श है, यह आदर्श अन्य व्यक्तियोंके लिए जितना उपयोगी एवं प्रभावोत्पादक हो सकता है, उस व्यक्तिकी संस्कृतिको उतना ही प्रभावित कर सकता है। पञ्चपरमेष्ठी-द्वारा स्वावलम्बन और स्वातन्त्र्यके भाव जागृत होते हैं। कर्त्तापनेकी भावना, जिसके कारण व्यक्ति परमुखापेक्षी रहता है और अपने उद्धार एवं कल्याणके लिए अन्यकी सहायताकी अपेक्षा करता रहता है, जैन संस्कृतिके विपरीत है। इस महामन्त्रका आदर्श स्वयं ही अपने पुरुषार्थ-द्वारा साधु अवस्था धारण कर सिद्ध अवस्था प्राप्त करनेकी ओर संकेत करता है। अतएव णमोकारमन्त्र जैन संस्कृतिका सच्चा और स्पष्ट मानचित्र प्रस्तुत कर देता है।

## उपसंहार

णमोकारमन्त्र प्रत्येक व्यक्तिको सभी प्रकारसे सुखदायी है। इस महा-मन्त्र द्वारा व्यक्तिको तीनो प्रकारके कर्त्तव्यो—आत्माके प्रति, दूसरोके प्रति और शुद्धात्माओंके प्रति, का परिज्ञान हो जाता है। आत्माके प्रति किये जानेवाले कर्त्तव्योंमे नैतिक कर्त्तव्य, सौन्दर्यविषयक कर्त्तव्य, बौद्धिक कर्त्तव्य, आर्थिक कर्त्तव्य और भौतिक कर्त्तव्य परिगणित हैं। इन समस्त कर्त्तव्योपर विचार करनेसे प्रतीत होता है कि इस महामन्त्रके आदर्शसे हमें अपनी प्रवृत्तियो, वासनाओ, इच्छाओ और इन्द्रिय वेगोपर नियन्त्रण करनेकी प्रेरणा मिलती है। आत्म-संयम और आत्मसम्मानकी भावना जागृत होती है। दूसरोके प्रति सम्पन्न किये जानेवाले कर्त्तव्योमे कुटुम्बके प्रति, समाजके प्रति, देशके प्रति, नगरके प्रति, मनुष्योके प्रति, पशुओके प्रति और पेड़-पौधोके प्रति कर्त्तव्योंका समावेश होता है। दूसरोके प्रति कर्त्तव्य सम्पादन करनेमे तीन बातें प्रधानरूपसे

आती हैं—सचाई, समानता और परोपकार। ये तीनों बातें णमोकार मन्त्रकी आराधनासे ही प्राप्त हो सकती हैं। इस महामन्त्रका आदर्श हमारे जीवनमें उक्त तीनों बातोंको उत्पन्न करता है। शुद्धात्मा—परमात्माके प्रति कर्त्तव्यमें भक्ति और ध्यानको स्थान प्राप्त होता है। हमें नित्य प्रति शुद्धात्माओंकी पूजा कर उनके आदर्श गुणोंको अपने भोतर उत्पन्न करनेका प्रयास करना होगा। केवल णमोकार मन्त्रका ध्यान, उच्चारण और स्मरण उपर्युक्त तीनों प्रकारके कर्त्तव्योके सम्पादनमें परम सहायक है।

प्राय: लोग आशंका किया करते है कि बार-बार एक ही मन्त्रके जापसे कोई नवीन अर्थ तो निकलता नहीं है, फिर ज्ञानमें विकास किस प्रकार होता है ? आत्माके राग-द्वेष विचार एक ही मन्त्रके निरन्तर जपनेसे कैसे दूर हो जाते है ? एक ही पद या श्लोक बार-बार अभ्यासमे लाया जाता है, तब उसका कोई विशेष प्रभाव आत्मापर नही पडता है। अत मगल-मन्त्रोके बार-बार जापकी क्या आवश्यकता है ? विशेषत णमोकार मन्त्रके सबंधमे यह आशंका और भी अधिक सबल हो जाती है, क्योकि जिन मंत्रोके स्वामी यक्ष, यक्षिणी या अन्य कोई शासक देव माने जाते है, उन मन्त्रोंके बार-बार उच्चारणका अभिप्राय उनके अधिकारी देवोको बुलाना या सर्वदा उनके साथ अपना सम्पर्क बनाये रखना है। पर जिस मन्त्रका अधिकारी कोई शासक देव नहीं है, उस मन्त्रके बार-बार पठन और मननसे क्या लाभ ?

इस आशकाका उत्तर एक गणितके विद्यार्थी की दृष्टिसे बडे सुन्दर ढंगसे दिया जा सकता है। दशमलवके गणितमे आवर्त सख्या बार-बार एक ही आती है, पर प्रत्येक दशमलवका एक नवीन अर्थ एवं मूल्य होता है। इसी प्रकार णमोकार मन्त्रके बार-बार उच्चारण और मननका प्रत्येक बार नूतन ही अर्थ होगा। प्रत्येक उच्चारण रत्नत्रय गुण विशिष्ट आत्माओके अधिक समीप ले जायगा। वह साघक जो निश्छल भावसे अटूट श्रद्धाके साथ इस महामन्त्रका स्मरण करता है, इसके जाप द्वारा उत्पन्न होनेवाली शक्तिको समझता है। विषयकषायको जीतनेके लिए इस महामन्त्रका

जाप अमोघ अस्त्र है। पर इतनी बात सदा ध्यानमें रखनेकी है कि मन्त्र जाप करते हुए तल्लीनता आ जाय। जिसने साधनाकी प्रारम्भिक सीढ़ी-पर पैर रखा है, मन्त्र जाप करते समय उसके मनमें दूसरे विकल्प आयेंगे, पर उनकी परवाह नहीं करनी चाहिए। जिस प्रकार आरम्भमें अग्नि जलानेपर नियमत. धुआँ निकलता है, पर अग्नि जब कुछ देर जलती रहती है, तो धुआँका निकलना बन्द हो जाता है। इसी प्रकार प्रारम्भिक साधनाके समक्ष नाना प्रकारके संकल्प-विकल्प आते हैं, पर साधनापथमें कुछ आगे बढ जानेपर विकल्प रुक जाते हैं। अत. दृढ श्रद्धापूर्वक इस मन्त्रका जाप करना चाहिए। मुझे इसमे रत्तीभर भी शक नही है कि यह मंगलमन्त्र हमारी जीवन-डोर होगा और संकटोंसे हमारी रक्षा करेगा। इस मन्त्रका चमत्कार है हमारे विचारोंके परिमार्जनमें। यह अनुभव प्रत्येक साधकको थोडे ही दिनोंमें होने लगता है कि पञ्चमहाव्रत, मैत्री, प्रमोद, कारुण्य और माध्यस्थ इन भावनाओंके साथ दान, शील, तप और ध्यानकी प्राप्ति इस मन्त्रकी दृढश्रद्धा-द्वारा ही सम्भव है। जैन बनाने-वाला पहला साधक तो इस णमोकार मन्त्रका श्रद्धा सहित उच्चारण करता है। वासनाओंका जाल, क्रोध-लोभादि कषायोंकी कठोरता आदिको इसी मन्त्रकी साधनासे नष्ट किया जा सकता है। अतएव प्रत्येक व्यक्तिको सोते-जागते, उठते-बैठते सभी अवस्थाओंमें इस मन्त्रका स्मरण रखना चाहिए। अभ्यास हो जानेपर अन्य क्रियाओंमें संलग्न रहनेपर भी णमोकार मन्त्रका प्रवाह अन्तश्चेतनामें निरन्तर चलता रहता है। जिस प्रकार हृदयकी गति निरन्तर होती रहती है, उसी प्रकार भीतर प्रविष्ट हो जानेपर इस मन्त्रकी साधना सतत चल सकती है।

इस मंगलमन्त्रकी आराधनामें इस बातका ध्यान रखना होगा कि इसे एकमात्र तोतेकी तरह न रटें। बल्कि अवाछनीय विकारोंको मनसे निका-लनेकी भावना रखकर और मन्त्रकी ऐसा करनेकी शक्तिपर विश्वास रख-कर ही इसका जाप करें। जो साधक अपने परिणामोको जितना अधिक

लगायेगा, उसे उतना ही अधिक फल प्राप्त होगा। यह सत्य है कि इस मन्त्रकी साधनासे शनैः-शनैः आत्मा नीरोग-निर्विकार होता जाता है। आत्मबल बढ़ता जाता है। जहाँ तक संभव हो इस महामन्त्रका प्रयोग आत्माको शुद्ध करनेके लिए ही करना चाहिए। लौकिक कार्योंकी सिद्धिके लिए इसके करनेका अर्थ है, मणि देकर शाक खरीदना। अतः मन्त्रकी सहायतासे काम-क्रोध-लोभ-मोहादि विकारोंको नष्ट करना चाहिए। यह मन्त्र मंगलमन्त्र है, जीवनमें सभी प्रकारके मंगलोंको उत्पन्न करनेवाला है। अमंगल—विकार, पाप, असद् विचार आदि सभी इसकी आराधनासे नष्ट हो जाते है। नमस्कार माहात्म्य गाथा पच्चीसीमें बताया गया है—

जिण सासणस्स सारो चउद्दस पुव्वाण सो समुद्धारो।
जस्स मणे नवकारो संसारे तस्स किं कुणई॥
एसो मंगल-निलम्रो भयविलम्रो सयलसंघसुहजणम्रो।
नवकारपरममंतो चिंति म्रमित्त सुहं देई॥
नवकारम्रो म्रन्नो सारो मंतो न म्रत्थि तियलोए।
तम्हाहु म्रणुदिणं चिय, पठियव्वो परमभत्तीए॥
हरइ दुहं कुणइ सुहं जणइ जस सोसए भवसमुद्दं।
इहलोय-परलोइय-सुहाण मूलं नमोक्कारो॥

अर्थात्—यह णमोकार मगल मन्त्र जिन-शासनका सार और चतुर्दश पूर्वोंका समुद्धार है। जिसके मनमें यह णमोकार महामन्त्र है, ससार उसका कुछ भी नही बिगाड सकता है। यह मन्त्र मगलका आगार, भयको दूर करनेवाला, सम्पूर्ण चतुर्विध संघको सुख देनेवाला और चिन्तन मात्रसे अपरिमित शुभ फलको देनेवाला है। तीनो लोकोमे णमोकार मन्त्रसे बढकर कुछ भी सार नहो है, इसलिए प्रतिदिन भक्तिभाव और श्रद्धा पूर्वक इस मन्त्रको पढना चाहिए। यह दु खोका नाश करनेवाला, सुखोंको देनेवाला, यशको उत्पन्न करनेवाला और संसाररूपी समुद्रसे पार करनेवाला है। इस मन्त्रके समान इहलोक और परलोकमे अन्य कुछ भी सुखदायक नही है।

# परिशिष्ट नं० १

## णमोकारमन्त्र सम्बन्धी गणितसूत्र

१—णमोकार मन्त्रके अक्षरोकी संख्याके इकाई, दहाई रूप अकोका परस्पर गुणा करनेसे योग और प्रमाद संख्या आती है। यथा—३५ अक्षर हैं, इसमे इकाईका अंक ५ और दहाईका अंक ३ हैं; अतः ५ × ३ = १५ को योग या प्रमाद।

२—णमोकार मन्त्रके इकाई, दहाई रूप अकोको जोडनेसे कर्म संख्या आती है। यथा—३५ अक्षर सख्या में ५ + ३ = ८ कर्म संख्या।

३—णमोकार मत्रकी अक्षर सख्याकी इकाई अंकसंख्यामेसे दहाई रूप अंक संख्याको घटानेसे मूलद्रव्य सख्या, नय संख्या, भावसंख्या आती है। यथा ३५ अक्षर सख्या है, इसका इकाई अक ५, दहाई अक ३ है, अतः ५—३ = २ जीव और अजीव द्रव्य, द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक नय या निश्चय और व्यवहार नय, सामान्य और विशेष, अन्तरंग और बहिरंग अथवा द्रव्यहिंसा और भावहिंसा, प्रत्यक्ष और परोक्ष प्रमाण।

४—णमोकार मन्त्रकी स्वरसंख्याके इकाई, दहाई रूप अंकोका गुणा कर देनेपर अविरति या श्रावकके व्रतोंकी संख्या अथवा अनुप्रेक्षाओंकी सख्या निकलती है। यथा णमोकारमन्त्रकी स्वरसंख्या[1] ३४ है, अतः ४ × ३ = १२ अविरति, श्रावकके व्रत या अनुप्रेक्षा।

५—णमोकार मन्त्रकी स्वर सख्याके इकाई, दहाईके अंकोको जोड़ देनेपर तत्त्व, नय या सप्तभगीके भंगोकी संख्या आती है। यथा ३४ स्वर संख्या है, अतः ४ + ३ = ७ तत्त्व, नय या भंगसंख्या।

---

१. देखें- इसी पुस्तकका पृ० ७५।

६—णमोकार मन्त्रके स्वर, व्यञ्जन और अक्षरोकी संख्याका योग कर देनेपर प्राप्त योगका संख्या-पृथक्त्वके अनुसार अन्योन्य योग करनेपर पदार्थ संख्या आती है। यथा ३४ स्वर, ३० व्यञ्जन[1] और ३५ अक्षर[2] हैं, अतः ३४ + ३० + ३५ = ९९ इस प्राप्त योगफलका अन्योन्य योग किया। ९ + ९ = १८, पुनः अन्योन्य योग सस्कार करनेपर १ + ८ = ९ पदार्थ संख्या।

७—णमोकार मन्त्रके समस्त स्वर और व्यञ्जनोकी संख्याको सामान्य पद सख्यासे गुणाकर स्वर सख्याका भाग देनेपर शेष तुल्य गुणस्थान और मार्गणा-सख्या आती है। अथवा णमोकार मन्त्रके समस्त स्वर और व्यंजनोकी संख्याको विशेषपद सख्यासे गुणाकर व्यंजनोकी सख्याका भाग देनेपर शेष तुल्य गुणस्थान और मार्गणा-सख्या आती है। यथा—इस मन्त्रके विशेष पद ११, सामान्य ५, स्वर ३४ व्यंजन ३० है। अतः ३४ + ३० = ६४ × ५ = ३२० ÷ ३४ = ९ ल० और १४ शेष, १४ शेष तुल्य ही गुणस्थान या मार्गणाकी सख्या है। अथवा ३० + ३४ = ६४ × ११ = ७०४ ÷ ३० = २३ लब्धि, और १४ शेष, यही शेष सख्या गुणस्थान या मार्गणाकी है।

८—समस्त स्वर और व्यंजनोकी संख्याको व्यंजनोकी सख्यामे गुणाकर विशेषपद सख्याका भाग देनेपर शेष तुल्य द्रव्यो या जीवोके कायकी संख्या आती है। यथा—३० + ३४ = ६४ × ३० = १९२० ÷ ११ = १७४ ल० और ६ शेष। शेष सख्या ही काय और द्रव्यो की सख्या है। अथवा—समस्त स्वर और व्यञ्जनोकी सख्याको स्वर सख्यासे गुणाकर सामान्य पद सख्याका भाग देनेपर शेष तुल्य द्रव्योकी तथा जीवोके कायकी सख्या आती है। यथा—३० + ३४ = ६४ × ३४ = २१७६ ÷ ५ = ४३४ लब्ध और ६ शेष। यही शेष प्रमाण द्रव्य और कायकी संख्या है।

---

१. २. इसी पुस्तकका पृ० १३६।

९—णमोकार मन्त्रकी मात्राओ स्वर, व्यंजन और विशेष पदके योगमें सामान्य अक्षरोका अन्योन्य गुणनफल जोड देनेसे कुल कर्म प्रकृतियोंकी सख्या होती है । यथा—इस मन्त्रकी ५८ मात्राएँ,[1] ३४ स्वर, ३० व्यंजन, ११ विशेषपद, ३५ सामान्य अक्षर और सामान्य अक्षरोका अन्योन्य गुणन-फल = ५ × ३ = १५, अत. ५८ + ३४ + ३० + ११ + १५ = १४८ कर्म प्रकृतियाँ ।

१०—मात्राओ, स्वर एव व्यंजनोकी संख्याका योग कर देनेपर उदय योग्य कर्म प्रकृतियाँ आती हैं; यथा ५८ + ३० + ३४ = १२२ उदययोग्य प्रकृति संख्या ।

११—मन्त्रकी स्वर और व्यंजन सख्याका पृथक्त्वके अनुसार अन्योन्य गुणा करनेसे बन्ध योग्य प्रकृतियोकी सख्या आती है । यथा—व्यजन ३०, स्वर ३४, अन्योन्य क्रम गुणनफल ३ × ० = ०, इस क्रममे शून्य दसका मान देता है; ४ × ३ = १२ ∴ १२ × १० = १२० बन्ध योग्य प्रकृतियाँ ।

१२—णमोकार मन्त्रकी व्यजन सख्याका इकाई, दहाई क्रमसे योग करनेपर रत्नत्रयकी सख्या आती है । यथा ३० व्यजन संख्या है, ० + ३ = ३ रत्नत्रय सख्या, द्रव्यकर्म, भावकर्म और नोकर्म, मनोगुप्ति, वचनगुप्ति और काय गुप्ति अथवा मन, वचन और काय योग ।

१३—स्वर और व्यंजन संख्याका योगकर इकाई, दहाई अंक क्रमसे गुणा करनेपर तीर्थंकर संख्या आती है । यथा ३० + ३४ = ६४, अन्योन्य क्रम करनेपर—४ × ६ = २४ = तीर्थंकर सख्या ।

१४—स्वर संख्याको इकाई, दहाई क्रमसे गुणा करनेपर चक्रवर्तियोकी संख्या आती है । यथा ३४ स्वर, अन्योन्य क्रम करनेपर ४ × ३ = १२ चक्रवर्ती, द्वादश अनुप्रेक्ष्य, द्वादश व्रत आदि ।

---

१. इसी पुस्तकका पृ० १३६ ।

१५—स्वर, व्यंजन और अक्षरोंके योगका अन्योन्य क्रमसे योग करनेपर नारायण, प्रतिनारायण और बलदेवकी संख्या आती है। यथा—स्वर ३४, व्यञ्जन ३०, अक्षर ३५; अतः ३० + ३४ + ३५ = ९९, अन्योन्य क्रम योग ९ + ९ = १८, पुन: अन्योन्य क्रम योग ८ + १ = ९ नारायण, प्रतिनारायण और बलदेवोंकी संख्या।

१६—णमोकार मन्त्रकी मात्राओंका इकाई, दहाई क्रमसे योग करनेपर चारित्र संख्या आती है। यथा—

५८ मात्राएँ—८ + ५ = १३ चारित्र।

१७—णमोकार मन्त्रकी मात्राओंका इकाई, दहाई क्रमसे गुणा करनेपर जो गुणनफल प्राप्त हो, उसका पारस्परिक योग करनेपर गति, कषाय और बन्ध संख्या आती है। यथा ५८ मात्राएँ है, अतः ८ × ५ = ४०, ० + ४ = ४ गति, कषाय और बन्ध संख्या।

१८—णमोकार मन्त्रकी अक्षर सख्याका परस्पर गुणाकर गुणनफलमे से सामान्य पद सख्या घटानेपर कर्म सख्या आती है। यथा—३५ अक्षर सख्या, ५ × ३ = १५, १५ – ५ सा० प० = १० कर्म।

१९—स्वर और व्यञ्जन सख्याका पृथक्त्व अन्योन्य क्रमके अनुसार गुणाकर योग कर देनेपर परीषह संख्या आती है। यथा—३४ स्वर, ३० व्यञ्जन ४ × ३ = १२, ० × ३ = ० इस क्रमर्मे शून्य दसके तुल्य है। अत. १२ + १० = २२ परीषह सख्या।

२०—स्वर और व्यञ्जन सख्याका जोडकर योगफलका विरलन करके प्रत्येकके ऊपर दोका अक देकर परस्पर सम्पूर्ण दोके अकोका गुणा करनेपर गुणनफल राशिमेसे एक घटा देनेपर समस्त श्रुतज्ञानके अक्षरोका योग आता है। यथा ३४ + ३० = ६४

∴ $१^{२}।१^{२}।१^{२}।१^{२}।१^{२}।१^{२}।१^{२}।१^{२}।१^{२}\cdots\cdots१^{\grave{}}$

= १८४४६७४४०७३७०९५५१६१६ – १ =

१८४४६७४४०७३७०९५५१६१५ समस्त श्रुतज्ञान के अन्तर हैं।

# परिशिष्ट नं० २

## अनुचिन्तनगत पारिभाषिक शब्दकोष

**अगुरुलघुत्व गुण** २१७

यह वह गुण है जिसके निमित्तसे द्रव्यका द्रव्यत्व बना रहता है।

**अघातियाकर्म** ३३

आत्म गुणोंका घात न करनेवाले कर्म।

**अचेतन** ८४

अचेतन अनुभूतियाँ वे हैं जिनकी तात्कालिक चेतना मनुष्यको नही रहती, किन्तु उसके जीवन पर उनका प्रभाव पडता रहता है।

**अणु** १४२

पुद्गलके सबसे छोटे टुकडे या अंशको अणु कहते हैं।

**अतिशय** ४०

वे अद्भुत या चमत्कारपूर्ण बातें जो सामान्य व्यक्तियोमें न पायी जायें, अतिशय कहलाती हैं।

**अधिकरण** १२४

वस्तुके आधारका नाम अधिकरण है। अधिकरणके दो भेद है—अन्तरंग और बहिरंग।

**अन्तरंग परिग्रह** ४६

आन्तरिक राग, द्वेष, काम, क्रोधादि, विकारोंमें ममत्व भाव रखना अन्तरग परिग्रह है। यह चौदह प्रकारका होता है।

**अन्तरात्मा** ३२

शरीर, धन-धान्यादि समस्त परवस्तुओसे ममत्वबुद्धि रहित होना एवं सच्चिदानन्द स्वरूप आत्माको ही अपना समझना, अन्तरात्मा है।

**अन्तराय कर्म** ३६

सुख ज्ञान एवं ऐश्वर्य प्राप्तिके साधनोमे विघ्न उत्पन्न करनेवाला कर्म अन्तराय कर्म कहलाता है।

**अनानुपूर्वी** १४८

पद व्यतिक्रमसे णमोकार मन्त्रका पाठ करना या जाप करना अनानुपूर्वी है।

**अपकर्षण** १३०

कर्मोंके स्थितिबध एवं अनुभाग बंधका घट जाना अपकर्षण है।

**अभिप्राय** ११८

णमोकार मन्त्रके रहस्य या भावकी जानकारी।

**अभिरुचि** ११६

अभिरुचि अरफुट ध्यान है तथा ध्यान अभिरुचिका ही स्फुट रूप है।

**अभ्यास** ११६

मनोविज्ञान बतलाता है कि अभ्यास (Exercise) बार-बार किसी कार्यके करनेकी प्रवृत्ति जिसका दूसरा नाम आवृत्ति (Repetition) है, ध्यान आदिके लिए उपयोगी है।

**अभ्यास नियम** ८०

अभ्यास नियमको आदत निर्माणका नियम भी कहा गया है (The law of habit-formation)। इस नियमके दो प्रमुख अंग है—पहलेको उपयोगका नियम (The law of use) और दूसरेको अनुपयोगका नियम (The law of disuse) कहते हैं। ये दोनो एक दूसरेके पूरक है। उपयोगका नियम यह बतलाता है कि यदि एक खास परिस्थितिके प्रति बार-बार एक ही तरहकी प्रतिक्रिया प्रकट की जाय तो उस परिस्थिति और प्रतिक्रियाके बीच एक सम्बन्ध स्थापित हो जाता है।

**अरण्यपीठ** ६०

एकान्त निर्जन अरण्यमें जाकर णमोकार मन्त्र या अन्य किसी मन्त्रकी साधना करना अरण्यपीठ है।

**अर्थ** ११६

गुण पर्याय युक्त पदार्थका नाम अर्थ है।

**अर्थपर्याय** ३२

प्रतिक्षण होनेवाले सूक्ष्म परिणमनको अर्थपर्याय कहते हैं।

**अर्द्ध पर्यङ्कासन** १०५

इस आसनमें ध्यानके समय अर्द्ध पद्मासन लगाया जाता है।

**अवचेतन** ८४

चेतन मनके परे अवचेतन या चेतनोन्मुख मन है। मनके इस स्तरमें वे भावनाएँ, स्मृतियाँ, इच्छाएँ तथा वेदनाएँ रहती हैं जो प्रकाशित नहीं हैं किन्तु जो चेतनापर आनेके लिए तत्पर है। कोई भी विचार चेतन मनमें प्रकाशित होनेके पूर्व अवचेतन मनमें रहता है।

**अविरति** १०४

व्रतरूप परिणति न होना अविरति है। इसके बारह भेद है।

**असंयम** २७

इन्द्रियासक्ति और हिंसारूप परिणतिको असंयम कहा जाता है।

**आख्यातिक** १२३

क्रियावाचक धातुओंसे निष्पन्न होनेवाले शब्द आख्यातिक कहलाते है। जैसे—भवति, गच्छति आदि।

**आचार** ४५

सात्त्विक प्रवृत्तियोंका आलम्बन ग्रहण करना आचार है। आचारमें जीवनव्यापी उन सभी प्रवृत्तियोका आकलन किया जाता है जिनसे जीवनका सर्वाङ्गीण निर्माण होता है।

**आचारांग** ४५

ग्यारह अंगोंमें यह पहला अंग है। इसमें मुनि और गृहस्थके सभी प्रकारके आचरणोका वर्णन किया जाता है।

**आर्त्तध्यान** १०५

इष्टवियोग अनिष्टसंयोगादिसे चिन्तित रहना आर्त्तध्यान है।

**आदत** ७८

आदत मनुष्यका अर्जित मानसिक गुण है। मनुष्यके जीवनमे दो प्रकारकी प्रवृत्तियाँ काम करती है—जन्मजात और अर्जित। अर्जित प्रवृत्तियाँ ही आदत है।

**आनुपूर्वी** १४८

उच्च गुणोके आधारपर या किसी विशेष क्रमके आधारपर किसी वस्तु-का सन्निवेश करना आनुपूर्वी है।

**आर्जव** २७

आत्माके सरल परिणामोको आर्जव कहते है।

**आवश्यक** ४५

जिन क्रियाओंका पालन करना मुनिके लिए अत्यावश्यक होता है, उन्हे आवश्यक कहते है। आवश्यकके ६ भेद है।

**आसन** १०२

ध्यान करनेके लिए बैठनेकी विशेष प्रक्रियाको आसन कहा जाता है।

**आसन-शुद्धि** ७२

काष्ठ, शिला, भूमि या चटाईपर अहिंसकवृत्ति पूर्वक आसीन होना आसनशुद्धि है। आसनको सावधानीपूर्वक शुद्ध रखना आसन शुद्धि है।

**आस्तिक्य** २९

लोक परलोकमें आस्था रखना आस्तिक्य है।

**आस्रव** ३०

कर्मोंके आनेके द्वारको आस्रव कहते है। इसके दो भेद है—भाव आस्रव और द्रव्य आस्रव।

**इच्छा** ८५

इच्छाशक्ति मनुष्यकी वह मानसिक शक्ति है, जिसके द्वारा वह किसी प्रकारके निश्चयपर पहुँचता है और उस निश्चयपर दृढ रहकर उसे कार्यान्वित करता है। संक्षेपमे किसी वस्तुकी चाहको इच्छा कहते हैं। चाह मनुष्यके वातावरणके सम्पर्कसे उत्पन्न होती है उसका लक्ष्य किसी भोगकी प्राप्ति होता है। यह क्रियात्मक मनोवृत्ति है। अप्रकाशित इच्छाएँ वासना कहलाती है और प्रकाशित इच्छाओंको इच्छा कहते हैं।

**इच्छित क्रिया** ७८

जो क्रिया हमे अभीष्ट होती है उसे इच्छित क्रिया कहते है। यह अनुकूल वातावरणमे प्रकाशित होती है।

**इन्द्रियगोचर** ३५

जो इन्द्रियोके द्वारा ग्रहण किया जा सके उसे इन्द्रियगोचर या इन्द्रिय ग्राह्य कहते है।

**उच्चाटन** ८८

जिन मन्त्रोके द्वारा किसीके मनको अस्थिर, उल्लासरहित एव निरुत्साहित कर पदभ्रष्ट या स्थानभ्रष्ट कर दिया जाय वे मंत्र उच्चाटन मत्र कहलाते है।

**उद्दिष्ट** १४८

पदको रखकर संख्याका आनयन करना उद्दिष्ट है।

**उत्कर्षण** १३०

कर्मोकी स्थिति और अनुभाव बन्धका बढना उत्कर्षण है।

**उदय** १३०

समय पाकर कर्मोंका फल देना उदय है।

**उदीरणा** १३०

समयमे पहले ही कर्मोका फल देने लगना उदीरणा है।

**उपयोग** १३०

जानने देखने रूप चेतनाकी विशेष परिणतिका नाम उपयोग है।

**उपांशु** ११३

*अन्तर्जल्परूप किसी मंत्रका जाप करना—मंत्रके शब्दोको मुखमे* बाहर न निकालकर कठस्थानमे ही शब्दोका गुंजन करते रहना ही उपाशु विधि है।

**उमंग** ७८

किसी भी कार्यके प्रति उत्साह ग्रहण करनेकी क्रिया उमग कहलाती है।

**ऋजुसूत्र** १२१

भूत और भावी पर्यायोको छोडकर जो वर्तमान पर्यायको ही ग्रहण करता है उस ज्ञान और वचनको ऋजुसूत्र नय कहते है।

**एवंभूत** १२०

जिस शब्दका जिस क्रिया रूप अर्थ हो उस क्रिया रूप परिणत पदार्थ-को ही ग्रहण करने वाला वचन और ज्ञान एवभूत नय है।

**औदारिक शरीर** ४२

मनुष्य और तिर्यञ्चोके स्थूल शरीरको औदारिक शरीर कहते हैं।

**औपसर्गिक** १२२

उपसर्ग वाचक प्रत्ययोको शब्दोके पहले जोड देनेसे जो नवीन शब्द बनते है वे औपसर्गिक कहे जाते है।

**कमलासन** १०५

कमलासन पद्मासनका ही दूसरा नाम है। इसमे दाहिना या बायाँ पैर घुटनेसे मोडकर दूसरे पैरके जघामूलपर जमा दीजिए और दूसरे पैरको भी मोड़कर उसी प्रकार दूसरे जंघामूलपर रखिए।

**कल्पना** ७८

पूर्व अनुभूतियों तथा उनसे सम्बद्ध घटनाओंको विम्बो ( Images )के रूपमें सँजोनेकी मानसिक क्रियाको कल्पना कहते हैं।

**कषाय** २७

जो आत्माको कसे अर्थात् दु ख दे अथवा आत्माकी क्रोधादि रूप विकारमय परिणतिको कषाय कहते है।

**काय शुद्धि** ८२

यत्नाचार पूर्वक शरीर शुद्ध करनेकी क्रियाको कायशुद्धि कहते है।

**कुमानुष** ३८

कुभोग भूमिके रहनेवाले ऐसे मनुष्य जिनके शरीरकी आकृति विभिन्न और विचित्र प्रकारकी हो।

**क्रियाकेन्द्र** ७८

क्रियावाही नाडियाँ मस्तिष्कके जिस स्थानमे केन्द्रित होती है, उसका नाम क्रिया-केन्द्र है।

**क्रियात्मक** ७८

क्रियात्मक वह मनोवृत्ति है जिसके द्वारा मानवके समस्त क्रियाकलापोका सचालन हो। इसके दो भेद है—जन्मजात और अर्जित।

**क्रियावाही** ७८

सुषुम्नामे स्थित क्रियावाही वे नाडियाँ है जो शरीरके बाहरी अंगमे होनेवाली किसी भी प्रकारकी उत्तेजनाकी सूचना देती है।

**गुणस्थान** ३२

मोह और योगके निमित्तसे होनेवाले आत्माके परिणामविशेष गुणस्थान है।

**गुप्ति** ४५

मन, वचन और कायका पूर्ण निग्रह करना गुप्ति है।

**गोत्र** ४३

गोत्र कर्मके उदयसे मनुष्यको उच्च आचरण या नीच आचरणवाले कुलमें जन्म लेना पड़ता है।

**घातियाकर्म** ३३

आत्माके गुणोका घात करनेवाले कर्म घातिया कहलाते है।

**चतुर्विध संघ** ५७

मुनि, अर्जिका, श्रावक और श्राविका इन चारोके सघको चतुर्विध संघ कहते है।

**चरित्र** ७८

इच्छाशक्तिके कार्यका मानसिक परिणाम चरित्र है। कुछ लोग मनुष्यके संस्कार-पुंजको ही चरित्र मानते है। कुछ मनो-वैज्ञानिक चरित्रको आदर्शोका पुज बताते है।

**चेतन मन** ८४

चेतन मन, मनका वह भाग है जिसमे मनकी समस्त ज्ञान क्रियाएँ चला करती है।

**चौदह पूर्व** ४८

भगवान् महावीरके पहले आगमिक परम्परामे जो ग्रन्थ वर्तमान थे वे पूर्व ग्रन्थ कहलाये। इनकी सख्या चौदह होनेसे ये चौदह पूर्व कहे जाते है।

**जृम्भण** ८८

जिन मन्त्रोकी शक्तियोसे शत्रु, भूत, प्रेत, व्यन्तर आदि भय-त्रस्त हो जायँ, काँपने लगे, उन मन्त्रोको जृम्भण कहते है।

**जिनकल्पि** ४९

जिनकल्पिका अर्थ है समस्त परिग्रहके त्यागी दिगम्बर उत्तम संहनन धारी साधु। ये एकादशाङ्ग सूत्रोके धारक गुहावासी होते हैं।

**जिज्ञासा** ११६

किसी वस्तु या विचारको जाननेरूप जो प्रवृत्ति होती है उसे जिज्ञासा कहते हैं।

**तत्परता नियम** ८०

इस नियमके अनुसार प्राणीको ऐसे काम करनेमें आनन्द मिलता है जिसके करनेकी तैयारी उसमें होती है और ऐसे काम करनेसे उसे असंतोष प्राप्त होता है जिसके करनेकी तैयारी उसमे नही होती।

**तप** ४५

इच्छाओका निरोध करना तप है।

**त्याग** २७

किसी वस्तुसे ममता या मोहको छोडना त्याग कहलाता है। त्यागका तात्पर्य दानसे है।

**दमन** ८१

मूल प्रवृत्तिके प्रकाशनपर नियन्त्रण करना दमन कहलाता है।

**दर्शनावरण** ४०

जो कर्म आत्माके दर्शन गुणका आच्छादन करता है वह दर्शनावरणीय कर्म कहलाता है।

**दर्शनोपयोग** २६

पदार्थके सामान्य रूपको ग्रहण करनेवाली चैतन्य रूप प्रवृत्ति दर्शनो-पयोग है।

**देशव्रती** ३२

जो श्रावक व्रतोके धारण करनेवाले गृहस्थ हैं वे देशव्रती है।

**दैवसिक** १७५

दिनोंकी अवधिसे किये जानेवाले व्रतोंको दैवसिक व्रत कहते हैं। दैवसिक व्रतोंमें दश लक्षण, पुष्पांजलि और रत्नत्रय आदि हैं।

**द्रव्यलिंगी** ५७

मुनिवेशी, किन्तु सम्यक्त्व हीन जैन मुनि द्रव्यलिंगी कहलाता है।

**द्रव्यशुद्धि** ७१

पात्रकी अन्तरंग शुद्धिको द्रव्यशुद्धि कहा गया है। णमोकार मन्त्रका जाप करनेके लिए बतायी गयी आठ प्रकारकी शुद्धियोंमें यह पहली शुद्धि है।

**द्रव्य संकोच** १२४

शरीरको नम्रीभूत बनाना द्रव्य संकोच है।

**द्रव्य संसार** ६६

पंच परावर्तन रूप इस संसारके अस्तित्वको द्रव्य संसार कहते हैं।

**द्वादशांग** ७४

अक्षरात्मक श्रुतज्ञानके आचारांग सूत्रकृतांग आदि द्वादश भेदोंको द्वादशांग कहते हैं।

**धर्म** ४५

वस्तुके स्वभावका नाम धर्म है। यह धर्म रत्नत्रय रूप, उत्तम क्षमादि रूप एवं अहिंसामय है।

**धर्मध्यान** १०५

आज्ञाविचय, अपायविचय, विपाकविचय और संस्थानविचय रूप चिन्तनको धर्मध्यान कहते हैं।

**ध्यान** १०२

ध्यान देना एक ऐसी प्रक्रिया है जो व्यक्तिको वातावरणमें उपस्थित अनेक उत्तेजनाओमें-से उसकी अभिरुचि एव मनोवृत्तिके अनुकूल किसी एक उत्तेजनाको चुन लेने तथा उसके प्रति प्रतिक्रिया प्रकट करनेको बाध्य करती है।

**धारणा** १८२

जिसका ध्यान किया जाय, उस विषयमें निश्चल रूपसे मनको लगा देना धारणा है।

**नय** १२०

वस्तुका आंशिक ज्ञान नय कहलाता है।

**नष्ट** १४८

संख्याको रखकर पदका प्रमाण निकालना नष्ट है।

**नाम कर्म** ४३

नाम कर्मके उदयसे शरीरकी आकृतियाँ उत्पन्न होती है। अर्थात् शरीर निर्माणका कार्य इसी कर्मके उदयसे होता है।

**नामिक** १२२

संख्या वाचक प्रत्ययोंसे सिद्ध होनेवाले शब्द नामिक कहे जाते हैं।

**निदान** २६

आगामी भोगोकी वाछा करना या फल-प्राप्तिका उद्देश्य रखना निदान है।

**निधत्ति** १३०

कर्मका सक्रमण और उदय न हो सकना निधत्ति है।

**नियम** १०२

शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर-प्रणिधान ये पाँच नियम कहे गये हैं। नियमका वास्तविक अर्थ राग-द्वेषको हटाना है।

**निरवधि** १७५

निरवधि वे व्रत कहलाते हैं जिन व्रतोके लिए किसी विशेष तिथि या दिनका विधान न हो। जैसे—कवल चन्द्रायण, मुक्तावली, एकावली आदि।

**निर्जरा** ६६

बँधे हुए कर्मोंका आत्मासे अलग होना निर्जरा है।

**निर्देश** १२४

वस्तुका स्वरूप कथन करना निर्देश है।

**निर्विकल्प समाधि** ३१

जब समाधि कालमें ध्यान, ध्याता, ध्येयका विकल्प नष्ट हो जाय तो उसे निर्विकल्प समाधि कहते है।

**निक्षेप** ११९

कार्य होनेपर अर्थात् व्यवहार चलानेके हेतु युक्तियोंमे सुयुक्ति-मार्गानुसार जो अर्थका नामादि चार प्रकारमे आरोप किया जाता है वह न्याय-शास्त्रमे निक्षेप कहलाता है।

**नैगम** १२०

जो भूत और भविष्यत् पर्यायोमें वर्त्तमानका सकल्प करता है या वर्त्तमानमें जो पर्याय पूर्ण नहीं हुई उसे पूर्ण मानता है उस ज्ञान तथा वचनको नैगम नय कहते हैं।

**नैपातिक** १२२

अव्ययवाची शब्द नैपातिक कहे जाते हैं। जैसे—खलु, ननु आदि।

**नोकषाय** २७

किंचित् कषायको नोकषाय कहते हैं।

**पद** ११९

जिसके द्वारा अर्थ बोध हो उसे पद कहते हैं।

**पदार्थ-द्वार** ११९

द्रव्य और भावपूर्वक णमोकार मन्त्रके पदोकी व्याख्या करना पदार्थ-द्वार है।

**परमेष्ठी** ३३

जो परमपद-उत्कृष्ट स्थानमें स्थित हों अर्थात् जिनमे आत्मिक गुणोका रत्नत्रयका विकास हो गया है।

**परसमय** ४५

मै मनुष्य हूँ, यह मेरा शरीर है इस प्रकार नाना अहंकार और मम-कार भावोसे युक्त हो अविचलित चेतना विलास रूप आत्म-व्यवहारसे च्युत होकर समस्त निन्द्य क्रिया समूहके अंगीकार करनेसे राग, द्वेषके उत्पत्तिमे संलग्न रहनेवाला परसमय रत कहलाता है। वास्तवमें पर-द्रव्योका नाम ही परसमय है।

**परिग्रह** ३२

ममता या मूर्च्छाका नाम परिग्रह है।

**परिणाम नियम** ८०

यह नियम सतोष और असतोषका नियम भी कहा जाता है। यदि किसी क्रियाके करनेसे प्राणीको सतोष मिलता है तो उस क्रियाके करनेकी प्रवृत्ति प्रबल हो जाती है और यदि किसी क्रियाके करनेसे असंतोष मिलता है तो उस प्रवृत्तिका विनाश हो जाता है, इस नियम-द्वारा उपयोगी कार्य होते है और अनुपयोगी कार्योंका अन्त हो जाता है।

**पल्लव** ६१

मंत्रके अन्तमें जोडे जानेवाले स्वाहा, स्वधा, फट्, वषट् आदि शब्द पल्लव कहलाते हैं।

**पश्चानुपूर्वी** १२६

यह पूर्वानुपूर्वीके विपरीत है। इसमें हीन गुणकी अपेक्षा क्रमकी स्थापना की जाती है।

**पापास्रव** ६८

पाप प्रकृतियोका आना पापास्रव है।

**पुद्गल** २६

रूप, रस, गंध और स्पर्शवाले द्रव्यको पुद्गल कहते है।

**पुत्रैषणा** १७१

पुत्र प्राप्तिकी कामना या सासारिक विषयोकी प्राप्तिकी कामना पुत्रैषणा है।

**पुण्यास्रव** ६६

पुण्य प्रकृतियोंका आना पुण्यास्रव है।

**पूजा** ७०

किसीके प्रति अपने हृदयकी श्रद्धा और आदरभावनाको प्रकट करना पूजा है।

**पूर्वानुपूर्वी** १२६

पूर्व-पूर्वकी योग्यतानुसार वस्तुओ या पदोका क्रम नियोजन।

**पौष्टिक** ८८

जिन मन्त्रोकी साधनासे अभीष्ट कार्योंकी सिद्धि एवं संसारके ऐश्वर्यकी प्राप्ति हो, वे मंत्र पौष्टिक कहलाते हैं।

**प्रत्यक्षीकरण** ७८

प्रत्यक्षीकरण एक ऐसी मानसिक क्रिया है जिसके द्वारा वातावरणमें उपस्थित वस्तु तथा ज्ञान इन्द्रियोको उत्तेजित करनेवाली परिस्थितियोका तात्कालिक ज्ञान प्राप्त होता है।

**प्रत्याहार** १०२

इन्द्रिय और मनको अपने-अपने विषयोंसे खीचकर अपनी इच्छानुसार किसी कल्याणकारी ध्येयमें लगानेको प्रत्याहार कहते हैं।

**प्रथमोपशमसम्यक्त्व** १४०

मोहनीयकी सात प्रकृतियोंके उपशमसे होनेवाला सम्यक्त्व।

**प्रमाद** १०४

कषाय या इन्द्रियासक्ति रूप आचरण प्रमाद है।

**प्ररूपणा द्वार** ११६

वाच्य-वाचक, प्रतिपाद्य-प्रतिपादक, विषय-विषयी भावकी दृष्टिसे णमोकार मन्त्रके पदोंका व्याख्यान करना प्ररूपणा द्वार है।

**प्रस्तार** १४६

आनुपूर्वी और अनानुपूर्वीके अंगोंका विस्तार करना प्रस्तार है।

**प्राणायाम** १०२

श्वास और उच्छ्वासके साधनेको प्राणायाम कहते हैं। इसके तीन भेद है—पूरक, कुम्भक और रेचक।

**फल** ८७

मंत्रके तीन अंग होते हैं—रूप, बीज और फल। मन्त्रके द्वारा होने-वाली किसी वस्तुकी प्राप्ति उसका फल कहलाती है।

**बन्ध** १३०

कर्म और आत्माके प्रदेशोका परस्परमे मिलना बंध है।

**बहिरंग परिग्रह** ४६

धन-धान्यादि रूप दश प्रकारका बहिरंग परिग्रह होता है।

**बहिरात्मा** ३२

शरीर और आत्माको एक समझनेवाला मिथ्यादृष्टि बहिरात्मा है।

**बीज** ८७

मंत्रकी ध्वनियोमें जो शक्ति निहित रहती है उसे बीज कहते हैं।

**मिथ्या ज्ञान** २७

मिथ्या दर्शनके साथ होनेवाला ज्ञान मिथ्या ज्ञान कहलाता है।

**मिश्र** १२३

मिश्रित परिणतिको जिसे न तो हम सम्यक्त्व रूप कह सकते हैं और न मिथ्यात्व रूप ही—मिश्र कहा जाता है।

**मूलगुण** ४६

मुख्य गुणोको मूल गुण कहा जाता है।

**मूल प्रवृत्ति** ८१

मूल प्रवृत्ति एक प्रकृतिदत्त शक्ति है। यह शक्ति मानसिक संस्कारोके रूपमे प्राणीके मनमें स्थित रहती है। जिसके कारण प्राणी किसी विशेष प्रकारके पदार्थकी ओर ध्यान देता है और उसकी उपस्थितिमे विशेष प्रकारकी वेदनाकी अनुभूति करता है तथा किसी विशिष्ट कार्यमें प्रवृत्त होता है।

**मोहन** ८८

जिन मन्त्रोके द्वारा किसीको मोहित किया जा सके, वे मोहन मन्त्र कहलाते हैं।

**मोहनीय** ४०

मोहनीय कर्म वह है जिसके उदयसे आत्मामे दर्शन और चारित्र रूप प्रवृति उत्पन्न न हो।

**यम** १०२

इन्द्रियोका दमनकर अहिंसक प्रवृत्तिको अपनाना यम है।

**योग** १०४

मन, वचन, कायकी प्रवृत्तिको योग कहते हैं।

**रत्न-त्रय** ४६

सम्यग्दर्शन, सम्यक् ज्ञान और सम्यक् चारित्रको रत्नत्रय कहते हैं।

**रूप** ८७

मन्त्रकी ध्वनियोका सन्निवेश रूप कहलाता है।

**रौद्र-ध्यान** १०५

हिंसा, झूठ, चोरी, कुशील और परिग्रह रूप परिणतिके चिन्तनसे आत्माको कषाय युक्त करना रौद्र-ध्यान है।

**लेश्या** १३०

कषायके उदयसे अनुरंजित योग प्रवृत्तिको लेश्या कहते हैं।

**लोकैषणा** १७१

यशकी कामना करना या संसारमे किसी भी प्रकार प्रसिद्धि प्राप्त करनेकी इच्छा करना लोकैषणा है।

**वचनशुद्धि** ७२

वचन व्यवहारमे किसी भी प्रकारके विकारको स्थान न देना वचन-शुद्धि है।

**वज्रासन** १०५

दोनो पैर सीधे फैलाकर बैठ जाइए और बायाँ पैर घुटनेसे मोडकर जाँघसे इस प्रकार मिलाइए कि नितम्बके सामने जमीनपर टिक जाय और सीनेका बायाँ भाग ऊपर उठे हुए घुटनेपर अडा रहे। इसके बाद दाहिनी ओर थोडा झुकते हुए बायाँ नितम्ब कुछ ऊपर उठाइये, दाहिना हाथ दाहिनी जाँघके पास जमीनपर टिकाकर झुके हुए धडको सहारा दीजिए और बायें हाथसे बायें पैरको टखनेके पास पकड लीजिए।

**वश्याकर्षण** ८८

जिन मन्त्रोंके द्वारा किसीको वश या आकृष्ट किया जा सके वे मन्त्र वश्याकर्षण कहलाते हैं।

**वाचक** ११३

वाचक विधिमे जाप करते समय मुँहसे शब्दोंका उच्चारण किया जाता है।

**वासना** २६

मानव मनमें अनेक क्रियात्मक मनोवृत्तियाँ हैं। कुछ क्रियात्मक मनोवृत्तियाँ प्रकाशित होती हैं अर्थात् चेतनाको उनका ज्ञान रहता है और कुछ अप्रकाशित रहती हैं। अप्रकाशित इच्छाओंका ही नाम वासना है।

**विचार** ७८

विचार मनकी वह प्रक्रिया है जिसमें हम पुराने अनुभवको वर्तमान समस्याओंके हल करनेमें लाते हैं।

**वित्तैषणा** १७१

ऐश्वर्य प्राप्तिकी आकांक्षा वित्तैषणा है।

**विद्वेषण** ८८

जो मन्त्र द्वेष भावको उत्पन्न करनेमें सहायक हो, वे विद्वेषण कहलाते हैं।

**विधान** १२४

अनुष्ठान विशेषको विधान कहा जाता है।

**विनय-शुद्धि** ७२

जाप करते समय आस्तिक्य भावपूर्वक हृदयमें नम्रता धारण करना विनय-शुद्धि है।

**विपाकविचय** १३०

कर्मके फलका विचार करना विपाकविचय धर्म ध्यान है।

**विलयन** ८१

मनकी किसी विशेष प्रवृत्तिको विलीन कर देना विलयन है।

**विसंयोजन** १२५

अनन्तानुबंधी कषायका अन्य कषायरूप परिणमन करना विसयोजन कहलाता है।

**वेदनात्मक** ७८

प्रत्येक मनोवृत्तिके तीन पहलू हैं—ज्ञानात्मक, वेदनात्मक और क्रियात्मक। वेदनात्मकका तात्पर्य है कि किसी प्रकारकी अनुभूतिका होना।

**वेदनीय** ४३

वेदनीय वह कर्म है जिसके उदयसे प्राणीको सुख और दुःखकी प्राप्ति हो।

**व्यंजन पर्याय** ३९

प्रदेशवत्त्व गुणके विकारको व्यंजन पर्याय कहते हैं।

**व्यवहार** १२०

सग्रह नय से ग्रहण किये गये पदार्थोंका विधिपूर्वक भेद करना व्यवहार नय है।

**शवपीठ** ९०

निम्नकोटिके मंत्रोकी सिद्धिके लिए मृतक कलेवरपर आसन लगाना शवपीठ है।

**शान्तिक** ८८

शांति उत्पन्न करनेवाले मंत्र शांतिक कहलाते है।

**शब्द नय** १२०

लिंग, संख्या, साधन आदिके व्यभिचारको दूर करनेवाले ज्ञान और वचनको शब्द नय कहते हैं।

**शुक्ल-ध्यान** ४३

लेश्याकी उज्ज्वलता हो जाने पर कर्मध्यानका उलंघन कर शुक्ल ध्यानका आरंभ होता है। इसके चार भेद है।

**शुद्धोपयोग** ४९

स्वानुभूत रूप विशुद्ध परिणतिकी प्राप्ति शुद्धोपयोग है। इसीका दूसरा नाम बीतराग विज्ञान है।

**शुद्धोपयोगी** ३२

शुद्धोपयोगके धारी वीतराग-विज्ञानी-शुद्धोपयोगी है।

**शुभोपयोग** ३२

पुण्यानुरागरूप शुभोपयोग होता है। इसमें प्रशस्त रागका रहना आवश्यक है।

**शोधन** ८१

किसी प्रवृत्तिका शुद्ध या शोधन करना शोधन कहलाता है।

**शौच** २७

अन्तरंग और बहिरंगमें पवित्र वृत्तिका उत्पन्न होना शौच धर्म है।

**श्मशान-पीठ** ६०

श्मशान भूमिमें जाकर किसी मन्त्रका अनुष्ठान करना श्मशान पीठ है।

**श्यामा-पीठ** ६०

जितेन्द्रिय बनकर नग्न तरुणीके समक्ष निर्विकार भावसे मन्त्रकी साधना करना श्यामा-पीठ है।

**श्रद्धा** ८५

गुणोके प्रति रागात्मक आसक्ति श्रद्धा कहलाती है।

**श्रुतज्ञान** १२५

पंचइन्द्रिय और मनके द्वारा परके उपदेशसे उत्पन्न होनेवाला ज्ञान श्रुतज्ञान है।

**श्रेयोमार्ग** २६

सम्यग्दर्शन, सम्यक् ज्ञान और सम्यक् चारित्र रूप मोक्षका मार्ग ही श्रेयोमार्ग है।

**सत्य** २७

जो वस्तु जैसी देखी या सुनी है उसका उसी रूपमें कथन करना सत्य है। इसमें अहिंसा प्रवृत्तिका रहना अत्यावश्यक है।

**सत्त्व** १३०

कर्मों प्रकृतियोकी सत्ताका नाम सत्त्व है। सत्त्व प्रकृतियाँ १४८ मानी गयी हैं।

**सप्त व्यसन** १७५

बुरी आदतका नाम व्यसन है। ये सात होते है। तात्पर्य यह है कि जुआ, चोरी आदि सात प्रकारकी बुरी आदतें सप्त व्यसन कहलाती है।

**समय शुद्धि** ७१

प्रात, मध्याह्न और संध्या समय नियमित रूपसे किसी मन्त्रका जाप करना समय शुद्धि है। इसमे समयका निश्चित रहना और निराकुल होना आवश्यक है।

**समभिरूढ** १२०

लिंग आदिका भेद न होनेपर भी शब्द भेदसे अर्थका भेद माननेवाला समभिरूढ नय है।

**सकल्प** ८५

किसी कार्यके करनेकी प्रतिज्ञाका नाम संकल्प है।

**संक्रमण** १३०

एक कर्मका दूसरे सजातीय कर्म रूप हो जानेको सक्रमण करण कहते है।

**संग्रह** १२०

अपनी-अपनी जातिके अनुसार वस्तुओका या उनकी पर्यायोका एक रूप-से संग्रह करनेवाले ज्ञान और वचनको संग्रह नय कहते है।

**संवेग** ७८

संवेग एक चेतन अनुभूति हैं जिसमें कई प्रकारकी शारीरिक क्रियाएँ शामिल रहती हैं।

**संयम** २७

इन्द्रिय निग्रहके साथ अहिंसात्मक प्रवृत्तिको अपनाना सयम है ।

**संवेदन** ७८

चैतन्य मनका सर्वप्रथम और सरल ज्ञान सवेदन है। संवेदन इन्द्रियोके बाह्य पदार्थके स्पर्शसे होता है ।

**समाधि** १०२

ध्यानकी चरम सीमाको समाधि कहते है ।

**सम्यक् चारित्र** २७

तत्त्वार्थ श्रद्धानके साथ चारित्रका होना सम्यक् चारित्र है ।

**सम्यग्ज्ञान** २७

तत्त्व श्रद्धानके साथ ज्ञानका होना सम्यक् ज्ञान है ।

**सम्यग्दर्शन** २७

जीव, अजीव आदि सातो तत्त्वोंका श्रद्धान करना मम्यग्दर्शन है ।

**सल्लेखना** १७६

बुद्धिपूर्वक काय और कषायको अच्छी तरह कृश करना सल्लेखना है ।

**सहज क्रिया** ७८

उत्तेजनाका सबसे सरल कार्य सहज क्रियाएँ, जैसे—छीकना, खुजलाना, आँसू आना आदि है ।

**सहज अनुभव** ३५

भूख-प्यास आदि शारीरिक माँगोकी पूर्तिमे ही सुख और उनकी पूर्तिके अभावमे दु खका अनुभव करना सहज अनुभव है। यह अनुभव पशु कोटिका माना जाता है ।

**साधन** १२४

वस्तुके उत्पन्न होनेके कारणोको साधन कहते है ।

**सावधि** १७५

जिन व्रतोंके करनेके लिए दिन, मास या तिथिकी अवधि निश्चित रहती है, वे व्रत सावधि कहलाते हैं।

**सिद्धगति** ४०

जाति, जरा, मरण आदिसे रहित समस्त सुखका भाण्डार सिद्ध अवस्था ही सिद्ध गति है।

**सुखासन** १०५

आराम पूर्वक पलहत्थी मारकर बैठना ही सुखासन है।

**स्कन्ध** १४२

दो या दोसे अधिक परमाणुओंके समूहको स्कन्ध कहते हैं।

**स्तम्भन** ८८

नदी, समुद्र या तेजीसे आती हुई सवारीकी गतिका अवरोध करानेवाले मंत्र स्तम्भन कहलाते हैं। इन मंत्रोसे जलती हुई अग्निके वेगको या वेगसे आक्रमण करते हुए शत्रुकी गतिको अवरुद्ध किया जा सकता है।

**स्थविरकल्पि** ४९

जो भिक्षु वस्त्र और पात्र अपने पास रखकर संयमकी साधना करता है—वह स्थविरकल्पि कहलाता है।

**स्थायीभाव** ७८

जब किसी प्रकारका भाव मनमें बार-बार उठता है अथवा एक ही प्रकारकी उमंग जब मनमें अधिक देर तक ठहरती है तब वह मनमें विशेष प्रकारका स्थायी भाव पैदा कर देती है।

**स्थिति** १२४

कर्मोका जीवके साथ अमुक समय तक बँधे रहनेका नाम स्थिति-बन्ध है।

**स्मरण** ७८

पूर्वानुभूत अनुभवो अथवा घटनाओंको पुन. वर्तमान चेतनामें लानेकी क्रियाको स्मरण कहते है।

**स्व-संवेदन ज्ञान** ३१

स्वानुभूत रूप ज्ञान स्व सवेदन ज्ञान कहलाता है।

**स्व-समय** ४५

अपनी आत्मामे रमण करनेकी प्रवृत्ति स्वसमय है। अर्थात् पर-द्रव्योसे भिन्न आत्मद्रव्यको अनुभवमे लाना ही स्वसमय है।

**स्वामित्व** १२४

किसी वस्तुके अधिकारीपनेको ही स्वामित्व कहते है।

**स्वाध्याय** ७०

चिन्तन, मनन पूर्वक शास्त्रोका अध्ययन करना स्वाध्याय है।

**क्षमा** २७

क्रोधरूप परिणति न होने देना क्षमा है।

**क्षयोपशम** ३१

कर्मोका क्षय और उपशम होना क्षयोपशम है।

**क्षायिक सम्यक्त्व** ४१

दर्शन मोहनीकी तीन प्रकृतियाँ और अनन्तानुबन्धी चार; इन सात प्रकृतियोके क्षयसे जो सम्यक्त्व उत्पन्न होता है उसे क्षायिक सम्यक्त्व कहते है।

**क्षायिक दान** ४१

दानान्तराय कर्मका अत्यन्त क्षय होनेसे दिव्य ध्वनि आदिके द्वारा अनन्त प्राणियोका उपकार करनेवाला क्षायिक दान होता है।

**क्षायिक उपभोग** ४१

उपभोग अन्तराय कर्मका अत्यन्त क्षय होनेसे क्षायिक भोगकी प्राप्ति होती है।

**क्षायिक भोग** ४१

भोगान्तराय कर्मका अत्यन्त क्षय होनेसे क्षायिक भोगकी प्राप्ति होती है।

**क्षायिक लाभ** ४१

लाभान्तराय कर्मका अत्यन्त क्षय होनेसे क्षायिक लाभ होता है।

**ज्ञान-केन्द्र** ७८

मस्तिष्कमें ज्ञानवाही नाड़ियोका जो केन्द्र स्थान है—वही ज्ञान-केन्द्र कहलाता है।

**ज्ञानवाही** ७८

ज्ञानवाही स्नायु-कोष स्नायु प्रवाहोको ज्ञान इंद्रियोसे सुषुम्ना और मस्तिष्कमें ले जाते हैं।

**ज्ञानात्मक** ७८

ज्ञान इन्द्रियोके द्वारा सम्पादित होनेवाली प्रवृत्ति ज्ञानात्मक कहलाती है।

**ज्ञानावरण** ३९

जीवके ज्ञान गुणको आच्छादित करनेवाला कर्म ज्ञानावरणीय कर्म कहलाता है।

**ज्ञानोपयोग** २६

जीवकी जानने रूप प्रवृत्तिको ज्ञानोपयोग कहते है।

# परिशिष्ट नं० ३

## पञ्चपरमेष्ठी नमस्कार-स्तोत्र

**अरिहाण नमो पुव्वं, अरहंताणं रहस्स रहियाणं।**
**पयओ परमिट्ठीणं, अरुहंताणं धुअ-रयाणं ॥१॥**

समस्त संसारके ज्ञाता सर्वज्ञ, सुरेन्द्र-नरेन्द्रसे पूजित, जन्म-मरणसे रहित, कर्मरूपी रजके विनाशक, परमेष्ठीपदके धारी अर्हन्त भगवान्को नमस्कार हो ॥१॥

**निद्दड्ढ - अट्ठ - कम्मिधणाण वरनाण - दंसण - धराणं।**
**मुत्ताण नमो सिद्धाणं परम - परमिट्ठि - भूयाणं ॥२॥**

जिन्होंने आठ कर्मरूपी ईंधनको जलाकर भस्म कर दिया है, जो क्षायिक सम्यक्त्व और क्षायिक ज्ञानसे युक्त है, समस्त कर्मोंसे रहित परमेष्ठी स्वरूप है, ऐसे सिद्ध भगवान्को नमस्कार हो ॥२॥

**आयर-धराणं नमो, पंचविहायार-सुट्ठियाणं च।**
**नाणीणायरियाणं, आयारुवएसयाण सया ॥३॥**

जो ज्ञानाचार, वीर्याचार आदि पाँच प्रकारके आचारमें अच्छी तरह स्थित है, ज्ञानी है और सदा आचारका उपदेश करनेवाले है, ऐसे आचार्य परमेष्ठीको नमस्कार हो ॥३॥

**बारसविहं अपुव्वं, दिंताण सुअं नमो सुअहराणं।**
**सययमुवज्झायाणं, सज्झाय - ज्झाण - जुत्ताणं ॥४॥**

बारह प्रकारके श्रुत, ग्यारह अंग और चौदह पूर्वका उपदेश करनेवाले, श्रुतज्ञानी, स्वाध्याय और ध्यानमें तत्पर उपाध्याय परमेष्ठीको सतत नमस्कार हो ॥४॥

**सव्वेसिं साहूणं, नमो तिगुत्ताण सव्वलोए वि ।**
**तव - नियम - नाण - दंसण - जुत्ताणं बंभयारीणं ॥५॥**

समस्त लोकके—ढाई द्वीपके त्रिगुप्तियोके धारी, तप, नियम, ज्ञान एव दर्शन युक्त ब्रह्मचारी साधुओको नमस्कार हो ॥५॥

**एसो परमिट्ठीणं, पंचण्हं वि भावश्रो णमुक्कारो ।**
**सव्वस्स कीरमाणो, पावस्स पणासणो होइ ॥६॥**

पञ्च परमेष्ठीको भाव सहित किया गया नमस्कार समस्त पापोका नाश करनेवाला है ॥६॥

**भुवणे वि मंगलाणं, मणुयासुर-अमर-खयर-महियाणं ।**
**सव्वेसिमिमो पढमो, हवइ महामंगलं पढमं ॥७॥**

मनुष्य, देव, असुर और विद्याधरो द्वारा पूजित तीनो लोकोमे यह णमोकार मन्त्र सभी मंगलोमे सर्व प्रथम और उत्कृष्ट महामंगल है ॥७॥

**चत्तारि मंगलं मे, हुंतुरहता तहेव सिद्धा य ।**
**साहू श्र सव्वकालं, धम्मो य तिलोय-मंगल्लो ॥८॥**

अर्हन्त, सिद्ध, साधु और तीनो लोकोका मगल करनेवाला धर्म ये चारों सदा मगलरूप हो ॥८॥

***चत्तारि चेव ससुरासुरस्स लोगस्स उत्तमा हुंति ।***
**श्ररहंत-सिद्ध-साहू, धम्मो जिण-देसिय उयारो ॥९॥**

अरिहन्त, सिद्ध, साधु तथा जिन प्रणीत उदार धर्म ये चारो ही तीनो लोकोमे उत्तम हैं ॥९॥

**चत्तारि वि श्ररहते, सिद्धे साहू तहेव धम्मं च ।**
**संसार - घोर - रक्खस - भएण सरणं पवज्जामि ॥१०॥**

संसाररूपी घोर राक्षसके भयसे त्रस्त मैं अर्हन्त, सिद्ध, साधु और धर्म इन चारोंकी शरणमें जाता हूँ ॥१०॥

**अह-अरहओ भगवओ, महइ महावीर-वद्धमाणस्स ।**
**पणय - सुरेसर - सेहर - वियलिय - कुसुमच्चिय-क्कमस्स ॥११॥**

जस्स वर-धम्मचक्कं, दिणयर-बिंबं व भासुरच्छायं ।
तेएण पज्जलंतं, गच्छइ पुरओ जिणिदस्स ॥१२॥
आयासं पायालं, सयलं महिमंडलं पयासंतं ।
मिच्छत्त-मोह-तिमिर, हरेइ त्ति इहं पि लोयाणं ॥१३॥

नमस्कार करनेके लिए झुके हुए सुरासुरेश्वरोके मुकुटोसे गिरते हुए पुष्पों द्वारा पूजित चरणवाले अर्हन्त महावीर वर्धमानके आगे सूर्य-बिम्बके समान देदीप्यमान और तेजसे उद्भासित धर्म चक्र चलता है। यह धर्मचक्र आकाश, पाताल और समस्त पृथ्वीमण्डलको प्रकाशित करता हुआ यहाँके प्राणियोंके मिथ्यात्वरूपी अन्धकारका हरण करे ॥११–१३॥

सयलंमि वि जियलोए, चिंतियमित्तो करेइ सत्ताणं ।
रक्खं रक्खस-डाइणि-पिसाय-गह-जक्ख-भूयाणं ॥१४॥

यह णमोकार मन्त्र चिन्तन मात्रसे समस्त जीवलोकमे राक्षस, डाकिनी, पिशाच, ग्रह, यक्ष और भूत-प्रेतोसे प्राणियोकी रक्षा करता है ॥१४॥

लहइ विवाए वाए, ववहारे भावओ सरंतो य ।
जूए रणे व रायंगणे य विजयं विसुद्धप्पा ॥१५॥

भावपूर्वक इसका स्मरण करते हुए शुद्धात्मा वाद-विवाद, व्यवहार, जुआ, युद्ध एवं राजदरबारमे विजय प्राप्त करता है ॥१५॥

पच्चूस-पओसेसुं, सययं भव्वो जणो सुह-ज्झाणो ।
एय झाएमाणो, मुक्खं पइ साहगो होइ ॥१६॥

शुभ ध्यानसे युक्त भव्य जीव इस णमोकार मन्त्रका प्रात. तथा सायंकाल निरन्तर ध्यान करनेसे मोक्ष साधक बनता है ॥१६॥

वेयाल-रुद्द-दाणव-नरिंद-कोहंडि-रेवईणं च ।
सव्वेसि सत्ताणं, पुरिसो अपराजिओ होइ ॥१७॥

इस मन्त्रका स्मरण करनेवाला पुरुष वेताल, रुद्र, राक्षस, राजा, कूष्माण्डी, रेवती तथा सम्पूर्ण प्राणियोंसे अपराजित होता है ॥१७॥

**विज्जुव्व पज्जलंती, सव्वेसु व अक्खरेसु मत्ताओ ।**
**पंच-नमुक्कार-पए, इक्किक्के उवरिमा जाव ॥१८॥**
**ससि-धवल-सलिल-निम्मल-आयारसहं च वण्णियं बिंदुं ।**
**जोयण - सय - प्पमाणं, जाला - सयसहस्स - दिप्पंतं ॥१९॥**

णमोकार मन्त्रके पदोंमें स्थित समस्त अक्षरोंमें मात्राएँ बिजलीकी तरह प्रकाशमान हैं और इन मात्राओंमें प्रत्येक मात्रापर चन्द्रके समान धवल, जलके सदृश निर्मल, आकार सहित एक सौ योजन प्रमाणवाली, लाखो ज्वालाओंसे युक्त विन्दु वर्णित हैं ॥१८–१९॥

**सोलससु अक्खेरसुं, इक्किक्कं अक्खरं जगुज्जोयं ।**
**भव-सयसहस्स-महणो, जंमि ठिओ पंच नवकारो ॥२०॥**

लाखो जन्म-मरणोको दूर करनेवाले णमोकार मन्त्रकी शक्ति जिनमें स्थित है, उन सोलह अक्षरोंमेंसे प्रत्येक अक्षर जगत्‌का उद्योत करनेवाला है ॥२०॥

**जो थुणइ हु इक्कमणो, भविओ भावेण पंच-नवकारं ।**
**सो गच्छइ सिवलोयं उज्जोयंतो दस-दिसाओ ॥२१॥**

जो भव्य जीव भावपूर्वक एकाग्र चित्त होकर इस पञ्चनमस्कारकी दृढतापूर्वक स्तुति करता है, वह दसों दिशाओको प्रकाशित करता हुआ मोक्ष प्राप्त करता है ॥२१॥

**तव-नियम-संजम-रहो, पच-नमुक्कार-सारहि-निउत्तो ।**
**नाण - तुरंगम - जुत्तो, नेइ पुरं परम - निव्वाणं ॥२२॥**

तप-नियम-सयमरूपी रथ पञ्च नमस्काररूपी सारथी तथा ज्ञानरूपी घोडोसे युक्त हुआ स्पष्ट ही परम निर्वाणपुरमे ले जाता है ॥२२॥

**सुद्धप्पा सुद्धमणा, पंचसु समिईसु संजुय-तिगुत्तो ।**
**जेरंमि रहे लग्गो, सिग्घं गच्छइ ( स ) सिवलोयं ॥२३॥**

पञ्च समिति और तीन गुप्तियोंसे युक्त जो शुद्ध मनवाला शुद्धात्मा इस विजयशाली रथमें बैठता है, वह शीघ्र मोक्षको प्राप्त करता है ॥२३॥

**थंभेइ जलं जलणं, चिंतियमित्तो वि पंच-नवकारो।**
**अरि - मारि - चोर - राउल - घोरुवसग्गं पणासेइ ॥२४॥**

इस णमोकार मन्त्रके चिन्तनमात्रसे जल और अग्नि स्तम्भित हो जाते है तथा शत्रु, महामारी, चोर और राजकुल द्वारा होनेवाले घोर उपद्रव नष्ट हो जाते है ॥२४॥

**अट्ठेव य अट्ठसयं, अट्ठसहस्सं च अट्ठकोडीओ।**
**रक्खंतु मे सरीरं, देवासुर - पणमिया सिद्धा ॥२५॥**

देवता और असुरो द्वारा नमस्कार किये गये आठ, आठ सौ, आठ हजार या आठ करोड सिद्ध मेरे शरीरकी रक्षा करें ॥२५॥

**नमो अरहंताण तिलोय-पुज्जो य संथुओ भयवं।**
**अमर-नरराय-महिओ, अणाइ-निहणो सिव दिसउ ॥२६॥**

उन अर्हन्तोको नमस्कार हो, जो त्रिलोक द्वारा पूज्य, और अच्छी तरह स्तुत्य है तथा इन्द्र और राजाओं द्वारा वन्दित है और जो जन्म-मरणसे रहित है, वे हमें मोक्ष प्रदान करें ॥२६॥

**निट्ठविय-अट्ठकम्मो, सुइ-भूय-निरंजणो सिवो सिद्धो।**
**अमर-नरराय-महिओ, अणाइ-निहणो सिवं दिसउ ॥२७॥**

आठो कर्मोंको नष्ट कर देनेवाले, शुचिभूत, निरंजन, कल्याणमय तथा सुरेन्द्रों और नरेन्द्रोसे पूजित अनादि अनन्त सिद्ध परमेष्ठी मुझे मुक्ति प्रदान करें ॥२७॥

**सव्वे पओस-मच्छर-आहिय-हियया पणासमुवज्जति।**
**दुगुणीकय-धणुसद्दं, सोउं पि महाधणुं सहसा ॥२८॥**

"ॐ धणु-धणु महाधणु स्वाहा" इस मन्त्ररूपी विद्याको सुनकर सब ईर्ष्या, द्वेष और मात्सर्यसे भरे हृदयवाले शीघ्र ही नष्ट होते है ॥२८॥

**इय तिहुयण-प्पमाणं, सोलस-पत्तं जलंत-दित्त-सरं।**
**अट्ठार - अट्ठवलयं, पंच - नमुक्कार - चक्कमिणं ॥२९॥**

सोलह पत्रवाला, ज्वलन्त और दीप्त स्वरवाला तथा आठ आरे और आठ वलयसे युक्त यह 'पञ्च नमस्कार चक्र' त्रिभुवनमें प्रमाणभूत है ॥२९॥

**सयलुज्जोइय - भुवणं, विद्दाविय - सेस-सत्तु - संघायं ।**
**नासिय-मिच्छत्त-तमं, वियलिय-मोहं हय-तमोहं ॥३०॥**

यह पञ्चनमस्कार चक्र समस्त भुवनोंको प्रकाशित करनेवाला; सम्पूर्ण शत्रुओंको दूर भगानेवाला, मिथ्यात्वरूपी अन्धकारका नाश करनेवाला, मोहको दूर करनेवाला और अज्ञानके समूहका हनन करनेवाला है ॥३०॥

**एयं सय मज्झत्थो, सम्मदिट्ठी विसुद्ध-चारित्तो ।**
**नाणी पवयण - भत्तो, गुरुजण - सुस्सूसणा - परमो ॥३१॥**
**जो पंच नमुक्कारं, परमो पुरिसो पराइ भत्तीए ।**
**परिय - रोइ पइदिणं, पयग्रो सुद्धक्कओ अप्पा ॥३२॥**
**अट्ठेव य अट्ठसयं, अट्ठसहस्सं च उभयकालं पि ।**
**अट्ठेव य कोडीओ, सो तइय-भेव लहइ सिद्धिं ॥३३॥**

जो उत्तम पुरुष सदा मध्यस्थ, सम्यग्दृष्टि, विशुद्ध चरित्रवान्, ज्ञानी, प्रवचन भक्त और गुरुजनोंकी शुश्रूषामें तत्पर है तथा प्रणिधानसे आत्माको शुद्ध करके प्रतिदिन दोनों सन्ध्याओंके समय उत्कृष्ट भक्तिपूर्वक आठ, आठसौ, आठ हजार, आठ करोड मन्त्रका जाप करता है, वह तीसरे भवमें सिद्धि प्राप्त करता है ॥३१–३३॥

**एसो परमो मंतो, परम-रहस्सं परंपरं तत्तं ।**
**नाण परम नेयं, सुद्ध झाणं पर झेयं ॥३४॥**

यह णमोकार मन्त्र ही परम मन्त्र है, परम रहस्य है, सबसे बड़ा तत्त्व है, उत्कृष्ट ज्ञान है और है शुद्ध तथा ध्यान करने योग्य उत्तम ध्यान ॥३४॥

**एयं कवयमभेयं, खाइ य सत्थं परा भवणरक्खा ।**
**जोई सुन्नं बिन्दुं, नाओ तारा लवो मत्ता ॥३५॥**

यह णमोकार मन्त्र अमोघ कवच है, परकोटेकी रक्षाके लिए खाई है,

अमोघ शस्त्र है, उच्चकोटिका भवन-रक्षक है, ज्योति है, बिन्दु है, नाद है, तारा है, लव है, यही मात्रा भी है ।।३५।।

**सोलस-परमक्खर-बीय-बिन्दु-गब्भो जगुत्तमो जोइ (जोउ)।**
**सुय-बारसंग-सायर-(बाहिर)-महत्थ-पुव्वस्स-परमत्थो ।।३६।।**

इस पञ्च नमस्कार चक्रमे आये हुए सोलह परमाक्षर—अरिहन्त, सिद्ध, आइरिय, उवज्झाय, साहू बीज एवं बिन्दुसे गर्भित है, जगत्मे उत्तम है, ज्योतिस्वरूप हैं, द्वादशाङ्गरूप श्रुतसागरके महान् अर्थको धारण करनेवाले पूर्वोंका परम रहस्य है ।।३६।।

**नासेइ चोर-सावय-विसहर-जल-जलण-बंधण-सयाइं ।**
**चिंतिज्जंतो रक्खस - रण - राय - भयाइं भावेण ।।३७।।**

भावपूर्वक स्मरण किया गया यह मन्त्र चोर, हिंसक, प्राणी, विषधर—सर्प, जल, अग्नि, बन्धन, राक्षस, युद्ध और राज्यके भयका नाश करता है ।।३७।।

वीर सेवा मन्दिर
पुस्तकालय
काल नं० २४०.२ नेमिच
लेखक शास्त्री नेमिचन्द्र